माघ कृष्ण पक्ष, दशमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ
सोमवार, 5 फरवरी 2024
वर्ष 34, अंक 11, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

www.amritvichar.com

अयोध्या में राम मंदिर के बाद दहशत में बांग्लादेशी हिंदू 16

पहली बार मुंबई आते ही शाहरुख को पड़ा था थप्पड़ 15

meenakshi
मीनाक्षी धूप एवं अगरबत्ती

होलसेल और फुटकर विक्रेताओं के लिए संपर्क करें, मो०: 8052400098

आपके सहयोग और सहभागिता का स्वागत है।

!!जय माता दी!!
समस्त धर्मप्रेमियों को हर्ष सहित यह अवगत हो कि आपके क्षेत्र में ज्योतिष परामर्श, यज्ञ अनुष्ठान, समस्त वैदिक पूजन मां वैष्णो सेवा ट्रस्ट के माध्यम से सम्पन्न किया जाता है। इसके साथ ही सामूहिक विवाह संस्कृत शिक्षण, ज्योतिष विद्या के प्रचार प्रसार हेतु भी ट्रस्ट कृतसंकल्प है।

सौ.से : श्री नवग्रह ज्योतिष सेवा संस्थान

पं. शिव कुमार शास्त्री
संयोजक
माँ वैष्णो सेवा ट्रस्ट
मझौव्वा, चन्दवतपुर, गोण्डा-271001
मो. 8795229000

एक नजर

ब्रांड इंडेक्स-24 में मुकेश अंबानी दुनिया में नंबर 2

नई दिल्ली। ब्रांड संरक्षण सूचकांक 2024 में मुकेश अंबानी शीर्ष भारतीय के रूप में शामिल हुए हैं। जबकि विश्व स्तर पर दूसरा स्थान मिला है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक ने माइक्रोसॉफ्ट के सत्य नडेला और गूगल के सुंदर पिचाई को पीछे छोड़कर वैश्विक स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया। सूचकांक में उनसे आगे सिर्फ टेनसेंट के हुआतेंग मा हैं। प्रशासन ब्रांड फाइनेंस के अनुसार ब्रांड संरक्षक सूचकांक उन सीईओ की पहचान करता है, जो सभी हितधारकों – कर्मचारियों, निवेशकों और व्यापक समाज की जरूरतों को संतुलित करके, स्थायी तरीके से व्यावसायिक मूल्य का निर्माण कर रहे हैं। इस सूचकांक में टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को पांचवां स्थान मिला है।

पिल्ले को ऊंचाई से फेंका, मामला दर्ज

नई दिल्ली। ग्रेटर नोएडा पुलिस ने एक नाबालिग लड़के द्वारा कथित तौर पर ऊंचाई से एक कुत्ते के बच्चे को जानबूझकर सड़क पर फेंकने की घटना को लेकर की कई शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने रविवार को कहा कि इस घटना में कुत्ते के बच्चे की मौत हो गई।पीपुल फॉर एनिमल्स के एक स्वयंसेवी द्वारा दर्ज कराई प्राथमिकी के अनुसार, 9-10 साल का लड़का एवेन्यू गौड़ सिटी-2 का निवासी है।

प्राचीनता और आधुनिकता के साथ उप्र को विकास की रेस कराएगा बजट

विधानमंडल में आज सुबह 11 बजे वित्त मंत्री सुरेश खन्ना 8वीं बार पेश करेंगे बजट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य विधानमंडल में सोमवार को पेश होने जा रहा वार्षिक बजट 2024-2025 उप्र. में प्रचीनता और आधुनिकता को साथ लेकर विकास की रेस करने वाला होगा। अब तक के सबसे बड़े बजट का आकार करीब 7.70 लाख करोड़ के आसपास संभव है। इसमें प्रयागराज महाकुंभ के साथ अयोध्या, वाराणसी और मथुरा जैसे धार्मिक स्थलों के विकास ही नहीं औद्योगिक गलियारों व मेट्रो, एक्सप्रेस-वे विस्तार के लिए भी बजट दिए जाना है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना 8वीं बार बजट पेश करने वाले हैं जिसमें इस बार आगामी लोकसभा चुनाव की झलक देखने को मिलेगी।

प्रदेश का बजट केंद्र सरकार के अंतरिम बजट का समर्थन करते हुए दिखेगा। उधर, केन्द्र के अंतरिम बजट में भी उप्र. के लिए कई प्राविधान किए गए हैं। वित्तमंत्री ने भी स्पष्ट किया है कि अंतरिम बजट-2024-25 में उप्र को केन्द्रीय करों में राज्यांश के हिस्से के रूप में 2,18,816 करोड़ रुपये मिलने का अनुमान है। उप्र. के बजट में युवा, किसान, महिलाओं के अलावा पर्यटन आदि को लेकर घोषणाएं रहेंगी।उप्र. के बजट में प्रयागराज में महाकुंभ की तैयारियों के लिए खास व्यवस्था की जा रही है। साथ ही अयोध्या, वाराणसी और मथुरा जैसे धार्मिक स्थलों के विकास पर भी बजट मिलना है। इसके अलावा 3-4 औद्योगिक गलियारों के विकास को धनराशि की स्वीकृति है। लखनऊ मेट्रो विस्तार के साथ ही गोरखपुर, वाराणसी और प्रयागराज मेट्रो के लिए भी बजट मिलना है।

गौरतलब है कि, वित्त वर्ष 2023-24 के लिए उत्तर प्रदेश का 6 लाख 90 हजार करोड़ रुपये बजट था। इसमें किसानों को मुफ्त बिजली देने के लिए 900 करोड़ रुपये, गन्ना भुगतान के लिए 400 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया था।

मुख्यमंत्री ने बुलाई कैबिनेट

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार की सुबह मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई है। इसमें बजट के मसौदे को मंजूरी दी जाएगी। इसके बाद सुबह 11 बजे बजट विधानसभा में पेश किया जाएगा। चुनावी साल होने के चलते बजट में जनसुविधाओं के उपहार देने की कोशिश रहेगी। बजट के बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू होगा। 6 और 7 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा जारी रहेगी।

- अब तक का सबसे बड़ा बजट, आकार करीब 7.70 लाख करोड़ रुपये संभव
- प्रयागराज महाकुंभ, अयोध्या, वाराणसी और मथुरा जैसे धार्मिक स्थलों को महत्व
- औद्योगिक गलियारों के साथ एक्सप्रेस-वे, मेट्रो के विस्तार को भी मिलेगा धन

अपने कार्यालय में बजट दस्तावेज को अंतिम रूप देते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना।

1 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने का आधार

लखनऊ। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बजट पर रविवार को अपने कार्यालय कक्ष में हस्ताक्षर कर अंतिम रूप दिया। उन्होंने बताया कि यह बजट वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प पर आधारित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह बजट राज्य को 1 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने का मजबूत आधार बनेगा। वित्त मंत्री के मुताबिक, यह बजट उप्र. में प्राचीन सांस्कृतिक गौरव की पुनर्स्थापना के साथ ही विकास के सभी आधुनिक मापदंडों पर चलने का एक दस्तावेज है। इस बजट में ऐसी सभी व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे कि सभी नागरिक कंधे से कंधा मिलाकर बिना किसी भेदभाव के भाईचारा के साथ राज्य के विकास में योगदान देंगे।

संवेदनशील परीक्षा केंद्रों की निगरानी करेगा एलआईयू

लखनऊ। राज्य सरकार ने यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को नकलविहीन संपन्न कराने की व्यापक तैयारी की है। पूरा फोकस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर है। इसके लिए स्ट्रांग रूम से लेकर उत्तर पुस्तिकाओं के कलेक्शन सेंटर की सुरक्षा की फूलप्रूफ योजना है। साथ ही संवेदनशील और अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्रों की निगरानी के लिए एलआईयू की मदद ली जाएगी। परिवहन, ऊर्जा, स्वास्थ्य, नगर निगम से भी समन्वय स्थापित किया गया है।

- 22 से 9 मार्च तक होंगी यूपी बोर्ड की परीक्षाएं

यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 22 फरवरी से 9 मार्च तक चलेंगी। इस बार हाईस्कूल (29,47,325) और इंटरमीडिए (25,77,965) में कुल 55,25,290 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। प्रदेश भर में कुल 8265 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें राजकीय केंद्रों की संख्या 566 है, सवित्त परीक्षा केंद्र 3479 और वित्तविहीन 4220 परीक्षा केंद्र हैं। उप्र. माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए अनिवार्य रूप से सशस्त्र बल की व्यवस्था की जा रही है, ताकि पेपर लीक या कोई अन्य सिक्योरिटी ब्रीच न हो सके। उत्तर पुस्तिका के कलेक्शन सेंटर पर भी सुरक्षा की व्यवस्था की जा रही है।

भारतीय दूतावास के कर्मचारी को एटीएस ने किया गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के लिए करता था जासूसी
- मास्को स्थित दूतावास में है सिक्योरिटी असिस्टेंट

अमृत विचार : यूपी एटीएस ने रूस स्थित भारतीय दूतावास में काम करने वाले कर्मचारी को मेरठ से गिरफ्तार किया है। सत्येंद्र सिवाल का नाम का यह कर्मचारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए काम कर रहा था। सत्येंद्र 2021 से मास्को (रूस) स्थित भारतीय दूतावास में इंडिया बेस्ड सिक्योरिटी असिस्टेंट के पद पर कार्यरत है।

एटीएस को लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि आईएसआई के हैंडलरों द्वारा कुछ लोगों से विदेश मंत्रालय के कर्मचारियों को धन का लालच देकर भारतीय सेना से संबंधित देश की सामरिक व रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण, गोपनीय सूचनाएं प्राप्त की जा रही हैं। एटीएस ने तफ्तीश को विस्तार दिया तो हापुड़ जिले के हापुड़ देहात थानान्तर्गत शहमहीउद्दीनपुर निवासी सत्येन्द्र सिवाल की पहचान सामने आई। पता चला कि वह विदेश मंत्रालय में एमटीएस (मल्टी टास्किंग स्टाफ) के पद पर तैनात है। वर्तमान में मॉस्को, रूस स्थित भारतीय दूतावास में कार्यरत है। वह आईएसआई के हैंडलर्स के संजाल में संलिप्त होकर भारत विरोधी कृत्यों में लिप्त है। रुपयों के लालच में भारत के दूतावास, रक्षा मंत्रालय एवं विदेश मंत्रालय तथा भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों की सामरिक गतिविधियों के संबंध में महत्वपूर्ण गोपनीय सूचनाओं को आईएसआई के हैंडलर्स को उपलब्ध करा रहा है। पुख्ता सबूत के बाद सत्येन्द्र सिवाल को एटीएस फील्ड यूनिट मेरठ पर बुलाकर पूछताछ की गई। बाद में सख्ती से पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।

विदेश मंत्रालय भी जांच में शामिल

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय मॉस्को में पदस्थ भारतीय दूतावास के कर्मचारी को कथित तौर पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में यूपी पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने से संबंधित मामले में जांच अधिकारियों के साथ काम कर रहा है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को कहा कि विदेश मंत्रालय इस मामले में जांच अधिकारियों के साथ काम करना जारी रखेगा।

वे चाहते हैं हम भाजपा से जुड़ें : केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

- हम झुकेंगे नहीं, भले ही मुझे जेल भेज दिया जाए

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) चाहती है कि हम उनकी पार्टी से जुड़ें, लेकिन हम झुकेंगे नहीं। केजरीवाल की टिप्पणी ऐसे समय आई है जब दिल्ली पुलिस भाजपा द्वारा आप विधायकों की कथित खरीद फरोख्त करने संबंधी आरोप की जांच से मुख्यमंत्री को जुड़ने को कह रही है। वह आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के मामले में भी ईडी के समन का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार की ओर से किए जा रहे विकास कार्य नहीं रुकेंगे, भले ही उन्हें जेल भेज दिया जाए। मुख्यमंत्री उत्तर पश्चिमी दिल्ली के किराड़ी गांव में दो सरकारी स्कूलों के शिलान्यास समारोह में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर रहे थे।

केजरीवाल ने आरोप लगाया कि मनीष सिसोदिया को जेल में डाल दिया गया, क्योंकि उन्होंने स्कूल बनाए। सत्येन्द्र जैन को जेल भेजा गया क्योंकि उन्होंने मोहल्ला क्लीनिक बनाए। ईडी और सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों को आप नेताओं के पीछे लगा दिया गया है। उन्होंने दावा किया कि भले ही आप केजरीवाल को जेल में डाल दें, लेकिन स्कूल और मोहल्ला क्लीनिक बनाने और दिल्ली के लोगों को मुफ्त इलाज प्रदान करने के काम नहीं रुकेंगे। केंद्रीय बजट पर कहा कि इसमें स्कूलों और अस्पतालों के लिए कुल बजट का केवल चार प्रतिशत आवंटित किया गया है।

आतिशी को दिया नोटिस

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा का एक दल रविवार को वित्त मंत्री आतिशी के आवास पर पहुंचा और भाजपा द्वारा आम आदमी पार्टी के विधायकों की खरीद-फरोख्त की कोशिशों के आरोपों के संबंध में उन्हें एक नोटिस दिया। अपराध शाखा का दल रविवार अपराह्न 12 :55 बजे दूसरी बार आप नेता के आवास पर पहुंचा और उनके कर्मचारी को नोटिस सौंपा। उन्हें नोटिस पर पांच फरवरी तक जवाब देने को कहा गया है।

उत्तराखंड में यूसीसी का ड्राफ्ट कैबिनेट से मंजूर

ब्यूरो, देहरादून

- विधानसभा के आज से शुरू हो रहे सत्र में रखा जाएगा मसौदा

अमृत विचार : प्रदेश कैबिनेट की बैठक में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को मंजूरी दे दी गई है। अब 5 से 8 फरवरी तक होने वाले विधानसभा सत्र में सदन के पटल पर मसौदे को रखा जाएगा।

उत्तराखंड में धामी कैबिनेट की 24 घंटे के भीतर दूसरी बैठक रविवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आवास पर संपन्न हुई। इस बैठक में यूनिफॉर्म सिविल कोड के मसौदे का प्रस्तुतिकरण व अवलोकन किया गया। मंत्रिमंडल के सदस्यों ने ड्राफ्ट पर चर्चा कर मंजूरी दे दी, साथ ही विधानसभा सत्र में सदन के पटल पर रखने का अनुमोदन कर दिया। सदन में पारित होते ही उत्तराखंड देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने वाला पहला राज्य बन जाएगा।

यूनिफॉर्म सिविल कोड या समान नागरिक संहिता में देश में सभी धर्मों, समुदायों के लिए एक समान, एक बराबर कानून बनाने की वकालत करता है। आसान भाषा में कहा जाए तो इस कानून का मतलब है कि देश में सभी धर्मों, समुदायों के लिए कानून एक समान होगा। यह संहिता संविधान के अनुच्छेद 44 के तहत आती है।

कानूनी एजेंसियां सीमाओं से बंधी नहीं: शाह

नई दिल्ली, एजेंसी

- गृहमंत्री ने राष्ट्रमंडल अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल सम्मेलन को किया संबोधित

राष्ट्रमंडल अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल सम्मेलन (सीएएसजीसी-24) के समापन सत्र में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कानून का राज स्थापित करने को लेकर सख्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अपराध और अपराधी भौगोलिक सीमाओं का सम्मान नहीं करते हैं, इसलिए विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों को किसी भी सीमा को बाधा न मानकर आपराधिक मामलों को सुलझाने के लिए इन सीमाओं को अहम बिंदु के रूप में देखना चाहिए।

शाह ने सीएएसजीसी को संबोधित करते हुए कहा कि जब हाल ही में बनाए गए तीन आपराधिक न्याय कानून लागू हो जाएंगे, तो प्राथमिकी दर्ज होने के तीन साल के भीतर ही लोगों को हाईकोर्ट के स्तर तक न्याय मिल सकता है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है, जब वाणिज्य और अपराध के मामलों में भौगोलिक सीमाओं का कोई मतलब नहीं रह गया है।

केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि न्याय मिलने की प्रक्रिया के लिए सीमा पार चुनौतियां मौजूद हैं, लेकिन वाणिज्य, संचार, व्यापार तथा अपराध के लिए कोई सीमा नहीं है। उन्होंने कहा, 'अपराध और अपराधी भौगोलिक सीमाओं का सम्मान नहीं करते हैं। इसलिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों को भौगोलिक सीमाओं को बाधा नहीं मानना चाहिए।

देश में सबसे आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली होगी

अमित शाह ने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का जिक्र करते हुए कहा कि तीन नए कानूनों के पूर्ण कार्यान्वयन के बाद भारत में दुनिया की सबसे आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली होगी। ये कानून क्रमश : औपनिवेशिक युग के भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे।

सरकारी गोशाला में ठंड से 12 गोवंशों की मौत

संवाददाता, गंजडुंडवारा (कासगंज)

- न सर्दी से बचाव के उपाय न ही चिकित्सीय सेवा के इंतजाम

अमृत विचार : कासगंज जिले के गंजडुंडवारा क्षेत्र के गांव रायो में कई करोड़ की लागत से करीब दो माह पहले खोले गए वृहद गोसंरक्षण केंद्र अव्यवस्था की भेंट चढ़ गया। जिम्मेदारों की अनदेखी और लापरवाही के चलते अलग-अलग शेड में बंधे गोवंशों को ठंड से बचाने का कोई इंतजाम नहीं किया गया जिसके चलते शनिवार रात में एक साथ 12 गोवंशों की मौत हो गई।

लापरवाही का आलम यह है कि भीषण सर्दी में शेडों के ऊपर तिरपाल तक नहीं ढका गया है। गोशाला में हर तरफ कीचड़ है। गोवंश खुले शेड में बांधे गए हैं। गोवंशों की मौत होने के बाद अब जिम्मेदार एक दूसरे की कमियां बताते हुए जांच कराकर दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई की बात कह रहे हैं। वहीं रायो के ग्राम प्रधान राधाकृष्ण का कहना है कि बैंक में खाता न खुलने की वजह से प्रशासन की ओर से गोशाला के लिए कोई अनुदान नहीं दिया गया है। अभी ठेकेदार और पंचायत स्तर से रखरखाव के इंतजाम कराए जा रहे हैं। जिला प्रशासन की अनदेखी की वजह से हालात बिगड़े हैं।

> खंड विकास अधिकारी एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को गोशाला भेजा गया है। सभी गायों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। जांच करा दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। – **सचिन यादव**, मुख्य विकास अधिकारी।

गोवंश की खुराक का नहीं दिया हिसाब, रुका बजट

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : पिछले वर्ष सितंबर में निराश्रित गो वंश के भरण-पोषण में खर्च हुई धनराशि का 10 जिले पशु पालन विभाग को हिसाब नहीं दे पाए हैं।

इस कारण बलरामपुर, श्रावस्ती, सीतापुर, शाहजहांपुर, कानपुर नगर, हमीरपुर, झांसी, हरदोई, अलीगढ़ व बदायूं को आगे का बजट नहीं मिला है। इस लापरवाही से गो शालाओं में संरक्षित गो वंश का भरण-पोषण करना मुश्किल हो रहा है। फिर भी जिम्मेदार विभाग खर्च धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र नहीं उपलब्ध करा रहे हैं। कहीं निजी तो कहीं उधार भूसा, चारा व दाना खरीदा जा रहा है। इस अव्यवस्था से पशुपालक परेशान हैं।

- 10 जिलों ने अक्टूबर से नहीं मांगा पशुपालन विभाग से भरण-पोषण का बजट
- कहीं उधार लेकर तो कहीं निजी संसाधनों से भर रहे गोवंश का पेट

> सितंबर का उपभोग प्रमाण पत्र नहीं मिला है। इससे आगे का बजट रुका है। संबंधित जिलाधिकारी से पत्राचार किया है। शासन ने भी इस संबंध में निर्देश दिए हैं। जल्द समाधान हो जाएगा।
> – **आरएन सिंह**, निदेशक, पशुपालन विभाग

कई जिलों ने वृहद गो संरक्षण केंद्रों के निर्माण का प्रस्ताव भी नहीं भेजा

आजमगढ़, झांसी, मऊ, कानपुर नगर, कानपुर देहात, सीतापुर व वाराणसी में वृहद गो सरंक्षण केंद्रों का निर्माण होना है। यह भी शासन की प्राथमिकता में है। इसके बाद भी शासन को संबंधित जिलों से निर्माण का प्रस्ताव नहीं भेजा गया है। इसके अलावा जिन नवीन अस्थायी गो आश्रय स्थलों का निर्माण व विस्तारीकरण किया जा रहा, जो लक्ष्य से कम है।

शासन गंभीर, लेकिन विभाग नहीं

10 जिलों से उपभोग प्रमाण पत्र न मिलने की वजह से बजट की मांग अक्टूबर से नहीं की गई है। यह योजना मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में हैं। इसके बाद भी यह बड़ी लापरवाही है। इसके लिए शासन लगातार पत्राचार भी कर रहा है। हाल में मुख्य सचिव ने समीक्षा कर संबंधित जिलाधिकारी को डीबीडी फंड के लिए रिक्वेस्ट भेजने के निर्देश दिए थे। पशु पालन विभाग भी बराबर शासन का हवाला देकर उपभोग प्रमाण पत्र मांग रहा है ताकि आगे का बजट भुगतान कर सके।

ठंडी हवाओं के बीच बारिश ने गिराया पारा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : कई दिनों से निकली धूप की जगह रविवार सुबह बादलों ने ले ली। दिन भर रुक-रुककर बारिश हुई। मौसम विभाग ने जारी अलर्ट में आगे भी बारिश होने और ओले गिरने की संभावनाएं जताई हैं।

आंचलिक विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एके सिंह के अनुसार, प्रदेश में कई दिनों से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया था। जिसका असर रविवार को देखने को मिला। सुबह से प्रदेश के कई जनपदों में बारिश हुई। लखनऊ सहित कई इलाकों में तेज और ठंडी हवाएं भी चलीं। मौसम विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, रात और दिन के तापमान में आंशिक परिवर्तन हुआ है। लखनऊ का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री रहा। वहीं अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आसपास के जनपदों के तापमान में भी एक से दो डिग्री का बदलाव देखने को मिला है।

- कई दिनों से खिली धूप हुई नदारद, आलोवृष्टि की चेतावनी

पश्चिमी जिलों में वज्रपात के आसार

प्रदेश के पश्चिमी जिलों में आगे भी बारिश के आसार बने हुए हैं। मौसम विभाग ने संभावना जताई हैं कि बारिश के साथ कहीं-कहीं सतही हवाओं के साथ वज्रपात भी हो सकता है।

एक नजर

बीबीएयू में हुई इंडो-यूएस फ्लो साइटोमेट्री कार्यशाला

अमृत विचार, लखनऊ : बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में फ्लो साइटोमेट्री और जीव विज्ञान में इसके अनुप्रयोग विषय पर 25वीं इंडो-यूएस फ्लो साइटोमेट्री कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पॉल हचिन्सन द्वारा ऑनलाइन माध्यम से इम्यूनोफ्लोरेसेंस स्टेनिंग फॉर फ्लो साइटोमेट्री विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। जितेंद्र शांदिल्य, बैकमैन कॉल्टर, डैरेक डेविस, हिमांशु टिल्लू शोधार्थियों द्वारा साइटोमीटर-साइटोफ्लैक्स एवं एपोपटोसिस जैसे विषयों पर विचार प्रस्तुत किए गए। इसके अतिरिक्त इम्यूनोफीनोटाइपिंग और इसके प्रयोग विषय पर रुई डॉ. रेखा गौड़ व डॉ. रुई गार्डनर ने अपने विचार रखे। डॉ. हेमंत अग्रवाल द्वारा डाटा विश्लेषण एवं प्रस्तुतिकरण के बारे में बताया गया।

जल निगम संघर्ष समिति 7 से करेगी आंदोलन

अमृत विचार, लखनऊ : जल निगम की दिनों दिन खराब होती वित्तीय स्थिति को देखते हुए उप्र जल निगम संघर्ष समिति ने 7 फरवरी से आंदोलन का निर्णय लिया है। समिति के संयोजक डीपी मिश्र ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कर्मियों व पेंशनरों को समय से भुगतान न होने से परिवार के सामने भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है।

इंडस्ट्री की मांग के अनुरूप चलाएं पाठ्यक्रम

रोजगार मेला व नवचयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बोले योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि फरवरी 2023 में हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रदेश को 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इनसे 1.10 करोड़ युवाओं को रोजगार और नौकरी मिलेगी। इसके लिए जरूरी है कि सभी आईटीआई, पॉलिटेक्निक जैसे संस्थान इंडस्ट्री की मांग को समझकर, उसके अनुरूप ट्रेड व पाठ्यक्रम तैयार करें। युवाओं को जाब व सुरक्षा की गारंटी मिलनी चाहिए।

योगी रविवार को गोरखपुर के मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर में वृहद रोजगार मेला एवं नवचयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उप्र. कौशल विकास मिशन की तरफ से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को ट्रेनिंग से जोड़कर उन्हें आगे बढ़ाने की जरूरत है। मुख्यमंत्री इंटर्नशिप कार्यक्रम के साथ युवाओं को जोड़कर आगे बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए।

रोजगार मेले में नवचयनित अभ्यर्थी को नियुक्ति पत्र देते मुख्यमंत्री योगी, साथ में अन्य।

मुख्यमंत्री ने यहां कहा कि जर्मनी में भी अच्छे नर्सिंग प्रोफेशनल्स की अत्यधिक मांग है। हमें इसके लिए ध्यान देना होगा। एक प्लेसमेंट सेल के माध्यम से युवाओं की कैरियर काउंसलिंग कर उनको देश व विदेश में रोजगार के अवसर से जागरूक कराना होगा। युवाओं को उस देश के भाषा के लिए भी प्रशिक्षित करने के कार्यक्रम को भी शुरू करना होगा। प्रशिक्षण के दौरान ही उन्हें उस देश की भाषा सिखा दी जाएगी, तो उन्हें एक बेहतरीन पैकेज भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि मध्य पूर्व एशिया व दक्षिण पूर्व एशिया के देशों में भी कुशल युवाओं की मांग है।

योगी के मुताबिक, इजरायल फिर से यहां के युवाओं के लिए मांग कर रहा है। इसके लिए कौशल विकास विभाग के साथ सभी को प्रयास कर युवाओं को उस योग्य बनाने का प्रयास करना होगा। उन्हें उस प्रकार के कोर्सेज व वहां की भाषा को सिखाने के लिए कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरे विश्व में यूपी के स्किल युवाओं की मांग को देखते हुए उस दिशा में काम करने की आवश्यकता है। इसको ध्यान मे रखते हुये सरकार टाटा टेक्नोलाजी के साथ मिलकर 150 विश्व स्तरीय आईटीआई बनाने जा रही है।

कार्यक्रम को सांसद रविकिशन शुक्ल ने भी संबोधित किया। इस

- ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के निवेश प्रस्तावों से 1.10 करोड़ लोगों को मिलेगा रोजगार

योगी के नेतृत्व में हो रहा चहुमुखी विकास: कपिलदेव

वृहद रोजगार मेले में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिलदेव अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में प्रदेश चहुमुखी विकास की ओर अग्रसर है। भारत को विश्व गुरु बनने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत पराम्परागत पाठ्यक्रम के साथ कौशल विकास के पाठ्यक्रम जोड़े गये है ताकि हर युवा के हाथ में हुनर हो। प्रदेश का युवा नौकरी लेने की बजाय नौकरी देने वाला बनें।

अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष साधना सिंह ,विधान परिषद सदस्य डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, भाजपा के जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, अपर मुख्य सचिव व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग एम. देवराज आदि भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

पोलियोग्रस्त भाइयों को देख भावुक हुए योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: गोरखनाथ मंदिर में रविवार सुबह आयोजित जनता दर्शन में अपनी दादी के साथ आए दो पोलियोग्रस्त मासूम भाइयों को देख मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भावुक हो गए। उन्होंने इन बच्चों की दादी से इलाज के बारे में पूछा और आश्वस्त किया कि इलाज में किसी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी। इसके लिए सरकार भरपूर सहायता करेगी। इसे लेकर योगी ने मौके पर अधिकारियों को निर्देशित भी किया।

शनिवार शाम गोरखपुर आए मुख्यमंत्री ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में जनता दर्शन में करीब साढ़े तीन सौ लोगों से मुलाकात की। इस दौरान देवरिया जिले के खुखुंदू थानांतर्गत सेखा बभनौली से आईं भागीरथी देवी के साथ आए दो मासूम बच्चों (दस वर्षीय आयुष और आठ वर्षीय पीयूष) को देख मुख्यमंत्री उनसे पढ़ाई के बारे में पूछने लगे। तभी भागीरथी देवी ने बताया कि ये दोनों भाई पोलियोग्रस्त हैं। पांच साल के हुए तो बीमारी का पता

जनता दर्शन के दौरान पोलियो पीड़ित बच्चे से बातचीत करते मुख्यमंत्री योगी।

- जनता दर्शन में दादी के साथ आए थे, देवरिया जिले के हैं निवासी
- मुख्यमंत्री योगी ने दोनों भाइयों को दुलारा और आशीर्वाद भी दिया

चला। मुख्यमंत्री ने पूछा कि क्या ये बिलकुल भी नहीं चल पाते हैं। दादी ने बताया कि दस-बीस कदम तक।

इस पर मुख्यमंत्री ने आयुष को चलने का प्रयास करके दिखाने को कहा। लंगड़ाते हुए वह दो चार कदम चला तो योगी भावुक हो उठे और भागीरथी देवी से दोनों बच्चों के इलाज के बारे में पूछा। उन्होंने पीजीआई लखनऊ में इलाज चलने की जानकारी दी। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वह इन बच्चों के इलाज में कोई कमी नहीं आने देंगे। इसके लिए भरपूर सहायता दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से इस मामले को पूरी संवेदनशीलता से देखने और आयुष्मान कार्ड न होने की दशा में कार्ड बनवाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने दोनों मासूम भाइयों को दुलारा और आशीर्वाद भी दिया।

इस दौरान भागीरथी देवी ने अगस्त 2023 में अपने बेटे आदित्य चौहान (पोलियोग्रस्त दोनों बच्चों के पिता) की मौत की जांच कराने तथा कुछ लोगों द्वारा जांच की मांग करने पर धमकी देने की शिकायत भी की। इस पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अफसरों को त्वरित और निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई का निर्देश दिया।

डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर झांसी नोड की बनेंगी सड़कें

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार: औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कॉरीडोर झांसी नोड की सड़कों के निर्माण के लिए 61.27 करोड़ रुपए की धनराशि जारी करने का आदेश दिया।

वहीं मेगा सेक्टर की तीन इकाइयों को लेटर ऑफ कंफर्ट जारी करने का आदेश दिया। जनरल विपिन रावत डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कॉरीडोर, झांसी नोड के लिए खरीदी गई भूमि में विभिन्न प्लाटों तक पहुंचने के लिए नोड की आंतरिक सड़क निर्माण एवं जलनिकासी के लिए पक्की नाली बनाई जाएंगी। जिसके लिए 61.27 करोड़ रूपए की स्वीकृति मिली है। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे के साथ डिफेन्स कॉरीडोर के लिए अब तक 107.37 करोड़ की धनराशि भेजी जा चुकी है।

वनों में आग लगने की घटनाओं पर अंकुश लगाएगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: गर्मी में वनों व जंगलों में आग की बढ़ने वाली घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए राज्य सरकार ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। एक तरफ पहली से सात फरवरी तक वन अग्नि सुरक्षा सप्ताह चलाकर राज्य के हर जिलों में जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है तो वहीं इस पर अंकुश लगाने के लिए निचले स्तर से लेकर उच्च स्तर तक एक और पहल

- सभी प्रभागीय वनाधिकारियों के कार्यालय में बनेगा अग्नि नियंत्रण कक्ष, छोटी से छोटी घटनाओं पर रखी जाएगी नजर
- प्रधान मुख्य वन संरक्षक लखनऊ के कार्यालय में की गई अग्नि नियंत्रण सेल की स्थापना

भी की गई है। ऐसी घटनाओं पर निगरानी के लिए प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष, लखनऊ के कार्यालय में अग्नि नियंत्रण सेल की स्थापना की गई है।

जागरुकता के तहत सात फरवरी तक चलने वाले आयोजन में सभी प्रभागों में जनजागरूकता अभियान, रैली, पोस्टर, पेंटिंग प्रतियोगिता भी होगी, जिससे अधिक से अधिक लोग जागरूक हों और आग लगने की घटनाओं में कमी दर्ज की जाए। मुख्यालय पर बनाए गए सेल के नोडल अधिकारी मुख्य वन संरक्षक, प्रचार-प्रसार होंगे, जो अधीनस्थ कार्यालयों से मिली आग से होने वाली दुर्घटनाओं की जानकारी प्रति सप्ताह शासन को देंगे। आंकड़ों पर ध्यान दें तो राज्य सरकार की मॉनीटरिंग से ऐसी घटनाओं में तीन साल में काफी कमी दर्ज की गई है।

शासन की मंशा के अनुरूप यह नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्य करेगा। यहां तीन शिफ्ट में कर्मचारियों की भी तैनाती रहेगी। हीलाहवाली न हो, इसके लिए विभिन्न रेंजों में सूचनाएं रजिस्टर में पंजीकृत कर तत्काल उसके निदान पर कार्य भी किया जाएगा। वन संरक्षक जोनल मुख्य वन संरक्षक को इससे जुड़ी जानकारी भी देंगे।

वहीं, क्षेत्रीय व मंडलीय मुख्य वन संरक्षक स्तर पर भी अग्नि नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। अधीनस्थ कार्यालयों से मिली सूचनाओं को अफसरों तक पहुंचाने में यह माध्यम बनेंगे। वहीं लखनऊ में हेल्पलाइन नंबर 0522-2207951 पर इससे जुड़ी सूचनाएं दी जा सकती हैं। अन्य सभी जनपदों में भी आमजन व अन्य विभागों के अधिकारियों को स्थानीय हेल्पलाइन नंबर भी उपलब्ध कराया जाएगा।

एसजीपीजीआई ने वॉकथॉन का किया आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : संजय गांधी पीजीआई के रेडियोथेरेपी एवं मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग ने रविवार को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर जागरूकता पहल के एक भाग के रूप में कैंसर के बारे में जानकारी प्रसारित करने और जागरूकता फैलाने के लिए वॉकथॉन का आयोजन किया। वॉकथॉन हॉबी सेंटर से शुरू होकर एसजीपीजीआई मुख्य द्वार और वापस हॉबी सेंटर तक पहुंचा। कार्यक्रम का समापन वरिष्ठ डॉक्टरों और कैंसर सर्वाइवर कावेरी अग्रवाल के संदेशों के साथ हुआ। डॉ. पुनिता लाल, विभागाध्यक्ष, रेडियोथेरेपी और मेडिकल ऑन्कोलॉजी ने सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया।

अगड़े भी हैं भाजपा के विरोध में

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार: सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि देश में 90 प्रतिशत जनता को पीडीए (मुस्लिम सिख बौद्ध ईसाई जैन व अन्य आदिवासी) में विश्वास है। इनमें 49 प्रतिशत पिछड़े, 16 प्रतिशत दलित और 21 प्रतिशत अल्पसंख्यक शामिल हैं। इतना ही नहीं, चार प्रतिशत अगड़ों का विश्वास भी पीडीए में है। ये अधिकांश लोग इस बार पीडीए के लिए एकजुट होकर वोट करेंगे।

- 90 प्रतिशत लोगों को पीडीए में है विश्वास : अखिलेश

सपा प्रमुख ने रविवार को कहा कि यही वजह है कि भाजपा न कोई गणित बैठा पा रही है, न कोई समीकरण, भाजपा के पिछले सारे फ़ार्मूले, इस बार फ़ेल हो गये हैं। भाजपा को चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे हैं। भाजपा का टिकट लेकर कोई लड़ना नहीं चाहता है। भाजपा समर्थक महिलाएँ, महिला पहलवानों की दुर्दशा, मणिपुर की वीभत्स घटना, माँ-बेटी को जलाने के कांड आदि घटनाओं से शर्मिंदा हैं वे इस बार भाजपा का साथ नहीं देंगी। अनैतिक व भ्रष्ट व्यवहार की घटनाओं से बुद्धिजीवी संवर्ग क्षुब्ध हैं। भाजपा अपनों से ही हारेगी।

इस चौतरफ़ा विरोध के माहौल में भाजपा उप्र में हार मानकर बैठ चुकी है। भाजपा के नेता जन आक्रोश देखकर भागे-भागे फिर रहे हैं और बाक़ी बचे स्वार्थी भाजपाई समर्थक अपनी पुरानी परम्परा को निभाते हुए भूमिगत हो गये हैं।

विश्व कैंसर दिवस पर केजीएमयू में जागरूकता के लिए आयोजित वॉकथॉन में प्रतिभाग करते मेडिकल छात्र। अमृत विचार

केजीएमयू परिसर में निकली कैंसर जागरूकता रैली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: कैंसर जागरूकता के लिए केजीएमयू में वॉकथॉन की शुरुआत पूर्व कैबिनेट मंत्री रमापति शास्त्री ने हरी झंडी दिखाकर किया। हाथों में कैंसर बचाव संबन्धी स्लोगनों के साथ निकली रैली प्रशासनिक भवन से चलकर शताब्दी अस्पताल में संपन्न हुई। साथ ही आयोजित प्रतियोगिताओं में विजयी पैरामेडिकल के छात्रों को कैश प्राइज से पुरस्कृत

- वॉकथॉन को पूर्व मंत्री रमापति शास्त्री ने दिखाई हरी झंडी

किया गया ।

प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को मुख्य कैंसर जैसे मुंह और गले के कैंसर गर्भाशय की ग्रीवा का कैंसर, स्तन कैंसर तथा प्रोस्टेट कैंसर से संबन्धित जानकारी से जागरूक किया गया । प्रो. आर ए एस कुशवाहा, प्रो. विजय कुमार,प्रो. राजीव गुप्ता, प्रो.संदीप तिवारी, प्रो. अंजू अग्रवाल, प्रो.अमिता पांडे व प्रो. सुधीर सिंह ने भाग लिया।

कर्ज लेने के बाद चुका नहीं रही प्रदेश सरकार : रालोद

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार: राष्ट्रीय लोक दल(रालोद) के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्र ने कहा कि भाजपा ने साल 2017 में जब से सत्ता सँभाली है तब से प्रदेश वित्तीय घाटा लगातार बढ़ता जा रहा है जिसकी भरपाई प्रदेश सरकार बाहरी स्रोतों से उधार लेकर करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने साल 2017 से लेकर 2022 तक 1,72703 करोड़ रुपये का

- वर्ष 2022 तक 1,72,703 करोड़ रुपये का लिया कर्ज

नया कर्ज़ ले लिया है और चुकाया सिर्फ़ 42,120 करोड़ रुपया है ।

वहीं, रविवार को ही व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कहा कि "ग्रामीण क्षेत्र के समग्र विकास के लिए ग्रामीण क्षेत्र के बजट को अलग किया जाए। जब तक ग्रामीण क्षेत्र का विकास नहीं होगा तब तक गरीबी का उन्मूलन किसी प्रकार से संभव नहीं है।

कौशल विकास योजनाओं की होगी डिजिटल निगरानी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार: जल्द ही प्रदेश के राजकीय औद्योगिकी प्रशिक्षण संस्थानों की जानकारी विभागीय पोर्टल पर होगी। नई और पुरानी समस्त जानकारी विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी। साथ ही राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का डिजिटल निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण में छात्रों की उपस्थिति के साथ ही नहीं विभागीय जानकारी भी डिजिटल ही उपलब्ध हो सकेगी। इसके लिए राज्य सरकार ने 77 लाख 17 हजार रुपए का बजट जारी करते

- पोर्टल संचालन के साथ ही अनियमितताओं का होगा निरीक्षण

हुए, अपट्रांन पावरट्रॉनिक्स लि. को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेश में कौशल विकास योजना अंतर्गत विभिन्न कार्यो में युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं की उपस्थित 75 प्रतिशत जरूरी होती है। निर्धारित अवधि तक समयबद्ध तरीके से प्रशिक्षण मिलता रहें, व अन्य किसी प्रकार की अनियमित्ताएं न मिले, इसकी निगरानी के लिए डिजिटल प्लेटफार्म तैयार करने का निर्णय लिया गया है। हर पाठयक्रम की उपयोगिता को देखते हुए पोर्टल विकसित किया जाएगा। जिसके बाद प्रशिक्षण केन्द्रों में छात्रों की 75 फीसदी उपस्थिति और शिक्षकों की मौजूदगी आदि की निगरानी आसानी हो सकेगी । दरअसल, कौशल विकास योजना अंतर्गत प्रशिक्षण केन्द्रों में हाई स्कूल या इंटर उत्तीर्ण कर चुके युवाओं को करीब तीन दर्जन से ज्यादा तकनीकी क्षेत्रों में ट्रेनिंग दी जा रही है। अक्सर सवाल उठते हैं कि अभ्यर्थियों को बिना प्रशिक्षण पूरा किये ही प्रमाण पत्र उपलब्ध हो रहें हैं।

सरदार पटेल की विचारधारा को आधार बना कर रहे कार्य

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

अमृत विचार: इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में सरदार पटेल बौद्धिक विचार मंच ने रविवार को राष्ट्रीय बुद्धिजीवी सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन में महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि यह मंच सन 2018 से सामाजिक समरसता बनाने में सतत प्रत्यनशील है और सरदार पटेल की विचारधारा को आधार बनाकर कार्य कर रहा है।

प्रावाधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि देश को सुदृढ़

दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करते महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस व अन्य।

एवं विकसित बनाने में सामाजिक समरसता आवश्यक है और मंच द्वारा पटेल समाज को दिशा देने के लिए मंच की सराहना की। कार्यक्रम में मंच के संस्थापक संरक्षक पूर्व आईएएस अरुण कुमार सिन्हा ने कहा कि अगले चरण में मंच बौद्धिक एप लांच कर रहा है।

भाजपा ने पिछड़ों का हमेशा रखा ध्यान : पाठक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि भाजपा ने पिछड़े वर्ग का हमेशा ध्यान रखा है। जबकि विपक्षी पार्टियों ने वोट बैंक के लिए समाज को इस्तेमाल किया है। हम सबका साथ और सबका विकास की तरह काम करते हैं।

जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारतरत्न दिए जाने पर रविवार को हजरतगंज स्थित विश्वेश्वरैया सभागार में पाल, बघेल, धनगर, गाड़री, गड़रिया, चरवाहा महासभा ने विशाल अति पिछड़ा समाज प्रतिनिधि सम्मेलन आयोजित किया। कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्य अतिथि ब्रजेश पाठक ने कहा कि भाजपा में हर वर्ग का सम्मान है। पिछड़ा व अति पिछड़ा वर्ग का हमेशा ध्यान रखा है। हर वर्ग को योजनाओं से लाभान्वित किया है। जबकि विपक्षी पार्टियों

अति पिछड़ा समाज प्रतिनिधि सम्मेलन के दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व अन्य।

- अति पिछड़ा समाज प्रतिनिधि सम्मेलन में बोले उप मुख्यमंत्री
- विपक्षी पार्टियों पर साधा निशाना, एकजुटता की अपील

ने समाज को वोट बैंक के लिए इस्तेमाल किया है। उनके उत्थान का कोई कार्य नहीं किया है। पार्टी ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर अपनी प्रतिबद्धता को चरितार्थ किया है। कार्यक्रम संयोजक महासभा के अध्यक्ष व पूर्व राज्यमंत्री सतीश पाल ने कहा कि पिछड़े, शोषित, किसान, मजदूर सभी मिलकर 2024 में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएंगे। हाल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 500 वर्ष से विचाराधीन रामलला के विग्रह की स्थापना कर ऐतिहासिक कार्य किया है। कार्यक्रम में सुरेश पाल, हौसला प्रसाद पाल, गौरानंद, डॉ. अजय पाल, डॉ. कौशल पाल, आमोद राठौर समेत कई लोग मौजूद रहे।

माहौल बिगाड़ने वालों पर हो सख्ती, पूरी तैयारी से दें दबिश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने अपराध एवं अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेन्स की नीति के अन्तर्गत प्रभावी वैधानिक कार्यवाही किए जाने के निर्देश के साथ अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण करने की उम्मीद पुलिस अफसरों से की है। उन्होंने कहा है कि माहौल बिगाड़ने वालों पर न केवल सख्ती की जाए बल्कि हिस्ट्रीशीटर की चेकिंग एवं सत्यापन प्रभावी रूप से नियमानुसार की जाए।

डीजीपी के मुताबिक, अपराधियों के विरूद्ध दबिश पूरी तैयारी के साथ हो और इस दौरान पुलिस कर्मी अधिक से अधिक बॉडी वार्न कैमरे का प्रयोग करें। किसी भी घटना की सूचना में मौके पर पहुंचने का रिस्पांस टाइम कम से कम होना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि गोतस्करी, गोकसी की रोकथाम के लिए

बैठक के दौरान पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार व अन्य पुलिस अधिकारी।

कार्ययोजना बनाकर कार्रवाई हो।

रविवार को प्रशांत कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जोनल अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस आयुक्त, परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक व पुलिस उपमहानिरीक्षक को निर्देश देते हुए विशेषकर आगामी लोकसभा चुनाव और मौजूदा कानून-व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सभी कमिश्नरेट को सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने पर जोर दिया। डीजीपी ने महिलाओं एवं बच्चों से सम्बन्धी मामलों में अत्यधिक संवेदनशीलता रखते हुये प्रभावी कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने नियमित रूप से पैदल गश्त, महिला बीट व्यवस्था और एन्टी रोमियो स्क्वाड को और अधिक सक्रिय करने की आवश्यकता बतायी।

इस मौके पर अपर पुलिस महानिदेशक स्थापना, पुलिस आयुक्त लखनऊ, अपर पुलिस महानिदेशक कार्मिक, अपर पुलिस महानिदेशक लॉजिस्टिक,

- डीजीपी प्रशांत कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पुलिस अफसरों को दिए निर्देश

धार्मिक स्थलों की सुरक्षा पर रखें नजर

डीजीपी ने कहा कि लोगों में साइबर अपराध से बचाव को लेकर जागरूकता पैदा की जाय। यह भी कहा कि जन सामान्य से पुलिस का व्यवहार अच्छा हो साथ ही कम्युनिटी पुलिसिंग पर भी विशेष ध्यान दिए जाने का निर्देश दिया। प्रशांत कुमार ने आगामी लोकसभा चुनाव का संज्ञान लेते हुए पुलिस बल की आवश्यकता का पूर्व से मूल्यांकन करने और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा पर नियमित सतर्क नजर रखने का सुझाव भी दिया।

अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिदेशक के जीएसओ, अपर पुलिस महानिदेशक अपराध, अपर पुलिस महानिदेशक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन (1090), पुलिस महानिरीक्षक कानून-व्यवस्था सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

लोकसभा चुनाव में सुरक्षा को लेकर तैयार हो रही पुलिस

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव 2024 के लिए हालांकि अगले माह अधिसूचना जारी होना संभावित है, लेकिन उप्र पुलिस अपनी तैयारियों की दिशा में कदम बढ़ा दी है। नए डीजीपी प्रशांत कुमार की पहली पत्रकार वार्ता में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी चुनाव कराने के एलान को मुकाम देने के लिए खांका खींचा जाने लगा है। लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करा न केवल पुलिस के लिए बड़ी जिम्मेदारी है, बल्कि इस चुनाव में प्रशांत कुमार के नेतृत्व क्षमता की भी परीक्षा होगी। ऐसे में पुलिस महकमा सुरक्षा-व्यवस्था से जुड़े एक-एक बिन्दुओं पर पैनी नजर रख रहा है। पिछले चुनावों में आयी दिक्कतों-कमियों का भी गहराई से अध्ययन कर रहा है। इसके लिए पुरानी फाइलों पर जमी धूल साफ की जाने लगा है। चुनाव के दौरान प्रदेश से जुड़ी सीमाओं पर अवैध शराब और अवैध हथियारों सहित दूसरी अवैध गतिविधियों को रोकना भी पुलिस के लिए हमेशा ही चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है। ऐसे में सीमाई जिलों के कप्तानों को इस दिशा में एहतियाती इंतजामों को लेकर अभी तैयारी शुरू करने का निर्देश दिया गया है।

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया नि:शुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

शहर में आज

- चारबाग के रवीन्द्रालय स्थित ठहराव स्थल से ऑटो-टेम्पो के संचालन संबंधी कार्यक्रम का आयोजन - 12:30 बजे।
- लखनऊ विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन - 2.30 बजे।

एक नजर

कटौती के साथ जमा होगा कर्मियों का ईपीएफ

अमृत विचार, लखनऊ : मनरेगा कर्मियों के ईपीएफ कटौती करने के साथ धनराशि खाते में जमा की जाएगी। करीब दो साल से चली आ रही तकनीकी समस्या का ग्राम्य विकास विभाग ने समाधान कर दिया है। कर्मियों का दिसंबर से कटौती कर खातों में धनराशि जमा की जाएगी। आहरण के लिए तकनीकी प्रावधान किया गया है। साथ ही पूर्व से लंबित धनराशि की फीडिंग की जाएगी। इस संबंध में सभी जिलों को पत्र जारी कर जानकारी दी गई। साथ ही लेखाकारों को एक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

गोमती नगर के राधाकृष्ण पार्क में ओपन जिम की शुरुआत

अमृत विचार, लखनऊ : गोमती नगर के राधाकृष्ण पार्क में ओपन जिम की सुविधा शुरू हो गई है। रविवार को गोमतीनगर जन कल्याण महा समिति के महासचिव डॉ. राघवेन्द्र शुक्ला ने पार्क में स्थापित ओपन जिम का फीता काटकर शुरुआत की। इस मौके पर राधा कृष्ण जन कल्याण समिति विशाल खंड एक के अध्यक्ष अमित कुमार मिश्र, उपाध्यक्ष भास्कर मिश्र, सचिव बीपी तिवारी, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह, अनिल उपाध्याय, सुनीता सिंह एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थिति रहे। महा समिति से संजय निगम, कार्यकारी सचिव महासमिति बीएल तिवारी, आरडी मौर्य और अन्य पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दीं।

बारिश व सर्द हवाओं के बीच ओलावृष्टि का अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में आगे भी मौसम खराब रहने की संभावना

अमृत विचार : लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में रविवार को बारिश होने से एक बार फिर ठंड बढ़ गई। दिन भर बादल छाए रहे और सर्द हवाएं भी चलीं। मौसम विभाग का अनुमान है कि पश्चिमी विक्षोभ का असर आगे भी देखा जा सकता है, कहीं-कहीं ओलावृष्टि की संभावना भी है।

कई दिनों से निकल रही धूप के बाद ठंड में कमी आ गई थी, लेकिन रविवार को मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिला। दिनभर रुक- रुककर कई बार बारिश हुई। पश्चिमी विक्षोभ का असर पश्चिमी क्षेत्रों के अलावा मध्य क्षेत्र में भी देखने को मिल रहा है। लखनऊ के निकट सीतापुर, लखीमपुर सहित अन्य जनपदों में सर्द हवाएं चलीं। मौसम अनुसंधान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एके सिंह के अनुसार, कुछ क्षेत्रों में ओलावृष्टि की संभावना बन रही है, ऐसे में आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण बने वायुमण्डलीय दबाव से 30-40 किमी प्रतिघण्टे की रफ्तार से सर्द हवाएं चल सकती हैं। वैसे तो कोहरे का अधिक असर पश्चिमी क्षेत्रों में रहेगा। लेकिन लखनऊ के नजदीकी क्षेत्रों में भी आंशिक स्थिति बने रहने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। इसमें सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई जनपद सहित अन्य जिले शामिल हैं।

अधिक बारिश बढ़ा सकती है मुश्किल

कृषि वैज्ञानिक डॉ. सतेन्द्र कुमार सिंह कहते हैं कि अगर बारिश के बाद ओले नहीं पड़ते हैं, तो यह फसलों के लिए लाभदायक रहेगी। ओले पड़ने पर पिछड़ी प्रजातियों की राई व सरसों के लिए आंशिक नुकसान हो सकता है। यदि तेज बारिश हुई तो फसलों को नुकसान हो सकता है।

रविवार को हजरतगंज क्षेत्र में बारिश से बचने के लिए छाते का सहारा लेकर गंतव्य को जातीं युवतियां। अमृत विचार

हल्की बारिश से फसलों को फायदा

अमृत विचार, लखनऊ : खेतों में गेहूं, जौ, मटर, सरसों, आलू व तिलहन समेत कई फसलें लगी हैं। बारिश से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें दिखने लगी हैं। हालांकि मौसम विभाग ने हल्की बारिश को सभी फसलों के लिए फायदेमंद बताया है। जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने कहा कि हल्की बारिश फसलों के लिए फायदेमंद है। इससे खेतों में नमी बढ़ गई है। वैसे भी सिंचाई का समय चल रह है। किसान फसलों की टॉप ड्रेसिंग करें। ऐसे में किसान अब सिंचाई न करें। सिंचाई का खर्च भी बचेगा। अब मौसम सामान्य होने की उम्मीद है। आगे तेज बारिश या हवा चली तो फसलों को नुकसान हो सकता है। गेहूं, सरसों समेत जिनमें फूल आने लगे हैं वह फसलें बर्बाद हो सकती हैं।

पुलिस पर भरोसा नहीं, जेल से हत्या करा सकता है लल्लन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीड़ित आरोपियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई पर संतुष्ट नहीं, मुख्यमंत्री से लगाई न्याय की गुहार

अमृत विचार : मलिहाबाद इलाके में हुए तिहरे हत्याकांड में आरोपियों की गिरफ्तारी और उनके खिलाफ अब तक हुई पुलिस की कार्रवाई से पीड़ित फरीद संतुष्ट नहीं हैं। पीड़ित द्वारा पुलिस पर अविश्वास जताते हुए आरोपी द्वारा जेल से उसकी और परिवार के अन्य सदस्यों की हत्या कराने की आशंका जताई गई है। साथ ही मुख्यमंत्री से आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करने और उनके घर पर बुलडोजर चलवा कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई गई है।

घटना में पत्नी, बेटे और चचेरे भाई को खोने वाले फरीद खां का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उनका कहना है पुलिस ने उनको कुछ नहीं बताया। पीड़ित का कहना है कि अब मुख्यमंत्री जी मेरी पत्नी, बेटे और चचेरे भाई की गोली मार कर हत्या करने वाले आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करा कर मुझे भी न्याय दिलाएं। पुलिस ने मेरा सहयोग नहीं किया, आरोपियों का ही सहयोग कर रही है।

आरोपी का घर अवैध तरीके से कब्जा कर बनाया गया है। जिसे बुलडोजर चलवा कर गिराया जाए। बिना किसी विवाद उसने मेरा सब कुछ खत्म कर दिया। पुलिस जबरदस्ती जमीन का विवाद बना रही है। जबकि जमीन का न तो कोई विवाद है और न ही इससे संबंधित मुकदमा चल रहा है। पुलिस लल्लन को शह दे रही है, जिसने मेरे पूरे परिवार की हत्या की है। वह जेल में बंद रहते हुए भी मेरी हत्या करा सकता है। मुख्यमंत्री से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाऊंगा।

बिना रजिस्ट्री के बने फ्लैट मालिक, 17 को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- निबंधन विभाग ने एजी बाटनिका अपार्टमेंट में पकड़ी स्टाम्प चोरी
- एग्रीमेंट-टू-सेल के आधार पर किया कब्जा, एक पर स्टाम्प वाद

अमृत विचार : गोमती नगर स्थित एजी बाटनिका अपार्टमेंट में बिना रजिस्ट्री के 17 आवंटी रह रहे थे जिन्हें निबंधन विभाग ने पकड़ा है। उन्हें लाखों रुपये स्टांप चोरी करने पर नोटिस जारी किया है। साथ ही एक आवंटी पर वाद दर्ज किया गया है।

जिले में आवासीय व व्यवसायिक भवनों की खरीद-बिक्री में करोड़ों रुपये स्टाम्प चोरी कर राजस्व को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इस पर हरकत में आए निबंधन विभाग ने ऐसे स्टाम्प चोरों के खिलाफ अभियान शुरू किया है। इस क्रम में गोमती नगर स्थित एजी बाटनिका अपार्टमेंट में अधिकारियों ने जांच की तो वहां 17 फ्लैटों पर परिवार रहते मिले।

सभी ने फ्लैट बिल्डर से खरीदकर एग्रीमेंट-टू-सेल के आधार पर लेकर कब्जा किया। लेकिन, रजिस्ट्री नहीं कराई। इस पर निबंधन विभाग ने सभी आवंटियों को नोटिस जारी कर 15 दिन के अंदर रजिस्ट्री कराने की चेतावनी दी है।

साथ ही एक आवंटी का एग्रीमेंट-टू-सेल जब्त कर स्टाम्प वाद दायर किया गया। सहायक महानिरीक्षक एसके त्रिपाठी ने बताया कि कार्रवाई के लिए मुख्य सचिव स्तर से बराबर निर्देश मिल रहे हैं। मुख्य रूप से नगर निगम, आवास विकास, एलडीए, बिजली विभाग, आबकारी, वाणिज्य कर अनुबंधित विलेख पत्र यानी रजिस्ट्री के आधार पर कोई लाभ किसी व्यक्ति या संस्था को न दें।

बेटे फराज सहित लल्लन गिरफ्तार

पुलिस से बोला गब्बर- मां की गाली सुनने के बाद बरसाईं गोलियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मां की गाली से आग बबूला हो गब्बर ने बेटे के साथ मिल कर तिहरे हत्याकांड की वारदात को अंजाम दिया था। वारदात के बाद से फरार मुख्य आरोपी सिराज अहमद उर्फ लल्लन खां (गब्बर) अपने बेटे के साथ वकील के माध्यम से अदालत में आत्मसमर्पण करने की फिराक में था। इसी बीच पुलिस ने रविवार सुबह करीब 5 बजे दोनों को दुबग्गा तिराहा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस हत्यारोपी के खिलाफ एनएसए की कार्रवाई और संपत्ति कुर्क करने की तैयारी में है। डीसीपी पश्चिम राहुल राज ने हत्याकांड का खुलासा कर आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

डीसीपी ने बताया, बीते शुक्रवार को मलिहाबाद कोतवाली अन्तर्गत मोहम्मदनगर गांव में सिराज अहमद उर्फ लल्लन का भाई फरीद खां से खेत पर जमीन की पैमाइस को लेकर विवाद हो गया था। जहां पर हंजला ने लल्लन को मां की गाली दे दी थी। इसके बाद से उस पर खून सवार था। विवाद बढ़ता देख फरीद खेत से घर आ गया था। पीछे से लल्लन, उसका पुत्र फराज, चालक अशर्फी और फुरकान भी फरीद के घर आ पहुंचे। जहां पर लल्लन ने अपनी लाइसेंसी राइफल से मुनीर खां उर्फ ताज (50) और हंजला (20) को और फराज ने उसी राइफल से फरहीन (40) को गोली मार कर हत्या कर दी।

वारदात को अंजाम देकर आरोपी कार से फरार हो गए थे। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए आसपास के जिलों की पुलिस को भी अलर्ट कर नाकाबंदी करा दी गई थी।

मलिहाबाद थानाक्षेत्र में हुए तिहरे हत्याकांड का खुलासा करते डीसीपी पश्चिम राहुल राज। अमृत विचार

- आरोपियों के खिलाफ पुलिस कर रही एनएसए व कुर्की की कार्रवाई की तैयारी
- मलिहाबाद के मोहम्मदनगर में हुए तिहरे हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा

आरोपी मुरादाबाद से नेपाल भागने की फिराक में थे, लेकिन नाकाबंदी के चलते नाकाम रहे। इसके बाद वकील के माध्यम से अदालत में आत्मसमर्पण के लिए लखनऊ वापस आ गए थे। रविवार सुबह करीब 5 बजे दुबग्गा तिराहे से लल्लन और फराज को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से लाइसेंसी गन व दो शस्त्र लाइसेंस बरामद किए गए हैं। फरार आरोपी फुरकान की तलाश जारी है।

आरोपियों की गिरफ्तारी में लगी थीं कई टीमें

डीसीपी ने बताया कि फरार हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस, क्राइम ब्रांच और सर्विलांस की टीमें लगी थीं। पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीमें आरोपियों को पकड़ने के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थीं। सर्विलांस की टीम घर के सदस्यों व परिचितों के मोबाइल नंबरों को ट्रेस कर आरोपियों की लोकेशन जानने का प्रयास कर रही थीं। कुछ टीमों ने संभावित स्थानों पर करीब 500 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालीं।

घर से खेत तक तीन बार हुआ विवाद

डीसीपी ने बताया कि जमीन के सीमांकन व पैमाइश को लेकर विवाद चल रहा था। घटना वाले दिन लेखपाल ने नोटिस देकर सभी पक्षों को बुलाया था। जमीन से जुड़े पक्षकार सलमान, सिराज खां उर्फ लल्लन, फरीद खां और उनके चचेरे भाई मुनीर खां पहुंचे थे। खेत पर विवाद के बाद फरीद घर के लिए निकले थे। इसके बाद लल्लन ने पहले रास्ते में रोक कर फिर घर पर पहुंच कर विवाद किया। घर पर विवाद बढ़ने पर लल्लन और बेटे फराज ने हत्याकांड को अंजाम दे डाला।

एयरपोर्ट अथारिटी को भेजी थी लल्लन की फोटो

डीसीपी ने बताया कि लल्लन के पास पोलैंड का पासपोर्ट है। उसके विदेश भागने की आशंका थी। इसके चलते एयरपोर्ट अथारिटी को लल्लन की फोटो भेज जिन हवाई अड्डों से पोलैंड की फ्लाइटें जाती हैं, उन पर भी नाकाबंदी करा दी गई थी। बाद में पता चला कि वह दोनों सड़क मार्ग से उत्तराखंड होकर नेपाल भागने की फिराक में हैं। इसके चलते उत्तराखंड व नेपाल बार्डर पर भी सतर्कता बढ़ा दी गई थी।

पाकिस्तान और नेपाल का कनेक्शन खंगालेगी पुलिस

डीसीपी राहुल राज ने बताया अभी तक की जांच में लल्लन से जुड़ीं कई अहम जानकारियां मिली हैं। इनमें कबूतरबाजी के चलते पाकिस्तान व नेपाल के कुछ लोगों से भी लल्लन के कनेक्शन होने की आशंका है। इसकी डिटेल भी खंगाली जाएगी। पोलैंड में वह किन-किन लोगों के संपर्क में है, इसकी जानकारी भी जुटाई जा रही है। आरोपी का शस्त्र लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है।

एक अधिकारी की भूमिका पर उठ रहे सवाल, जांच शुरू

पुलिस सूत्रों का कहना है कि तिहरे हत्याकांड में लखनऊ के एक विभाग में तैनात एक अधिकारी की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। बताया जा रहा है कि उक्त अधिकारी ने हत्यारोपियों को घर में छिपाया था। इसके अलावा आरोपियों को कोर्ट में आत्मसमर्पण कराने के लिए प्रयासरत था। इसके चलते संबंधित अधिकारी की संलिप्तता की भी पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

शपथ ग्रहण समारोह के दौरान पदाधिकारियों के साथ अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र एवं अन्य। अमृत विचार

अध्यक्ष और वरिष्ठ महामंत्री समेत 23 पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

अमृत विचार, लखनऊ : राजाजीपुरम परिक्षेत्र महिला उद्योग व्यापार मंडल का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को राजाजीपुरम स्थित एक होटल में सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष रूपाली श्रीवास्तव और वरिष्ठ महामंत्री सहित 23 पदाधिकारियों को लखनऊ उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा ने शपथ दिलाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि युवा नेता नीरज सिंह और सांसद प्रतिनिधि राघवेंद्र शुक्ला ने पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भारतीय सुहेलदेव राजभर पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष शीला राजभर, व्यापार मंडल की संरक्षिका एवं पार्षद गौरी सांवरिया, कुमुदिनी त्रिपाठी, संयोजक अभिषेक खरे, पूर्व पार्षद राजीव कृष्ण त्रिपाठी, शिवपाल सांवरिया, व्यापारी नेता अनिल वरमानी, राजकुमार बत्रा, राम शंकर राजपूत, अमित राजपूत, राजेश शुक्ला, सुधीर अवस्थी, गुलशन सचदेवा, लल्लन यादव सहित सैकड़ों व्यापारी उपस्थित रहे।

महिला को जिंदा जलाने की कोशिश का आरोप, एफआईआर

लखनऊ/बीकेटी : महिला थाने में एक विवाहिता ने ससुराल पक्ष वालों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। विवाहिता का आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल पक्ष वालों ने उसे जिंदा जलाने का प्रयास किया। प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, बीकेटी थानाक्षेत्र के टिकारी गांव निवासी अनुराधा का आरोप है कि शादी के एक वर्ष बाद ही अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे यातनाएं दी जाने लगी।

ससुराल पक्ष वालों ने उसे जिंदा जलाने की भी कोशिश की और प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर महिला के पति समेत तीन नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

परिवहन मंत्री ने पकड़ी बालू लदी दो ट्रक, सीज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अधिकारियों की लापरवाही पर भड़के, देवरिया से लखनऊ वापस आते समय की कार्रवाई
- बाराबंकी के रामसनेही घाट स्थित ताला मोड़ पर की कार्रवाई, दोनों ट्रकों पर लगाया 3.70 लाख का जुर्माना

अमृत विचार : परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बाराबंकी के ताला मोड़ पर शनिवार रात को ओवर लोड बालू लदी दो ट्रकों रुकवाया। परिवहन व पुलिस अधिकारियों को बुलाकर नाराजगी जाहिर की। इसके बाद दोनों ट्रकों को सीज करा दिया और उन पर 3.70 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। परिवहन मंत्री ने यह कार्रवाई देवरिया से लखनऊ वापस आते समय की।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह देवरिया से लखनऊ के लिए निकले थे। शनिवार देर रात करीब 10:30 बजे जब उनका वाहन रामसनेही घाट थाना अंतर्गत ताला मोड़ के पास पहुंचा। वहां उन्होंने हाईवे पर ओवर लोड बालू लदे दो ट्रकों को देखा। उन्होंने सुरक्षाकर्मियों से दोनों ट्रकों को रुकवाया। ट्रकों पर ओवरलोड बालू भरी हुई थी। इसके बाद परिवहन मंत्री ने इसकी जानकारी संभागीय परिवहन विभाग के साथ स्थानीय पुलिस को दी। विभागीय मंत्री के हाईवे पर होने की जानकारी होते ही पीटीओ उमाशंकर मिश्रा मौके पर पहुंचे। पीटीओ को देखते ही मंत्री ने ओवरलोड वाहनों को लेकर नाराजगी जाहिर की। वहीं, तत्काल दोनों ट्रकों को सीज करने का आदेश दिया।

एक साल में मंत्री ने पकड़े 22 ट्रक

अयोध्या से हो रही बालू की ओवरलोडिंग व खदान लगातार जारी है। लेकिन परिवहन विभाग, पुलिस विभाग और खनन विभाग आंखे मूंदे हुए है। परिवहन मंत्री ने एक साल में सिर्फ बाराबंकी जिले में ही 22 ओवरलोड ट्रक पकड़ चुके हैं। परिवहन मंत्री के सख्त रुख के बावजूद विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।

परिवहन मंत्री ने इससे पहले पांच अप्रैल 2023 को भी रात में देवरिया से लौटते समय कोटवा सड़क पर स्थित एक ढाबे के पास ट्रकों को देखकर रुके थे। वहां बालू लदी ओवरलोड 18 ट्रक खड़ी मिलीं। मंत्री की सूचना पर परिवहन विभाग के अधिकारियों ने सभी ट्रकों को सीजकर उन पर जुर्माना लगाया था। परिवहन मंत्री ने 24 मई 2023 को इसी ढाबे के दो ओवरलोड ट्रकों को पकड़कर सीज करवाया था।

विभागीय अधिकारियों में हड़कंप

परिवहन मंत्री द्वारा ओवरलोड ट्रकों को पकड़े जाने की जानकारी होते ही परिवहन विभाग में हड़कंप मच गया। मौके पर पीटीओ पहुंचे ही थे। इसी बीच एआरटीओ प्रवर्तन बीके मिश्रा भी पहुंच गए। आनन-फानन दोनों ट्रकों को सीज कर रामसनेहीघाट कोतवाली पहुंचा दिया गया। इसके बाद देर रात तक एआरटीओ ट्रकों पर कार्रवाई करते रहे। इसे लेकर पीटीओ उमाशंकर मिश्रा ने बताया कि एक ट्रक पर 1.80 लाख और दूसरी ट्रक पर 1.90 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। परिवहन मंत्री की इस कार्रवाई के बाद वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। इसके बाद बाराबंकी से लेकर अयोध्या तक बालू लदे वाहनों को अधिकारी तलाश करते रहे।

शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण के साथ किया दवा का वितरण

अमृत विचार : केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की प्रेरणा से रविवार को मड़ियांव के रामलीला मैदान और आलोक नगर कंचना बिहारी मार्ग, कल्याणपुर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मड़ियांव में भाजपा नेता और कल्याणपुर में एमएलसी मुकेश शर्मा ने शिविर की शुरुआत की। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष त्रिलोक अधिकारी भी मौजूद रहे। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि शिविर का आयोजन डॉ. कैलाश नारायन सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के सहयोग से किया गया। जिसमें नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, दवा वितरण के साथ विभिन्न जांचें की गयीं। शिविर में नेत्र रोग, चर्म रोग परामर्श, ब्लड प्रेशर चेक अप, ब्लड शुगर सहित विभिन्न स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई गई। शिविर में मंडल अध्यक्ष राकेश पांडे, अजय त्रिपाठी मुन्ना, कृष्ण प्रताप सिंह, दीपक तिवारी, राजकुमार मौर्य सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

जेल में 36 और कैदी एचआईवी संक्रमित मिले, 47 हुई संख्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी के आदेश पर कराई गई जांच

अमृत विचार : लखनऊ की जेल में 36 और कैदी एचआईवी पॉजिटिव मिले हैं। अब कुल संक्रमितों की संख्या 47 पहुंच गई है। जेल प्रशासन ने राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी के आदेश पर कैदियों के स्वास्थ्य की जांच कराई थी।

सभी एचआईवी संक्रमित मरीजों का लखनऊ के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। इन नए मामलों से पहले 11 एचआईवी संक्रमित जेल में थे। बता दें कि दिसंबर 2023 में स्वास्थ्य विभाग कैदियों की एचआईवी जांच कराई थी। पॉजिटिव मरीजों का इलाज शुरू कराने के लिए जेल प्रशासन ने उनकी काउंसलिंग शुरू कर दी है। नए मामले आने से जेल अधिकारी सतर्क हो गए हैं। जेल के एक अधिकारी ने कहा कि संक्रमित कैदियों का आहार बढ़ा दिया गया है। पॉजिटिव कैदियों को डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। इनका केजीएमयू के एंटी रेट्रोवायरल थेरेपी (एआरटी) सेंटर में इलाज चल रहा है। जेल अधीक्षक आशीष तिवारी ने कहा, राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी के आदेश पर कैदियों के स्वास्थ्य की जांच कराई गई।

एक नजर

सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार 14 को

अमृत विचार, लखनऊ : रामलीला समिति महानगर की ओर से आगामी 14 फरवरी को महानगर के सेक्टर सी स्थित रामलीला भवन में सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन किया जायेगा। कर्मकांडी ब्राह्मण पं. बंशीधर उप्रेती समेत अन्य वैदिक रीति के साथ सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार सम्पन्न कराएंगे। रामलीला समिति के अध्यक्ष ललित मोहन जोशी ने बताया कि इच्छुक अभिभावक अपने बालक का यज्ञोपवीत संस्कार कराने के लिए 13 फरवरी तक रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। समिति के महासचिव हेम पंत ने बताया कि यज्ञोपवीत कार्यक्रम 14 को सुबह 7 बजे शुरू होगा।

इमाम मूसा काजिम की शहादत की मजलिस शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : इमाम हजरत मूसा काजिम की शहादत के अवसर पर छोटा इमामबाड़ा में रविवार को तीन दिवसीय मजलिसों का सिलसिला शुरू हो गया। पहली मजलिस को खतीबे नहजुल बलागा मौलाना सैयद कंबर अली रिजवी ने खिताब किया। मजलिस में मौलाना ने इमाम मूसा काजिम के बारे विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा मौलाना ने इमाम मूसा काजिम की बेटी जनाबे मासूमा ए कुम के फजायल पर रौशनी डाली और एक बाप व बेटी के रिश्ते बयान किये उनका रौजा ईरान के कुम शहर में है जिसकी जियारत शिया समुदाय के लिए बहुत अहमियत रखती है।

समाजहित में योगदान के लिए हमेशा याद किए जाएंगे डॉ. जगदीश गांधी

डॉ. गांधी की स्मृति में प्रार्थना सभा का आयोजन, भारी संख्या में पहुंचे लोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

कानपुर रोड स्थित सीएमएस आंडिटोरियम में डॉक्टर जगदीश गांधी की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

अमृत विचार : सिटी मॉन्टेसरी स्कूल के संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. जगदीश गांधी की याद में 'स्मृति प्रार्थना सभा' का आयोजन किया गया। सीएमएस कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित इस प्रार्थना सभा में कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संदेश पढ़ा। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि समाजहित में बहुआयामी योगदान के लिए डॉ. जगदीश गांधी सदैव स्मरण किए जाएंगे। डॉ. जगदीश गांधी के मार्गदर्शन में सीएमएस न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश में शिक्षा जगत के समक्ष एक अनुकरणीय उदाहरण बन चुका है।

वहीं रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संदेश में कहा कि डॉ. जगदीश गांधी ने भावी पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनके न रहने से शिक्षा जगत में अपूर्णीय क्षति हुई है। आयोजन में कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री नंद कुमार नंदी, मेयर सुषमा खर्कवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, डॉ. आरए उस्मानी, संयुक्ता भाटिया पूर्व मेयर, न्यायमूर्ति विष्णु सहाय, मुकेश मेश्राम, पद्मश्री विद्या विंदुश्री समेत बड़ी संख्या में साहित्यकार, पत्रकार, शिक्षाविद्, समाजसेवी, न्यायमूर्ति, अधिवक्ता, धर्मगुरु, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी व भारी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए और श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सामूहिक प्रार्थना की।

छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए डॉ. गांधी ने अपना जीवन समर्पित कर दिया : राजनाथ

इस दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि डॉ. गांधी ने हमें एक बीज से बड़ा वृक्ष बनना सिखाया। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि हम पहली बार बिना डॉ. जगदीश गांधी के यहां आये हैं। मैं ईश्वर से उनकी आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना करता हूं।

लजीज व्यंजनों से महका लविवि

पाक कला प्रतियोगिता के दौरान व्यंजनों के बारे में जानकारी लेते लविवि के कुलपति आलोक कुमार राय, साथ में अन्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : शोध और उच्च पाठ्यक्रमों के उत्कृष्ट अनुभवों के साथ यहां के हुनरमंद लजीज पकवान भी बनाते हैं। ये सबकुछ टेबल पर उस समय साझा हुआ, जब लखनऊ विश्वविद्यालय में पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कविता पाठ और मुशायरा भी आयोजित किया गया।

लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता के छठे दिन पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। खराब मौसम के बावजूद छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। चन्द्रशेखर आजाद हॉस्टल की छात्राओं द्वारा अलग - अलग तरह के व्यंजन तैयार किए गए। प्रतियोगिता में अफगानी पनीर मसाला, बास्केट चाट, चुकंदर का रायता, मोदक, गाजर का हलवा आकर्षण का केन्द्र रहा। प्रतिभागियों द्वारा तैयार पकवानों का परीक्षण कुलपति प्रोफेसर एके राय ने किया। इस दौरान मुख्य प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह, प्रो.संगीता साहू, प्रो. मनीषा बनर्जी सहित कुलानुशासक मण्डल भी मौजूद रहा।

ये मेरा लखनऊ है...

लविवि के मालवीय सभागार में मुशायरा और कविता पाठ का आयोजन किया गया। यह मेरा लखनऊ है...,मेरी चाय की प्याली में उंगली डुबा के शक्कर सहित कई अन्य कविताएं और शायरी आकर्षण का केन्द्र रहीं। आयोजन के दौरान निर्णायक मण्डल की भूमिका में नवाब मसूद अब्दुल्ला, प्रो. योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य रहे।

शैलजा और प्रमुदित रहे प्रथम

कविता और शायरी की प्रस्तुति विभिन्न संकायों के छात्रों ने की। ऐसे में कविता पाठ में प्रथम स्थान बीआर आंबेडकर छात्रावास की शैलजा यादव को मिला। सीएसए की वैष्णवी राय द्वितीय स्थान पर रही। पुरुष वर्ग में महमूदाबाद छात्रावास के प्रमुदित पांडेय ने बाजी मारी। सुभाष हॉल के रजनीश यादव द्वितीय स्थान पर रहे।

लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न मिलना देश का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : चंद्रभानु गुप्त द्वारा स्थापित बुद्धिजीवियों की संस्था विचार मंच ने रविवार को वीर सावरकर नगर में लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया। श्याम कुमार की अध्यक्षता में हुई संगोष्ठी में कहा गया कि आडवाणी को भारत रत्न दिया जाना वास्तव में भारत का सम्मान है।

उन्होंने कहा कि यह आडवाणी की क़ाबलियत थी कि उन्होंने दो सदस्यों वाली भाजपा को सत्ता के शिखर पर पहुंचाया। मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार पीबी वर्मा ने कहा कि मोदी जब देश के प्रधानमंत्री बने थे उसी वर्ष आडवाणी को भारत रत्न दिया जाना चाहिए था। अयोध्या में मोदी के संरक्षण में जिस अद्भुत राम मंदिर का निर्माण हुआ उसमें आडवाणी का योगदान है।

आडवाणी ने दो सदस्यों वाली भाजपा को सत्ता के शिखर पर पहुंचाया

भगवंत प्रसाद पांडे ने कहा कि राष्ट्रवाद के पुनरुत्थान का काम आडवाणी ने शुरू किया था। देश में मोदी युग से पहले आडवाणी युग था। राजेश राय और सुविख्यात अर्थशास्त्री प्रोफेसर अंबिका प्रसाद विवारी ने कहा कि आडवाणी कुशलत संगठनकर्ता रहे हैं। प्रयागराज से आये सिद्धार्थ श्रीवास्तव और समाजसेवी सुशील मिश्र ने कहा कि रामभक्तों पर गोली चलाने वाले मुलायम सिंह यादव को भारत रत्न दिया जाना आश्चर्यजनक था। जबकि अडवानी को भारत रत्न दिया जाना उचित है।

मुनाल महोत्सव 7 फरवरी से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लोक संस्कृति की रक्षा में लगी संस्था मुनाल की ओर से आगामी 7 से 14 फरवरी तक मुनाल महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। गोमती तट स्थित पं. गोविंद बल्लभ पंत स्मृति उपवन में रोजाना दोपहर 2 बजे से रात 9 बजे तक उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

मुनाल के निदेशक विक्रम बिष्ट ने बताया कि इस महोत्सव में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों और संस्था से जुड़ी दिवंगत विभूतियों के नाम पर विभिन्न क्षेत्र की विभूतियों को सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि महोत्सव में विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों के लिए गायन, वादन, नृत्य, फैंसी शो और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इसके साथ ही लुप्त हो रही लोक कलाओं का प्रदर्शन भी यहां किया जायेगा।

मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स व क्यूएआई ने मिलाया हाथ

अमृत विचार, लखनऊ : मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स और क्वालिटी एवं एक्रिडिटेशन इंस्टीट्यूट (क्यूएआई) ने मैरिंगो सिम्स अस्पताल में अत्याधुनिक 'सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस इन क्वॉलिटी एंड पेशेंट सेफ्टी इन स्ट्रोक केयर' स्थापित करने के लिए हाथ मिलाया है। इस साझेदारी का उद्देश्य स्ट्रोक देखभाल उपचार को बढ़ाना है, साथ ही अहमदाबाद एवं गुजरात राज्य मे स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

इस साझेदारी के लिए एमओयू मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स के मेनेजिंग डायरेक्टर और ग्रुप डॉ. राजीव सिंघल और क्यूएआई के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर डॉ. बी के राणा द्वारा किया गया था। एमओयू का प्राथमिक लक्ष्य छोटे अस्पतालों को जोड़कर प्रायमरी स्ट्रोक केंद्रों का एक नेटवर्क स्थापित करना है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

गुमशुदा

नाम– शिवानी उम्र 27 वर्ष पुत्री श्री श्याम तीर्थ सिंह निवासी– 592घ/271 राजीव नगर घोसियाना, थाना पी.जी.आई. जिला–लखनऊ। मो0नं0 8960198487, हुलिया – इकहरा बदन, रंग सांवला, गोल चेहरा, आंख कान, नाक औसत लम्बाई लगभग 5 फिट 5 इंच है। पहनावा– शूट व जैकेट पहने हुये है।, नोट :– गुमशुदा शिवानी उम्र 27 वर्ष दिनांक 25.12.2023 को दोपाहर 02: 00 बजे अपने घर से घूमने के लिए निकली थी। जो कहीं चली गयी है और गुमशुदा है। काफी ढूढ़ने के बाद भी वह अब तक नही मिली जिसके सम्बन्ध में गुमशुदगी जी0डी0 नं0 018 गुमशुदा पंजीयन सं0 0089/23 दिनांक: 26.12.2023 में पंजीकृत है। यदि किसी को गुमशुदा शिवानी के सम्बन्ध में पता चले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करें। –सूचना निम्न फोन नं0 पर प्रेषित की जाये– 1. श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट, (कमिश्नरेट, लखनऊ)–9454405234, 2 श्री बृजेश चन्द्र तिवारी, (प्रभारी निरीक्षक थाना पी0जी0आई0 लखनऊ)–9454403876, 3 (श्री शुभम मेहंदियान जांचकर्ता), (उ0नि0 पी0जी0आई0 लखनऊ)–8630230308, 4 श्री श्याम तीर्थ सिंह (पिता) सूचनाकर्ता– 8960198487

सूचना

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र का नाम अरमान अब्बास से बदलकर अरसलान अब्बास रख लिया है। अब इसे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। अरसलान अब्बास पुत्र साबिर अब्बास। प्रार्थिनी– कनीज फातिमा पत्नी साबिर अब्बास, निवासी– जलालपुर, अम्बेडकरनगर

आवश्यकता है

महावीर प्रसाद मायावती महाविद्यालय दौलतयारपुर माधौगंज हरदोई मे प्राचार्य 01 पद योग्यता व वेतन यूजीसी के मानक के अनुसार।

आवेदन :– mpm1297@gmail.com, 9450141141 पर भेजे।

प्रबन्धक :– अनूप कुमार सिंह

सूचना

सूचित हो कि मैं साकिर अली पुत्र मोहम्मद अली, निवासी–429/632, अंसार नगर अम्बरगंज, थाना–सआदतगंज, लखनऊ, मै अपने पुत्र आसिफ अली से उसके दुराचरण एवं गलत संगत में पड़ जाने के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर उसे अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा व मेरे परिवार का का आसिफ अली के किसी भी कृत्य एवं लेन–देन से कोई वास्ता व सरोकार न होगा। अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

सूचना

सूचित हो कि मेरा हाई स्कूल का अंक पत्र व सहप्रमाण पत्र वर्ष 2010 अनुक्रमांक–1146336, इंटरमीडिएट अंक पत्र व सहप्रमाणपत्र वर्ष 2012 अनुक्रमांक–0851580 और जीएनम वर्ष 2016 रजिस्ट्रेशन नंबर 36026 वास्तव में कहीं खो गए है। –अभिनव कुमार पुत्र संतराम निवासी ग्राम खेरवा पोस्ट पुरवायां थाना मल्लावां पिन कोड –241303 जनपद हरदोई, उत्तर प्रदेश।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड,

अल्पकालीन ई –निविदा सूचना

अद्योहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत निविदाकारों से दो अलग–अलग भागों में निविदायें ई–टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उ0प्र0 सरकार की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर डाउनलोड / देखे जा सकते है। द्वितीय भाग में मूल्य/दरें निविदादाता द्वारा उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट www.etender .up.nic.in पर दिनांक 17.02.2024 को 17.00 बजे तक अपलोड की जायेगी। जो दिनॉक 19.02.2024 को 12.00 बजे अद्योहस्ताक्षरी अथवा उनके नामित प्रतिनिधि के द्वारा ई–निविदा पोर्टल पर आन–लाइन सिस्टम द्वारा खोली जायेगी। निविदा खुलने की तिथि पर सार्वजनिक अवकाश होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। निविदा के प्रथम भाग के मूल्यांकन के बाद उपयुक्त पाये गये निविदा के द्वितीय भाग खोले जायेंगे जिसकी सूचना पत्र द्वारा/ई–मेल द्वारा अन्य माध्यम से दी जाएगी। निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि अद्योहस्ताक्षरी के बैंक खाते में आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से (Punjab National Bank, Branch Chowk, Bajaja, Faizabad A/c No- 0166002100017035, IFSC Code-PUNB0016600 of Superintending Engineer, Electricity Distribution Circle, Faizabad) जमा करायी जायेगी तथा बैंक जमा की साक्ष्य यथा योज्य यू0टी0आर0 संख्या, पे–इन–स्लिप मूल की प्रति (इश्यूडस बैंक के कन्फरमेशन मेल की प्रति) ई–टेण्डर के प्रपत्रों के साथ आन–लाइन अपलोड की जायेगी। कोई भी निविदा प्रपत्र आफ लाइन अथवा निविदा बाक्स में स्वीकार नहीं किया जायेंगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य निविदा के सम्मुख अंकित है। अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक या सभी निविदाओं को निरस्त करने/विभिन्न फर्मो के मध्य कार्य विभक्त करने/त्रुटि सुधार/पुनः प्रकाशन करने का अधिकार सुरक्षित होगा। निविदा मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0 की वेबसाइट www.mvvnl.in पर देखे जा सकते है। निविदा में कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई–निविदा की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर एवं संबंधित निगम की बेवसाइट पर उपलब्ध कराये जायेगे। निविदा का विवरण निम्नवत् है:–

1. ई–निविदा संख्या 186 एच (एफ) (कार्य) / 2023–24– अधिशासी अभियन्ता, विद्युत परीक्षण खण्ड, अयोध्या के अधीन सहायक अभियन्ता विद्युत परीक्षण प्रयोगशाला–प्रथम, अयोध्या को विभागीय कार्यो के लिए एक डीजल चलित वाहन मय चालक 12 माह तक उपलब्ध कराने का कार्य। ई निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 1180.00 जी0एस0टी0 सहित तथा धरोहर राशि रू0 3000.00 'राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें, बल्ब की जगह एलईडी लगायें ,अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या। संख्या: 1157 एच (एफ) / टी–15 दिनांक: 03–02–2024 । राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाये बल्ब की जगह एलईडी लगाये ।

कार्यालय कलेक्टर / लाइसेंस प्राधिकारी, चित्रकूट

विज्ञप्ति सं0: 2486/जि0आ0अ0 /चित्रकूट / व्यवस्थापन 2024–25 / दिनांक: 03/02/2024

विज्ञप्ति

वित्तीय वर्ष 2024–25 की आबकारी नीति विषयक शासनादेश संख्या – 51 / 2023/1688ई–2 / तेरह –2023–01/2020–1769561 / दिनांक – 21.12.2023 एवं आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश प्रयागराज के अर्द्धशासकीय पत्र संख्या – 11154/दस–लाइसेंस – 367/सुझाव आबकारी नीति/2024–25, प्रयागराज, दिनांक : 21.12.2023 द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि जनपद चित्रकूट में वर्ष 2024–25 हेतु नवीनीकरण व ई–लॉटरी के प्रथम चरण के पश्चात् अवशेष अव्यवस्थित देशी मदिरा दुकान–भरतकूप, विदेशी मदिरा दुकान–कसहाई, सरैया एवं भांग दुकान—बरगढ़—क, बरगढ़–ख की फुटकर दुकानों के व्यवस्थापन हेतु आनलाइन आवेदन ई–लाटरी पोर्टल www-upexciseelottery.upsdc.gov.in के माध्यम से निम्न समय सारणी के अनुसार किया जाना है–

क्र0सं0	द्वितीय चरण	दिनांक
1	द्वितीय चरण की ई–लाटरी हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ करने की तिथि व समय	06.02.2024 को मध्यान्ह 12:00 बजे से
2	द्वितीय चरण की ई–लाटरी हेतु आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि व समय	09.02.2024 को सायं 05:00 बजे तक
3	ई–लाटरी हेतु आवेदन–पत्रों का परीक्षण	11.02.2024 को सायं 5:00 बजे तक
4	द्वितीय चरण की ई–लाटरी की तिथि / समय एवं स्थल	13.02.2024 को मध्यान्ह 12:00 बजे से समाप्ति तक कलेक्ट्रेट, चित्रकूट
5	द्वितीय चरण के आबंटियों द्वारा देयताओं को जमा करने की अन्तिम तिथि व समय	16.02.2024 को सायं 05:00 बजे तक

द्वितीय चरण की ई–लाटरी के माध्यम से व्यवस्थित की जाने वाली आबकारी दुकानों का विवरण, आवेदन पत्र के साथ अपलोड किये जाने वाले शपथ पत्र का प्रारूप व दुकानों से सम्बन्धित समस्त अर्हताओं का विवरण आदि कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, चित्रकूट के सूचना पट्ट अथवा जनपद की वेबसाइट www.chitrakoot.nic.in तथा क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षकों से प्राप्त किया जा सकता है।

जिला आबकारी अधिकारी चित्रकूट

(अभिषेक आनन्द) कलेक्टर/लाइसेंस प्राधिकारी, चित्रकूट

अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के सभागार में लिरिक्स एकेडमी ऑफ म्यूजिक द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नृत्य करते बच्चे।

सनतकदा महोत्सव में गालिब की शायरी पर फिदा हुए लोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सफेद बारादरी और सलेमपुर हाउस में चल रहे सनतकदा महोत्सव में मंजूषा पाटिल का गायन लोगों के लिए ख़ास आकर्षण का केन्द्र रहा। उन्होंने कहा कि लखनऊ में गाना, सफेद बारादरी में गाना और सनतकदा महोत्सव में गाना मेरी तो एक साथ तीन-तीन ख्वाहिशें पूरी हो गईं।

मंजूषा पाटिल ने कहा कि लखनऊ में असाधारण अनुभव मिला। हर कलाकार को ऐसे ही उत्साही श्रोताओं और ऐसे शानदार माहौल की दरकार होती है। महोत्सव में मेहर अफशां फारूकी ने मिर्जा गालिब की इश्किया शायरी पर विस्तार से चर्चा की।

फूड फेस्टिवल में लखनवी खानों का दिखा आकर्षण

उन्होंने गालिब की एक और गजल :- ये न थी हमारी किस्मत कि विसाले यर होता, अगर और जीते रहते यही इंतजार होता।

सलेमपुर हाउस में एक तरफ गजल और गजलकार पर चर्चा चली तो दूसरी तरफ फूड फेस्टिवल में लखनवी खानों का आकर्षण भी देखने को मिला। सफेद बारादरी में लगी हस्तशिल्प प्रदर्शनी में विभिन्न प्रदेशों के कलाकारों की प्रतिभा पर लोग रोमांचित हो रहे हैं। विभिन्न प्रदेशों के परिधान, आर्टिफिशियल ज्वेलरी और पेड़ पौधों की तरफ लोग खासतौर पर आकर्षित हो रहे हैं।

कलाकारों की प्रस्तुति ने मोहा मन

अमृत विचार, लखनऊ : लिरिक्स एकेडमी ऑफ म्यूजिक का अर्धवार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में रविवार को हुआ। जिसकी शुरुआत गणेश वंदना से हुई। महक, अनिष्का श्रीवास्तव, अन्वेषा अग्रवाल व अंशिका राय ने भरतनाट्यम नृत्य को मनभावन अंदाज में प्रस्तुत किया। इसमें गायन राग अथविका, अन्वी आरना, विशद, श्रीयांशी, वान्या, मेघना, दिवित, कशिश, आव्या, गिटार पर दैविक, आद्रिका, निमिषा, मोइज, आरव, आर्यमन व विशाल ने प्रस्तुति दी। कथक नृत्य में वान्या, श्रेयशी, तेजस्विनी, आरोही, पावनी, श्रीयांशी, कीर्तिका, सृष्टि व अविका ने दर्शकों का मन मोह लिया। सीनियर ग्रुप मैं नीरज, वर्षा व निहारिका ने सुंदर नृत्य प्रस्तुति दी। वेस्टर्न डांस में विहांश, आरव, वेदिका, अहाना, ईशान्या, इरा, श्रेयसी, अनय, अर्नव वीर भद्र, मनस्वी, विधि, महीप, अरशभ, अयंतिका, प्रिशा, कुशाग्र, आदित्री, वेदांत, शिवांगी ने धूम मचाई। इस अवसर पर अतिथि के रूप में अपर्णा यादव और नीरज सिंह को आमंत्रित किया गया था।

बिरजू महाराज की जयंती पर शिष्यों ने किया कथक नृत्य

अमृत विचार, लखनऊ : गुइन रोड स्थित कालका बिंदादीन की ड्योढ़ी पर रविवार को पद्मविभूषण पं. बिरजू महाराज की 86वीं जयंती मनाई गई। नारायण जनसेवा संस्थान और बिरजू महाराज के शिष्यों ने इस जयंती का आयोजन किया। कार्यक्रम में भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह भी शामिल हुईं। पं. बिरजू महाराज की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भारतीय सेना के जूनियर कमीशन प्रभात जायसवाल, अमरीका से भावना मिस्टी, डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव और गुड्डी श्रीवास्तव ने हाजिरी दी। जिस ड्योढ़ी में पं. बिरजू महाराज ने कथक का ककहरा पढ़ा वहां आज उनकी जयंती पर उनके शिष्यों ने कथक नृत्य के जरिये उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। नारायण जनसेवा संस्थान के अध्यक्ष हिमांशु ने बताया कि अब से हर चार तारीख को कालका बिंदादीन की ड्योढ़ी पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन राज्य संग्रहालय और नारायण जन सेवा संस्थान मिलकर करेंगे।

हस्तशिल्प महोत्सव में हुई मिसेज भारत प्रतियोगिता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट की ओर से आशियाना के कांशीराम स्मृति उपवन में चल रहे भारत हस्तशिल्प में रविवार को काफी भीड़ उमड़ी।

रुक-रुक कर कई बार हुई बूंदाबादी के बावजूद महोत्सव में आने वालों का सिलसिला थमा नहीं। कई लोग तो छतरी लगाकर महोत्सव में घूमते दिखाई दिए। महोत्सव में आने वालों का पहला आकर्षण फिश टनल रहा। बड़ी संख्या में लोग फिश टनल में सेल्फी लेते दिखाई दिए।

महोत्सव में आकर्षण का केंद्र रहा फिश टनल

सांस्कृतिक मंच पर ग्रेस पीस स्टूडियो के कलाकारों ने नृत्य व गायन में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सौम्या और फहीम ने नमो – नमो शंकराय को अच्छे अंदाज में प्रस्तुत किया। महोत्सव में प्रगति इवेंट की ओर से मिसेज भारत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह और उपाध्यक्ष एनबी सिंह ने सभी कलाकारों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

पं. बिरजू महाराज की जयंती पर कथक नृत्य से बांधा समां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बिरजू महाराज कथक संस्थान ने संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में पद्मविभूषण पं. बिरजू महाराज की जयंती पर कथक नृत्य की शानदार महफिल सजाई। इसमें बंगलौर से आईं प्रख्यात नृत्यांगना निरुपम राजेन्द्र का कथक मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा। लंबे अरसे बाद लखनऊ आईं निरुपम राजेन्द्र ने यहां अपनी नृत्य संरचना बहुरंग प्रस्तुत की। निरुपम व राजेन्द्र का युगल नृत्य देखने लायक रहा।

बहुरंग में एक तरफ जहां तांडव की ऊर्जा दिखी तो वहीं आत्मिकता से सराबोर नृत्य भी देखने को मिला। लीला सुख द्वारा रचित कृष्ण करनामरुथम में कृष्ण और गोपिकाओं का प्रेम देखने को मिला। कृष्ण का बालरूप भी देखने वाला रहा।

गोमतीनगर स्थित संत गाडगे प्रेक्षागृह में पं. बिरजू महाराज की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देतीं कलाकार। अमृत विचार

निरुपम राजेन्द्र ने अगली प्रस्तुति में कालिदास द्वारा रचित रामायण पर आधारित कविता रघुवंशम को कथक नृत्य के साथ प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्तुति में राम की अयोध्या वापसी का दृश्य मनोहारी अंदाज में प्रस्तुत किया गया। इसकी परिकल्पना व कोरियोग्राफी निरुपमा राजेन्द्र और राजेन्द्र टंडन की थी। पं. बिरजू महाराज की जयंती समारोह में भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में नृत्य गुरु डॉ. रुचि खरे ने एकल नृत्य प्रस्तुत किया। पं. बिरजू महाराज के प्रिय कवित्त पद वाही है कदम्ब जहां वेणु और मृदंग बाजत हैं पर डॉ. रुचि ने अभिनय युक्त नृत्य प्रस्तुत किया।

बंगलौर से आईं नृत्यांगना निरुपम राजेन्द्र का कथक रहा आकर्षण का केन्द्र

कार्यक्रम की शुरुआत बिरजू महाराज कथक संस्थान के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना से की। सरस्वती वंदना में मां सरस्वती के विभिन्न रूपों को दर्शाया गया। मां को नमन के बाद विद्यार्थियों ने कथक के परम्परागत रूप और इसके शास्त्रीय पक्ष का प्रदर्शन किया। अक्षय कुमार के निर्देशन में हुई सरस्वती वंदना की अवधारणा और परिकल्पना सरिता श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह और कथक गुरु प्रो. कुमकुम धर को सरिता श्रीवास्तव ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा

सैक्स समस्याएं!!

मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें

प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक

सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।

राना डिस्पेंसरी 9919792325 9415810891

हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

बजट में हमें भी जगह दे सरकार, कर रहे इंतजार

'अमृत विचार' की बजट चर्चा में जुटे व्यापारियों ने बताईं कारोबारी दिक्कतें, व्यापारी बोले- उद्यमियों की तरह व्यापारियों के लिए हो सिंगल विंडो सिस्टम

उत्तर प्रदेश सरकार आज अर्थात सोमवार को अपना बजट (वित्तीय वर्ष-2024) पेश करने जा रही है। ऐसे में सभी को आने वाले बजट से बड़ी अपेक्षाएं हैं। व्यापारी वर्ग भी इससे अछूता नहीं है। विकास के ढांचे को आर्थिक मजबूती और गति प्रदान करने में व्यापारी वर्ग की महती भूमिका रहती है। कारोबारी वर्ग मानता है कि वह प्रदेश सरकार का 'मुफ्त' का बड़ा 'टैक्स कलेक्टर' है। बावजूद इसके सरकार व्यवसायियों की मांगों पर अन्य मसलों की तरह गंभीर नहीं है। प्रदेश के बाजारों की सुरक्षा में लगे कैमरों को सरकार की दृष्टि योजना से जोड़ने की बात हो या फिर बाजारों में पार्किंग की समस्या, प्रदेश में सिंगल विंडो सिस्टम लागू करने का मुद्दा या फिर 24 मीटर चौड़ी सड़क पर दुकान खोलने के प्रस्ताव पर विलंब, ज्वलेरी पार्क, ई-कामर्स पॉलिसी लाने और वाहनों की तरह ही नौकरी पेशा को किस्तों पर सोना खरीदने की अनुमति, व्यापारियों के लिए दुघर्टना बीमा, डीजल-पेट्रोल को जीएसटी के दायरे में लाने, चिकित्सा और शिक्षा को निजीकरण से दूर रखने समेत कई मुद्दों पर समाज के लोग मुखर हुए तो सरकार को राह भी सुझायी। व्यापारी संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी रविवार अपराह्न 'अमृत विचार' कार्यालय में बुलाई गई बजट चर्चा में मौजूद थे। इसमें अलग-अलग ट्रेड के कारोबारी थे तो शिक्षा और अर्थशास्त्र के जानकार भी। बजट कैसा हो इस पर सभी ने अपनी राय बेबाकी से रखी।

नौकरी-पेशा को किस्त पर ज्वेलरी बेचने की मिले अनुमति

सरकार को सबसे ज्यादा टैक्स देने वाला व्यापारी ही सबसे ज्यादा उपेक्षित है। टूरिज्म उद्योग को सरकार ने थोड़ी राहत जरूर दी है। लखनऊ की ज्वेलरी देश में सबसे बेहतर है। हल्की ज्वेलरी के लिए राजधानी के कारीगर और काम काफी पसंद किया जाता है। आगरा और मथुरा की चांदी सबसे अच्छी मानी जाती है तो सोने की आपूर्ति करने वाला मेरठ एशिया की सबसे मंडी है। यानी प्रदेश का सर्राफा व्यवसाय देश ही नहीं विदेश तक धाक जमाए है। फिर भी कारोबारियों की समस्याओं पर सरकार का ध्यान नहीं है। न तो सुरक्षा पर ध्यान है और न ही बाजारों में लगे कैमरों को दृष्टि योजना में शामिल करने की बात। शस्त्र लाइसेंस दिए जाने की मांग पर भी अफसर विचार नहीं करते हैं। मांग है कि सरकारी कर्मचारियों को किस्त पर ज्वेलरी बेचने की हमें अनुमति दी जाए जिससे ज्वेलरी मार्केट में बूस्ट आएगा। पांच साल पहले सरकार से ज्वेलरी पार्क बनाने की मांग की थी। लेकिन नीचे के अधिकारी ऊपर तक समस्या पहुंचने ही नहीं देते। सरकार व्यापारियों के लिए ओडीओपी योजना लेकर आयी लेकिन प्रदेश में एक भी प्रदर्शनी हॉल नहीं है। जब उत्पाद दिखेगा नहीं तो बिकेगा कैसे। सीएम को चाहिए कि छोटे व्यापारियों की भी सुनें। प्रदेश स्तर की बड़ी समिट तक में आमंत्रित करने से बचा जाता है।

-अनुराग रस्तोगी, स्टेट हेड इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (इब्जा)

चर्चा में बोले व्यापारी

रविवार को अमृत विचार कार्यालय में आयोजित बजट चर्चा में हिस्सा लेते प्रमुख व्यापारी संगठनों के पदाधिकारी। अमृत विचार

खुदरा व्यापारी परेशान, ई-कॉमर्स कंपनियों पर लगे टैक्स

जीएसटी में पंजीकृत व्यापारियों को दुर्घटना बीमा योजना के तहत 10 लाख रुपये का लाभ देने के लिए सरकार को मद बनाना चाहिए। इसके अलावा व्यापारियों को आयुष्मान योजना के तहत इलाज की सुविधा दी जाए। बाजारों में पार्किंग की गंभीर समस्या है। पार्किंग को उद्योग का दर्जा देते हुए अमीनाबाद, चौक, भूतनाथ आदि बाजारों में पुरानी बिल्डिंग अधिग्रहित कर पार्किंग बनाएं। ई-कॉमर्स कारोबार से खुदरा व्यापारी परेशान है। इसके लिए सरकार को नियम बनाने के साथ ई-कॉमर्स कंपनियों पर अतिरिक्त टैक्स लगाना चाहिए। कारोबार बढ़ाने के लिए व्यापारियों को बैंकों से मुद्रा लोन आसानी से मिले।

-संजय गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल

हम फ्री टैक्स कलेक्टर हैं, नई पीढ़ी नहीं करना चाहती व्यापार

हम फ्री के टैक्स क्लेक्टर हैं। फिर भी हमारी उपेक्षा की जाती है। बाजारों में ट्रैफिक कंट्रोल नहीं है। अमीनाबाद, भूतनाथ और चौक समेत प्रदेश के अन्य बाजारों के हालात खराब हैं। जाम से लोग बाजार में आना नहीं चाहते, जिससे व्यापार निरंतर कम हो रहा है। पटरी दुकानदारों को दूसरी जगह स्थापित किया जाए। पटरी दुकानदार अनियंत्रित हैं। नई पीढ़ी व्यापार नहीं करना चाहती। सरकार को व्यापारियों की समस्या से नहीं केवल जीएसटी और हाउस टैक्स से मतलब है। जब दुकानों के आगे दुकाने लगी होंगी और वाहन पार्किंग की व्यवस्था नहीं होगी तो बाजार में कौन आएगा।

-प्रदीप अग्रवाल, वरिष्ठ महामंत्री लखनऊ सर्राफा एसोसिएशन

व्यापारियों को दिया जाए 10 लाख का स्वास्थ्य बीमा

ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनियों की मनमानी से खुदरा व्यापारी परेशान है। उत्तर प्रदेश सरकार इन कंपनियों पर अतिरिक्त टैक्स लगाए। व्यापारियों को 10 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा दिया जाए। प्रदेश भर में व्यापारी कल्याण दिवस मनाया जाना है। इसके लिए सरकार को फंड देना चाहिए। एक तिथि तय हो जिससे कारोबारियों को अहसास हो सके कि सरकार उनके बारे में भी सोचती है। डीजल और पेट्रोल पर वैट की दर कम की जाए, जिससे आम जनता को फायदा हो। जीएसटी के बडे.स्लैब खत्म कराने की ओर सरकार ध्यान दे जिससे लोगों को महंगाई से राहत मिल सके।

-सुरेश छबलानी, प्रदेश प्रवक्ता एवं महामंत्री अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल

चाहिए ऐसा बजट

- व्यापारियों के लिए भी सिंगलविंडों सिस्टम लागू हो।
- दुर्घटना बीमा योजना के तहत व्यापारियों को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने के लिए मद बनाया जाए।
- आयुष्मान योजना के तहत इलाज की सुविधा हो।
- पार्किंग को उद्योग का दर्जा देते हुए प्रमुख बाजारों की इमारतों को अधिग्रहित कर पार्किंग बनायी जाएं।
- इसके लिए बाजारों में पुराने मकानों और भवनों को सरकारी योजना में शामिल करते हुए उन्हें कब्जे में लेकर पार्किंग बनाएं।
- खुदरा व्यापार बचाने को ई कॉमर्स कंपनियों पर सूबे में अतिरिक्त टैक्स लगाया जाए।
- व्यापारी लगभग 30 वर्ष तक जीएसटी देते हैं लेकिन उन्हें कुछ नहीं मिलता। 60 वर्ष की आयु पूरी कर चुके व्यापारियों को ब्याज के तौर पर पेंशन दी जाए।
- 29 जून को प्रदेश भर में व्यापारी कल्याण दिवस मनाया जाए। इसके लिए सरकार फंड की व्यवस्था करे।
- 28 प्रतिशत के जीएसटी स्लैब को लेकर केंद्र सरकार से अनुरोध कर इसे खत्म कराए।
- पटरी दुकानदारों को दूसरी जगह स्थापित किया जाए।
- इंस्पेक्टर राज के स्थान पर आ गए अधिकारी राज पर सरकार नकेल कसे।
- सरकारी कर्मचारियों को किश्त पर ज्वेलरी बेचने की अनुमति मिले।
- दृष्टि योजना से बाजारों में लगे सीसीटीवी को जोड़ा जाए।
- व्यापारियों को सुरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस जारी किये जाएं।
- कारीगरों और सर्राफा उद्योग को संवारने के लिए ज्वेलरी पार्क बनाया जाए।
- केवल बड़े उद्योगपतियों को नहीं छोटे व्यापारियों को भी बैंक से आसानी से लोन मिल सके।
- रोजगार बढे.इसके लिए 24 मीटर चौड़ी सड़क पर दुकान खोलने के प्रस्ताव पर अविलंब मुहर लगा उसे लागू किया जाए।
- व्यापारी के यहां लूट या दुर्घटना होने पर मुआवजे का प्रावधान किया जाए।
- उद्योगपतियों को सरकार की तरफ से जो लाभ दिये जा रहे है, व्यापारियों को भी उसके सापेक्ष लाभ मिलें।
- प्रदेश के व्यापारियों के लिए भी उद्योगपतियों की तरह योजनाओं में स्थान दिया जाना चाहिए।
- जैसे उद्योपतियों से सीएम मिलकर उनकी समस्याओं को सीधे सुनते हैं।
- ठीक उसी तरह व्यापारी संगठनों और बडे.ट्रेड के व्यापारियों के साथ अलग-अलग वार्ता करें।

जमा कर से ही सरकार दे 60 साल बाद पेंशन

लगभग 30 वर्षों तक व्यापारी सरकार को जीएसटी के रूप में राजस्व देता है लेकिन उसे कुछ नहीं मिलता है। बजट के माध्यम से सरकार से 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर व्यापारियों को प्रतिमाह पेंशन की मांग करता हूं। व्यापारियों का जो पैसा जीएसटी के तौर पर सरकार के पास जमा है। सरकार से व्यापारी को उसके ब्याज का ही पैसा दे दिया जाए। इंस्पेक्टर राज गया लेकिन अब अधिकारी राज आ गया है। व्यापारी की सुरक्षा पर तबका कुछ मांग नहीं रहा है। कम से कम प्रदेश सरकार तो ई-कामर्स कंपनियों पर बड़ा टैक्स निर्धारित करे। जिससे खुदरा व्यापार बचे।

-भारत भूषण गुप्ता, अध्यक्ष, लखनऊ दाल एण्ड राइस मिलर्स एसोसिएशन

गली-मोहल्ले का व्यापार बचाने को देनी होगी व्यवस्था

छोटे उद्यमियों तक केंद्र और राज्य की योजनाएं नहीं पहुंच पा रही हैं। बैंकों से आसान तरीके से ऋण मिलने की बात तो की जाती है लेकिन उस पर निगरानी नहीं होती है। नतीजा व्यापारी बैंकों के चक्कर लगाता है। ई-कामर्स कंपनियों पर बड़ा कर लगाया जाना चाहिए। नहीं तो छोटे दुकानदार खत्म होते जाएंगे। जब गली मोहल्लों में व्यापार नहीं रहेगा तो रोजगार कैसे बढेगा इस पर ध्यान देने की जरूरत है। उद्योग लगाने के लिए सरकार कागज पर ठोस प्रोत्साहन दे, जिससे लोगों को रोजगार मिले सके।

-सतनाम सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष लखनऊ व्यापार मंडल

24 मीटर चौड़ी सड़क पर दुकान खोलने का प्रस्ताव हो लागू

जितने भी उद्योग हैं उनकी वस्तुएं बनाते भी और बेचते भी हम ही हैं। प्लानिंग से कोई भी मार्केट नहीं बनाई गयी है। व्यापारी कहीं भी दुकान खोलते हैं तो आवास विकास और एलडीए के अभियंता आ जाते हैं। जानकारी मिली है कि 24 मीटर चौड़ी सड़क पर दुकान खोलने का प्रस्ताव कैबिनेट से पास हो गया लेकिन अभी तक लागू नहीं हुआ। प्रदेश के बाजारों में पार्किंग सबसे बड़ी समस्या है। व्यापार तो तब होगा जब दुकानदार को राह आसान मिले। व्यापारी के यहां लूट या दुर्घटना होने पर मुआवजे का प्रावधान किया जाए।

देवेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष भूतनाथ व्यापार मंडल

एकल विंडो सिस्टम बनाए जाने की मांग

जीएसटी को सुलभ बनाया जाना चाहिए। इससे सरकार का राजस्व बढ़ेगा। व्यापारियों का हर कदम पर शोषण किया जाता है। व्यापारियों के कार्य को सरल बनाने के लिए एकल विंडो सिस्टम बनाया जाना चाहिए। प्रदेश में सबसे बड़ी खपत सोने और चांदी की है। यहां की कारीगरी की बाहर धमक है लेकिन न तो ज्वेलरी पार्क की ओर ध्यान दिया जा रहा है और न ही सुरक्षा पर। सर्राफा कारोबार से बड़ी संख्या में छोटे सोनार जुडे हैं। ऐसे में इसे बढ़ावा देने से रोजगार बढेगा।

-समित रस्तोगी, अध्यक्ष इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन

होटल इंडस्ट्री के लिए अच्छा किया, थोड़ा और करने की जरूरत

केंद्र सरकार ने होटल इंडस्ट्रीज के लिए अच्छा काम किया है। लेकिन इतने कानून लगा दिये जाते हैं कि उन्हें बड़े इंवेस्टमेंट के बाद फायदा नहीं मिल पा रहा है। इसके लिए सरकार को व्यापारियों की सुविधा के लिए सिंगल विंडो सिस्टम की व्यवस्था अन्य उद्योगों की तरह करनी चाहिए। इससे छोटे होटल कारोबारियों को भी फायदा मिले और अधिक से अधिक लोग इस व्यवसाय से जुड़े। इंस्पेक्टर राज और अफसर राज व्यापारियों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा रहा है। सरकार इन पर नियंत्रण के लिए ठोस पहल करे।

-श्याम कृष्नानी, ज्वाइंट सेक्रेटरी यूपी होटल एसोसिएशन

छोटे व्यापारियों को सब्सिडी पर दिया जाए लोन

प्रदेश में उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम व्यवस्था की जाए। उद्योगों की तरह ही छोटे व्यापारियों को सब्सिडी पर लोन मिले। कागजों पर लोन देने के दावे न करते हुए बैकों की कागजी उलझाऊ प्रक्रिया से व्यापारियों को बचाया जाए। व्यापारियों को आसानी से लोन उपलब्ध कराया जाए। व्यापारी के साथ दुर्घटना की स्थिति में बैंक परेशान करते हैं। इसलिए व्यापारियों को दुर्घटना बीमा योजना का लाभ मिले।

-अनिरुद्ध निगम, ट्रांस गोमती अध्यक्ष, उप्र आदर्श व्यापार मंडल

व्यापारियों के लिए बने आकस्मिक सहायता कोष

अयोध्या में श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान व्यापारियों ने बाजारों से लेकर घर-घर दीप जलाए। इससे पहले कोविड में भी व्यापारियों ने सहायता की थी। व्यापारी अपना पूरा जीवन लगा देता है। रोजगार देता है लेकिन उसके न रहने पर परिवार दाने-दाने को मोहताज हो जाता है। इसलिए सरकार व्यापारियों के लिए आकस्मिक सहायता कोष बनाए। इस कोष से व्यापारियों के परिवार के हालात बिगड़ने पर उन्हें आर्थिक सहायता दी जा सके।

-अविनाश त्रिपाठी, प्रदेश उपाध्यक्ष उप्र आदर्श व्यापार मंडल

प्रवक्ताओं की राय- शिक्षा के निजीकरण पर लगे रोक

उप्र सरकार के बजट से उच्च शिक्षा से जुड़े विशेषज्ञों को खासी उम्मीदें हैं। प्रवक्ताओं का मानना है कि शोध एवं छात्रवृत्ति के लिए अलग से मद होना चाहिए, क्योंकि तकनीकी शिक्षा का बढ़ावा प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट की मुख्य कड़ी बन चुका है। युवा जुड़ भी रहे हैं।

रोजगार मिला, लेकिन उद्यम और उद्यमियों के बीच सामंजस्य बढ़ाने की जरूरत

अर्थशास्त्री डॉ. सिंह का मानना है कि शासन की स्टार्टअप योजना ने युवाओं को रोजगार दिया है। अब उद्यम और उद्यमियों को एक पावदान पर खड़ा करने की आवश्यकता है। वर्ष 1964 में इसी तरह की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए कोठारी आयोग का गठन किया गया था। इसके सहारे जो मद शिक्षा के क्षेत्र में अंतिम कड़ी तक पहुंचना चाहिए, उसके लिए केन्द्र और राज्य दोनों सरकारों को अधिक सामंजस्य स्थापित किये जाने की जरूरत है।

पर्यटन की तरह शिक्षा के स्वरूपों का हो प्रसार

अर्थशास्त्री डॉ. यादव कहते हैं कि शासन ने पर्यटन के क्षेत्र में काफी कार्य किया है। ऐसे में विश्वविद्यालयों से जुड़ी शिक्षा और पाठ्यक्रमों के प्रसार की आवश्यकता है। डिजिटल व्यवस्था को और अधिक मजबूत और सुदृढ़ बनाए जाने की आवश्यकता है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों की मेधा को भी बल मिलेगा।

जीडीपी स्तर पर भी विचार और प्रयास किया जाना आवश्यक

उच्च शिक्षा को इंडस्ट्री हब दिए जाने की आवश्यकता है। इससे उद्यम और व्यापार दोनों ही क्षेत्रों में तेजी से मजबूती आएंगी। जिससे युवाओं को रोजगार और उद्यम भी मिलेंगे। घटते- बढ़ते जीडीपी स्तर पर भी विचार और प्रयास किये जाना आवश्यक है। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. काजिम रिजवी का मानना है कि शोध और छात्रवृत्ति उच्च शिक्षा के वो अंग हैं, जिसके सहारे छात्र विभिन्न आयामों तक आसानी से पहुंचते हैं। जब हम अपना मुकाबला अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विश्वविद्यालयों से कर रहे हैं, तो उसी तरह की पढ़ाई में सहूलियत भी आवश्यक है।

-डॉ. हरनाम सिंह, प्रवक्ता अर्थशास्त्र विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय

शोधार्थियों को राहत के लिए सरकार से दरकार

शोधकर्ता छात्र अथवा छात्राओं का अध्ययन के दौरान एक बड़ा समय पढ़ाई में बीतता है। उस दौरान वो कहीं नौकरी भी नहीं कर पाता। ऐसी स्थिति में शोधार्थी द्वारा स्वयं अथवा परिवार की आजीविका चलाना किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं होता। ऐसे में यदि शासन योजनाओं का सरलता के साथ शोधार्थी को लाभ दे, तो निश्चित रूप से एक बड़ा परिवर्तन समाज में देखने को मिल सकता है और शोधों को गति मिल सकती है। कह सकते हैं कि शोधार्थियों को राहत के लिए सरकार की दरकार है जिससे रिसर्च की ओर युवा इस ओर आएंगे।

-डॉ. कासिम रिजवी, प्रवक्ता भाषा विश्वविद्यालय

उच्च शिक्षा के स्तर को अंतर्राष्ट्रीय पावदान तक ले जाना प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट का प्रमुख अंग है। कई बार प्राइवेट संस्थानों में अधिक से अधिक फीस लेकर बच्चों को पढ़ाया जाता है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में ऐसा कानून बनना चाहिए कि सरकारी और निजी संस्थानों की फीस एक समान हो जाए।

-डॉ. दिनेश यादव प्रवक्ता अर्थशास्त्र विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय

आयोजन | काकोरवी ने अपनी जीवन यात्रा को अंकित करने के लिए कविता का सहारा लिया : ब्रजेश पाठक

सुहैल काकोरवी की जीवनी सुहैलनामा का लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मशहूर शायर, कहानीकार, हिन्दी-अंग्रेजी और उर्दू के रचनाकार सुहैल काकोरवी की शायरी में लिखी जीवनी सुहैलनामा का रविवार को हिन्दी संस्थान में लोकार्पण किया गया। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, वरिष्ठ पत्रकार अहमद इब्राहीम अल्वी, हिन्दी संस्थान की प्रधान संपादक डॉ. अमिता दुबे और हिन्दी-उर्दू साहित्य अवार्ड कमेटी के सचिव अतहर नबी ने सुहैलनामा का लोकार्पण किया।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इस मौके पर कहा कि आमतौर पर शायर और लेखक अपना जिन्दगीनामा गद्य में लिखते रहे हैं लेकिन सुहैल काकोरवी ने अपनी जीवन यात्रा को अंकित करने के लिए कविता का सहारा लिया और उसमें कामयाब भी हुए। उन्होंने कहा कि सुहैल काकोरवी की यह 15वीं कृति है लेकिन उर्दू में यह तीसरी काव्यात्मक आत्मकथा है।

रविवार को हिन्दी संस्थान में सुहैल काकोरवी की पुस्तक सुहैलनामा का लोकार्पण करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, साथ में अन्य। अमृत विचार

सुहैल काकोरवी का मूल नाम मुहियुद्दीन हसन अल्वी है। अंग्रेजी में एमए करने वाले सुहैल काकोरवी ने अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू और फ़ारसी में लेखन किया है। उन्हें उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान और उर्दू अकादमी सहित कई संस्थाओं द्वारा पुरस्कृत किया जा चुका है। उनकी उर्दू गजलों का संग्रह नगमा-ए-तार-ए-रग-ए-जां और फ़ारसी गजलों का संग्रह आओ देखो यहां मुस्तफा हैं तथा हिन्दी कहानी संग्रह गुलगश्त और निगाह काफी लोकप्रिय पुस्तकें हैं। वर्ष 2015 में उन्होंने आम पर आमनामा नाम से शायरी की किताब लिखी थी। यह किताब लिम्का बुक ऑफ़ रिकार्ड्स में दर्ज है। उनकी किताब नीला चांद एशिया बुक ऑफ़ रिकार्ड्स में दर्ज है। आकाशवाणी और दूरदर्शन पर उनकी रचनाएं प्रसारित होती रहती हैं।

एक नजर

मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा के रामचौरा गांव निवासी शिशुपाल ने गांव के ही कौशल उर्फ केके और राजा के खिलाफ गाली-गलौज मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने की बंथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिशुपाल का कहना है कि वह शनिवार को अपनी बेटी के तिलक का कार्ड बांटने जा रहा था। आरोप है कि तभी कौशल उर्फ केके और राजा मिलकर उस पर ईंट पत्थर मारने लगे। विरोध करने पर कौशल उर्फ केके और राजा ने उससे मार-पीट की और जान से मारने की धमकी देने लगे। इसके बाद वह दोनो वहां से भाग निकले। फिलहाल पुलिस शिशुपाल की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

नाबालिग से दोस्ती कर युवक ने हड़प लिए गहने

अमृत विचार, लखनऊ : गोमतीनगर विस्तार इलाके में रहने वाली नाबालिग से दोस्ती कर युवक ने झांसे में लेकर उसकी मां के गहने हड़प लिए। घटना की जानकारी पर पिता ने आरोपी से गहने लौटाने को कहा तो वह जानमाल की धमकी देने लगा। पीड़ित पिता ने बताया कि गुरुकुल स्कूल के समीप रहने वाले युवक अमित कुमार सिंह ने बेटी से दोस्ती कर ली। इसके बाद अपने घर में आर्थिक तंगी बता कर बेटी से मदद मांगी। बेटी ने चोरी से घर में रखे अपनी मां के गहने झुमका, मंगलसूत्र समेत अन्य गहने और नकदी आरोपी को दे दिया। जब कई माह बाद भी आरोपी ने बेटी को गहने नहीं लौटाये तो उसने दबाव बनाया। इस पर आरोपी ने जान माल की धमकी दी। इससे परेशान बेटी ने मां को आपबीती बतायी। इंस्पेक्टर सुधीर कुमार अवस्थी ने बताया अमित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

जालसाजों ने फर्जी चेक से हड़पे 13.33 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- संतकबीर नगर और प्रतापगढ़ निवासी हैं पीड़ित खाता धारक
- पुलिस के सुनवाई नहीं करने पर पीड़ितों ने कोर्ट से लगाई थी गुहार
- कोर्ट के आदेश पर विभूतिखंड पुलिस ने चार के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

अमृत विचार : जालसाजों ने संतकबीरनगर और प्रतापगढ़ के दो खाता धारकों के नाम से 11 जाली चेक जारी कर 13.33 लाख रुपये हड़प लिए। अलग-अलग बैंकों के जाली चेक विभूतिखंड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की सर्विस ब्रांच लाए गए थे। जबकि खाताधारकों ने उक्त संख्या के चेक अपने पास होने की सूचना दी थी। कोर्ट के आदेश पर विभूतिखंड पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ जांच शुरू की है।

बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रबंधक तपन सिन्हा ने बताया उनके पास सभी शाखाओं के चेक स्कैन्ड इमेज द्वारा पास होने आते हैं। 8 चेक स्कैंड बैंक ऑफ बड़ौदा सर्विस ब्रांच में आये जो संतकबीर नगर जिले की उरई शाखा के खाता धारक दरबार मिश्रा ने जारी किए थे। ये चेक आरोपियों ने जेके बैंक, एसबीआई और आईओबी के माध्यम से अलग-अलग तारीखों में लगाए थे। 7,71,300 रुपये के आठ चेक 13 फरवरी 2023 से 24 फरवरी के बीच बैंक ने पास कर दिए थे।

23 मार्च को दरबार मिश्रा ने सूचना दी कि उन्होंने कोई चेक जारी नहीं किया था। जांच में सामने आया कि सभी चेक मिथलेश गिरी, अरुण कुमार और शिवा राय के नाम से जारी किए गए थे। क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि बैंक ऑफ बड़ौदा की डरेवा शाखा, जिला प्रतापगढ़ के खाता धारक प्रदुम्म बहादुर के खाते से तीन चेक 5,61,800 रुपये के आर्यन शर्मा और मिथलेश गिरी के नाम जारी किए थे। इनके बारे में 17 अप्रैल को प्रदुम्म बहादुर ने बैंक को सूचना दी कि उन्होंने कोई चेक जारी नहीं किया। इसके बाद भी उनके खाते से रुपये निकाल निये गये। क्षेत्रीय प्रबंधक ने दोनों मामलों में थाने और पुलिस अधिकारियों से शिकायत की। कारवाई न होने पर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के निर्देश पर विभूतिखंड थाने में मिथलेश गिरी, अरुण कुमार, शिवा राय और आर्यन शर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने बताया मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

चार लोगों से ठगी की जांच में जुटी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मोहनलालगंज, ठाकुरगंज गोमतीनगर, कैंट क्षेत्र से सामने आए मामले

अमृत विचार: राजधानी में साइबर ठगी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। जालसाजों ने महिला सिंचाई कर्मी समेत चार लोगों से धोखाधड़ी कर खाते से जमा पूंजी निकाल ली। पीड़ितों की लिखित शिकायत पर मोहनलालगंज, ठाकुरगंज, गोमतीनगर और कैंट पुलिस ने एफआईआर दर्ज करते हुए साइबर क्राइम सेल यूनिट की मदद से जांच शुरू कर दी है।

मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत कल्ली पूरब निवासी सुरभि लघु सिंचाई विभाग में कार्यरत है। लिखित शिकायत में पीड़िता ने बताया कि गत 10 नवम्बर को जालसाजों ने धोखाधड़ी कर उनके खाते से दो मदों में कुल एक लाख रुपये निकाल लिए थे। दो माह बाद पुलिस ने आईटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, ठाकुरगंज थानाक्षेत्र बालागंज गौशाला रोड निवासी आंचल गुप्ता ने गत 11 जनवरी को ई-कॉमर्स साइट पर एक विज्ञापन देकर दिए गए नंबर पर संपर्क किया।

पीड़ित ने बताया कि पंसद किए गए सामान का उन्होंने फौरन ऑनलाइन भुगतान भी कर दिया। बावजूद इसके सामान घर तक नहीं पहुंचा। आरोप है कि रुपये मांगने पर जालसाज उन्हें धमकाने लगा। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है। उधर, गोमतीनगर के विरामखंड निवासी ऋचा सिंह का कहना है कि बीते 9 दिसम्बर को उनका क्रेडिट कार्ड खो गया था।

इसी बीच किसी शख्स ने उनके खाते से कई मदों में कुल 67 हजार रुपये का ट्रांजेक्शन कर लिया। मोबाइल पर रुपयों की निकासी की जानकारी मिलते ही पीड़िता ने सम्बन्धित थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। कैन्ट थाने में अल्पना मिश्रा ने आईटी एक्ट की धारा में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि जालसाज ने उनके मोबाइल पर एनीडेस्क एप डाउनलोड करा कई मदों में खाते से कुल 1.45 लाख रुपये निकाल लिए।

बुद्धेश्वर मंदिर के समीप दो गुटों में मारपीट, छात्र का फूटा सिर

संवाददाता, लखनऊ/काकोरी

- पीड़ित छात्र ने आरोपी सहपाठियों पर दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार : पारा थानाक्षेत्र अन्तर्गत बुद्धेश्वर मंदिर के समीप दो छात्र गुट आपस में भिड़ गए। मारपीट के दौरान एक छात्र का सिर फूट गया। आरोपी छात्र पीड़ित को जान से मारने की धमकी देते हुए घटनास्थल से भाग निकले। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो नामजद समेत कुछ अज्ञात लड़कों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मूलरूप से सुल्तानपुर जनपद के लवकुश नगर निवासी केतन डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में पढ़ाई करता है। लिखित शिकायत में छात्र ने बताया कि गत 2 फरवरी को वह बुद्धेश्वर मंदिर के समीप किसी काम से आया था। इसी बीच विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र रुद्र पाठक और अंकित ने कुछ लड़कों की मदद से उसे घेर लिया। रास्ता मांगने पर छात्र गुट उससे गाली-गलौज करने लगे। इसका विरोध करने पर छात्र गुटों ने उस पर हमला कर ईंट से सिर फोड़ दिया। हालांकि, स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप से आरोपी उसे धमकी देते घटनास्थल से भाग निकले। पारा प्रभारी निरीक्षक बृजेश वर्मा ने बताया कि जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

वांछित चल रहे दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर पुलिस ने बीते तीन दिनों से वांछित चल रहे दुष्कर्म के आरोपी को रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताते चलें कि सरोजनीनगर में रहने वाली एक विवाहिता ने कानपुर में रहने वाले नवीन सिंह पर धोखे से नशीला पदार्थ खिलाकर अवैध संबंध बनाने के साथ ही वीडियो व फोटो बना लेने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ तीन दिन पहले सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता ने आरोप लगाया कि बाद में नवीन उसका फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ जबरन अवैध संबंध बनाता रहा। पीड़िता ने परेशान होकर बीती 12 जनवरी को उसके खिलाफ थाने में तहरीर दी थी। रविवार को पता चला कि आरोपी नवीन इलाके के ही कानपुर रोड स्थित आजाद नगर तिराहे पर मौजूद है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने नवीन को मौके से गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया है।

भतीजे ने ही चाचा की गला घोंट कर की थी हत्या

संवाददाता, लखनऊ/काकोरी

- काकोरी पुलिस ने एक हत्यारोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल
- भतीजे ने दो दोस्तों के साथ मिलकर की थी संपति के लिए हत्या
- एक-एक लाख रुपये व संपति में हिस्सा देने का किया था वादा

अमृत विचार: काकोरी के लोखडियाखेड़ा गांव में संपत्ति के लालच में भतीजे ने साथियों के साथ मिलकर चाचा की गला घोंटकर हत्या की थी। शनिवार देर रात पुलिस ने शक के आधार पर हत्यारोपी भतीजे को उठाया। सख्ती से पूछताछ किए जाने पर हत्यारोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर साथियों के नाम भी पुलिस को बताए। रविवार को पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए हत्यारोपियों को जेल भेज दिया है।

गौरतलब है कि बीते 2 फरवरी को मोहान रोड स्थित शिवरी कूड़ा प्लांट के नजदीकी तेल प्लांट के चौकीदार लखन राजपूत (60) की गला कस कर हत्या कर दी गई थी। छोटे भाई प्रेम ने बड़े भाई पर हत्या का आरोप लगाते हुए काकोरी थाने में तहरीर देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की थी। हालांकि, पुलिस ने अज्ञात बदमाशों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। लखन हत्याकांड के सम्बन्ध में पुलिस ने कई संदिग्धों से भी पूछताछ की थी। बावजूद इसके हत्यारोपी पुलिस की पकड़ से दूर थे। शनिवार देर रात शक के आधार पर पुलिस ने भतीजे अभिषेक को उठाया। सख्ती बरतने पर हत्यारोपी ने जुर्म स्वीकार कर लिया और साथी सौरभ और सूरजबली का नाम भी उजागर कर दिया। भतीजे ने बताया की चाचा लखन अपनी पुश्तैनी जमीन को बहन को देना चाहते थे। चाचा अविवाहित थे। इसके बाद साजिश के तहत दोस्त सौरभ और सूरज बली को शामिल कर लिया। हत्यारोपी साथियों को एक-एक लाख और हत्या के बाद जमीन का कुछ हिस्सा देने का वादा किया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जमीन की कीमत करीब चार करोड़ रुपये बताई जा रही है।

बंथरा में लावारिस हालत में घूमती मिली बच्ची

लावारिस बच्ची

अमृत विचार, सरोजनीनगर: बंथरा इलाके में रविवार को एक 3 साल की बच्ची लावारिस हालत में घूमती मिली। किशनपुर कौड़िया स्थित एक कंपनी के पास स्थानीय लोगों की उस पर नजर पड़ी। बच्ची ने अपना नाम आरुषि, पिता का नाम धीरज और मां का नाम सविता बताया। पता पूछने पर वह सिर्फ गाजीपुर ही बता सकी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने बच्ची को अपने सुपुर्द में लेकर उसका मेडिकल परीक्षण कराया और बाद में उसे चाइल्ड लाइन भेज दिया।

बैंककर्मी पति पर लगाया गर्भपात का आरोप

संवाददाता, लखनऊ/काकोरी

- अप्राकृतिक सम्बन्ध बनाने के विरोध में की मारपीट
- महिला ने पारा थाने में की शिकायत, जांच में जुटी पुलिस

अमृत विचार : पारा थाने में एक महिला ने बैंककर्मी पति पर गर्भपात कराए जाने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि अप्राकृतिक सम्बन्ध बनाने के विरोध में उसकी जमकर पिटाई कराई। जिसके बाद उसे घर से निकाल दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पारा प्रभारी निरीक्षक बृजेश वर्मा के मुताबिक, बाजारखाला के ऐशबाग निवासी महिला की शादी वर्ष 2020 में दिलबाग कॉलोनी निवासी शैलेंद्र से हुई थी। लिखित शिकायत में महिला ने बताया कि शैलेंद्र बैंककर्मी हैं। वह सुल्तानपुर जनपद में कार्यरत हैं। उसका आरोप है कि गर्भावस्था के दौरान पति अप्राकृतिक सम्बन्ध बनाने पर जोर देने लगा। विरोध पर पति ने फर्श पर उसकी लात-घूसों से पिटाई कर दी। जिससे उसका गर्भपात हो गया। महिला का कहना है कि इस घटना के बाद पति ने उसे घर से निकाल दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामला दंपति के आपसी विवाद से जुड़ा है। तहरीर के आधार पति व सास-ससुर पर भी प्राथमिकी दर्ज की गई है।

पकड़ी गई 37 लाख की शराब, डीसीएम बरामद, चालक फरार

अमृत विचार, काकोरी: पारा पुलिस की टीम ने चंडीगढ़ से आई लाखों रुपये की शराब पकड़ी और डीसीएम बरामद किया है। शराब की कीमत लगभग 37 लाख रुपये है।

पारा प्रभारी ब्रजेश कुमार वर्मा ने बताया कि मोहान रोड चौकी के अंतर्गत सरोसा मोड़ के पास बने एचपी पेट्रोल पंप के पास एक संदिग्ध डीसीएम को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को आता देख चालक गाड़ी को खड़ी करके फरार हो गया। पुलिस ने जब डीसीएम की तलाशी ली उसमें चंडीगढ़ की शराब की पेटियां लदी हुई थीं।

चंडीगढ़ से आई लाखों रुपये की बरामद शराब की पेटियों के साथ पुलिस की टीम। अमृत विचार

यातायात नियमों का उल्लंघन करने में 13 पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गौतमपल्ली पुलिस ने शुरू की जांच

अमृत विचार : डोर टू डोर कूड़ा एकत्रित करने वाले वाहनों की छत पर बैठकर वीआईपी इलाकों में यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने का मामला सामने आया है। शिकायत पर विभूतिखंड थाने में 13 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

लखनऊ नगर निगम के जेडएसओ कुलदीप सिंह ने बताया डोर-टू-डोर कचरा एकत्रित करने के लिए कार्यदायी संस्थाओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनको पता चला कि दो फरवरी की दोपहर करीब दो बजे कार्यदायी संस्थाओं के कूड़ा उठाने वाले वाहनों की छतों पर सवार होकर 20 से 25 लोग वीआईपी इलाकों में यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। वाहन चालक हेल्परों को घुमा कर सफाई व्यवस्था को बिगाड़ रहे हैं। जांच में पता चला कि इनमें से ही कुछ लोग कूड़ा गाड़ियों की टंकी से डीजल भी चुरा रहे हैं। कुलदीप ने बताया कि आरोपी चालकों की पहचान कर थाने में नामजद तहरीर दी है। इंस्पेक्टर वेद प्रकाश राय ने बताया मामले में मन्नान, हन्नान, अकेश अली, अनोरा समेत 13 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

बरेली व मुरादाबाद से जुड़े हैं डकैती के तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

फॉलोअप

- 5 आरोपियों को बरेली से पकड़ा, मुरादाबाद से भी कुछ को हिरासत में लिया
- डकैतों को पकड़ने के लिए 10 दिन में पांच टीमों ने पांच जिलों में दी दबिश

अमृत विचार : अपट्रान चौकी के पास 26 जनवरी को बालाजी ट्रांसफार्मर फैक्ट्री में हुई डकैती की वारदात के तार बरेली और मुरादाबाद से जुड़ रहे हैं। पुलिस ने बरेली से पांच लोगों को उठाने के अलावा डीसीएम व माल बरामद किया है। इसके अलावा मुरादाबाद से भी कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है। डकैतों को पकड़ने के लिए पिछले 10 दिन से पांच टीमें पांच जिलों में दबिश दे चुकी हैं।

चिनहट थाना क्षेत्र में संजीव अग्रवाल की फैक्ट्री में हुई डकैती के मामले में पुलिस की टीम ने शुक्रवार से बिथरी चैनपुर क्षेत्र में डेरा डाल रखा है। पुलिस ने नरियावल और उड़ला जागीर समेत अन्य स्थानों पर दबिश देकर पांच आरोपियों को उठा कर देर रात तक पूछताछ की। नरियावल निवासी युवक का डीसीएम डकैती में इस्तेमाल हुआ था, जिसे उड़लाजागीर निवासी युवक किराए पर लेकर लखनऊ ले गया था। पुलिस ने डीसीएम को भी बरामद कर लिया है। पुलिस सूत्रों की मानें तो उड़ला जागीर निवासी युवक 12 हजार रुपये किराये पर डीसीएम लखनऊ लेकर गया था। बता दें कि पांच टीमों ने दस दिन में करीब एक हजार सीसीटीवी कैमरे खंगाले। इसमें डीसीएम की सबसे पहली फुटेज सीतापुर के इटौंजा टोल प्लाजा पर मिलीं थी।

इसके आधार पर टीमें लखनऊ के अलावा आसपास के जिलों सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर, बरेली और मुरादाबाद तक दबिश दी। अब बरेली के पांच आरोपियों के अलावा मुरादाबाद से भी कुछ संदिग्धों को लखनऊ लाया जा रहा है। ऐसे में पुलिस जल्द ही डकैती का खुलासा कर सकती है। फिलहाल पुलिस अभी किसी आरोपी की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं कर रही है। एसीपी अनिद्य विक्रम सिंह का कहना है कि आरोपियों को ट्रेस कर लिया गया है। जल्द गिरफ्तारी कर वारदात का खुलासा कर दिया जाएगा।

जीजा-साली ने आपत्तिजनक वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पासवर्ड बदल कर रिकॉर्ड किया वीडियो
- पीड़िता ने महानगर कोतवाली में दर्ज कराई एफआईआर

अमृत विचार : महानगर कोतवाली में एक व्यापारी महिला ने कर्मचारी जीजा-साली पर ब्लैकमेल किए जाने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्र के मुताबिक, व्यापारी महिला ने कर्मचारी ललित, उसकी पत्नी और साली तान्या के खिलाफ आईटी एक्ट की धारा में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

पीड़िता ने बताया कि कुछ वर्ष हजरतगंज क्षेत्र में उनकी कपड़े और खिलौने की दुकान थी। दुकान पर काम करने के लिए ललित को रखा था। अगस्त 2022 में चोरी की आशंका पर ललित ने दुकान पर कैमरा लगवाया था। हालांकि, व्यापार में घाटा होने के कारण दुकान बंद करनी पड़ी। आरोप है कि सितम्बर 2022 में ललित ने दुकान के कैमरे का पासवर्ड बदल उसे मोबाइल से अटैच कर लिया। पीड़िता ने बताया कि घर लेकर आई कैमरे को बच्चे पर निगरानी रखने लिए उसे बेडरूम में लगा लिया। जिसके बाद आरोपी ने पीड़िता की आपत्तिजनक वीडियो रिकॉर्ड पर ली। आरोपी उसे ब्लैकमेल करने लगे।

सड़क हादसों में दो की गई जान

संवाददाता, लखनऊ/काकोरी

- काकोरी में आगरा एक्सप्रेस-वे पर बाइक सवार की मौत
- दुबग्गा के जेहटा माल रोड पर अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्रॉली ने किसान को रौंदा

अमृत विचार : काकोरी थानाक्षेत्र अन्तर्गत आगरा एक्सप्रेस-वे बड़ागांव के समीप रविवार की देर शाम सर्विस लेन पर तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार अमीन (35) को रौंद दिया। घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं, दुबग्गा के जेहटा माल रोड पर अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्रॉली ने सड़क पार कर रहे किसान रामदेव गोस्वामी (55) को कुचल दिया। जिसमें किसान की मौत हो गई।

काकोरी प्रभारी निरीक्षक नवाब अहमद के मुताबिक, आगरा एक्सप्रेस-वे के समीप बड़ागांव अंडरपास सर्विस लेन में उन्नाव जनपद के औरासा थानाक्षेत्र के तीतरगांव निवासी अमरीन बाइक से घर की तरफ जा रहा था। इसी बीच कठिंगरा अंडरपास की ओर से आ रही कार ने बाइक को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। दोनों वाहनों की भिड़ंत इतनी तेज थी कि कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और बाइक सवार कार की छत पर जा गिरा। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने बाइक सवार को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शिनाख्त के बाद पुलिस ने परिजन को हादसे की सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, दुबग्गा प्रभारी निरीक्षक अभिनव वर्मा ने बताया कि माल थानाक्षेत्र के काकराबाद गांव निवासी किसान रामदेव गोस्वामी सीतापुर बाईपास स्थित एक मंदिर से पूजा-अर्चना कर पैदल घर लौट रहे थे। जेहटा गांव के चौराहे के समीप अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्रॉली ने उन्हें रौंद दिया। घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। इसी बीच चालक घटनास्थल से ट्रॉली छोड़कर भाग निकला। किसान की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम पर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को ट्रॉली चालक पर कड़ी कार्रवाई किए जाने का आश्वासन देते हुए सड़क को जाम मुक्त कराया।

साइबर अपराधियों ने पार किए 1.45 लाख

अमृत विचार, लखनऊ : कैंट कोतवाली में एमईएस से रिटायर ज्वाइंट डायरेक्टर अल्पना मिश्रा ने साइबर ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। गन फैक्ट्री एरिया निवासी अल्पना मिश्रा ने बताया कि उन्होंने सीजीएचएस स्कीम के लिए अप्लाई किया था। करीब 12 हजार रुपये जमा करने थे। उन्होंने भूलवश एक लाख 20 हजार जमा कर दिए। रुपये वापस पाने के लिए रिक्वेस्ट डाल हेल्पलाइन नम्बर पर कॉल किया। कॉल फारवर्ड होने पर एनीडेस्क (रिमोट एक्सेस) एप डाउनलोड करते ही करीब एक लाख 45 हजार रुपये उनके खाते से ट्रांसफर हो गए। एसओ कैंट गुरप्रीत कौर ने बताया मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

नादरगंज स्थित अमौसी रोडवेज वर्कशॉप में मांगों को लेकर प्रदर्शन करते कर्मचारी।

अमौसी रोडवेज वर्कशॉप कर्मियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

अमृत विचार, सरोजनीनगर : उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ के प्रदेश प्रभारी मोहम्मद नसीम के नेतृत्व में रविवार को अमौसी रोडवेज वर्कशॉप कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर बैठक कर प्रदर्शन किया। नादरगंज स्थित अमौसी रोडवेज वर्कशॉप में बैठक कर प्रदर्शन किया गया। मोहम्मद नसीम ने बताया कि मांगों को लेकर सोमवार यानी आज क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक व प्रदर्शन में शाखा अध्यक्ष अब्दुल करीम, मनीष दीक्षित, राम सुरेश यादव, शाखा मंत्री राजेश कुमार शुक्ला, शिव प्रकाश सहित कई रोडवेज कर्मी शामिल रहे।

शादी का कार्ड बांट रहे युवक पर दबंगों ने किया पथराव

अमृत विचार, लखनऊ: बंथरा थानाक्षेत्र अन्तर्गत रामचौरा गांव में बेटी की शादी का कार्ड बांट रहे एक युवक पर दबंगों ने पथराव कर लहूलुहान कर दिया। इसके बाद हमलावर पीड़ित को धमकाते हुए घटनास्थल से भाग निकले। हालांकि, तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो लोगों पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक हेंमत राघव के मुताबिक, रामचौरा गांव निवासी शिशुपाल ने कौशल उर्फ केके और राजा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि शनिवार रात करीब 9:30 बजे वह बेटी की शादी का कार्ड बांट कर घर लौट रहे थे। तभी रास्ते में आरोपी उनसे झगड़ने लगे। दबंगों ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल पर उन पर पथराव कर दिया। इस हमले में वह लहूलुहान भी हो गए। हंगामा बढ़ने पर आरोपी भाई उन्हें धमकी देते हुए घटनास्थल से भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की गहनता से जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

सेंध लगाने का विरोध करने पर घर में घुस कर पीटा

- हुसैनगंज थाना क्षेत्र का मामला, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हुसैनगंज इलाके में दुकान की दीवार में सेंध लगाने की शिकायत पर घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हुसैनगंज निवासी धर्मेश गुप्ता ने बताया कि उनके पिता हुकुम चंद की दुकान मोहल्ले में है। उनकी दुकान में सेंध लगी थी। इसकी नजदीकी लोगों पर आशंका थी, कुछ लोगों से इसके लिए चर्चा की थी। शनिवार दोपहर दो बजे आठ से 10 लोग घुसे और पिता व चाचा को पीटने लगे। विरोध करने पर घर व दुकान में घुसकर सामान तोड़ दिया।

इसके बाद आरोपी डाला में दुकान व घर से सामान भर ले गए। पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि घटना का वीडियो उनके पास है। इसके आधार पर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इंस्पेक्टर रामकुमार गुप्ता ने बताया जीतेंद्र व विजेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

11 लड़कियों ने घेर कर की छात्रा की पिटाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कैसरबाग क्षेत्र का मामला पीड़िता की मां ने पुलिस से की शिकायत

अमृत विचार : कैसरबाग इलाके के नारी शिक्षा निकेतन स्कूल के कैंटीन में आपस में हुई कहासुनी में एक छात्रा को घेर कर पीटने का मामला सामने आया है। पीड़ित छात्रा की मां की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली अंतर्गत हाथा लक्ष्मणदास निवासी शबनम जहां ने बताया उनकी बेटी ईशा नारी शिक्षा निकेतन स्कूल में कक्षा आठवीं की छात्रा है। शनिवार को बेटी कैंटीन पर बैठी थी। इसी दौरान किसी बात को लेकर आपस में कहा-सुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर करीब 11 लड़कियों ने मिलकर ईशा को पीट दिया। गंभीर रूप से घायल छात्रा को स्कूल की शिक्षिकाओं ने बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। शबनम जहां का यह भी आरोप है कि उन्हें स्कूल की तरफ से घटना की जानकारी नहीं दी गई। उन्होंने थाने में तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने बताया रीचू, तनू, माही को नामजद व आठ अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

घरों में भरा नाले का पानी, लोगों की बढ़ी परेशानी

▶ बाबू कुंज बिहारी वार्ड: बजबजाती नालियां बीमारियों को दे रहीं दावत

▶ सड़क पर फैली है सिल्ट व कूड़ा, शिकायत पर नहीं होती कार्रवाई

घर की छत के नजदीक फैला तारों का जाल। अमृत विचार

बाबू कुंज बिहारी वार्ड में नाली से ओवर फ्लो होकर सड़क पर बहता गंदा पानी। अमृत विचार

सीवर चोक होने के कारण नाला हुआ जाम। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पिछले 50 वर्षों से बाबू कुंज बिहारी वार्ड के लोग जल जमाव से परेशान हैं। वहीं, पिछले कुछ महीनों से सीवर पाइप लाइन बिछाने के काम के लिए सड़क खोदने से दिक्कत और बढ़ गई है। हालात यह हैं कि नालों का पानी घरों में फैल गया है। लोगों का घरों में बदबू और गंदगी के कारण रहना दूभर हो गया है। बारिश के दिनों में स्थिति और भी बदतर हो जाती है।

बाबू कुंज बिहारी वार्ड की आबादी लगभग 33 हजार है। वोटर्स की संख्या लगभग 16 हजार है। शहर के बीचोबीच बसे इस वार्ड के नागरिकों को प्रतिदिन परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नाली से लेकर नाले के पानी के बीच रहना पड़ता है। निवासियों को रोजाना बदबू वाले पानी से होकर गुजरना पड़ता है। नाले का पानी सड़क पर तो फैला ही रहता है। कुछ दिनों से घरों में भी गंदा पानी फैल रहा है। बदबू से रहना दूभर हो गया

अमृत विचार आपके द्वार

है। वहीं संक्रामक रोगों का भी खतरा बढ़ गया है। वार्ड के निवासी बताते है कि घरों के बाहर सीवर का गंदा पानी इकट्ठा हो जाता है। इसके कारण घरों से निकलने में दुश्वारियां झेलनी पड़ती हैं। सड़क की हालत ऐसी है कि आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। सरकारी जलापूर्ति की व्यवस्था भी ठीक नहीं है। नल से बदबूदार गंदा पानी आता है। कई महीनों से यह स्थिति बनी हुई है। इलाके के लोगों को पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

बाबू कुंज बिहारी वार्ड की नालियां सिल्ट से भरी पड़ी हैं। इसके कारण नाली चोक हो गई है और पानी निकल नहीं पा रहा है। नालियों में मच्छर पनपते हैं और संक्रामक बीमारियां फैल रही हैं। कुछ जगह पर नालियों से सिल्ट निकाला भी गया तो उन्हें हटाया नहीं गया है। आए दिन गंदगी के कारण स्थानीय निवासी बीमार

वार्ड के अधिकतर क्षेत्रों में छुट्टा जानवरों का लगा रहता है जमावड़ा।

नाली की सफाई नहीं होती है। इसके कारण नाली में पानी व सिल्ट जमा हो रही है। जो बीमारियां फैला रही हैं। जिसकी ओर जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। –**राजेन्द्र सिंह**

कई महीनों से घर के पास की सड़क खोदकर छोड़ दी गई है। कई बार इसके कारण बच्चों को स्कूल ले जाते समय बहुत परेशानी होती है। शिकायत करने पर सुनवाई नहीं हुई। –**संतोष**

पड़ रहे हैं। स्थानीय लोग बताते हैं कि नाले की समस्या को लेकर कई बार नगर निगम को पत्र लिखा गया और स्थानीय पार्षद से भी कहा गया। अभी तक इस समस्या का हल नहीं निकल पाया है।

अमृत विचार टीम: अमित पांडेय, प्रमोद शर्मा

घर के बाहर सीवर का पानी बहता रहता है। इसके कारण आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। गंदे पानी के कारण घर से निकलना दुश्वार हो गया है। – **मधुकर मिश्रा**

पीने के पानी की समस्या लगातार बनी हुई है। सरकारी नल से आने वाला पानी गंदा व बदबूदार होता है। उसके पीने से लोग बीमार पड़ रहे हैं। लोग बीमारी के शिकार हो रहे हैं। –**कुलदीप सिंह**

गंदा पानी की आपूर्ति जल निगम बंद नहीं करा पा रहा है। लोगों को बीमारी से बचने के लिए हर महीने पानी खरीदना पड़ रहा है। इसके कारण डेढ़ से दो हजार रुपये का बोझ पड़ रहा है। –**शिवम शुक्ला**

अमृत योजना के अन्तर्गत पाइप लाइन डालने के लिए सड़क खोद दी गई। पाइप डालने के बाद जिम्मेदार सड़क बनाना भूल गए। यह भूल हादसों का बड़ा कारण बन गया है। – **सुखेन्द्र प्रताप सिंह**

सफाई की व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। हाल यह है कि कूड़ा उठान नहीं होता है। कूड़ा घरों के बाहर ही पड़ा रहता है। थोड़ी सी बारिश में पूरा इलाका कीचड़ से भर जाता है। –**कुसुम अग्रवाल**

जो लोग बाजार से पानी नहीं खरीद पा रहे हैं। वह गंदा पानी पीने के लिए मजबूर हैं। आपूर्ति ऐसी है कि दैनिक कार्य में इसका प्रयोग नहीं किया जा सकता है। – **परवीन बानो**

शुरुआत में ही पता चलने पर कैंसर से बचा जा सकता है

▸▸ विश्व कैंसर दिवस पर रैली का हुआ आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर लखनऊ कैंसर इंस्टीट्यूट एवं हेल्थ एजुकेशन एवेयरनेस एंड लर्निंग (एसईएएल) फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा कैंसर जागरूकता अभियान के अन्तर्गत रविवार को निदेशक निर्मला पंत द्वारा रैली का आयोजन किया गया। रैली की शुरुआत उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने हरी झंडी दिखा कर किया। ब्रजेश पाठक ने कैंसर जागरूकता के प्रति अपने विचार व्यक्त करते हुए लोगों को कैंसर से बचाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि प्रारम्भिक अवस्था में ही कैंसर का पता चल जाने पर इस रोग से बचा जा सकता है। उन्होंने तम्बाकू की आदत को छोड़ने पर बल दिया तथा इसके दुष्परिणामों पर अपने विचार व्यक्त किए।

रैली 1090 चौराहे से शुरू होकर लखनऊ कैंसर संस्थान जियामऊ पर समाप्त हुई। रैली में अनेक सामाजिक, स्वयं सेवी संस्थाओं जैसे सेवा भारती, स्वास्थ्य आयाम एवं सम्राट विकमादित्य सेवा संस्था, धनवन्तरि सेवा न्यास, विश्व मंगलम संस्था, स्वयं सिद्धा वेलफेयर फाउन्डेशन, नववर्ष चेतना समिति एवं चिकित्सकीय संस्थानों जैसे केजीएमयू, एसजीपीजीआई, आरएमएलआईएमएस आदि के प्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लेकर अपना योगदान दिया।

..गांठ बनी रहे तो कैंसर का खतरा

▸▸ आधुनिक तकनीक से कैंसर जड़ से खत्म किया जा सकता है: डॉ. आरके चौधरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : चारबाग निवासी 14 वर्षीय सविता को बाएं स्तन में गांठ महसूस हुई। उसने अपनी मां को बताया और उन्होंने चिकित्सक से चेकअप कराने का निर्णय लिया, लेकिन घर की बुजुर्ग महिलाओं ने यह कहते हुए मना कर दिया कि इस उम्र में तो इस तरह की चीजें होती हैं कोई जरूरत नहीं है, चिकित्सक को दिखाने की। लेकिन तीन-चार दिन बाद वह चिकित्सक के पास लेकर गईं। उन्होंने जांच की और गांठ को ऑपरेट कर उसकी बायोप्सी करवायी, जांच में वह गांठ कैंसर तो नहीं निकली, लेकिन डॉक्टर ने कहा कि समय से आ गए अगर गांठ काफी समय तक शरीर में रहती तो कैंसर पनप सकता था।

परामर्शदाता विशेषज्ञ (कैंसर रोग) डॉ. आरके चौधरी बताते हैं

कि उपरोक्त केस में सही समय पर जांच और इलाज से सविता कैंसर जैसी बीमारी की चपेट में आने से बच गई। सही समय पर मर्ज की पहचान, उचित सलाह और आधुनिक तकनीकी से कैंसर को जड़ से समाप्त किया जा सकता है।

प्रेस इनफॉर्मेशन ब्यूरो (28 जुलाई, 2023) के अनुसार, साल 2021 में उत्तर प्रदेश में कैंसर के 2.06 लाख मरीज थे। जबकि साल 2022 में यह संख्या बढ़कर 2.10 लाख हो गई। वहीं साल 2021 में कैंसर से होने वाली मौतों की संख्या 1.14 लाख थी और साल 2022 में 1.16 लाख थी।

निर्बाध विद्युत आपूर्ति की कार्य योजना पर हुआ मंथन

▸▸ राज्य विद्युत परिषद जूनियर संगठन की केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन की केंद्रीय कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक गन्ना संस्थान सभागार डाली बाग में हुई। बैठक में समस्त ऊर्जा निगमों के जिला स्तर तक के पदाधिकारी ने प्रतिभाग किया। बैठक में समस्त ऊर्जा निर्गमन में बेहतर कार्य का वातावरण बनाने ऊर्जा निर्गमन की आर्थिक स्थिति को सुधारने तथा सरकार की मंशा के अनुरूप उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति गुणवत्ता पूर्ण बिलिंग की सुविधा उपलब्ध कराने की कार्य योजना पर विचार किया गया तथा संगठन के

बैठक के दौरान राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन के पदाधिकारी।

आंतरिक परिस्थितियों पर भी गंभीर चर्चा और विचार विमर्श किया गया।

संगठन की संरक्षक इंजीनियर सतनाम सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार वार्षिक महाधिवेशन में सभी सदस्यों ने एक मुश्त समाधान योजना का संकल्प लेकर इस योजना को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाया ठीक उसी प्रकार यदि प्रबंधन द्वारा कार्मिकों के साथ बेहतर तालमेल रखा जाए तो आगे आने वाले दिनों में सरकार द्वारा जो भी लक्ष्य जैसे अनुरक्षण माह सत प्रतिशत राजस्व वसूली आदि निर्धारित किए जाएंगे। इस संगठन के सदस्य पूरी तन्मयता से कार्य कर उसको पूर्ण करेंगे।

बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष इंजीनियर जीबी पटेल ने कहा कि अपनी इस बैठक के माध्यम से हम ऊर्जा प्रबंधन से यह अनुरोध करते हैं कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के सम्मानित उपभोक्ताओं को जिस प्रकार की विद्युत आपूर्ति और बिलिंग की सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

जालसाजों ने खाते से पार किए एक लाख

अमृत विचार , मोहनलालगंज: सिंचाई विभाग की महिला कर्मचारी के खाते से जालसाजों ने कई बार में एक लाख रुपये निकाल लिए। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के मुताबिक कल्लीपूरब मजरा घाघ निवासी सुरभि ने पुलिस से बताया कि वो लघु सिंचाई विभाग में कार्यरत है। उनके खाते से साइबर जालसाजों ने 10 नवंबर को 85 हजार रुपये व 15 हजार रुपये दो बार में निकाल लिए। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़िता की तहरीर पर अज्ञात साइबर जालसाजों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

माइक्रोबियल बायोमार्कर से शुरुआती चरण में ही मुंह के कैंसर की होगी पहचान

▸▸ कैंसर की प्राथमिक और वृहद स्थिति में माइक्रो ऑर्गेनिज्म का किया गया अध्ययन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : आधुनिक विज्ञान और तकनीक के साथ कैंसर की जांच और उपचार में नई उम्मीद की किरण जगी है। मुंह में माइक्रो ऑर्गेनिज्म का एक बहुत बड़ा समूह सामान्य रूप से रहता है। कैंसर की बीमारी में यह (माइक्रो ऑर्गेनिज्म) बदल सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए कैंसर की प्राथमिक और वृहद स्थिति में माइक्रो ऑर्गेनिज्म का अध्ययन किया गया। अध्ययन में पाया गया कि स्ट्रेप्टोकोकस और रोथिआ जैसे बैक्टीरिया को मुंह के कैंसर के आरंभिक चरण में माइक्रोबियल बायोमार्कर के रूप में स्थापित किया जा सकता है।

एक विश्वसनीय माध्यमिक अध्ययन के अनुसार जिसमें केजीएमयू और आईएमटीईसीएच चंडीगढ़ के चिकित्सकों और वैज्ञानिकों ने भाग लिया। प्रारंभिक जांच में स्ट्रेप्टोकोकस और रोथिआ बैक्टीरिया की अधिकता उन रोगियों में पाई गई जो मुंह के कैंसर के संकेतों के शिकार थे। यह अध्ययन अमेरिकन सोसायटी फॉर माइक्रोबायोलॉजी के माइक्रोबायोलॉजी स्पेक्ट्रम जर्नल में प्रकाशित किया गया है। इस अध्ययन में डॉ. रश्मि कुमार, डॉ. राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने सीएसआईआर- इंस्टीटूट ऑफ़ माइक्रोबायोलॉजी टेक्नोलॉजी चंडीगढ़ से तथा डॉ. सुधीर सिंह और डॉ. समीर गुप्ता ने केजीएमयू से भाग लिया।

ईवीएम में रियल टाइम क्लॉक से वोटों की हेराफेरी करना आसान: राजेन्द्र

ईको गार्डेन में प्रदर्शन करते मिशन जय भीम ईवीएम हटाओ संयुक्त मोर्चा के सदस्य। अमृत विचार

▸▸ ईवीएम के विरोध में मिशन जय भीम ईवीएम हटाओ संयुक्त मोर्चा ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मिशन जय भीम ईवीएम हटाओ संयुक्त मोर्चा मिशन सेव कांस्टीट्यूशन के तत्वावधान में ईवीएम से चुनाव न कराए जाने की मांग करते हुए ईको गार्डेन में प्रदर्शन किया गया। पूर्व मंत्री राजेन्द्र पाल ने कहा कि चुनाव आयोग तथा मोदी सरकार की मिलीभगत से फ्री,फेयर एवं निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं है, क्योंकि ईवीएम का निर्माण करने वाली संस्था में भाजपा के कुछ नेतागण प्रतिभागी है तथा ईवीएम में रियल टाइम क्लॉक की सेटिंग के कारण वोटों की हेराफेरी करना आसान है।

पूर्व मंत्री ने आगे कहा कि निष्पक्ष चुनाव केवल बैलेट पेपर द्वारा ही कराया जा सकता है। ईवीएम के द्वारा वोटों की चोरी कर चुनाव परिणाम को प्रभावित करती है। जनता जिस प्रत्याशी को चुनना चाहती है उसका चुनाव नहीं कर पाती, यह देश के साथ धोखा किया जा रहा है। हम इसके विरोध में देशव्यापी आंदोलन कर ईवीएम से चुनाव न कराये जाने के लिए विरोध प्रदर्शन करेंगे। सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता महमूद प्रचार ने बैलेट पेपर से चुनाव के संवैधानिक प्रावधानों पर चर्चा करते हुए चुनाव आयोग को चुनौती देते हुए अपनी बात विस्तार से की। उन्होंने बताया कि विश्व के विभिन्न लोकतान्त्रिक देशों में ईवीएम से चुनाव कराया जाता है। लेकिन इसकी निष्पक्षता संदिग्ध होने पर ईवीएम बैन कर पुनः बैलेट पेपर द्वारा चुनाव को बहाल किया गया है। सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता भानु प्रताप ने कहा कि यह आन्दोलन ईवीएम हटाने का आंदोलन ही नहीं है बल्कि यह देश बचाने का आंदोलन है। इस आंदोलन में कई सामाजिक संगठनों ने प्रतिभाग किया। वक्ताओं में जस्टिस वीडी नकवी, राजेन्द्र पाल गौतम, महमूद प्रचा, भानु प्रताप, अमरेन्द्र पटेल, डॉ. स्वराज गौतम आदि शामिल रहे।

नवनियुक्त एसडीएम ने गढ़ा पशु आश्रय केंद्र का किया औचक निरीक्षण

संवाददाता,निगोहां : नवनियुक्त उप जिलाधिकारी बृजेश कुमार वर्मा चार्ज संभालते ही रविवार को एक्शन में दिखे। एसडीएम ने नगराम के गढ़ा गांव के पशु आश्रय केंद्र का निरीक्षण किया। आश्रय केंद्र में तमाम खामियां मिलीं।उन्होंने ब्लाक अफसरों को फटकार लगाते हुए तत्काल सुधार की चेतावनी दी। निरीक्षण के दौरान गोदाम में हरा चारा नदारद था। गौवंशों के लिए हरे चारे की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। वहीं बीमार गौवंश का पशु चिकित्सक को बुलाकर इलाज कराने का आदेश दिया।

रत्ती, कौड़ी व सिक्कों पर हुई चर्चा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व विभाग की ओर से आयोजित पुरातत्व अभिरुचि पाठ्यक्रम के छठे दिन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण नई दिल्ली के निदेशक डॉ. पीके मिश्रा ने व्याख्यान दिया। उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व विभाग की निदेशक डॉ. रेनू द्विवेदी ने डॉ. पीके मिश्रा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

डॉ. पीके मिश्रा ने अपने व्याख्यान में न्यूमेटिक्स की उत्पत्ति, क्रमिक विकास और धातु के प्रकार पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि पूर्व वैदिक काल में बार्टर सिस्टम से सामग्रियों की खरीद-फरोख्त की जाती थी। ऋग्वेद में निष्क और हिरण्य का उल्लेख मिलता है। बाद में रत्ती और कौड़ियों का प्रयोग मिलता है। व्यापार में धातुओं का प्रयोग सिक्कों के निर्माण में किया जाने लगा। सोना, चांदी, तांबा और सीसे आदि की चर्चा के साथ ही इसके निर्माण की तकनीक पर चर्चा की गई।

उन्होंने मुद्राओं के कालक्रम पर बात करते हुए यवन, शुंग, कुषाण, मौर्य आदि साम्राज्यिक काल के सिक्कों पर प्राप्त लेख और अंकन के विभिन्न वर्गों में वर्गीकृत करते हुए विस्तार से रोशनी डाली गई। उन्होंने बताया कि भारत में सोने के सिक्कों का निर्माण कुषाण शासक विम कडफिसस ने शुरू किया था।

इस मौके पर सहायक पुरातत्व अधिकारी डॉ. राजीव कुमार त्रिवेदी और प्रकाशन सहायक बलिहारी सेठ भी मौजूद रहे।

निकाह का झांसा दे दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

अमृत विचार,लखनऊ: बाजार खाला पुलिस ने निकाह का झांसा दे किशोरी से दुष्कर्म करने वाले को गिरफ्तार जेल भेज दिया। पुलिस ने शनिवार को आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पीड़ित ने बताया था कि शादी का झांसा देकर बाजारखाला निवासी मो. आमिर सिद्दीकी ने दुष्कर्म किया। इसके बाद डेढ़ वर्ष तक टालमटोल करता रहा। दबाव बनाने पर आरोपी जान माल की धमकी देता है। इंस्पेक्टर संतोष आर्य ने बताया आरोपी पंक्चर बनाने का काम करता है। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।

सॉल्वर गिरफ्तार, दूसरे को तलाश रही पुलिस

▸▸ पुलिस भर्ती परीक्षा में दूसरे के स्थान पर बैठा था आरोपी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की हेड ऑपरेटर मैकेनिक, सहायक ऑपरेटर वॉयरलेस की परीक्षा में शामिल सॉल्वर को चिनहट पुलिस ने जेल भेज दिया।

इंस्पेक्टर चिनहट अश्वनी चतुर्वेदी ने बताया कि शनिवार को इंस्टीट्यूट ऑफ कम्प्यूटर साइंस में पुलिस भर्ती बोर्ड की परीक्षा थी। कक्ष निरीक्षक दिवाकर ने परीक्षार्थी को पकड़ कर पुलिस को सौंपा था। आरोपी की पहचान अमरोहा निवासी सौरभ कुमार के रूप में हुई थी। जो अमरोहा के पपसरी निवासी लोकेंद्र के स्थान पर परीक्षा दे रहा था। सौरभ के पास से हाईस्कूल की मार्कशीट, कूटरचित प्रवेश पत्र और आधार कार्ड मिला। पूछताछ में सौरभ ने बताया कि परीक्षा देने के लिए 25 हजार रुपये मिलने थे। एक कोचिंग संचालक के जरिए बात होने पर दस हजार एडवांस मिले थे। इंस्पेक्टर ने बताया कि सौरभ को गिरफ्तार कर लोकेंद्र की तलाश की जा रही है। दोनों के खिलाफ धोखाधड़ी, जाली दस्तावेज बनाने आदि की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

सक्रियता | डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में संगोष्ठी का हुआ आयोजन

अधिवक्ताओं की जगह नहीं ले सकती आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

▸▸ कार्यक्रम में न्यायमूर्ति ने दी विषयवार जानकारियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

अमृत विचार : डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कभी भी अधिवक्ताओं की जगह नहीं ले सकती। तकनीक से विधि क्षेत्र में बड़े परिवर्तन हुए हैं। इससे अधिवक्ताओं को लाभ लेने की आवश्यकता है।

विधि विवि में न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विधि क्षेत्र एक ऐसा क्षेत्र है, जहां सीखने का सिलसिला आजीवन चलता रहता है। इसमें तकनीकी व्यवस्था ने बड़े परिवर्तन किए हैं। जिससे अधिवक्ताओं को मोटी- मोटी किताब पढ़ने से राहत मिली है। कहते हैं कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कभी भी अधिवक्ताओं की जगह नहीं ले सकती। कार्यक्रम में सम्मिलित उप्र फोरेंसिक विश्वविद्यालय के निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जानकारी और उसके महत्व को बताया। वरिष्ठ अधिवक्ता मोहित सिंह ने डिजिटल डाटा प्रोटक्शन अधिनियम और इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी एक्ट को विस्तार से साझा किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. संजय सिंह, डॉ. प्रेम कुमार गौतम, प्रो. एपी सिंह, प्रो. मनीष सिंह, डॉ. मिताली तिवारी, डॉ. विकास भाटी समेत अन्य शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।

विजेता को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी। अमृत विचार

80 शोध पत्र प्रस्तुत, कई सम्मानित

राष्ट्रीय संगोष्ठी में 180 से अधिक मॉडल प्रस्तुत किए गए। दो दिवसीय कार्यक्रम में 80 अभ्यर्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए। ऐसे में प्रथम स्थान गैरीक सान्याल को मिला। चंद्रमौली राय चौधरी, भावना सिंह और डॉ. सान्या यादव द्वितीय स्थान पर रहे। तीसरे स्थान दिव्यांश निगम और वर्षिनी अय्यर को मिला। सभी को ट्रॉफी व पुरस्कार धनराशि प्रदान की गई।

एक नजर

वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दीं दवाएं

सीतापुर, अमृत विचार। रविवार को भारत विकास परिषद सीतापुर इकाई ने तीर्थ नैमिषारण्य स्थित वृद्ध आश्रम में निवासी लगभग 70 वृद्धों का स्वास्थ्य प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। जिसमें सीतापुर के प्रतिष्ठित डॉ. प्रमोद धवन, डॉ. सुनील वैश्य, डॉ. हिमांशु शुक्ला, डॉ. ज्ञान प्रकाश गुप्ता, डॉ. आरके पांडे, डॉ. विवेक कुमार, डॉ. हिमांशु वर्मा, डॉ. आनंद प्रकाश सिंह उपस्थित रहे। आंख, दांत, सर्जन, जनरल फिजिशियन शुगर व हार्ट विशेषज्ञ ने वृद्धों का परीक्षण करने के बाद औषधि का वितरण किया। इसके अतिरिक्त वृद्ध आश्रम में निवासी वृद्धजनों को कंबल और टूथपेस्ट आदि का वितरित किया।

शादी का झांसा देकर युवती का किया शोषण

झरेखापुर, अमृत विचार : कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर एक युवक ने युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद उसने युवती से शादी करने से मना कर दिया।कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के टिकवापारा निवासी एक युवती ने पुलिस को दिये गये प्रार्थना पत्र में बताया कि कोतवाली देहात क्षेत्र के बहादुर नगर निवासी रामसनेही से युवती का तीन वर्ष पहले फोन से सम्पर्क हुआ था और बातचीत होने लगी। इसके बाद आरोपी ने युवती को कई जगहों पर मिलने के लिये बुलाया और युवती के मना करने के बावजूद भी शादी का झांसा देकर उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। उसने युवती से जबरदस्ती शादी करने को भी कहा, लेकिन अब आरोपी रामसनेही व उसके परिजनों ने शादी करने से मना कर दिया है और आरोपी की शादी दूसरी जगह तय हो गयी है। कोतवाली देहात इंस्पेक्टर विमल गौतम ने बताया कि युवती की तहरीर मिली है मामले की जांच की जा रही है।

वैदिक मंत्रोच्चारण से यज्ञ शुरू, निकाली कलश यात्रा

झरेखापुर, सीतापुर, अमृत विचार। क्षेत्र के नरोत्तमपुर गांव मे शनिवार को बाबा ब्रम्हदेव स्थान परिसर में सात दिवसीय तृतीय श्री रुद्र महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन को लेकर भव्य कलश यात्रा एवं शोभा यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में शामिल बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरुष व बच्चे हर- हर महादेव, जय श्रीराम, जय हनुमान आदि जयघोष के साथ सूर्य कुंड तीर्थ हरगांव पहुंची। वहां से जल लाकर यज्ञ मंडप में यज्ञाचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण करके यज्ञ का शुभारंभ किया गया। यज्ञ संयोजक आचार्य कृष्णा मिश्रा ने बताया कि रुद्र महायज्ञ से ना सिर्फ हिंदू धर्म की परंपरा को बल मिलता है बल्कि वातावरण भी शुद्ध होता है। और साधको को इसका फल त्वरित मिलता है।

लखनऊ से लौट रहे शिक्षकों की बस पर पथराव, सात लोग घायल

मामले की जानकारी करती पुलिस। अमृत विचार

ऊंचाहार , रायबरेली

अमृत विचार । प्रदेश मुख्यालय पर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करने गए शिक्षकों की बस पर ऊंचाहार में कुछ लोगो ने पथराव कर दिया। अचानक पथराव होने से बस में अफरा तफरी मच गई। इसमें कई शिक्षक घायल हो गए। कोतवाली पहुंचे शिक्षकों ने मामले की शिकायत की।

मामला रविवार देर शाम का है। प्रदेश मुख्यालय पर शिक्षकों का प्रदर्शन था। इसमें कौशांबी जनपद से बड़ी संख्या में शिक्षक बस से प्रदेश मुख्यालय पर प्रदर्शन करने गए थे। जहां से वापस लौट रहे शिक्षकों की बस शहर मुख्यालय के पास रूकी थी। वहां पर रोडवेज बस में सवार कुछ लोगों से उनका विवाद हो गया। उसके बाद निजी बस पर सवार शिक्षक अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए।

इस बीच रोडवेज बस पर सवार लोग ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के सवैया तिराहा के पास पहुंचे और उन्होंने शिक्षकों की बस को रोक लिया और उस पर ताबड़तोड़ पथराव शुरू कर दिया। कुछ शिक्षकों के साथ मारपीट भी की गई ।अचानक हुए हमले से परेशान शिक्षक सकते में आ गए। इस हमले में सात शिक्षक घायल हो गए। इसके बाद किसी तरह जान बचाकर शिक्षक कोतवाली पहुंचे।मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस कुछ युवकों को पकड़कर कोतवाली ले आई। उसके बाद कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों में सुलझ कर दिया। सुलह समझौता के बाद शिक्षक कौशांबी के लिए रवाना हो गए। कोतवाल आदर्श सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों में मामूली विवाद हुआ था, जिसके बाद दोनों ने आपस में सुलह समझौता कर लिया है। इसलिए इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

तेज रफ्तार ओवरलोड डंपर भिड़े, चालक गंभीर

आपस में भिड़े डंपर। अमृत विचार

सलोन, रायबरेली। सलोन-जगतपुर मार्ग स्थित सेन्धियापुर गांव के समीप बीती रात ओवर लोड दो डंपर की बीच हुई जबरदस्त टक्कर हो गई। इसमें डंपर चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया है। घायल अवस्था में चालक को रात में ही सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वही दुर्घटनाग्रस्त डंपर को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। घटना की तहरीर पुलिस को नही मिली है। शनिवार देर रात जगतपुर से सलोन की तरफ मौरंग लदे दो ओवरलोड डंपर आ रहे थे। एक डंपर सेंधियापुर नहर से हाइवे की तरफ मुड़ने की लिए घूमी थी, तभी तेज रफ्तार दूसरे डंपर ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही चालक सैनी गम्भीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य करते हुए चालक को सीएचसी में भर्ती कराया है। वहीं हालत गम्भीर होने पर चालक को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। क्रेन की सहायता से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात बहाल कराया है। कोतवाल श्याम कुमार पाल ने बताया कि दोनो गाड़िया जगतपुर की तरफ से सलोन की तरफ को आ रही थी। एक गाड़ी के अचानक दूसरे मार्ग पर घूमने से जोरदार टक्कर हुई है। दोनो डंपर एक ही कम्पनी की है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

जानकारी देते संस्थान के अधिकारी। अमृत विचार

विदेशों में भी नाम रोशन कर रहे एफडीडीआई के छात्र

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश के रायबरेली जिले में स्थित फुटवियर डिज़ाइन एंड डेवेलपमेंट संस्थान (एफडीडीआई) के छात्र विदेशों में भी फुटवियर डिजाइन के क्षेत्र में नाम कमा रहे हैं। छात्रों के हुनर और देश-विदेश में प्लेसमेंट से संस्थान भी उत्साहित है। इस वर्ष रायबरेली, फुरसतगंज कैम्पस का प्लेसमेंट 86 प्रतिशत रहा, जो कि एक रिकॉर्ड है। इस साल का औसत सालाना पैकेज भी रिकॉर्ड स्तर पर 4 लाख का तथा उच्चतम पैकेज सालाना 11 लाख रहा। इसमें इंटरनेशनल प्लेसमेंट भी शामिल है। यह जानकारी प्रेस क्लब में रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में संस्थान के छात्र मामलों के प्रभारी नलिन पाण्डेय दी। उन्होंने बताया कि संस्थान के कोर्स कम उम्र में अच्छी जॉब का जरिया भी बन रहे हैं। फुटवियर के क्षेत्र में छात्रों के सुनहरे भविष्य को देखते हुए संस्थान अब और प्रभावी तरीके से आगामी सत्र में अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं के प्रवेश पर फोकस कर रहा है। 120 सीटों पर दो पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गयी है।

दुर्घटना में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

अमृत विचार , मोहनलालगंज: बीते बुधवार को साइकिल से घर जा रही मां-बेटी को पीछे से ऑटो ने टक्कर मार दी थी। जिसमें मां-बेटी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इलाज के दौरान रविवार को महिला की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात ऑटो चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। मोहनलालगंज के सुल्सामऊ हिल्गी निवासी राम रतन ने पुलिस को बताया कि पत्नी बुदधेश्वरी, बेटी चांदनी के साथ साइकिल से सिसेण्डी बाजार से वापस घर आ रही थीं। दोनों जैसे ही अमिलिहाखेड़ा-भदेसुवा मोड़ के पास पहुंचीं तभी ऑटो ने टक्कर मार दी। गम्भीर हालत में पत्नी को एम्बुलेंस की मदद से ट्रामा सेंटर लेकर गए,जहां पत्नी की मौत हो गई।

किशोर से कुकर्म के प्रयास का आरोप

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार : शौच के लिए गए किशोर को दो सौ रुपये का लालच देकर उसके साथ कुकर्म के प्रयास का आरोप लगाया गया है। उसके पिता ने एक युवक के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है। मल्लावां कोतवाली क्षेत्र के सुकराला गांव निवासी युवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार शाम 3 बजे उसका 13 साल का बेटा अन्य बच्चों के साथ शौच के लिए गया था। सुनासी मढ़िया गांव के जीतेंद्र ने उससे कुकर्म का प्रयास किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

करंट लगने से छुट्टा गोवंश की मौत

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार : सरकार के तमाम दावों के बाद भी गोवंशों का संरक्षण नहीं हो पा रहा है। जिलेभर में बनाई गई गौशालाओं में गोवंशों को कागजों पर तो दिखाया जाता है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे उलट है। सड़क पर घूमने वाले गोवंश या तो खुद हादसों का शिकार हो रहे हैं या फिर उन्हीं की वजह से दूसरे राहगीर हादसों में जख्मी हो रहे हैं। शहर में रविवार को करंट लगने से एक गाय की तड़प-तड़प कर मौत होना इसकी बानगी है कि गोवंशों का किस तरह संरक्षण किया जा रहा है।

बताया गया है कि रविवार की शाम को रुक-रुक हो रही बारिश के बीच शहर के घंटाघर रोड पर एक होटल वाली गली में बिजली के पोल में करंट उतर आया था। इसी बीच उधर निकल रही गाय उसकी चपेट में आ गई। जिसके चलते उसकी वहीं पर तड़प-तड़प कर मौत हो गई।

लोगों का कहना है कि इसका पता होते ही तुरंत बिजली की सप्लाई बंद कराई गई। लगभग दो घंटे तक उधर के इलाके की बिजली गुल रही। लोगों का कहना है कि सरकार को गोवंशों के संरक्षण के लिए बहुत कुछ कर रही है लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही से इसी तरह सड़कों पर घूमने वाले गोवंश या तो ऐसे ही हादसों का शिकार हो रहे हैं या फिर राहगीरों को शिकार बना रहे हैं।

पुलिस ने तीन चोर दबोचे चोरी का सोलर पैनल बरामद

हरदोई, अमृत विचार : पुलिस की टीम ने मुखबिर के बताने पर तीन चोरों को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से चोरी की गई सोलर पैनल बरामद किया है। बताया गया है कि एसएचओ कासिमपुर विजेंद्र सिंह के नेतृत्व में एसआई ऋषि कपूर व कांस्टेबिल बालेंद्र सिंह, दिलीप व अंकित कुमार गश्त कर रहे थे ,उसी बीच मुखबिर ने सूचना दी कि गौसापुर पुल के पास खोखे के पीछे तीन संदिग्ध लोग खड़े हुए हैं,जो कहीं जाने की फिराक में है। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए जमसारा जाने वाली रोड से तीन लोगों को पकड़ लिया,जिनके नाम सुनील कुमार,राम लखन और रामकिशोर जो उसी थाने के कुतुबपुर के निवासी हैं। पुलिस के मुताबिक उन तीनों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने 1 जनवरी को गांव के उमाशंकर के घर के सामने लगी सोलर पैनल चोरी किया था। उमाशंकर ने सुनील कुमार को पहचान भी लिया था। उनका कहना था कि वे चोरी का पैनल बेंचने जा रहे थे, उसी दौरान उन्हें पकड़ लिया गया।

घर में गमछे से लटका मिला युवती का शव

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार: शादी के करीब आठ महीने बाद युवती का शव उसकी ससुराल में फांसी पर लटका हुआ देखा गया। जैसा कि बताया गया है कि उसने गमछे से फांसी लगा कर आत्महत्या की। युवती का मायका बिहार के कैमूर ज़िले में बताया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बताते हैं कि साण्डी थाने के सठियामऊ निवासी अभिषेक की शादी करीब आठ महीने पहले बिहार के ज़िला कैमूर के थाना मोहनिया के पानापुर के शिवदुलारे की 22 वर्षीय पुत्री प्रतिभा के साथ हुई थी। शनिवार की रात में प्रतिभा का शव उसके कमरे में गमछे से बंधा फांसी पर लटकता हुआ देखा गया। इसका पता होते ही वहां हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लिया और इस बारे में ज़रूरी पूछताछ की। ससुराल वालों का कहना है कि प्रतिभा ने आत्महत्या की, लेकिन इसके पीछे कौन सी वजह रही ? इसका कोई जवाब नहीं दिया गया है। पुलिस का कहना है कि फिलहाल, अभी कोई तहरीर नहीं आई है, तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सार-संक्षेप

फाइनल में पहुंची स्टार क्रिकेट अकादमी बछरावां

खुशी जताते खिलाड़ी। अमृत विचार

बछरावां, रायबरेली। सद्भावना कप फाइनल में स्टार क्रिकेट अकादमी बछरावां ने स्थान सुनिश्चित कर लिया है। अंतिम लीग मैच में टॉस जीत स्टार क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अनुभव के 33 और आशीष के 26 रनों की मदद से 9 विकेट पर 168 बनाए। श्री शारदा सिंह क्रिकेट अकादमी रायबरेली की तरफ से अमन ने दो विकेट लिए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते करने उतरी श्री शारदा सिंह क्रिकेट अकादमी की टीम 151 रनों पर ऑल आउट हो गई है। हालांकि कप्तान मोहम्मद फारिज़ ने 27 और मंगेश ने 25 रन बनाकर पारी को संभालने की कोशिश की। स्टार क्रिकेट अकादमी की तरफ से मयंक, देवांश और आशीष ने क्रमश : दो-दो विकेट लिए। अंतिम लीग रोमांचक तरीके से 17 रनों से जीतकर स्टार क्रिकेट अकादमी फाइनल में पहुंच गई। फाइनल मंगलवार को खेला जाएगा। अनुभव सिंह को ऑलराउंड प्रदर्शन की वजह से प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड दिया गया। मैच में पंकज तिवारी और देवाशीष शर्मा ने अंपायर की भूमिका निभाई।

329 मरीजों का किया गया उपचार

हरदी टीकर में आयोजित आरोग्य मेले में उपचार करते डॉक्टर।

जगतपुर, रायबरेली। शासन के दिशा निर्देश पर सीएचसी में आयुष्मान भव मेले व पीएचसी में आरोग्य मेले का आयोजन किया जाता है। लेकिन जिम्मेदार डॉक्टर अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं। रविवार को जगतपुर सीएचसी में आयुष्मान भव मेले का आयोजन किया गया जिसमें 270 मरीज ने पंजीकरण कराया और डॉक्टर शिव बहादुर डॉक्टर संजय तिवारी द्वारा मरीजों का इलाज किया गया तथा डॉक्टर फातिमा व सीएससी अधीक्षक प्रजेश श्रीवास्तव नदारद रहे। गेंदालाल राम बहादुर राम गरीब रोशनी अनारकली ने बताया कि मेले में महिला डॉक्टर नहीं थी। जिसकी वजह से वापस लौटना पड़ा तथा सीएससी अधीक्षक की कुर्सी खाली पड़ी हुई थी वह महिला चिकित्सक के कक्ष में ताला लगा था। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदी टीकर में आरोग्य मेले में 59 मरीज का उपचार डॉक्टर सुफैल अहमद द्वारा किया गया।

अज्ञात वाहन से अधेड़ घायल

डलमऊ, रायबरेली। बेटी की शादी के सामान की खरीदारी करने जा रहे एक अधेड़ को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। एंबुलेंस की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जगतपुर थाना क्षेत्र के गौरा खसपरी निवासी धुनारी सिंह के बेटी की शादी रविवार को थी। जिसमें शादी का सामान लेने के लिए धुनारी सिंह बाइक से मुराई बाग जा रहे थे। तभी जगतपुर मुराई बाग मार्ग पर किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घर में शादी की खुशियों के बीच परिजनों में कोहराम मच गया। हालांकि चिकित्सकों के इलाज के बाद उन्हें घर भेज दिया गया।

क्रिकेट देखने गए किशोर का नहीं लगा कोई सुराग

हरदोई, अमृत विचार : 12 वर्षीय किशोर घर से क्रिकेट मैच देखने की बात कह कर गया हुआ था, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटा। उसके बाद नाते-रिश्तेदारों में उसकी तलाश की गई लेकिन छह दिन बाद भी उसका कहीं से कोई सुराग़ नहीं लगा। पुलिस ने उसकी मां की तहरीर पर धारा 363 के तहत केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि साण्डी थाने के खेरवा अमजद पुर की लक्ष्मी देवी पत्नी लालाराम ने बताया कि उसका 12 वर्षीय पुत्र मनीष 30 जनवरी की सुबह तकरीबन आठ बजे गांव के किनारे प्लाट पर हो रहे क्रिकेट मैच को देखने की बात कह कर घर से निकला था। लेकिन शाम होने पर भी वह वापस नहीं लौटा। पहले तो लक्ष्मी देवी ने वहीं आस-पड़ोस के लोगों से मनीष के बारे में पता लगाया,लेकिन किसी ने कुछ नहीं बताया,उसके बाद उसने नाते-रिश्तेदारों के यहां पता किया, कहीं से भी उसके पुत्र का कोई सुराग नहीं मिला। पुत्र को ढूंढते-ढूंढते थक चुकी लक्ष्मी देवी ने साण्डी पुलिस को तहरीर दी,जिस पर धारा 363 के तहत केस दर्ज किया गया है। इस बारे में एसएचओ साण्डी छोटेलाल का कहना है कि तहरीर में किशोर का हुलिया भी बताया गया है,सारे मामले की गहराई से छानबीन की जा रही है।

निर्माणाधीन ओवरब्रिज के 1294.55 लाख की किस्त रिलीज

बिसवां, सीतापुर,अमृत विचार। जाम की समस्या के निदान के लिए बिसवां सिधौली मार्ग पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज की शासन ने दूसरी किस्त रिलीज कर दी है। बजट के रिलीज होते ही अब निर्माणकार्य में तेजी आयेगी और साथ ही कस्बे वासियों को जल्द ही जाम के जहां से मुक्ति मिल जाएगी। कस्बे के बीच गुजरे 56 ए रेलवे क्रॉसिंग पर काफी समय से ओवर ब्रिज निर्माण का कार्य चल रहा है। निमार्णाधीन ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए शासन ने 1294 .55 लाख रुपए की दूसरी किस्त रिलीज कर दी है। बताते चले कि 56 ए रेलवे क्रॉसिंग पर अक्सर जाम लगता था। ट्रेनों के आवागमन के चलते यह क्रॉसिंग अक्सर बंद रहती थी। कभी-कभी इस क्रॉसिंग पर लंबी जाम से लोगों को दुश्वारियों का भी सामना करना पड़ता था। चीनी मिल के पेराई सीजन पर गन्ना वाहनों के चलते और अधिक जाम और भीड़ लग जाती थी। क्षेत्रवासियों की मांग पर जनप्रतिनिधियों ने लोग निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद से ओवर ब्रिज की मांग की थी। जिनके प्रयासों से राज्यसेतु निगम ने शासन को प्रस्ताव भेजा और यह ओवर ब्रिज स्वीकृत हुआ। यह ओवर ब्रिज 609 मीटर लंबा बनना है। इसके लिए 54 करोड़ 71 लाख 71 का बजट निर्धारित हुआ है। जिसकी प्रथम किस्त 9 करोड़ 30 लाख 86 हजार रुपए प्राप्त हो चुकी है। इसकी दूसरी किस्त कार्यदाई संस्था को 1294 .55 लाख भी रिलीज कर दी गई है। बजट रिलीज होने के बाद ओवर ब्रिज निर्माण में और तेजी आएगी।

जमीन पर निर्माण से ग्रामीणों व प्रधान प्रतिनिधि में विवाद

झरेखापुर सीतापुर, अमृत विचार। कोतवाली देहात क्षेत्र के देना ग्राम पंचायत के भेड़हिया गांव के करीब सड़क के किनारे बनी हाट बाजार के पास की बेशकीमती जमीन के कब्जे को लेकर ग्रामीणों व प्रधान प्रतिनिधि विवाद चल रहा था। प्रधान प्रतिनिधि अनीस अहमद ने रविवार को जमीन पर अवैध निर्माण कार्य कराना शुरू किया, तभी देना और भेडहिया के सैंकड़ों ग्रामीणों ने मौके पर जाकर विवादित जमीन पर निर्माण कराने को मना किया। ऐसे में प्रधान प्रतिनिधि और उनके समर्थक भड़क गये और विवाद की स्थित उत्पन्न हो गयी। इसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सारे मामले की सूचना दी।

मोबाइल की दुकान में लगी आग

दुकान से उठतीं आग की लपटें।

सीतापुर, अमृत विचार। शनिवार रात नगर के शहर बाजार चौराहा स्थित मरकज मस्जिद के सामने असद पुत्र मौलाना खालिद निवासी मोहल्ला बहलोलपुर की ए टू जेड मोबाइल की दुकान में शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई।

दुकान मालिक असद शनिवार देर शाम अपनी मोबाइल की दुकान का शटर गिराकर मस्जिद में नमाज पढ़ने गए थे। इसी दौरान दुकान में आग लग गई। नमाज समाप्त होने के बाद लोगों ने उन्हें दुकान से धुआं निकलने की सूचना दी। आग लगने की सूचना पर भारी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए और शीशे को तोड़कर आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया गया। दुकानदार असद ने बताया कि इस अग्निकांड में दुकान में रखा एलसीडी, लैपटॉप एसी, मोबाइल सहित लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

मोहनलालगंज सीट पर सपा को मरम्मत की जरूरत

सिधौली, अमृत विचार। मोहनलालगंज लोकसभा संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इस सीट पर 1962 से अब तक 15 सांसद हुए हैं। जिसमें से आठ बार महिला प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की महिला प्रत्याशी गंगा देवी लगातार तीन बार इस सीट पर चुनाव जीतकर इतिहास रचा है।

मोहनलालगंज लोकसभा सीट पर वर्ष 2014 में सपा के विजय रथ का पहिया रुक गया और मोदी लहर के चलते भाजपा ने जीत का परचम लहरा दिया। कौशल किशोर ने लोकसभा पहुंचे में सफलता प्राप्त की। इस सीट पर सबसे अधिक समर्थन पाने वालो में कौशल किशोर का नाम है। वर्ष 2019 लोकसभा चुनाव में सांसद कौशल किशोर को लगभग 6,29,748 मत मिले और सपा-बसपा गठबंधन प्रत्याशी सीएल वर्मा को 5,39,519 मत मिले। भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर ने लगभग 90,229 वोट के अन्तर से जीत दर्ज कर सपा बसपा के मजबूत गठबंधन की गांठ काटकर कमल खिला दिया। इसका प्रमुख कारण सपा शासन में कुछ सपाईयों द्वारा अराजकता का माहौल बनाकर पार्टी को कमजोर किया जाना माना जा रहा है। अब इस आने वाले सपा को बड़ी मरम्मत की जरूरत है। हालांकि जिस तरह से मोहनलालगंज लोकसभा के सपाई जन समस्याओं को लेकर संघर्ष से बचते नजर आ रहे हैं। ऐसे में इस बार भी सपा की नैया पार लगना कठिन है। आगामी चुनाव में अपने इस किले को सपा मजबूती दे पाएगी, यह कह पाना अभी मुश्किल है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव लोगों को कानून व्यवस्था, ग्रामीण विकास का पक्का भरोसा तो दे रहे हैं।

सिधौली ब्लाक प्रमुखी को लेकर सांसद व विधायक में मतभेद

मोहनलालगंज लोकसभा संसदीय क्षेत्र से विधानसभा सिधौली जुड़ी हुई है। भाजपा सांसद कौशल किशोर मोहनलालगंज लोकसभा सीट से लगातार दो बार चुनाव जीतने सफलता प्राप्त की, लेकिन सिधौली विधानसभा सीट पर कभी बढ़ोतरी नहीं बना पाए। भाजपा ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा के इस मजबूत गढ़ को धराशाई कर 42 साल बाद सिधौली विधानसभा सीट पर कमल खिला दिया। सपा ने मनीष रावत का टिकट काटा तो भाजपा ने उन्हें अपना उम्मीदवार बना दिया। लोगों की हमदर्दी मिली और मनीष रावत चुनाव जीत गये। मनीष रावत को भाजपा ने टिकट देकर सपा के मजबूत किले में सेंधमारी कर ली। ऐसे में आगामी लोकसभा चुनाव में सांसद कौशल किशोर सिधौली विधानसभा सीट पर चुनाव जीत पाएंगे, ये कहना कठिन है। सूत्रों की मानें तो क्षेत्रीय विधायक मनीष रावत व सांसद कौशल किशोर में सिधौली ब्लाक प्रमुखी को लेकर मतभेद है और टिकट को लेकर भी ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है।

आस्था मां संकटा देवी धाम में धार्मिक आयोजनों की शुरुआत

ठंड व बारिश में भी 5,100 कलश लेकर निकलीं महिलाएं

महमूदाबाद, सीतापुर

अमृत विचार। नगर के सुप्रसिद्ध मां संकटा देवी धाम में धार्मिक आयोजनों की शुरुआत भव्य कलश यात्रा से हुई। बारिश के दौरान भी 5100 से अधिक महिलाओं ने इसमें भाग लिया। कलश यात्रा बाबा परमहंस मंदिर से नगर ने विभिन्न स्थानों से होते हुए मां संकटा देवी धाम पहुंची।

इस दौरान पूरा क्षेत्र श्रीराम के नारों से गुंजायमान हो गया। लोगों ने अपने घर की छतों से कलश लिए महिलाओं पर पुष्प वर्षा की। कड़ाके की ठंड और रिमझिम बारिश के चले श्रद्धालु भीग रहे थे मगर सभी भक्ति में लीन दिखे। घोष दल और गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा संपन्न हुई। दोपहर एक बजे अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचिका देवी ऋचा मिश्रा ने श्रीराम कथा प्रारंभ की। इस दौरान भारी मात्रा में लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। समिति अध्यक्ष रमेश वाजपेई विरल ने सभी लोगों का स्वागत किया। इस अवसर पर कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही, सांसद राजेश वर्मा, विधायक आशा मौर्या, विधायक ज्ञान तिवारी विधायक साकेंद्र वर्मा, पूर्व कैबिनेट मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा, आरजे वर्मा, शशांक वर्मा, अतुल वर्मा, सुरेश वर्मा, भास्कर शर्मा, विभू पुरी, प्राची वाजपेई, अलंकृत वाजपेई, वागीश दिनकर, अंजनेय आशीष, प्रदीप सिंह, रवि अवस्थी, कृतार्थ मिश्रा, विक्की जायसवाल सहित हजारों की संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

बारिश में कलश लेकर निकलतीं विधायक आशा मौर्य व अन्य महिलाएं। अमृत विचार

गलत डेटा फीडिंग होने पर नोडल अफसर होंगे जिम्मेदार

सीतापुर, अमृत विचार। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने मतदान कार्मिकों के डेटा फीडिंग का कार्य शुरू कर तैयारियों को अंतिम रूम देना शुरू कर दिया है। एडीएम ने नोडल अफसरों को मतदान कार्मिकों के गलत डाटा फीडिंग में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के दिशा निर्देश दिए है। एडीएम नीतीश कुमार ने डाटा फीडिंग कार्य को पारदर्शी ढंग से कराये जाने के निर्देश अफसरों को दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी विभाग में तैनात कर्मचारियों के डाटा को गलत तरीके से फीड किया जाता है। कोई नाम छोड़ा गया तो नोडल अधिकारी (मतदान कार्मिक) जिम्मेदार होंगे।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि हर बार चुनाव में मतदान कार्मिकों की ड्यूटी लगाने को लेकर कई तरह की समस्याएं आती हैं। असाध्य रोगों से ग्रसित और दिव्यांगों को मतदान कराने के लिए तैनात कर दिया जाता है। जबकि अधिकांश ऐसे कर्मचारी होते हैं जो जुगाड़ लगाकर बच जाते हैं। साथ ही कई कार्मिक ड्यूटी करना चाहते हैं लेकिन उन्हें तैनात नहीं किया जाता है। यह सब सिस्टम की खामियों के कारण होता है। एडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मतदान कार्मिकों का डाटा फीड किए जाने के संबंध में नोडल अधिकारी (मतदान कार्मिक) की ओर से प्रथम स्तर पर ही यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि भरा गया डाटा त्रुटिरहित है। डाटा त्रुटिपूर्ण होने की दशा में नोडल अधिकारी (मतदान कार्मिक) की जिम्मेदारी तय की जाएगी। चुनाव ड्यूटी में नियुक्त सभी कार्मिकों को उनके पारिश्रमिक का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा।

मतदान कार्मिकों के डेटा फीडिंग को लेकर एडीएम नितीश कुमार ने जारी किये निर्देश

नीतीश कुमार, एडीएम

एक नजर

कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : ग्राम पंचायत सतरही में कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा की शुरुआत रविवार से हुई। देवस्थान पाली वीर बाबा, नर्मदेश्वर शिव मंदिर एवं हनुमान मंदिर, ब्रह्मदेव मंदिर से जल लेने गांव से कलश यात्रा अवसानेश्वर महादेव मंदिर पर स्थित गोमती नदी के घाट पर गई। श्रीमद्भागवत कथा का समापन 10 फरवरी को होगा और उसके पश्चात 12 फरवरी को मेला और रामलीला का मंचन आयोजित किया जाएगा। यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश रखकर चल रही थीं। यात्रा में मुख्य रूप से गुड्डू, बुद्धू, रमेश, राजू, विजय, अशोक, रामलाल, पम्मी सिंह, रामबरन व राम सजीवन, बरसाती, त्रिलोकी व बद्री समेत बड़ी संख्या में ग्राम वासियों ने भाग लिया।

सीमा विस्तार तो छोड़िये... टीम तक गठित नहीं

लापरवाही

- नगर पंचायत देवा के सीमा विस्तार का मामला
- शासन से स्वीकृति मिलने पर तत्कालीन डीएम ने दिए थे निर्देश

दीपराज सिंह, देवा, बाराबंकी

अमृत विचार : नगर पंचायत देवा के सीमा विस्तार के लिए अब तक टीम का गठन तक नहीं किया जा सका है। इसके चलते शासन से सीमा विस्तार को स्वीकृति मिलने के बाद भी इसकी प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है।

नगर पंचायत देवा को पर्यटन नगरी का तमगा तो मिल गया लेकिन आजादी के बाद से आज तक नगर पंचायत देवा का सीमा विस्तार नहीं हो सका। इसके कारण विभिन्न सरकारी योजनाएं जमीन के अभाव में लंबित पड़ी हैं। इसी समस्या के चलते बीते दिनों नगर पंचायत के बोर्ड की बैठक में सीमा विस्तार का प्रस्ताव पास किया गया था और उसे जिला प्रशासन के माध्यम से शासन को भेजा गया था। इसके बाद बीते 29 अगस्त 2023 को नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रमुख सचिव नगर विकास को सीमा विस्तार करने के संबंध में निर्देश दिए थे।

इसके क्रम में प्रदेश शासन के अनुसचिव महावीर प्रसाद ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर नगर पंचायत देवा का सीमा विस्तार करने की प्रक्रिया को शुरू कराने के निर्देश दिए थे। इस आदेश के क्रम में तत्कालीन जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने उप जिलाधिकारी नवाबगंज को एक पत्र जारी कर निर्धारित मानकों के अनुसार परीक्षण कराकर नगर पंचायत देवा की सीमा विस्तार की रिपोर्ट कार्यालय उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे।

जिलाधिकारी के इस आदेश को चार माह बीत गए हैं। लेकिन अब तक नगर पंचायत देवा की सीमा विस्तार की प्रक्रिया का काम शुरू करना तो दूर की बात है अभी तक इस कार्य के लिए टीम का गठन तक नहीं किया जा सका है।

नगर पंचायत देवा का कार्यालय।

सांसद के पत्र को भी नहीं मिली तवज्जो

आदर्श नगर पंचायत देवा के सीमा विस्तार को लेकर सांसद उपेंद्र रावत ने भी 2 मई 2023 को जिलाधिकारी को एक पत्र लिखकर नगर पंचायत की सीमा विस्तार करने को कहा था। लेकिन सांसद के इस पत्र पर भी सीमा विस्तार की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी थी। इसके अलावा कस्बा वासियों से लेकर आसपास के क्षेत्र वासियों ने भी शासन व जिला प्रशासन से समय-समय पर कस्बे की सीमा विस्तार की मांग की थी। लेकिन नतीजा अब तक सिफर ही रहा।

जल्द ही शुरू करायी जाएगी सीमा विस्तार की प्रक्रिया

नगर पंचायत देवा के सीमा विस्तार के लिए शासन स्तर से संस्तुति मिलने के बाद डीएम ने प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए थे। उच्च अधिकारियों से वार्ता चल रही है। जल्द ही सीमा विस्तार की प्रक्रिया शुरू कराई जाएगी।

–सीएल तिवारी, ईओ, आदर्श नगर पंचायत देवा।

पिता की हत्या का आरोपी पुत्र गिरफ्तार

फॉलोअप

बाराबंकी

अमृत विचार : पिता की हत्या के आरोपी पुत्र को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। हत्या आरोपी ने पिता को केवल इसलिए मार डाला था क्योंकि उन्होंने संपत्ति का बंटवारा करने से मना कर दिया था। शनिवार को हत्या करने के बाद वह फरार हो गया था।

थाना सतरिख क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कमरपुर स्थित भट्टे के पास घर में शिवराज यादव पुत्र विशुन निवासी ग्राम कमरपुर थाना सतरिख का अपने पिता विशुन से सम्पत्ति के बंटवारे को लेकर विवाद हो गया। विवाद के दौरान शिवराज ने अपने पिता विशुन को डण्डा मार दिया जिससे उसके पिता की मौके पर मौत हो गई थी। इस सम्बन्ध में थाना सतरिख पर नामजद मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी शिवराज यादव निवासी ग्राम कमरपुर थाना सतरिख को राजकीय इण्टर कॉलेज, बरौली जाटा के पास से गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे लकड़ी की पाटी बरामद की गयी। पुलिस ने विधिक कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया।

भू-माफिया की 1.44 करोड़ की संपत्ति कुर्क

गिरोह के सरगना का अमेठी में अर्द्धनिर्मित तीन मंजिला मकान किया गया कुर्क

कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: जिला प्रशासन ने रविवार को एक और भू माफिया की लगभग 1 करोड़ 44 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क कर ली। संबंधित भू-माफिया का गिरोह बाराबंकी के अलावा लखनऊ, अमेठी, गोंडा तथा अन्य जिलों में भी फैला हुआ है।

पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार ने बताया कि जनपद में संगठित होकर अपराध करने वाले अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को एक और भू माफिया गिरोह के सरगना वासुदेव की संपत्ति की कुर्की की गई। गिरोह सरगना वासुदेव यादव निवासी गोठवा दरखा थाना गौरीगंज अमेठी, अपने गिरोह के सक्रिय सदस्य वीरेन्द्र तिवारी निवासी ग्राम नरौरा भर्रापुर थाना इटवाथोक गोण्डा, पटेसरी देवी पत्नी प्रहलाद निवासिनी पिपरा इस्माईल थाना खोडारे गोण्डा, दिनेश कुमार वर्मा निवासी मकान नम्बर-04 सूयश इन्क्लेव, चिनहट थाना चिनहट, लखनऊ मूल पता ग्राम असैनी बुजुर्ग थाना खोडारे जनपद गोण्डा के साथ मिलकर गत सात-आठ वर्षों से अपराध कर रहा है। उन्होंने बताया कि गिरोह छल कपट कर लोगों को सस्ती आवासीय जमीन/प्लाट का लालच देकर एडवान्स में रुपये लेकर रजिस्ट्री न कराने जैसे अपराध में लिप्त है। इस संगठित गिरोह के द्वारा किये जा रहे आपराधिक कृत्यों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु सरगना वासुदेव द्वारा स्वयं के नाम पर अर्जित की गई चल/अचल सम्पत्ति कीमत लगभग 01 करोड़ 35 लाख रुपये व एचडीएफसी बैंक, विनीत खण्ड गोमती नगर लखनऊ के खाते में कुल रकम 8 लाख 97 हजार,589 रुपये को थाना देवा/कोतवाली नगर पुलिस द्वारा चिन्हित कर जिला मजिस्ट्रेट को आख्या प्रेषित की गई थी। जिलाधिकारी के आदेश के बाद ग्राम गोठवा सम्भवा तहसील गौरीगंज अमेठी स्थित एक अर्द्धनिर्मित तीन मंजिला मकान कीमत लगभग 1 करोड़ 34 लाख 40 हजार रुपये (गिरोह सरगना के नाम पर) एचडीएफसी बैंक, विनीत खण्ड गोमती नगर जनपद लखनऊ के खाते में कुल रकम 8,97,589 रुपये को फ्रीज कराया गया।

वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

देवा , बाराबंकी, अमृत विचार : शनिवार की रात निजी कम्पनी से काम कर वापस आ रहे एक व्यक्ति की बाइक में एक वाहन की चेचिस ने टक्कर मार दी। हादसे में मौके पर ही युवक की मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। देवा कोतवाली क्षेत्र के विशुनपुर के मजरे पण्डितपुर निवासी संतोष तिवारी पुत्र जयशंकर शनिवार की रात लखनऊ के चिनहट थाना क्षेत्र स्थित एक निजी कंपनी से ड्यूटी कर अपने मित्र की बाइक से वापस घर लौट रहा था। रास्ते में अपट्रान फैक्ट्री के पास एक ट्रक की चेचिस ने सन्तोष की बाइक में टक्कर मार दी।

हादसे में चाचा-भतीजी घायल

रफ्तार की मार

- बाइक को टक्कर मारकर गड्ढे में पलट गयी पिकअप

रामनगर, बाराबंकी

अमृत विचार: लखनऊ-बहराइच हाईवे पर तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप बाइक में पीछे से टक्कर मारते हुए गड्ढे में पलट गयी। हादसा होते ही पिकपअ चालक मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में बाइक सवार चाचा और भतीजी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर दोनों की हालात गंभीर देख चिकित्सकों ने इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

हादसे में क्षतिग्रस्त बाइक और खड्ड में गिरी बेकाबू पिकअप। अमृत विचार

रविवार की अपराह्न थाना परसपुर के ग्राम मुसौनी निवासी 25 वर्षीय शिवम अपनी 15 वर्षीय भतीजी के साथ बाइक से बाराबंकी की ओर जा रहे थे। जब वह थाना क्षेत्र के हाईवे स्थित ग्राम दल सराय के निकट पहुंचे। उसी समय पीछे से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। परिणामस्वरूप चाचा भतीजी घायल हो गए। पिकअप हाईवे के किनारे गड्ढे में पलट गयी। राहगीरों की भीड़ एकत्रित होता देख पिकअप चालक जान बचाकर मौके से फरार हो गया।

रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या रवाना होते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

अयोध्या दर्शन के लिए रवाना हुआ राम भक्तों का कारवां

बाराबंकी, अमृत विचार : रामलला के दर्शन के लिए रविवार को 11776 भाजपा कार्यकर्ता अयोध्या रवाना हुए। 503 वाहनों से इन्हें अयोध्या ले जाया गया है। इनके साथ जिला अध्यक्ष से लेकर बूथ कार्यकर्ता तक गए हैं। पार्टी के मीडिया प्रभारी विजय आनंद वाजपेयी के मुताबिक जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य के नेतृत्व में 503 वाहनों से 11 776 भाजपाइयों ने अयोध्या धाम में किए प्रभु श्री राम के दर्शन कर जय श्री राम के उद्घोष किया। 2590 बूथों से निकला रामभक्तो का कारवां दर्शन यात्रा में 190 बड़ी बसें, 131 छोटी बसें तथा 182 निजी वाहन शामिल थे। सुनियोजित कार्यक्रम के तहत उनकी सूची पहले से ही बना ली गई थी।

एनडीए को हराएगा पीडीए

दावा

- सपा कार्यालय पर पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की हुई समीक्षा बैठक

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव के बारे में चर्चा हुई।

बैठक में उपस्थित पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव एवं अयोध्या मंडल प्रभारी रामचंद्र राजभर ने प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से जोरशोर से बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने को कहा। उन्होंने कहा कि भाजपा की प्रदेश और केंद्र की सरकार पिछड़ों का हक मार रही है। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव अजय सिंह लोधी ने कहा की पिछड़ों का हक मारने वाली एनडीए सरकार को इंडिया गठबंधन और पीडीए ही हराएगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से महासचिव अर्जुन वर्मा, प्रदेश सचिव सह प्रभारी प्रदेश सचिव देवेंद्र यादव, प्रदेश सचिव जितेंद्र पटेल, प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रोहित कश्यप, जिला उपाध्यक्ष हरीश यादव, विधानसभा क्षेत्र और ब्लॉक अध्यक्ष उपस्थित रहे।

सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की बैठक में एकजुट प्रदर्शित करते पदाधिकारी।

सार-संक्षेप

10 से शुरू होंगे हार्निया और यूट्रस के ऑपरेशन

श्रीराम वन कुटीर में दवाएं भेट करते रोटरी क्लब के सदस्य। अमृत विचार

बाराबंकी, अमृत विचार : श्रीराम वन कुटीर में आयोजित ऑपरेशन शिविर में रविवार को उदयपुर से डॉक्टरों की एक और टीम आश्रम पहुंची। यह टीम 10 फरवरी से हर्निया, पाइल्स, हाइड्रोसील तथा यूट्रस के आपरेशन करेगी। सेवादार मनीष मेहरोत्रा ने बताया कि10 फरवरी से शिविर निदेशक साई तिरुपति विवि उउदयपुर के डॉ. जेके छापरवाल अपनी 80 सदस्यीय टीम के साथ आपरेशन करेंगे। रविवार को नेत्र ऑपरेशन के लिए बड़ी संख्या में मरीजों की जींद, हरियाणा के डॉ. राजवीर बेरीवाल, कमलेश बेरीवाल की टीम ने मरीजों को भर्ती किया। रोटरी क्लब बाराबंकी के सदस्यों ने आश्रम पहुंचकर मरीजो के लिए दवायें ट्रस्ट के सदस्य शिवकुमार निगम को भेंट कीं। क्लब के सदस्यों में गिरीश अरोरा सेक्रेट्री के साथ डॉ. सुधीर वर्मा, डॉ. राजेश मोहन, सम्पन्न निगम, जागेश अग्रवाल, सुनील वर्मा, रजनी वर्मा, संजय निगम, खुर्शीद रिजवी, अरविन्द वर्मा, डॉ. धर्मेन्द्र, विजय तिवारी उपस्थित रहे। भिवानी, हरियाणा के ट्रस्ट के सदस्य उद्योगपती सीताराम रेखान अपने परिवार व मित्रों के साथ मरीजों की सेवा को आश्रम पर पहुंचे।

कृष्ण-सुदामा की मित्रता से लेनी चाहिए सीख : पं. शास्त्री

श्रीमद्भागवत कथा सुनाते पंडित अनुराग कृष्ण शास्त्री। अमृत विचार

टिकैतनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : श्री दुर्गा पूजा पंडाल पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन काशी से आए प. अनुराग कृष्ण शास्त्री ने कहा कि श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी मित्रता कोई कर ही नहीं सकता। कलियुग की मित्रता सिर्फ़ स्वार्थ सिद्धि तक ही सीमित है। श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता से सीख लेनी चाहिए। इस अवसर पर आचार्य शुभम् मिश्रा, ओंकार नाथ तिवारी, इन्द्र प्रकाश पाण्डेय, प्रतीक मिश्रा, आकाश नीरज गुप्ता, विकास सिंह, विकास पांडेय, वेद नारायण मिश्र, आलोक यज्ञसेनी, रामबाबू यज्ञसेनी, मुन्नीलाल यज्ञसेनी, रवि यज्ञसेनी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

एक-दूसरे से रूठे पति-पत्नी को मनाने में सफल रही पुलिस

बाराबंकी, अमृत विचार : पुलिस परिवार परामर्श केंद्र ने रविवार को एक दूसरे से रूठे चल रहे पति पत्नी को फिर एक दूसरे के साथ रहने के लिए राजी किया। थानाध्यक्ष, महिला थाना मुन्नी सिंह व परिवार परामर्श केंद्र की टीम के सदस्यों काशिश सिंह, संजू मिश्रा, डॉ. कामता नाथ तिवारी, डॉ. मंजूलता गुप्ता अमृता सिंह, डॉ. संजय त्रिपाठी, जीनत मुफ्ती द्वारा दम्पति को सुखमय जीवन के लिए शुभकामनाएं दी गयीं। काउंसलिंग पुलिस टीम में हेल्प डेस्क कर्मचारी महिला हेड कांस्टेबल मंजू शुक्ला, कांस्टेबल सरिता पटेल, रेखा कश्यप व खुशबू यादव का विशेष योगदान रहा।

पंचतत्व में विलीन हुए महंत उदित नारायण

सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : क्षेत्र के ग्राम हेतमापुर स्थित बाबा नारायण दास मंदिर के महंत उदित नारायण दास (70) का शनिवार रात पीजीआई लखनऊ में निधन हो गया। महंत पिछले कई महीनों से दमा की बीमारी से पीड़ित थे। उनका इलाज पीजीआई में चल रहा था। शनिवार रात दो बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। उनका अंतिम संस्कार मंदिर के सामने स्थित पत्नी की समाधि के बगल में किया गया है। अंतिम संस्कार में भाजपा सांसद उपेंद्र रावत व अन्य लोग शामिल रहे।

यूकेलिप्टस के 10 पेड़ काटने का आरोप, मुकदमा दर्ज

सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : मोहम्मदपुर खाला थाना इलाके के बेलहरी गांव निवासी रामचन्द्र ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि कुतलुपुर गांव के रमेश तिवारी ने उनकी भूमि पर लगे 10 यूकेलिप्टस के पेड़ काटकर गिरा दिये हैं इसमामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पांच वर्ष से नहीं बनी सड़क, सांसद ने फटकारा

हैदरगढ़, बाराबंकी

अमृत विचार: पांच वर्ष से जर्जर मार्ग की मरम्मत न होने पर सांसद ने लोनिवि के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगायी।

त्रिवेदीगंज ब्लाक की बहुता ग्राम पंचायत के प्रधान देवी प्रसाद लोधी के पुत्र रामहेत ने रविवार को सांसद उपेंद्र सिंह रावत के आवास पर मुलाकात कर बहुता संपर्क मार्ग की स्थिति से अवगत कराया। इस पर सांसद ने लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदारों को फटकार लगाते हुए तत्काल जर्जर मार्ग की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। मार्ग मरम्मत के लिए अधिकारियों ने एक पखवाड़े का समय मांगा है।

रामहेत ने सांसद उपेंद्र सिंह रावत को बताया कि तहसील मुख्यालय से 5 किमी बहुता मार्ग की पिछले पांच साल से मरम्मत नहीं हुई है। इसके चलते यह मार्ग पूरी तरह से जर्जर हो गया है। बताया कि ग्राम पंचायत के खुशियांगंज गांव तक जाने वाली चार किमी लंबे मार्ग की मरम्मत न होने से दर्जनों गांव के ग्रामीणों का आवागमन बाधित रहता है। रामहेत ने यह भी बताया कि इस मार्ग की मरम्मत के लिए कई बार अभियंता को अवगत कराया गया फिर भी समस्या का समाधान नहीं हो सका। उन्होंने बताया कि अधिकारियों की इस लापरवाही से नाराज सांसद ने तत्काल फोन पर ही अभियंता को कड़ी फटकार लगाई। इसके बाद अधिकारियों ने इस मार्ग की मरम्मत के लिए समय मांगा।

सांसद को शिकायती पत्र सौंपते लोग।

50 एफपीओ का दल जबलपुर रवाना

बस को रवाना करते सांसद उपेंद्र रावत।

बाराबंकी, अमृत विचार : मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के तहत 20 विभागीय कार्मिकों और 50 कृषक उत्पादक संगठन प्रतिनिधियों का दल रविवार को उप कृषि निदेशक कार्यालय से सांसद उपेन्द्र सिंह रावत द्वारा हरी झण्डी दिखाकार रवाना किया गया। यह दल मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित जवाहर लाल नेहरू कृषि विवि भेजा गया है। दल 5 से 7 फरवरी तक विवि में प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटेगा।

ई-हेल्थ कार्ड बनाने वाला पहला कॉलेज बना जीएसवीएम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज प्रदेश का पहला कॉलेज है जिसने एमबीबीएस छात्रों का ई-हेल्थ कार्ड बनाकर उनकी जांच शुरू की है। ई-हेल्थ कार्ड की मदद से अब एमबीबीएस छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य संबंधित जांच हर छह माह में की जाएगी। उनका स्वास्थ्य संबंधित यह डाटा जीएसवीएम में सुरक्षित रहेगा।

एमबीबीएस छात्र व छात्राएं अध्ययन के दौरान अपनी सेहत पर ध्यान नहीं दे पाते, जिस वह से उनको बाद में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लेकिन ई-कार्ड बनने से अब ऐसा नहीं हो सकेगा। जीएसवीएम के सभी एमबीबीएस छात्र व छात्रों का हर छह माह में स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। इसके लिए प्राचार्य प्रो. संजय काला ने स्वास्थ्य कमेटी का भी गठन किया है। कमेटी में अध्यक्ष उप प्राचार्य प्रो. रिचा गिरी, नोडल डॉ.सीमा द्विवेदी, सभी विभागाध्यक्ष, हॉस्टल वार्डन व कैंपस प्रभारी शामिल हैं। रविवार को ईएनटी, नेत्र रोग, मेडिसिन, सर्जरी, प्रसूति एवं स्त्री रोग, मनोविज्ञान समेत सात क्लीनिकल विभागों ने पैरा आर-2 के 250 एमबीबीएस छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

आयोजन पुलिस लाइन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक ने प्रशस्ति पत्र देकर बढ़ाया उत्साह

अपराध नियंत्रण में बेहतर कार्य करने वाले पुलिसकर्मी सम्मानित

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

अमृत विचार: पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने रविवार को उन पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया जिन्होंने अपराध नियंत्रण में सराहनीय योगदान किया। सम्मानित होने वालों में दोनों अपर पुलिस अधीक्षक व सीओ सिटी भी शामिल हैं।

पुलिस लाइन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में एसपी ने एएसपी उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा, एएसपी दक्षिणी डॉ. अखिलेश नारायण सिंह व सीओ नगर डॉ. बीनू सिंह, सीओ सदर सुमित त्रिपाठी, सीओ लाइन्स/यातायात जगतराम कनौजिया, सीओ रामनगर आलोक पाठक, सीओ रामसनेहीघाट जटाशंकर मिश्र, सीओ हैदरगढ़ जयेन्द्र नाथ अस्थाना, सीओ फतेहपुर रघुवीर सिंह, सीओ चुनाव हर्षित चौहान को राजकीय व सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करने के साथ सुदृढ़ कानून व्यवस्था के सृजन हेतु अधीनस्थों का कुशल मार्गदर्शन कर अपराध नियंत्रण की स्थिति बनाए रखते हुए उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने प्रतिसार निरीक्षक सुभाष चन्द्र मिश्र, उत्कृष्ट कार्य करने वाले थाना प्रभारी व जनपद के समस्त शाखा प्रभारियों उप निरीक्षकों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को ऐसे ही ईमानदारी व पूर्ण मनोयोग से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

सम्मानित किए गए अधिकारियों व पुलिसकर्मियों के साथ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह। अमृत विचार

सीओ सिटी बीनू सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते पुलिस अधीक्षक।

अनिर्वेदः श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्णः सुखं चानन्त्यमश्नुते॥

अपने काम में लगे रहने वाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।

संपादकीय

बड़ी पहल

टेक अरबपति एलन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक ने पहली बार किसी इंसान में अपने मस्तिष्क-कंप्यूटर-इंटरफेस चिप को प्रत्यारोपित किया है। शुरुआती संकेतों के मुताबिक यह प्रयोग सफल भी रहा। न्यूरालिंक की यह पहल बड़ी है। इसलिए यह कदम मानव जीवन में विज्ञान और टेक्नोलॉजी की भूमिका के नए दौर की शुरुआत साबित हो सकता है। न्यूरालिंक का मिशन मस्तिष्क से संबंधित शारीरिक विकारों का इलाज करना और अंततः, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के साथ मानव चेतना को जोड़ना है। न्यूरालिंक ने सिक्के के आकार का एक डिवाइस बनाया है। यह डिवाइस कम्प्यूटर, मोबाइल फोन या किसी अन्य उपकरण को ब्रेन एक्टिविटी से सीधे कंट्रोल करने में सक्षम करता है। पक्षाघात से पीड़ित व्यक्ति दिमाग में चिप के प्रत्यारोपित होने के बाद केवल सोचकर माउस का कर्सर मूव कर सकेंगे। मस्क ने वर्ष 2016 में स्टार्टअप न्यूरालिंक को शुरु किया था। इसके माध्यम से अल्जाइमर, डिमेंशिया और रीढ़ की हड्डी जैसी समस्याओं का इलाज करने में मदद करने लिए मानव मस्तिष्क में एक कंप्यूटर को प्रत्यारोपित करने का लक्ष्य है। इस परियोजना से मस्क का दीर्घकालीन लक्ष्य मनुष्यों और एआई के बीच संबंधों का पता लगाना है। न्यूरालिंक के मुताबिक ट्रायल उन लोगों पर किया जा रहा है, जिन लोगों को सर्वाइकल स्पाइनल कॉर्ड में चोट या एमियोट्रोफिक लेटरल स्क्लेरोसिस के कारण क्वाड्रिप्लेजिया है।

इस ट्रायल में हिस्सा लेने वालों की उम्र न्यूनतम 22 साल होनी चाहिए। शोध को पूरा होने में करीब छह साल लगेंगे। पिछले दिनों मस्क ने दावा किया कि यह चिप सुरक्षित है। इसकी मदद से बंदर ने पोंग नाम का आर्केड खेल खेलना सीखा। यह समझना महत्वपूर्ण है कि यदि प्रौद्योगिकी मनुष्यों में काम करती है तो यह लाखों लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार कर सकती है। यह तकनीक आश्चर्यजनक जोखिमों के साथ आती है। क्योंकि ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस (बीसीआई) अमूर्त का भी पता लगा सकता है तथा रिकॉर्ड और संचारित भी कर सकता है। मस्तिष्क के संकेतों को प्राप्त करते हैं, उनका विश्लेषण करते हैं जिससे मानवीय विचार असुरक्षित हो जाते हैं। बड़े पैमाने पर समाज के लिए नैतिक जोखिम भी हैं जो न्यूरालिंक से भी आगे जाते हैं। कई कंपनियां ऐसी तकनीक विकसित कर रही हैं जो मानव मस्तिष्क से जुड़ती हैं। हमारे दिमाग में क्या चल रहा है उसे डिकोड कर सकती है और मानसिक गोपनीयता को खत्म करने की क्षमता रखती है। मस्क और उनकी टीम को अनुसंधान के ईमानदारी प्रति ईमानदार प्रतिबद्धता बनाए रखनी होगी। जो आने वाला है उसके लिए हमें खुद को तैयार करना होगा।

देश में एचपीवी वैक्सीन का असर 2030 तक ही दिखेगा

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

बात सन् 1979 से शुरू होती है जब महिलाओं में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से पीड़ित होने की संभावना को ध्यान में रखते हुए दिल्ली के मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज परिसर में 'साईटोलॉजी रिसर्च सेंटर' की स्थापना भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने की थी। इसकी जिम्मेवारी डॉ. उषा लूथरा को दी गई थी।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने सन 2023 में सात प्रादेशिक सरकारों को सूचित किया कि वे ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी वैक्सीन) के विरुद्ध प्रतिरक्षात्मक टीकाकरण के लिए तैयारी करें जिसके अंतर्गत 9 से 14 वर्ष की वय की बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन की खुराक दी जाएगी। सन 2025 के अंत तक पूरे देश में करीब 70 लाख बालिकाओं को इस टीके की खुराक लगा दी जाएगी जिसके बाद अतिरिक्त 11 लाख बालिकाओं को यह टीका लगाया जाएगा। लोकसभा में इस साल का बजट पेश करते हुए वित्तमंत्री ने अपने भाषण में जिक्र किया है कि महिलाओं को गर्भाशय ग्रीवा (कैंसर ऑफ़ द यूट्राइन सर्विक्स) के कैंसर से बचाने के लिए देशव्यापी टीकाकरण अभियान की शुरुआत जल्दी ही की जाएगी। इसके लिए वित्तीय प्रावधान किए गए हैं।

बात सन 1979 से शुरू होती है जब महिलाओं में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से पीड़ित होने की संभावना को ध्यान में रखते हुए दिल्ली के मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज परिसर में 'साईटोलॉजी रिसर्च सेंटर' की स्थापना भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने की थी। इसकी जिम्मेवारी डॉ.उषा लूथरा को दी गई थी। परिषद मुख्यालय में उस समय डिवीज़न ऑफ़ नॉन-कम्युनिकेबल डिजीजेज़ की वे मुखिया भी थीं। बाद में इसे इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइटोलॉजी एंड प्रिवेंटिव ऑन्कोलॉजी बनाया गया और सन 2016 अपग्रेड करके नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ कैंसर प्रिवेंशन एंड रिसर्च का दर्ज़ा दिया गया जिसे नोएडा (उत्तरप्रदेश) में स्थानांतरित गया। डॉ.उषा लूथरा, मॉलिक्यूलर बायोलॉजिस्ट डॉ.भूदेव दास और अन्य वैज्ञानिकों ने मिलकर एचपीवी की स्क्रीनिंग के लिए एक ग्रुप बनाया था। दिल्ली में चलाए जाने वाले इस प्रोजेक्ट में उन महिलाओं में पैपिलोमा वायरस के संक्रमण और इसके बढ़ाव से कैंसर होने की बाबत पता लगाया जाना था।

स्क्रीनिंग का काम अब तो बेहद उन्नत हो गया है। नोएडा स्थित इंस्टिट्यूट ने कैंसर अस्पतालों में आने वाली संक्रमित महिलाओं की जांच और पुष्टिकरण के लिए सन 2019 में 'ट्रेनिंग मैन्युअल ऑन सर्विकल कैंसर स्क्रीनिंग यूजिन्ग विजुएल इंस्पेक्शन विद एसिटिक एसिड' प्रकाशित किया।

पॉलीमरेज़ चैन रिएक्शन विधि से भी विषाणु की उपस्थिति और इसकी किस्म (करैक्ट्राइज़ेशन एंड टाइपिंग) को जांचा जाता है। उक्त स्टडी के चलते 'कंट्रोल' ग्रुप की कुछ महिलाओं को वास्तव में कैंसर हुआ जिसे लेकर बाद में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़ इंडिया की बृंदा करात ने काफी हंगामा इस बात को लेकर किया था कि जिन्हें स्टडी के दौरान कैंसर हुआ उनका इलाज़ क्यों नहीं किया गया और जीवन बीमा क्यों न हुआ जबकि यह संभावना प्रबल थी कि इनमें से कुछ को कैंसर हो सकता है? भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् की ओर से खेद व्यक्त किया गया था। लेकिन बाद में परिषद ने अपनी छोटी-सी, सन 1980 में प्रकाशित 'एथिक्स गाइडलाइन्स' को व्यापक रूप देने के लिए विशेषज्ञों को लेकर कई बैठकें की थीं जिनके बाद सन 2023 तक इससे संबंधित विषयों पर एक दर्ज़न संस्करण निकाले जा चुके हैं लेकिन सन 2006 के मूल दस्तावेज़ 'एथिकल गाइडलाइन्स फॉर बायोमेडिकल रिसर्च ऑन ह्यूमन पार्टिसिपेंट्स' को 2017 में रिवायिज़ किया गया था। रिवायिज़ करते समय यह ध्यान रखा गया कि इसे 'ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट' के शेड्यूल 'वाई' के अनुकूल रखा जाय। इसके अलावा 'नेशनल गाइडलाइन्स फॉर बायोमेडिकल रिसर्च इनवॉल्विंग चिल्ड्रेन' का प्रकाशन सन 2017 में किया गया। इतना कार्य आईसीएमआर की 'बायो-एथिक्स यूनिट' ने पिछले 23 साल में तंत्र को मजबूत करने के लिए किया। अब ये गाइडलाइन्स विश्व-स्तर की हैं।

कहानी का एक पक्ष ऐसा भी है जिसने भारत में सरकार के चालू यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम के अंतर्गत एचपीवी वैक्सीन लगाने के ताजा अभियान को अत्यंत सावधानी से लागू करने की सीख दी। हुआ यह था कि सन 2007 में 'पाथ' (प्रोग्राम फॉर एप्रोप्रियेट टेक्नोलॉजी इन हेल्थ) नामक अंतरराष्ट्रीय गैर-सरकारी संस्था ने भारत सरकार की अनुमति से देश में जिला वड़ोदरा और छोटा उदेपुर के दभोई, शिनोर और क्वांट कस्बे के निकट के गांवों और आंध्रप्रदेश के जिला खम्माम के कोठगुदम, तिरुमल्याप्लेम और भद्राचलम ब्लाक के गांवों में ग्लोबल प्रोग्राम के हिस्से के बतौर एक प्रोग्राम -'एचपीवी वैक्सीनः एविडेंस फॉर इम्पैक्ट', चालू किया। इसके लिए पूरा पैसा बिल एंड मेलिंदा गेट्स फाउंडेशन ने दिया था। योजना के अंतर्गत तीन स्तरों पर दोनों ठिकानों में रहने वाली 10 से 14 वर्ष की करीब 25-30 हजार बालिकाओं को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस से बचाव करने हेतु टीका लगाना था, जिसे 24777 बालिकाओं को ही वास्तव में लगाया जा सका था। इसका परीक्षण भारत से बाहर पेरू, उगांडा और वियतनाम में भी साथ के साथ किया जाना जारी था। टीका विकास के लिए यह अध्ययन चौथे स्तर (फेज़-4) के लिए था जिसमें मनुष्य को दवा खिलाकर या टीका लगाकर प्रभाव की जांच की जाती है। इसे 'लायसेन्स-पश्चात' किया जाने वाला अध्ययन कहते हैं। ऐसे अध्ययनों के सांख्यकीय नतीजे अगर 95 प्रतिशत तक कामयाब माने जाएं तो दवा को बाज़ार में मुक्त बिक्री के लिए अनुमति दे दी जाती है। भारत में इस अध्ययन के लिए टीकाकरण का तीसरा फेज़ समाप्त होने से पहले 'एक्सपेरिमेंटल ग्रुप' में 7 बालिकाओं की मृत्यु हो गई -खम्माम में पांच और छोटा उदेपुर से दो। ये सभी बालिकाएं भारत के आदिवासी समुदाय से निम्न आय वर्ग और गरीब परिवारों से थीं।

मर्क दवा कंपनी की एचपीवी वैक्सीन का ब्रांड नाम गरडासिल है जिसे खम्माम की बालिकाओं को लगाया गया और गुजरात की बालिकाओं को ग्लेक्सो का 'सर्वारिक्स' टीका लगाया गया था। बाद में हुए अध्ययनों से मालूम हुआ कि भारत द्वारा विकसित की गई सर्वावैक और गरडासिल वैक्सीन्स में कारगरता और सेफ्टी को लेकर कोई ख़ास अंतर नहीं है। मीडिया के माध्यम से जब इन बालिकाओं की मृत्यु की बात उजागर हुई और इसके लिए एचपीवी टीका के शरीर पर विषाक्त प्रभाव या एडवर्स रिएक्शन से ऐसा हुआ माना गया तो इसका संज्ञान लेते हुए न केवल अध्ययन को सन 2010 में रोक दिया गया। प्रोफेसर एसएस अग्रवाल की अध्यक्षता वाली कमेटी ने फरवरी 2011 में इस अध्ययन के दौरान 'पाथ' द्वारा की गई त्रुटियों को बताने के अलावा अपनी सिफारिशों में तंत्र को और मजबूत बनाने की भी सिफारिश की है ताकि ट्रायल्स सुरक्षित रहें। 'पाथ' संस्था द्वारा भारत में एचपीवी टीका परीक्षण के दौरान 'एलेज्ड इर्रेगुलरिटीज़ इन द कंडक्ट ऑफ़ स्टडीज़ यूजिंग ह्यूमन पेपिलोमा वायरस वैक्सीन' नाम से यह रिपोर्ट अब पब्लिक डोमेन में आईसीएमआर की ऑफिसियल वेबसाइट पर देखी जा सकती है। इस जांच रिपोर्ट और देश के यूनिवर्सल टीकाकरण कार्यक्रम सदृश्य एचपीवी टीकाकरण को लागू करने के बीच के ग्यारह साल में टीकों के विकास और प्रोडक्शन की टेक्नोलॉजी, परीक्षण पूर्व टॉक्सिसिटी स्टडीज, मनुष्यों पर परीक्षण की पद्धति, वेलिडेशन के लिए सांख्यकीय अध्ययन, एथिकल स्टैंडर्ड्स एंड प्रेक्टिसेस और फॉलो-अप को लेकर बहुत बदलाव हो गए हैं। देश में विभिन्न तरह के कैंसर संबंधी आंकड़े भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद की कैंसर रजिस्ट्री की रिपोर्ट्स में उपलब्ध है। ये सब पब्लिक डोमेन में राष्ट्रीय रोग सूचना विज्ञान और अनुसंधान केंद्र, बंगलुरु की वेबसाइट पर अपलोड किए जाते रहे हैं।

एचपीवी का टीका बालिकाओं को लगाया जाना इसलिए जरूरी है कि कुछ समय बाद जब वे यौनिक रूप से सक्रिय हो जाएं और जीवन शैली, रहन-सहन के परिवेश, आदतों और किन्हीं और वजहों से एचपीवी विषाणु के संक्रमण की चपेट में आएं या संक्रमण होने की तीव्र संभावना वाली परिस्थितियों से गुजरें तो संक्रमण से वे बची रहें। सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंडिया द्वारा विकसित टीके को लेकर इसके सुरक्षित होने, दीर्घ काल तक प्रतिरक्षण की क्षमता बनाए रखने पर तसल्लीबक्श वैज्ञानिक अध्ययन किए गए हैं। भारत सरकार की शासकीय नीति के अनुसार फिलवक्त इसे यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम के अंतर्गत निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। यह संतोषप्रद है कि बालिकाओं को लगाए जाने वाली अपनी भारतीय वैक्सीन 'सर्ववावैक' की सिर्फ एक ही खुराक विषाणु के सक्रिय विभेदों के विरुद्ध प्रतिरक्षा प्रदान करने में सक्षम है। अभी यह रुपये 200-400 की है। उम्मीद है सन 2030 तक देश में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से पीड़ित होने वाली महिलाओं की संख्या में 'वैक्सीन प्रभाव' से अत्यधिक कमी हो सकेगी।

प्रसंगवश

लोक की शक्ति

यदि मन में लोक के प्रति अश्रद्धा, उदासीनता और तिरस्कार का भाव हो तो लोकतंत्र की बड़ी-बड़ी बातें बघारना छल के अतिरिक्त और क्या हो सकता है? स्वतंत्रता की लड़ाई सामान्य जन ने लड़ी, लोक ने लड़ी, लड़ाई में सामान्य जन जीता और जनतंत्र प्रतिष्ठित हुआ। यह जनतंत्र की ही टेर थी कि सिंहासन खाली करो कि जनता आती है।

उस समय जनता को जनार्दन कहा जाता था। न जाति की बात थी और न धर्म की, लेकिन जैसे-जैसे स्वतंत्रता निकट आती दिखी वैसे ही सत्ता का मोह जग गया और लोक की शक्ति को विखंडित करने के औजारों पर धार धरी जाने लगी। इस कार्य में गोरे राजा उनको प्रोत्साहित कर रहे थे। ये औजार धर्म या मजहब के हों या जाति बिरादरी के। स्वतंत्रता की लड़ाई में तो समान्य जन ही था, किंतु अब जाति भी आगे आ गई और मजहब भी आगे आ गया। लोकशक्ति विभाजित हुई, देश का विभाजन हुआ। लोकशक्ति के प्रतीक गांधी अलग थलग पड़ गए। स्वतंत्रता के बाद जैसे-जैसे राष्ट्रीय आंदोलन के मूल्य पृष्ठभूमि में धकेले जाते रहे, वैसे-वैसे जनता को मूर्ख समझा और बनाया जाने लगा। एक विचार समूह घोषित रूप में कहता था कि भारत में जनतंत्र सफल नहीं हो सकता। यहां तो तानाशाही से ही शासन चल सकता है। दूसरा विचार समूह क्रांति के सपने देखता रहा, उसके मन में भी कहीं न कहीं अधिनायक बैठा हुआ था। इस वर्ग ने लोकतंत्र को कभी वरीयता नहीं दी। हालांकि चुनाव में दोनों वर्ग उतरते रहे और जनता को माई बाप भी कहते रहे। विचार में कुछ और भाषण में कुछ और तथा व्यवहार में कुछ और। परिणाम जो होना था, सो हुआ, जो कुछ हुआ और हो रहा है, वह किसी एक दिन या एक पार्टी की बात नहीं है। वह प्रक्रिया है, जो तभी से चलती रही है।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

वह विचार समूह, जो जाति के आयुध को लेकर यह लडाई लड़ना चाहता है, लोक के विरुद्ध है। इसका समाधान लोक जागरण के अतिरिक्त कोई हो ही नहीं सकता। चौबीस के चुनाव की बात कर रहे हैं, खूब करते रहें, स्थिति में कोई बड़ा सुधार होता हुआ नहीं दिख रहा है। लोक की शक्ति को पहचाने बिना कोई संभावना नहीं है। और आज तो भूमंडलीय शक्ति छाती पर छज्जे धर चुकी है।

साइबर क्राइमः बड़े धोखे हैं इस राह में

गीता यादव
वरिष्ठ पत्रकार

साइबर एक्सपर्ट बताते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में सोशल मीडिया पर फोटो व वीडियो अपलोड करने का शौक भी लोगों में तेजी से बढ़ा है।

दुनियाभर के लोग इंस्टा और फेसबुक जैसे प्लेटफार्म पर मिलते हैं और दोस्त बन जाते हैं। हाल के दिनों में ऑनलाइन प्यार की ऐसी कई कहानियां सामने आईं जिनमें लोगों ने सरहद तक को पार कर दिया, लेकिन देखने में जो सोशल मीडिया रोमांचक है, उसके खतरे भी हजार हैं। क्योंकि जब चैटिंग से शुरू हुई दोस्ती का सफर छेड़खानी, दुष्कर्म, यौन शोषण, शादी के नाम पर झांसे और आर्थिक शोषण से खत्म होता है, तब स्थिति बहुत दुखदायी हो जाती है।

पुलिस आंकड़ों पर गौर करें तो फेसबुक या अन्य सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती करके शादी करने का झांसा देने और होटल में बुलाकर दुष्कर्म करने जैसे मामले भी लगातार बढ़ रहे हैं। दुष्कर्म के मामलों में 30 से 40 फीसदी मामले इसी तरह के होते हैं। वर्चुअल चैट्स और वीडियो कॉलिंग के जरिए मुलाकातों ने अपराधियों के लिए नए-नए रास्ते खोल दिए हैं। पिछले एक साल में डिजिटल रोमांस स्कैम की संख्या में भी 40 फीसदी की वृद्धि हुई है। एशिया के कई देशों में ये ऑनलाइन रोमांस स्कैम धड़ल्ले से चल रहा है। भारत ही नहीं विदेशों में भी बड़ी संख्या में लोग ऑनलाइन स्कैम के शिकार हो रहे हैं, लेकिन सिर्फ 20 फीसदी लोग ही इसकी शिकायत पुलिस से करते हैं।

न्यूयॉर्क में कराए गए कॉम्बैटिंग ऑनलाइन वायलेंस अगेंस्ट वुमन एंड गर्ल्स : अ वर्ल्ड वाइड वैकअप नाम के सर्वे में लगभग 86 देशों का अध्ययन किया गया जिससे सामने आया कि इंटरनेट का इस्तेमाल करने वाली लगभग तीन चौथाई महिलाएं किसी न किसी किस्म की साइबर हिंसा का शिकार होती हैं। सर्वे में ये बात भी सामने आई कि भारत में साइबर अपराध के मामलों में शिकायत करने में महिलाओं की संख्या काफी कम है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में केवल 35 फीसदी महिलाओं ने साइबर अपराध की शिकायत की, जबकि 46.7 फीसदी पीड़ित महिलाओं ने शिकायत ही नहीं की। वहीं 18.3 फीसदी महिलाओं को इस बारे में कोई जानकारी ही नहीं थी। दिल्ली एनसीआर में एक गैंग ने करीब 700 महिलाओं के साथ ठगी की और ये ठगी इंस्टाग्राम पर दोस्ती करके अंजाम दी गई।

साइबर एक्सपर्ट बताते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में सोशल मीडिया पर फोटो के साथ-साथ वीडियो अपलोड करने का शौक भी लोगों में तेजी से बढ़ा है। कोई रील्स बनाकर डालता है, कोई बच्चे का वीडियो डालता है, लेकिन अब ये भी बेहद खतरनाक बनता जा रहा है, क्योंकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए आवाज चुराई जा रही है। बाद में उसका इस्तेमाल आपको ठगने के लिए किया जा सकता है। आजकल हनी ट्रैप की घटनाएं भी चर्चा में हैं। आपके व्हाट्सएप या मैसेंजर पर किसी अज्ञात नंबर/प्रोफाइल से लड़की/लड़के द्वारा आपसे चैटिंग की जाती है। उसके बाद उसके द्वारा वीडियो कॉल किया जाता है और जैसे ही आप वीडियो कॉल उठाते हैं तो स्क्रीन रिकॉर्डिंग के माध्यम से उसके द्वारा आपकी 10-15 सेकेंड की एक वीडियो क्लिप बना ली जाती है और उस क्लिप को एडिट कर आपको ब्लैकमेल किया जाता है और वीडियो डिलीट कराने के लिए पैसे की मांग की जाती है।

एक सर्वे के अनुसार सोशल मीडिया पर 36 फीसदी लड़कियों को अजनबियों द्वारा परेशान जाता है। वहीं 32 फीसदी को फेक आईडी सोशल मीडिया यूजर्स अपशब्द और अश्लील मैसेज भेजते हैं। इसके परिणामस्वरूप ऑनलाइन उत्पीड़न ने 42 फीसदी महिलाओं को मानसिक और भावनात्मक रूप से तनावग्रस्त कर दिया है। यही कारण है कि पांच में से एक लड़कियों ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म से उचित रूप से दूरी बना ली है। ऐसी ही ऐप्स को लेकर अंतर्राष्ट्रीय अपराधिक पुलिस संगठन इंटरपोल ने पिछले साल दुनिया के 194 देशों को अलर्ट जारी किया था। इसमें भारत भी शामिल है। अलर्ट के मुताबिक इंटरनेट मीडिया पर अनजान लोगों से दोस्ती करने से बचें। अपने प्रोफाइल में निजी जानकारियों को शामिल न करें। हमेशा प्रोफाइल को सत्यापित करें और उसकी जांच करें।

वित्तीय अनुरोध करने वाले ऑनलाइन प्रेमी-प्रेमिकाओं से सावधान रहें। ऑनलाइन लिंक और इंटरनेट मीडिया पर किसी भी तरह के ऑफर और लालच में न आएं। कोई रुपयों की मांग करता है तो पहले जांच लें। फिर भी अगर आप ठगी का शिकार हो जाते हैं तो तुरंत साइबर हेल्प लाइन नंबर और अपने नजदीकी साइबर थाने में लिखित शिकायत दें। इस तरह की सावधानियों को ध्यान में रखकर ही इस परेशानी से बचा जा सकता है। ऑनलाइन धोखाधड़ी आर्थिक घोटाला ही नहीं है, बल्कि इसमें पीड़ित को भावनात्मक क्षति भी होती है। उसके लिए भविष्य में किसी पर भी आसानी से भरोसा करना मुश्किल हो जाता है।

सोशल फोरम

बात बात में बात

बातचीत में रिश्तों का निजी समीकरण क्यों बन जाता है? तोता-मैना संवाद प्राचीन काल से प्रसिद्ध है। 'सर्मन ऑफ द माउंट' भी बातचीत ही तो है। बैरिस्टर गांधी ने 39 साल की उम्र में 'हिंद स्वराज' नाम की किताब एक बातचीत के रूप में ही लिखी। उसमें पाठक के सवालों का जवाब संपादक देते हैं। बड़ी से बड़ी लड़ाई हो तो भी देशों के बीच में आखिर मामला बातचीत से ही हल होता है।

कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

बातचीत नहीं हो, तो रिश्ते बिगड़ जाते हैं। पति-पत्नी में यदि बातचीत बंद हो जाए तो वह घर रहने लायक नहीं रहता। सास-बहू की बातचीत, ननद-भौजाई की बातचीत, बाप-बेटे की बातचीत, दोस्तों की बातचीत सबके तेवर और रंग-ढंग अलग-अलग होते हैं। यह मनुष्य ही है जिसके पास बोली है और उसके पास भाषा है। अन्य किसी प्रजाति में यानि पशु और पक्षियों में भाषा कहां होती है? इसलिए बातचीत करना सबको सुहाता है। कई बार मतभेद हो तो भी लोग लड़ते-लड़ते बातचीत ही तो करते हैं।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 में हर नागरिक को 26 जनवरी 1950 से अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार दिया गया है। मेरा बोलने का अधिकार वहां से आता है। आप नहीं सुनना चाहें तो वह अधिकार भी आपको वहीं से आता है। बातचीत सुनकर अगर आप कुछ कहना, लिखना चाहें तो भी यह अधिकार आपको वहीं से आता है।

डिजिटल क्रांति के जमाने में अब कान ही आंखों के ऊपर भारी पड़ रहे हैं। स्कूली बच्चों के कान उमेठे जाते हैं। चुगलखोरी के मामले में कहा जाता है कि आप उनकी बात पर कान मत धरें। कोई जबरिया सुनाना चाहता है तो कहते हैं कान में तेल डाल लो। उंगली डाल लो।

बातें तो तरह-तरह की होती हैं। बातें कभी अच्छी लगती हैं। कभी चुभ जाती हैं। कभी लोग कहते हैं कि बात निकली है तो दूर तलक जाएगी। इतिहास में कई लोगों ने यादगार बातें की हैं। मसलन श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र के मैदान पर खड़े होकर अर्जुन से बात ही तो की थी। उसे ही तो बाद में गीता की पोथी बनाकर ज्ञान की खदान कह दिया गया। शेक्सपियर के भी चरित्र मार्क एंटनी ने शानदार भाषण किया और बोलने के इतिहास में अमर हो गया।

-फेसबुक वॉल से

बात हो कि क्या पढ़ रहा है भारत

संजय वर्मा
इंदौर

हमारे स्कूल-कॉलेज के पाठ्यक्रम हर व्यक्ति को वैज्ञानिक बनाने के हिसाब से डिजाइन किए गए हैं, जबकि न हमें इतने वैज्ञानिकों की जरूरत है न हर एक बच्चा इतना प्रतिभाशाली होता है।

मुझे सबसे ज्यादा दुख तब होता है जब मेरे यहां कोई नौकरी मांगने आए और मैं उसे काम पर न रख सकूं। पिछले दिनों ऐसा ही एक दुखद वाकया हुआ। एक लड़का आया। उम्र 28 साल। पिता नाव चलाते हैं बेहद गरीब हैं। शिक्षा डबल एमकॉम। काम का अनुभव कुछ नहीं। मैंने उससे पूछा आप टैली पर बिल एंट्री कर लेंगे? उसने कहा - नहीं। कंप्यूटर का ज्ञान? नहीं। फिर मैंने हिसाब-किताब के दो-चार सवाल पूछे। उसने सारे जवाब गलत दिए। हारकर मैंने उसे किराने के सामान की एक लिस्ट बनाकर दी और उसके भाव अलग से लिख कर दिए और फिर उसका हिसाब बनाने को कहा। वह, वह भी नहीं कर पाया।

मैंने पूछा एमकॉम तक तो ठीक था पर तुमने डबल एमकॉम क्यों किया? उसने कहा मेरी मां चाहती थी मैं पढ़ाई जारी रखूं। मैं उसे नौकरी नहीं दे पाया। मुझे दुख है, पर अपराध बोध नहीं। उसके दोषी वे स्कूल कॉलेज हैं जिनकी फीस गरीब मां-बाप ने अपना पेट काटकर इस उम्मीद में भरी कि वे उनके बच्चे को कोई ऐसा ज्ञान, कोई ऐसा हुनर सिखाएंगे जो उसे रोजी-रोटी देगा। इस लड़के के मां-बाप को उन तमाम स्कूलों-कॉलेजों पर मुकदमा दायर करना चाहिए। यह पैसा और समय लेकर बदले में कोई सेवा न देने का मामला है, जिसे कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट के तहत रजिस्टर किया जाना चाहिए। मुझे इन स्कूल-कॉलेज से दो शिकायतें हैं। पहले कि वे अपना काम नहीं कर रहे। दूसरी कि वह किसी नौजवान को हम जैसे संभावित एंप्लॉयर के पास जाने से चार-पांच साल तक रोके रखते हैं। यदि हमें कोई बच्चा 18 साल की उम्र में मिल जाए तो दो-चार साल में हम उसे ठोक-पीटकर आदमी बना देंगे। हमारा रोना यह है कि स्कूल-कॉलेज उसे 23-24 की उम्र तक बेवजह बंधक रखते हैं। लड़का जब हमारे पास आता है तो उसके पास सीखने का समय ही नहीं है, उसे अगले साल शादी करनी है। फिर परिवार चलाने के लिए उसे तुरंत पैसा चाहिए और मुसीबत ये कि उसके पास कोई हुनर नहीं है। हमारे स्कूल-कॉलेज के पाठ्यक्रम हर व्यक्ति को वैज्ञानिक बनाने के हिसाब से डिजाइन किए गए हैं, जबकि न हमें इतने वैज्ञानिकों की जरूरत है न हर एक बच्चा इतना प्रतिभाशाली होता है। हमारा पहला लक्ष्य बच्चों को कोई ऐसा हुनर सिखाना है कि वह रोजी कमा सके। शिक्षा से चरित्र और व्यक्तित्व निर्माण होना होता तो तमाम आईएएस ऑफिसर ईमानदार देशभक्त होते।

पिछले कुछ सालों से स्कूल-कॉलेजों की बाढ़ आई है। यह अच्छी बात है कि भारत पढ़ रहा है, पर भारत क्या पढ़ रहा है और उसका जिंदगी से क्या संबंध है, इस पर भी कोई बात करे। यदि एमकॉम पास व्यक्ति एक बिल नहीं बना सकता तो ऐसी पढ़ाई को कूड़े में डाल देना चाहिए। पिछले दिनों 'असर' की एक रिपोर्ट आई थी जिसमें बताया गया की दसवीं क्लास के बच्चे चौथी क्लास का गणित भी हल नहीं कर पा रहे ऐसी पढ़ाई से क्या फायदा है? मगर कोई सवाल नहीं कर रहा कि आप हमारे बच्चे को जो सिखा रहे हो उसे क्या काम आएगा? मैं अपनी बात करूं तो मुझे अब तक के व्यापार में मेरी इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट की डिग्री कहीं काम नहीं आई, जो जोड़, घटाव और गुणा भाग काम आ रहा है, वह तो मैंने पांचवी क्लास तक ही सीख लिया था।

असल में भारत को दिमाग से शोध करने वाले नहीं, हाथ से कम करने वाले हुनरमंद चाहिए। हमारी इंडस्ट्री में लोग परेशान हैं, उन्हें कारपेंटर्स नहीं मिल रहे, एसी मैकेनिक नहीं मिल रहे, फैक्ट्रियों को वेल्डर फिटर नहीं मिल रहे और इधर लाखों बेरोजगारों की फौज काम की तलाश में जोमैटो के डिलीवरी बॉय बनने की कतार में खड़ी है जिसमें कोई तरक्की नहीं।

पहले हुनर सीखने के लिए वर्ण व्यवस्था थी। यह व्यवस्था बेशक बुरी थी। अच्छा हुआ खत्म हो गई, पर समाज को, देश को इसका कोई विकल्प ढूंढना चाहिए था। हमें इस कॉलेजों के बजाय हजारों आईटीआई जैसे संस्थान खोलने चाहिए थे, पर नए तो छोड़िए जो हैं वे भी बदहाल हैं। आज से 30-40 साल पहले तक ग्रेजुएशन करना नौकरी मिलने की गारंटी थी। अब इस संबंध को खत्म हुए अरसा हो गया है, लेकिन भारत का समाज अभी भी इसी हैंगओवर में जी रहा है। तमाम गरीब लोग यह मानते हैं कि कॉलेज की पढ़ाई करना सुनहरे जीवन की गारंटी है।

हर साल लाखों बच्चे गांव से शहर पढ़ाई करने आ रहे हैं, क्योंकि खेती में कोई फायदा नहीं बचा है। इन बच्चों को कोई काम सिखाना, रोजगार के लायक बनाना हमारे स्कूल-कॉलेजों की सबसे पहली जिम्मेदारी होनी चाहिए जिसमें वह अब तक पूरी तरह नाकामयाब रहे हैं।

कौशल को निखारने की आवश्यकता

क्या भारत में योग्यता के अनुरूप नौकरियां, रोजगार और रोजी-रोटी की कमी है? किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व के उन्नयन के लिए कौशल योग्यता महत्वपूर्ण कारक है। योग्यता के कारण व्यक्ति अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता है जिससे वह परिवार, समाज, संगठन, व्यवस्था और राष्ट्र में महत्वपूर्ण भूमिका का निष्पादन कर सके।



डॉ. सुधाकर मिश्र
दिल्ली

बदलते भारतीय ज्ञान प्रणाली में कौशल की भूमिका को सर्वोपरि प्रत्यय माना जा रहा है। कौशल विकास के कारण व्यक्ति अपने जीविकोपार्जन के लिए सक्षम हो जाता है। भारत के ज्ञान प्रणाली में कौशल की उपादेयता बढ़ रही है। राष्ट्र (देश) के आर्थिक विकास और सामाजिक विकास के लिए कौशल विकास और ज्ञान प्रत्यय अति आवश्यक है। एक प्रतिवेदन के अनुसार देश की 53 प्रतिशत जनसंख्या (ऊर्जावान जनसंख्या) 30 वर्ष से कम है। इस आबादी के लिए स्थिर रोजगार एक चुनौती बना हुआ है। भारत की आबादी में योग्यता के अनुसार नौकरी की कमी है। जनसांख्यिकी संभावनाओं की प्रत्याशा में कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय ने पीएम गति शक्ति मास्टर योजना को तैयार किया है। इसके अंतर्गत उद्योगों और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के आसपास कौशल प्रशिक्षण की स्थापना की जा रही है।

भारत के आर्थिकी में कुशल कर्मचारियों की कमी को दूर करने में इससे काफी मदद प्राप्त होगी। एक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के मुताबिक 12-59 आयु वर्ग में 84 प्रतिशत भारतीयों को तकनीकी ज्ञान और प्रशिक्षण प्राप्त है। आवधिक श्रम बल सर्वे के अनुसार महिलाओं में 90 प्रतिशत है। भारत को ऊंचे लक्ष्य रखते हुए युवाओं को कुशल बनाकर विनिर्माण क्षेत्र में चीन को पछाड़ना होगा। यह बानगी तभी संभव है, जब कार्यबल की उत्पादक क्षमता और कौशल की गुणवत्ता में गुणात्मक उन्नयन हो सके।

एक नजर

आस्था ट्रेनों में अब यात्रियों को सात्विक भोजन

कानपुर, अमृत विचार : उदयपुर से अयोध्या जा रही आस्था ट्रेन में 1500 यात्रियों को पहली बार सात्विक भोजन दिया गया। ट्रेन सुबह 6:30 बजे की जगह बिफोर टाइम प्लेटफॉर्म छह पर 6:03 बजे आई और 6:40 बजे चली गई। सोमवार को इंदौर से आस्था ट्रेन में 1700 लोग अयोध्या जाएंगे। जिनकी खाने की व्यवस्था कानपुर सेंट्रल पर की जाएगी। इन यात्रियों को भी सात्विक भोजन दिया जाएगा। सात्विक भोजन में दाल, चावल, रोटी और सब्जी होती है और उसमें लहसुन व प्याज का प्रयोग नहीं किया जाता है।

लाखों के गबन में जूनियर इंजीनियर गिरफ्तार

फर्रुखाबाद, अमृत विचार : थाना शमसाबाद पुलिस ने ग्राम पंचायत के विकास कार्यों के धन का गवन करने वाले जूनियर इंजीनियर अशोक कुमार राजपूत को गिरफ्तार कर लिया। एटा के थाना मारहरा के ग्राम सिरसा बदन निवासी अशोक कुमार राजपूत लघु सिंचाई विभाग फतेहगढ़ में अवर अभियंता के पद पर तैनात थे। एसपी विकास कुमार ने बताया कि 5 जनवरी 23 को प्रधानों ने अधिकारियों से शिकायत की थी कि ग्राम पंचायत बेहटा बल्लू कासिमपुर तराई, समेचीपुर चितार एवं गुटेटी दक्षिण में विकास कार्य हेतु आए 16,27343 रुपये का गबन ग्राम विकास अधिकारी कपिल देव त्रिपाठी ने किया।

राम नाम का जयकारा लगाने वाले को धमकाया

फर्रुखाबाद, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी की ओर से घोषित लोकसभा उम्मीदवार नवल किशोर शाक्य ने सभा के दौरान राम का नाम लेने पर एक व्यक्ति को न सिर्फ धमकाया, बल्कि उसे बाहर भी निकाल दिया। नवल किशोर शाक्य कंपिल में एक सभा कर रहे थे।

आज से शुरू हो जाएगा मंदिर निर्माण के दूसरे चरण का काम

निर्माण कार्यों के दौरान जारी रहेगा दर्शन-पूजन ▶ निर्माण समिति की अंतिम दिन की बैठक के बाद ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने दी जानकारी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा महोसत्व सम्पन्न होने के बाद राम मंदिर के रुके हुए निर्माण कार्यों की प्रक्रिया सोमवार से शुरू कर दी जाएगी। दूसरे फेज में राम मंदिर के प्रथम और द्वितीय तल का कार्य होगा। परकोटे का भी निर्माण हो रहा है।निर्माण कार्य के दौरान रामलला का दर्शन-पूजन श्रद्धालु बिना बाधा के कर सकेंगे।यह जानकारी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने दी। उन्होंने बताया कि राम मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के अंतिम दिन रविवार को निर्माण कार्यों और जन्मभूमि परिसर को विकसित किए जाने की योजना पर मंथन हुआ है।

उन्होंने बताया कि सोमवार से जन्मभूमि परिसर में दूसरे फेज के अंतर्गत होने वाले निर्माण कार्य की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इसके अलावा परिसर में 70 एकड़ में निर्मित होने वाले यज्ञशाला या ऑडिटोरियम का उपयोग श्रद्धालु कर सकेंगे, इस पर भी गहनता से मंथन किया गया है। बताया कि जन्मभूमि परिसर से जुड़े स्थल पर एक ऑडिटोरियम तैयार करने की योजना है। ऑडिटोरियम में किसी कार्यक्रम के दौरान एक साथ पांच सौ लोग उपस्थित रह सकें। जल्द ही इसका विस्तृत विवरण सामने आ जाएगा। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि यात्री सुविधा केंद्र में 14 लॉकर काउंटर चल रहे हैं। एक लाकर काउंटर पर 360 लोगों के समान जमा हो रहा है। जल्द ही 12 नए काउंटर खोले जाने की तैयारी की जा रही है। साथ ही उसी स्थान पर एक हजार लोगों के विश्राम करने की व्यवस्था भी बनाई गई है। जहां बैठने के लिए फर्नीचर भी लगाया जा चुका है। आने वाले प्रत्येक श्रद्धालुओं के चरण पादुकाओं को भी रखने के लिए अलग से व्यवस्था उपलब्ध होगी। यह सभी सुविधाएं अगले 3 माह में मिलने लगेंगी।

प्रतिदिन आठ सौ श्रद्धालु उठा रहे चिकिसीय सुविधाओं का लाभ

राम जन्मभूमि परिसर में योग्य चिकित्सकों के निगरानी में अस्पताल का संचालन हो रहा है। प्रतिदिन आठ सौ श्रद्धालु सहित परिसर में कार्य करने वाले वर्कर इसका लाभ उठा रहे हैं। डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि अस्पताल में 10 बेड, दो आईसीयू बेड और दो एंबुलेंस भी उपलब्ध है। अस्पताल में ट्रस्ट ने सेवानिवृत्ति चिकित्सकों को रखा है। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग की ओर से भी सुविधा प्रदान की जा रही हैं। अस्पताल में कुल 15 चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध करा रहे है।

प्रतिदिन श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराया जा रहा अलग-अलग प्रसाद

राम मंदिर में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को अलग-अलग प्रकार के प्रसाद वितरित किए जा रहे हैं। ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि भक्तों के भाव के अनुरूप ट्रस्ट प्रतिदिन श्रद्धालुओं को प्रसाद उपलब्ध करा रहा है। राम मंदिर में आने वाले किसी भी भक्त को प्रसाद चढ़ाने की जरूरत नहीं है। प्रतिदिन प्रत्येक श्रद्धालु को अलग-अलग प्रसाद के रूप में लड्डू, बूंदी, इलायची दाना उपलब्ध कराया जा रहा है। यह आगे भी इसी तरह से प्रसाद लोगों को मिलता रहेगा।

23 जनवरी से अब तक आया 11 करोड़ रुपये का दान

राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम भक्तों के दान की प्रक्रिया भी बढ़ती जा रही है। ट्रस्ट के मुताबिक 23 जनवरी से तीन जनवरी तक रामलला को 11 करोड़ रुपए दान प्राप्त हुए हैं। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि श्रद्धालु नगद, चेक और यूपीआई के माध्यम से दान कर रहे हैं। इसके अलावा विदेशों से भी दान प्राप्त हो रहे हैं।

राम जन्मभूमि परिसर में होंगे पांच द्वार

राम मंदिर परिसर में पांच द्वार बनाए जाने की योजना श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा तैयार की जा रही है। आर्किटेक्ट के द्वारा इन द्वारों को बनाए जाने के लिए स्थान का चिनांकन कर उनके मॉडल और नक्शे को तैयार किया जा रहा है। इसके लिए यूपी आरएनएन को जिम्मेदारी दी गई है।

अगले एक वर्ष में दिव्य स्वरूप में दिखेगा रामकथा संग्रहालय

उत्तर प्रदेश के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौंप दिया है। अब इस संग्रहालय में आने वाले पर्यटकों श्रद्धालुओं के लिए तमाम व्यवस्थाएं और सुविधाएं उपलब्ध कराई जाने की तैयारी को लेकर नृपेंद्र मिश्र निर्माण इकाइयों के साथ योजना तैयार कर रहे हैं। अगले एक वर्ष में राम कथा संग्रहालय श्रद्धालुओं के लिए प्रस्तुत किया जा सके। इस पर भी काम शुरू कर दिया गया है।

राग महोसत्व : मैहर बैंड ने प्रस्तुत किये राम भजन

अयोध्या, अमृत विचार : श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में आयोजित राग महोत्सव के तहत रविवार को सतना मध्य प्रदेश के प्रख्यात मैहर बैंड ने श्रीराम भजन के साथ शास्त्रीय वाद्यवृंद के सुमधुर वादन प्रस्तुत कर श्री रामलला के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

सिद्धी विनायक के ट्रस्टी ने किया रामलला का दर्शन

अयोध्या, अमृत विचार : मुंबई के सिद्धी विनायक मंदिर के ट्रस्टी राजाराम देशमुख रविवार को फ्लाइट से अयोध्या पहुंचे। यहां उनका भव्य स्वागत हुआ। वह वहां से सीधे हनुमानगढ़ी और रामलला का दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने कहा कि रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद महाराष्ट्र के रामभक्तों में खुशी की लहर है। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर रविवार को 11 फ्लाइट आई और गई।

स्कूटी रोकने पर दरोगा को जड़े थप्पड़

कानपुर, अमृत विचार : कोहना थानाक्षेत्र के गंगा बैराज पर उस समय हंगामा मच गया जब बिना नंबर प्लेट की स्कूटी चला रही युवती ने रोकने पर दरोगा से अभद्रता कर थप्पड़ जड़ दिये। अभद्रता करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस मामले में पहले तो थाना पुलिस ने आंखें मूंद लीं लेकिन एसीपी कर्नलगंज तक बात पहुंचने पर उनके आदेश पर एफआईआर दर्ज कराई गई। उन्होंने युवती की पहचान के निर्देश दिए हैं। अमृत विचार अखबार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। गंगाबैराज स्टंट करने के मामले में सुर्खियों में बना रहता है। लिहाजा एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार ने पुलिसकर्मियों को गंगा बैराज क्षेत्र में अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। रविवार को भीड़-भाड़ के चलते पुलिसकर्मी तैनात थे। इसी दौरान एक युवती बिना नंबर प्लेट लगी स्कूटी लेकर वहां से गुजर रही थी। वहां तैनात दरोगा पवन कुमार ने उसे रोका और नंबर प्लेट न होने की वजह पूछी जिस पर युवती बहस करने लगी। कोहना थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने बताया कि युवती ने दरोगा से अभद्रता की तो वह वीडियो बनाने लगे जिस पर उन्हें धक्का दे दिया।

प्रयागराज : माघ मेले का डीआईजी ने लिया जायजा, बढ़ाई गई सुरक्षा

तैयारी

▸▸ तीसरे स्नान पर्व पर एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : माघ मेले में दो स्नान पर्व सकुशल बीत चुके है। मेला प्रशासन और मेला डीआईजी ने मौनी अमावस्या पर्व को लेकर मेले में रविवार को सुरक्षा व्यवस्था और घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान मेले में स्नान पर्व से पहले सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गयी है।

माघ मेले में दो स्नान पर्व बीतने के बाद से मेले की रौनक़ बढ़ने लगी है। मेले में प्रतिदिन भीड़ बढ़ रही है। तीसरे स्नान पर्व मौनी अमावस्या को लेकर अब मेला प्रशासन स्नान पर्व को सम्पन्न कराने में जुट गया है। मेला प्रशासन व मेला डीआईजी ने रविवार को मेले में व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए विशेष इन्तजाम करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। मेले में संगम समेत सभी घाट श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने की संभावना है। जहां लाखो श्रद्धालु संगम आने आस्था की डुबकी लगायेगे। मेले में पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। जिसको लेकर मेलाधिकारी दयानंद प्रसाद और मेला डी आई जी ने मेले में जायजा लेते हुए सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

> माघ मेले में दो स्नान पर्व सकुशल बीत चुके है। मौनी अमावस्या पर्व को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था ओर जा रही है। मौनी अमावस्या पर काफी संख्या में लोग स्नान करने आते है। इसके लिहाज से मेले में निरीक्षण कर तैयारी कराई जा रही है। - डॉ. राजीव नरायण मिश्र, डीआईजी, माघ मेला,प्रयागराज

गैंगस्टर मामले में कानपुर के विधायक सांगा दोषमुक्त

उन्नाव, अमृत विचार: गैंगस्टर मामले में कानपुर नगर क्षेत्र के बिठूर विधानसभा से विधायक अभिजीत सिंह सांगा समेत चार आरोपियों को शनिवार को अंतिम सुनवाई के बाद एमपी-एमएलए की कोर्ट ने दोषमुक्त करार दिया।

बता दें कि कानपुर नगर की बिठूर विधानसभा से बीजेपी के विधायक अभिजीत सिंह सांगा निवासी कस्बा ओम भवन थाना बिठूर जिला कानपुर, बीनू गिरी निवासी बिहारी खेड़ा मोहम्मदपुर थाना चौबेपुर, हरिओम गिरी निवासी मोहम्मदपुर थाना चौबेपुर कानपुर नगर, राना गिरी के विरुद्ध 2008 में सफीपुर कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की थी। इसकी रिपोर्ट तत्कालीन एसएचओ शारदा प्रसाद दीक्षित ने दर्ज कराई थी। आरोप था कि गिरोह के सक्रिय सदस्य अपने आर्थिक व बुनियादी लाभ के लिए सदस्य बदलकर गंगा कटरी व कानपुर नगर में समाज विरोधी क्रियाकलाप में लिप्त हैं। अदालत ने कहा कि आरोपियों द्वारा विधि विरुद्ध रूप से संग्रहित किसी भी संपत्ति पर कुर्की की कारवाई नहीं की गई। कोर्ट ने विधायक समेत 4 को दोषमुक्त करार दिया।

एसडीएम करेंगे छात्रों से घूस लेने के मामले की जांच

हरदोई, अमृत विचार : स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना में शामिल छात्रों से घूस लेने का वीडियो वायरल होने पर डीएम मंगला प्रसाद सिंह ने मामले की जांच एसडीएम बिलग्राम संजीव ओझा को सौंपी है। डीएम ने बताया है कि इस मामले में जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई के अलावा एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी। बताते चलें कि स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना को लेकर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें कुर्सी-मेज पर बैठे कुछ लोग सामने खड़े छात्र-छात्राओं से बाकायदा आवाज दे-देकर 2-2 सौ रुपये वसूल कर उन्हें एक पर्ची देते जा रहे हैं। डीएम मंगला प्रसाद सिंह ने एसडीएम बिलग्राम संजीव ओझा को जांच सौंपी है। उन्होंने बताया है कि दो दिन में रिपोर्ट आ जाएगी,इस मामले में जो भी दोषी होगा,उसके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी।

अयोध्या में कमरा बुकिंग के नाम पर हरियाणा के श्रद्धालु से ठगी

अयोध्या अमृत विचार : हरियाणा के यमुनानगर निवासी भारत भूषण का कहना है कि उन्होंने राम जन्म भूमि दर्शन-पूजन की योजना बनाई थी। जस्ट डायल वेबसाइट के माध्यम से जानकी महल धर्मशाला में 2 से 5 मार्च के बीच तीन रात्रि के लिए एक कमरा बुक किया। उन्हें 750 रुपये की दर से कुल 2250 रुपये व 20 रुपये ट्रांजैक्शन चार्ज का भुगतान करना था। 2000 रुपये गूगल-पे से ट्रस्ट के नंबर पर भुगतान कर दिया। इसके बाद उसी नंबर से फोन आया और खुद को रिसेप्शन मैनेजर पंकज शर्मा बताने वाले शख्स ने कहा कि भुगतान की गई रकम के साथ ट्रांजैक्शन चार्ज का भुगतान नहीं हुआ है। उन्होंने वार्ता के तहत 2250 रुपए का भुगतान कर दिया और फिर पहले भुगतान की गई रकम 2000 रुपये वापस करने को कहा तो कथित रिसेप्शन मैनेजर ने अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया।

सार-संक्षेप

हरदोई में रील बनाते युवक की सड़क हादसे में मौत

फाइल फोटो।

हरदोई, अमृत विचार : शिवानू ने 'सफर आखिरी है कोई उनसे कह दे...' पर रील बना कर उसने उसे वायरल किया, लेकिन उसके कुछ ही लम्हे बाद हुए सड़क हादसे में वही बोल सच साबित हुए और शिवानू का सफर आखिरी ही हो गया। बताते चलें कि शुक्रवार को लोनार थाने के नागामऊ निवासी निवासी चंद्र किशोर का 22 वर्षीय पुत्र शिवानू अपने गांव धर्मवीर पुत्र राजकुमार के साथ बाइक से निकला, धर्मवीर बाइक चला रहा था और पीछे बैठा शिवानू मोबाइल पर 'सफर आखिरी है कोई उनसे कह दे...' पर रील बना रहा था। जैसा कि बताया गया है कि रील बनाने के बाद उसने उसे सोशल मीडिया पर वायरल भी किया, फिर उसके बाद जगदीशपुर चौराहे पर एक तेज़ रफ्तार ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में ज़ोरदार टक्कर मार दी, जिसमें शिवानू की मौत हो गई और धर्मवीर बुरी तरह ज़ख्मी हो गया। लोग शिवानू की रील को एक दूसरे से शेयर भी नहीं कर पाए कि उसी बीच खबर आई कि शिवानू एक सड़क हादसे में बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया,उसके लम्हे बाद पता चला कि आखिरी सफर की रील बनाने वाला शिवानू अपनी ज़िंदगी का आखिरी सफर तय कर चुका है। शिवानू अपने दो भाइयों में सबसे छोटा था। जिस किसी ने भी हादसे में उसकी मौत होने की खबर सुनी,वही सन्न रह गया। वाकई किसी को उम्मीद नहीं थी कि अपने ही नहीं, बल्कि दूसरों को तमाम ज़िंदगी हरा रहने वाला ज़ख्म देते हुए शिवानू ज़िंदगी के आखिरी सफर पर इस तरह कूच कर जाएगा। परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातम पसरा है।

स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ व बलरामपुर फाइनल में

खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह।

शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार : क्षेत्र के श्री बरखंडी विद्यापीठ इंटर कॉलेज शिवगढ़ के मैदान में चल रही 67 वीं श्री बरखंडी स्मारक राज्य हॉकी प्रतियोगिता के तीसरे दिन सेमी फाइनल मैच खेले गए। इसमें स्टार इलेवन बलरामपुर और स्पोर्ट्स कालेज लखनऊ ने जीत हासिल कर फाइनल में स्थान पक्का कर लिया। इससे पहले सेमी फाइनल मैच का उद्घाटन् पूर्व रायबरेली पुलिस उपाधीक्षक ओम प्रकाश सिंह, पूर्व एमएलसी एवं विद्यापीठ के संरक्षक राजा राकेश प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि जनता इंटर कॉलेज गूढ़ा प्रधानाचार्य रमेश सिंह, आयोजक कमेटी के अध्यक्ष एवं श्री बरखंडी विद्यापीठ इंटर कॉलेज शिवगढ़ के प्रधानाचार्य राजकुमार गुप्ता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल कैंट स्टार क्लब वाराणसी और स्टार इलेवन बलरामपुर के बीच खेला गया। बलरामपुर टीम के रवि राजभर ने 25वें मिनट में पहला फील्ड गोल किया। वहीं, 38वें मिनट में बलरामपुर के ही मोनू राजभर द्वारा दूसरा पेनाल्टी कार्नर से गोल किया गया। इस प्रकार बलरामपुर 2-0 से विजयी रहा। दूसरा सेमीफाइनल रामपुर हॉस्टल और स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ के बीच खेला गया जिसमें स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ 1-0 से विजयी रहा। आयोजक कमेटी के सचिव शैलेंद्र सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता का फाइनल मैच 5 फरवरी को दोपहर 12 बजे से स्टार इलेवन बलरामपुर व स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ के बीच खेला जाएगा। इस मौके पर उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण, भूपेंद्र, अभिषेक मिश्रा, अभयराज सरोज, धीरेंद्र प्रताप सिंह, उप सचिव राज बहादुर सिंह, अरुण कुमार सिंह, अविनाश सोनकर, अरुण त्रिवेदी, प्रमोद सिंह, धर्मेंद्र कुमार, रामनरेश मेहता, रमेश सहगल आदि मौजूद रहे।

12 को बहनों की शादी, भाई दर्शन को उड़ीसा से पैदल पहुंचा

शुभम शाहू।

अयोध्या, अमृत विचार : रामलला के दर्शन के श्रद्धालुओं की आस्था का क्या कहना। कोई साइकिल से चला रहा है तो कोई पैदल ही हजार किलोमीटर की दूरी नाप दे रहा है। उड़ीसा से भी एक युवक एक हजार किलोमीटर की यात्रा करके अयोध्या पहुंचा है। अंगुर जिले के रहने वाले शुभम साहू बेहद सर्द मौसम में 4 जनवरी को रामलला के दर्शन के लिए घर से नंगे पांव निकल पड़े। रास्ते में कई जगह उनका स्वागत किया। करीब 33 दिन में उन्होंने यह यात्रा पूरी की। उन्होंने बताया कि आठ महीने पहले उड़ीसा के शुभम साहू ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर पैदल चलकर अयोध्या आने का संकल्प लिया था। शुभम का कहना है कि वह अपने पिता के इकलौते पुत्र हैं। उनकी दो सगी बहनें हैं और दोनों की शादी 12 फरवरी को होनी है, लेकिन वह घर न जाकर अयोध्या के बाद सीता जी की जन्मस्थली जनकपुर जाने की तैयारी में हैं। उन्होंने रामलला का दर्शन किया तो यात्रा की सारी थकान दूर हो गई। अयोध्या के इस आनंद को अपने भीतर आत्मसात करने के लिए वे दो दिन अयोध्या में ही रुके हैं।

बारात वाले दिन ही उठी दूल्हे की अर्थी

फाइल फोटो।

कानपुर, अमृत विचार : नजीराबाद थानाक्षेत्र में मेहंदी रस्म के बाद दूल्हे ने शनिवार देर रात बारात से कुछ घंटे पहले फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शादी वाले घर में उस दौरान ढोलक पर गीत गाए जा रहे थे। खुशी का माहौल मातम में बदल गया। परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किये। बारात वाले दिन रविवार को परिजन युवक की अर्थी ले गए। बर्रा थानाक्षेत्र के बनपुरवा निवासी रज्जन निषाद का 28 वर्षीय पुत्र विजय निषाद ब्रह्मनगर इलाके में एएनडी कॉलेज वाली गली में रोमी सोनकर के मकान में किराये पर रहता था। वह गड़रियनपुरवा में ट्रक की कमानी का काम करता था। पिता ने बताया कि शनिवार शाम को उसकी मेहंदी और तेलपूजन का कार्यक्रम था। रविवार को उसकी बारात जिला रायबरेली के डलमऊ कस्बे में जानी थी। शनिवार शाम मेहंदी और तेल पूजन कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वह दोस्त से पैसे लेने के बात कहकर भांजे सेजल के साथ निकला था। कुछ दूर आगे जाकर उसने जरूरी काम की बात कहकर भांजे को वापस भेज दिया। इसके बाद अपने किराये के कमरे में जाकर फांसी लगा ली। जब रात 10 बजे तक वह नहीं लौटा तो फोन किया।

मोदी सरकार ने किया मजबूत बुनियादी ढांचे का निर्माण

गोंडा कार्यालय

प्रेसवार्ता करते पूर्व डिप्टी सीएम डॉ दिनेश शर्मा। अमृत विचार

अमृत विचार: प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम व राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने रविवार को जिले में प्रेस वार्ता कर केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनायीं।

डॉ. शर्मा ने कहा कि विकास योजनाओं का बखान करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने देश की आर्थिक वृद्धि बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर मजबूत बुनियादी ढांचे का निर्माण किया है। अपने पूरे कार्यकाल में सरकार ने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास पर काफी जोर दिया है। साथ ही पिछले एक दशक के कार्यकाल में निरंतर यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है कि देश के विकास के केंद्र बिंदु पर बना रहे। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता हमेशा मोदी सरकार के सुशासन मॉडल का एक प्रमुख पहलू रही है। यह सरकार न्यूनतम सरकारी हस्तक्षेप और अधिकतम शासन के मार्ग पर कार्य करती है। सुशासन का यह मॉडल मूल रूप से हर चीज के केंद्र में आम नागरिक को रखता है। इस मॉडल के आधार पर करदाता अब फेसलेस मूल्यांकन की सेवा का आनंद ले रहा है। राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा रविवार को गोंडा दौरे पर थे। पूर्व डिप्टी सीएम ने देवीपाटन मंडल क्लस्टर योजना अंतर्गत गोंडा, बलरामपुर, बहराइच एवं श्रावस्ती जनपदों से आए लोकसभा विस्तारकों एवं विधानसभा विस्तारकों के साथ भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर बैठक की और युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, पिछड़ा मोर्चा, किसान मोर्चा, अनुसूचित मोर्चा एवं अल्पसंख्यक मोर्चा सहित भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे सभी अभियानों की समीक्षा की। डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार ने राज्यों के विकास के लिए आकांक्षी जिला कार्यक्रम जैसे कार्यक्रमों को लागू करने का आग्रह कर लगातार संघवाद का समर्थन किया है। भारत को 2014 से पहले की नाजुक अर्थव्यवस्था से आर्थिक प्रबंधन में विश्व नेता बनने के मोदी सरकार के प्रयासों को रेखांकित करने के लिए संसद के समक्ष एक श्वेत पत्र रखा जाएगा। यह सरकार के मजबूत बुनियादी ढांचे के निर्माण का ही परिणाम है कि आज देश में हवाई अड्डे की संख्या बढ़कर 149 पहुंच गई है।

अयोध्या कैंट स्टेशन पर एक साथ ठहर सकेंगे 300 यात्री

अयोध्या, अमृत विचार : रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद देश के कोने-कोने से भक्त रामनगी पहुंच रहे हैं। रेल मार्ग से ही सबसे अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। इसे देखते हुए अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के बाद अब अयोध्या कैंट स्टेशन पर भी यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था की जा रही है। स्टेशन के पास सामने एक बड़ा रैन बसेरा बनाया गया है, जिसमें 300 से भी अधिक यात्री एक साथ ठहर सकेंगे।

दो माह से बन रहा रैन बसेरा अब तैयार हो चुका है। बचे-कुचे काम भी एक दो दिन में निपटाने के निर्देश दिए गए हैं। राउंड टीन शेड के नीचे रेड कारपेट बिछाई गई है। इसके अलावा फाइवर की कुर्सियां भी लगाई जाएंगी। ट्रेनों की सूचना लगातार मिलती रहे। इसके लिए साउंड रैन बसेरे तक लगाए गए हैं। रोशन के लिए हाईलोजन की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा की दृष्टि से नाइट विजन सीसी कैमरे भी लगाए गए हैं। आपातकालीन नंबरों का बोर्ड भी लगाया गया है। दीवरों पर विभिन्न राज्यों की सभ्यताओं के चित्र भी उकेरे गए हैं। सीएमआई अजय बहादुर सिंह ने बताया कि आस्था स्पशेल ट्रेनें सोमवार से अयोध्या कैंट आना शुरू होंगी। इसे देखते हुए सारे इंतजाम कर लिए गए हैं।

संबोधन जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में बोलीं पार्टी प्रमुख, कहा- दलितों, पिछड़ों व शोषितों की आवाज बना है अपना दल-एस

अपना दल-एस . तीसरे नंबर की पार्टी बनकर उभरी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल का चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

अमृत विचार : जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने आईं अपना दल- एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने कार्यकर्ताओं से कहा कि हमारी पार्टी ने पिछड़े समाज व दलितों के लिए काम किया है। विपक्ष में जब नहीं थे तब भी आवाज उठाते रहे और जब यूपी और केंद्र में भाजपा गठबंधन के बाद सरकार में पहुंचे तो सदन में भी आवाज उठाकर न्याय दिखाने का काम कर रहे हैं। अपना दल-एस तीसरे नंबर की पार्टी बनकर उभरी है। उन्होंने कहा कि निचली अदालत से लेकर उच्च न्यायालय तक सभी वर्गों की भर्ती हो इसके लिए अखिल भारतीय न्याय सेवा का गठन करने के लिए सरकार से मांग की है।

शहर के वीआईपी रोड में अपना दल-एस ने जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मलेन का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने शिरकत की। राष्ट्रीय अध्यक्ष का सुशीला सिंह एवं अल्पसंख्यक मंच के जिलाध्यक्ष मो. जुनैद ने समर्थकों के संग चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि निष्ठावान कार्यकर्ताओं की मेहनत से अपना दल एस प्रदेश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनी है। निष्ठावान और जुझारू कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होता है। प्रदेश में पिछड़ों, दलितों, वंचितों के हितैषी होने का दम भरने वाले कई बार सत्ता में आए लेकिन किसी ने उनके हित में काम नहीं किया। ऐसे लोग पिछड़ों, दलितों, दबे, कुचलों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करते हैं। सत्ता में आने के बाद भूल जाते थे लेकिन अब विपक्ष में रहने पर इन्हें फिर पिछड़ों-दलितों की याद आई हैं।

न्यायपालिका में हो भागीदारी

अपना दल-एस की मुखिया ने कहा कि न्याय पालिका में सभी वर्गों के लोगों की भागीदारी होनी चाहिए, इसके लिए न्याय पालिका को भी समावेशी बनाया जाए। देश का लोकतंत्र तभी मजबूत होगा जब पिछड़ा, दलित, वंचित, शोषित समाज की भागीदारी सभी जगह पर होगी।

सामाजिक न्याय की विचारधारा से समझौता नहीं

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अपना दल-एस हमेशा शोषित वंचित पिछड़ों की आवाज उठाता रहा है। सरकार में रहने के बाद भी सामाजिक न्याय की विचारधारा से समझौता नहीं किया। पिछड़ों दलित दबे कुचलों की आवाज उठाने से अपना दल कभी भी पीछे नहीं जाता है। समय समय पर लोगों की संसद में आवाज उठाई है। नीट की परीक्षा में ओबीसी का आरक्षण लागू करने का मुद्दा पीएम के सामने उठाया और आरक्षण लागू करवाया। उन्होंने भारतीय न्याय सेवा का गठन और पिछड़ा वर्ग कल्याण के लिए एक अलग से मंत्रालय का गठन की मांग उठाई।

एक नजर

रणथंभौर नेशनल पार्क में बाघिन टी-60 की मौत

भरतपुर। राजस्थान में सवाईमाधोपुर के विश्वविख्यात रणथंभौर नेशनल पार्क में बाघिन टी-60 की मौत हो जाने की खबर के बाद वन्य जीव प्रेमियों में शोक की लहर दौड गई है। वन विभाग के सूत्रों ने बाघिन टी-60 की मौत की पुष्टि करते बताया कि नेशनल पार्क के जोन नंबर-2 में गुढा चैकी के पास से रविवार को बाघिन के शव को वन विभाग की टीम ने बरामद किया है जिसका पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा। गौरतलब है बाघिन टी-31 इंदु की बेटी होने की बजह से बाघिन टी-60 को जूनियर इंदु के नाम से भी जाना जाता था।

पुलिस के साथ मुठभेड में एक नक्सली ढेर

सुकमा। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के भेजी थाना क्षेत्र के जंगल में आज पुलिस और नक्सलियों के बीच हुयी मुठभेड में एक नक्सली का मार गिराया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार सर्च अभियान के दौरान सुरक्षाबलों एवं नक्सलियों के बीच बीच जंगलों में मुठभेड़ हुयी। मुठभेड़ में डीआरजी एवं बस्तर फाईटर्स के जवानों के द्वारा एक नक्सली को मार गिराने में कामयाबी मिली तथा मौके से एक नग 12 बोर राइफल एवं एक नग पिस्टल एवं अन्य नक्सल सामग्री बरामद की गयी।

कर्नाटक में मंकी फीवर से दो लोगों की मौत

बेंगलुरु। कर्नाटक में इस साल अब तक मंकी फीवर से दो लोगों की मौत हो चुकी है, जिसके मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इस वायरल संक्रमण के प्रसार से निपटने के लिए तैयारियों की समीक्षा करेंगे। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार मंकी फीवर के कारण पहली मौत आठ जनवरी को शिवमोग्गा जिले के होसानगर तालुक में हुई थी, जिसमें 18 वर्षीय एक युवती की मौत हो गई थी। वहीं, दूसरी मौत उडुपी जिले के मणिपाल में हुई, जब चिक्कमंगलुरु के श्रृंगेरी तालुक में रहने वाले 79 वर्षीय व्यक्ति की एक निजी अस्पताल में मौत हो गई।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपश्यना गुरु गोयनका के जन्म शताब्दी समारोह पर किया डिजिटल संबोधन

विपश्यना की शिक्षाएं तनाव घटाने में कर सकती हैं मदद

मुंबई, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि विपश्यना प्राचीन भारत का एक अनुपम उपहार होने के साथ ही एक आधुनिक विज्ञान भी है, जिसके जरिये युवा और बुजुर्ग लोगों को जीवन के तनाव और परेशानी से निपटने में मदद मिल सकती है। विपश्यना गुरु एसएन गोयनका के जन्म शताब्दी समारोह पर अपने डिजिटल संबोधन में मोदी ने कहा कि ध्यान और विपश्यना को कभी त्याग के माध्यम के रूप में देखा जाता था, लेकिन अब यह व्यावहारिक जीवन में व्यक्तित्व विकास का माध्यम बन गया है।

मोदी ने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों के जीवन में तनाव और परेशानी आम है और विपश्यना की शिक्षाएं उनकी समस्याओं का समाधान ढूंढ़ने में मदद कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि एसएन गोयनका एक जीवन एक मिशन के आदर्श उदाहरण थे। उनकी शिक्षाएं और समाज कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता एक प्रेरणा स्रोत है, क्योंकि देश विकसित भारत के लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा, भगवान बुद्ध से प्रेरित होकर, गुरुजी कहते थे कि जब लोग एक साथ ध्यान करते हैं, तो परिणाम बहुत प्रभावी होता

है। एकता की ऐसी शक्ति विकसित भारत का महान स्तंभ है। गोयनका के साथ अपने घनिष्ठ संबंधों को याद करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दिवंगत विपश्यना शिक्षक शांत और निर्मल गुणों से युक्त थे। उनका मिशन विपश्यना और अर्जित ज्ञान का सभी तक प्रसार करना था। उनका योगदान मानव जाति के प्रति था।

उन्होंने कहा कि योग को दुनिया भर में स्वीकार किया गया है और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अब दुनिया भर में जीवन का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि हम सोचते थे कि ध्यान और विपश्यना वैराग्य का माध्यम है और इसे व्यावहारिक जीवन में नहीं लाया जाना चाहिए, लेकिन अब यह व्यक्तित्व विकास का माध्यम है। विपश्यना प्राचीन भारत की विरासत होने के अलावा एक आधुनिक विज्ञान भी है, जिसे आने वाली पीढ़ियों को प्रदान करने की जरूरत है।

वैश्विक स्वीकार्यता के लिए भारत को आगे आने की जरूरत

मोदी ने कहा कि विपश्यना आत्मा की ओर एक यात्रा है और अपने भीतर गहराई से गोता लगाने का एक तरीका है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह सिर्फ एक शैली नहीं, बल्कि एक विज्ञान है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''हम इस विज्ञान के परिणामों से परिचित हैं। अब हमें आधुनिक विज्ञान के मानकों के अनुसार इसके साक्ष्य दुनिया के सामने पेश करने की जरूरत है। इस दिशा में दुनियाभर में पहले ही बहुत कुछ किया जा चुका है, लेकिन भारत को विश्व के अधिक कल्याण के लिए नए शोध का उपयोग करके इसे और अधिक स्वीकार्य बनाने के लिए आगे आने की जरूरत है।

बहुमत की आड़ में देश चुनावी तानाशाही में बदल रहा : थरूर

जयपुर, एजेंसी

▸▸ भाजपा पर लोकतांत्रिक संस्थाओं के ढांचे को ध्वस्त करने का लगाया आरोप

लोकतांत्रिक संस्थाओं के क्षरण पर चिंता जताते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने रविवार को कहा कि बहुमत की आड़ में देश चुनावी लोकतंत्र के बजाय चुनावी तानाशाही में बदल रहा है।

थरूर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि भारतीय राजनीतिक परिदृश्य व्यक्ति केंद्रित हो गया है। उन्होंने कहा कि लेकिन अब देश को एक ऐसे वैकल्पिक नेतृत्व की जरूरत है, जो जनता जनार्दन की बात सुने, उसकी जरूरतों को समझे और उसकी समस्याओं का समधान निकाले। पूर्व नौकरशाह, लेखक और कांग्रेस पार्टी के नेता शशि थरूर ने यहां 17वें जयपुर साहित्य महोत्सव में यूनिवर्सिटी ऑफ यॉर्क में ग्लोबल डेवलपमेंट पॉलिटिक्स के वरिष्ठ प्रोफेसर इंद्रजीत रॉय की पुस्तक पर आधारित सत्र ऑडेसियस होप : हाउ टू सेव ए डेमोक्रेसी पर एक चर्चा में भाग लेते हुए केंद्र की भाजपा सरकार पर लोकतांत्रिक संस्थाओं के मूल ढांचे को ध्वस्त करने का भी आरोप लगाया।

गोताखोरों ने किया पानी के अंदर नृत्य...

रविवार को मलेशिया के कुआलालंपुर में चीनी चंद्र नव वर्ष समारोह से पहले गोताखोरों ने केएलसीसी एक्वेरिया में पानी के अंदर शेर नृत्य का प्रदर्शन किया। ● एजेंसी

हेमंत सोरेन को झूठे मामलों में फंसाया : चंपई

धनबाद : झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर उनके पूर्ववर्ती हेमंत सोरेन को राज्य के खनिजों की लूट के झूठे मामलों में फंसाने का आरोप लगाया। धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के 52वें स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं की रैली को संबोधित करते हुए चंपई सोरेन ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा और बाहरी लोग 19 वर्षों से झारखंड के खनिजों की लूट-खसोट में लगे हुए हैं। उन्होंने दावा किया कि जब हेमंत सोरेन (2019 में) सत्ता में आए और उन्हें ऐसा करने से रोका, तो उन्होंने उन्हें झूठे मामलों में फंसा दिया।

एकजुट हो समाज कल्याण में कला की भूमिका समझाएं कलाकार

एजेंसी, बेंगलुरु

▸▸ संस्कार भारतीय के कलासाधक संगम का समापन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को देश के कलाकारों से एकजुट होने और समाज के कल्याण में कला की भूमिका को समझकर इसका उपयोग करने का आह्वान किया।

वह भारतीय कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए काम करने वाली आरएसएस से जुड़ी संस्था संस्कार भारती द्वारा आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम में आयोजित अखिल भारतीय कलासाधक संगम के समापन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा, (कला का उद्देश्य) समाज में सुधार लाना, समाज को सौहार्दपूर्ण बनाना है। यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि हमारा समाज अपना उदाहरण देकर पूरी दुनिया को जीवन की शिक्षा दे सके। कला जगत को एकजुट होकर इस दिशा में काम करना होगा। भागवत ने कहा कि फिलहाल ऐसा नहीं हो रहा है। आरएसएस प्रमुख के अनुसार कलाकार आज सामाजिक जीवन में कला की वास्तविक भूमिका को समझे बिना ही इसका उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कलाकारों से समाज के कल्याण के लिए निस्वार्थ भाव से कार्यकर्ता के रूप में काम करने को कहा। भागवत ने कहा कि ऐसे कई कलाकार हैं, जो ईमानदारी से अपनी कला का उपयोग कर रहे हैं, लेकिन यह व्यक्तिगत नहीं होना चाहिए।

सिमरनजीत को पंजाब सरकार ने बनाया पीसीएस अधिकारी

पंजाब में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय हॉकी टीम के कप्तान सिमरनजीत सिंह को नियुक्ति पत्र सौंपते पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान।

▸▸ भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हैं सिमरनजीत सिंह

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : टोक्यो ओलंपिक हॉकी मैच में अपना जलवा बिखरने वाले भारतीय हॉकी टीम के कप्तान सिमरनजीत सिंह को पंजाब सरकार ने पीसीएस अधिकारी के तौर पर नौकरी करने का मौका दिया है। खेल जगत में नाम रोशन करने के साथ ही अर्जुन अवार्ड से सम्मानित हो चुके सिमरनजीत को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने रविवार को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस दौरान कुल 11 खिलाड़ियों को पीसीएस और पीपीएस के पद पर नियुक्त किया गया है। चयनित होने वालों में सिमरनजीत उत्तर प्रदेश के इकलौते खिलाड़ी हैं।

हॉकी जगत और अन्य खेलों में नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को पंजाब सरकार ने देश की सेवा करने का मौका देने की घोषणा की थी। रविवार को पंजाब में मुख्यमंत्री आवास पर खिलाड़ियों को बुलाया गया था, जिसमें सिमरनजीत सिंह कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने उन्हें पंजाब में बतौर पीसीएस अधिकारी नियुक्त करते हुए उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा। जिसे पाकर वह उत्साहित दिखे। सिमरनजीत सिंह ने बताया कि कुल 11 खिलाड़ियों को पीसीएस और पीपीएस में नौकरी करने का मौका दिया गया है। इस सुनहरे पल के मौके पर पत्नी हरप्रीत कौर उनके साथ थीं। खेल जगत से ही मुकाम मिला है। ऐसे में प्राथमिकता हॉकी पर ही रहेगी। आगे भी देश के लिए टीम के साथ बेहतर प्रदर्शन करते हुए विश्व में एक अलग पहचान बनाएंगे।

परिवार में खुशी का माहौल

हॉकी में मुकाम हासिल कर देश का मान बढ़ा रहे सिमरनजीत सिंह को पंजाब सरकार के द्वारा पीसीएस नियुक्ति पत्र मिलने के बाद परिवार में हर्ष है। टीवी-मोबाइल पर पंजाब में हुए कार्यक्रम की झलकियां देखी और बेटे सिमरनजीत सिंह के पीसीएस नियुक्त होने को लेकर मिल रही बधाईयों से परिजन की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। बता दें कि पीलीभीत के मझारा फार्म में उनके पिता इकबाल सिंह, मां मंजीत कौर, दादी गुरमीत कौर, भाई अर्षजीत सिंह आदि रहते हैं।

युवती का अपहरण कर चलती कार में तीन घंटे तक सामूहिक दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

▸▸ कार रोककर जबरन अगवा किया, पकड़े जाने के डर से युवती व कार छोड़कर भागे अपहर्ता

अमृत विचार: कार सवार अपहर्ताओं ने शादी में जा रही एक युवती को अगवा कर लिया। वे करीब तीन घंटे तक उसे लेकर इधर से उधर शहर में घूमते और चलती कार में दुष्कर्म करते रहे। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी युवती को मुखानी चौराहे पर उतार कर फरार हो गए। मामले में चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है।

22 वर्षीय पीड़िता के मुताबिक शनिवार शाम 7 बजे वह एक शादी समारोह से टुकटुक से निकली और एसटीएच के पास उतर गई। यहां उसका भाई उसे लेने स्कूटी से आने वाला था। भाई देर तक नहीं आया तो वह पैदल ही घर की ओर निकल पड़ी। वह लाइफ लाइन वाली गली में पहुंची, तभी कार सवार वहां पहुंच गए। कार सवारों ने उसे कार में खींच लिया और गलियों में लेकर घूमते और दुष्कर्म करते रहे। आरोपियों ने शराब पी थी और पीड़िता को भी जबरन पिलाने की कोशिश की। घटना को अंजाम देने के बाद पीड़िता को मुखानी चौराहे पर छोड़कर फरार हो गए। तहरीर में पीड़िता ने मनोज, ऋषि, सोनू और आशु पर आरोप लगाए हैं। चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कहा जा रहा है कि घटना में शामिल ऋषि और मनोज को गिरफ्तार कर लिया गया है।

फोन पर रोने की आवाज से हुआ अंदेशा

लड़की का कहना है कि घटना के दौरान उसके मोबाइल पर उसके एक दोस्त का फोन आया। उसने कॉल रिसीव किया और दोस्त ने उसका रोना फोन पर सुन लिया, जिसके बाद उसने घटना की सूचना परिजनों को दी। जब तलाश शुरू हुई तो परिजनों ने रामपुर में एक संदिग्ध कार देखी। पीछा करने पर आरोपी कार छोड़ कर भाग गए।

चीफ जस्टिस रितु बाहरी ने ली पद की शपथ

ब्यूरो, देहरादून

जस्टिस रितु बाहरी को पद की शपथ दिलाते राज्यपाल गुरमीत सिंह।

अमृत विचार: उत्तराखंड हाईकोर्ट की नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रितु बाहरी को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (से.नि.) गुरमीत सिंह ने रविवार को राजभवन में पद की शपथ दिलाई। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने भारत की राष्ट्रपति द्वारा न्यायमूर्ति रितु बाहरी को उत्तराखंड हाईकोर्ट की मुख्य न्यायाधीश बनाए जाने से संबंधित अधिपत्र पढ़ा।

शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रथम महिला गुरमीत कौर, कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, डॉ. धन सिंह रावत, सांसद नरेश बंसल, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी सहित वरिष्ठ न्यायमूर्तिगण उपस्थित रहे। जस्टिस रितु बाहरी पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट की पहली महिला कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश थीं। उन्होंने 14 अक्तूबर 2023 को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश का चार्ज लिया था।

दुष्कर्म में पुजारी-शिष्य को 20-20 वर्ष की सजा

प्रतापगढ़ : जिले की एक विशेष अदालत ने किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुजारी और उसके शिष्य 20-20 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है और 20-20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। एडीजीसी प्रदीप कुमार पांडेय ने रविवार को बताया कि अपर जिला सत्र न्यायाधीश पॉक्सो आलोक द्विवेदी की अदालत ने शनिवार को सामूहिक दुष्कर्म के मुक़दमे की सुनवाई करते हुए दोषी श्याम पुजारी व उसके शिष्य दौलत को 20-20 वर्ष कारावास की सजा सुनाई और 20-20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जिले के अंतू थाना क्षेत्र में आठ अप्रैल 2016 को दोनों ने सामूहिक दुष्कर्म किया था।

मैदानों में बारिश और पहाड़ों में बर्फबारी ने ठिठुराया

▸▸ पहाड़ी जिलों में भारी बर्फबारी के कारण कई स्थानों पर गाड़ियों की आवाजाही बंद

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: उत्तराखंड में शनिवार से बदले मौसम ने एक बार फिर लोगों को ठिठुरा दिया है। रविवार तक बर्फबारी से उत्तराखंड की पहाड़ियां ढकनी शुरू हो गई हैं। देवभूमि में पहाड़ों ने खुद को बर्फ की सफेद चादर से ढक लिया है।

उत्तराखंड के चारों धामों में लगातार बर्फबारी हो रही है। उत्तराखंड में चारधाम के साथ ही रुद्रप्रयाग में कालिशिला, चोपता तुंगनाथ, मदमहेश्वर घाटी के साथ ही चमोली जिले में हेमकुंड साहिब औली समेत हिमालय की चोटियों पर भी लगातार बर्फबारी हो रही है। पहाड़ी जिलों में भारी बर्फबारी के कारण कई जगहों पर गाड़ियों की आवाजाही बंद हो गई है।

राज्य के मैदानी इलाकों में कहीं भारी तो कहीं बारिश के साथ घना कोहरा लग रहा है। उत्तराखंड के अधिकतर क्षेत्रों में तापमान में 4 से 7 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है।

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, अगले दो दिन राज्य में मौसम का मिजाज बदला रह सकता है। उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में 3,000 से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी मात्रा में बर्फबारी होगी। मैदानी जिलों में कुछ जगह ओलावृष्टि को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

मंडल-चोपता मार्ग से बर्फ हटाकर यातायात सुचारू किया

चमोली जिले में बदरीनाथ हाईवे हनुमान चट्टी से 3 किमी आगे बीते दिनों हुई बर्फबारी के चलते बंद हैं। वहीं मंडल-चोपता मोटर मार्ग पर किलोमीटर 42 से 46 तक बर्फबारी के चलते मार्ग अवरुद्ध था। लेकिन शाम को साढे. 4 बजे मोटर मार्ग की बर्फ को हटाकर रास्ते को यातायात के लिए सुचारू कर दिया गया है। चमोली जिले के औली जोशीमठ मोटर मार्ग कवांड बैंड से आगे बर्फबारी से अवरुद्ध मार्ग भी यातायात के लिए सुचारू कर दिया गया है।

यमुनोत्री हाईवे राड़ी टॉप के पास पाला व बर्फ के कारण फंस ट्रक।

वेब सिरीज देखकर छाप डाले 4 लाख के नकली नोट

एजेंसी, हैदराबाद

▸▸ हैदराबाद पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार

हैदराबाद में पुलिस ने नकली भारतीय करेंसी छापने और उन्हें चलाने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि दोनों अभियुक्तों के पास से चार लाख रुपये से ज्यादा के नकली नोट बरामद किए गए गए हैं।

पुलिस इंस्पेक्टर अंजनेयुलु के मुताबिक मुख्य अभियुक्त वनम लक्ष्मीनारायण ने नकली नोट छापने के लिए एक स्क्रीन प्रिंटर, ग्रीन फॉइल पेपर, जेके एक्सेल बॉन्ड पेपर, कटर और एक लेमिनेशन मशीन का इस्तेमाल किया था। पुलिस का कहना है कि अभियुक्तों ने वेब सिरीज ''फर्जी'' से प्रेरित होकर नकली नोट छापे और उन्हें बाजार में चलाने का काम किया। मुख्य अभियुक्त के कथित दोस्त एरुकला प्रणय कुमार को फल-सब्जी बाजार में 20 हजार के नकली नोट चलाने की कोशिश करते हुए पकड़ा गया। पुलिस का कहना है कि अभियुक्त के पास से 500 रुपये के 810 नकली नोट जब्त किए गए हैं। इसके अलावा पुलिस ने प्रिंटर, स्कैनर और अन्य चीजें भी जब्त की हैं।

जीव-जंतु चिड़ियाघर और रेस्क्यू सेंटर के जीवों को सेंट्रल जू अथॉरिटी के नियमों के तहत सप्ताह में रखा जाता है एक दिन भूखा

सेहत : बाघ-गुलदार मंगलवार को रहते हैं डाइटिंग पर

गौरव जोशी

नैनीताल, अमृत विचार : शरीर को फिट रखना केवल इंसानों को ही नहीं बल्कि जानवरों को भी पसंद है। शरीर को चुस्त और दुरुस्त रखने के लिए नैनीताल चिड़ियाघर में बाघ, गुलदार को सप्ताह में एक दिन डाइटिंग पर रखा जाता है।

ताकि उनका शरीर स्वस्थ रह सके। चिड़ियाघर के डॉ. हिमांशु पागंती बताते हैं कि चिड़ियाघर और रेस्क्यू सेंटर में बंद बाघ और गुलदार को सेंट्रल जू अथॉरिटी के नियमों के आधार पर डाइटिंग में रखा जाता है।

नैनीताल चिड़ियाघर में मौजूद बाघ।

जंगल में इन मांसाहारी जानवरों का मूवमेंट शिकार की तलाश में रहता है और ये जानवर खाने की तलाश में कई किलोमीटर तक जंगल में घूमते रहते हैं, जिससे भोजन आसानी से पच जाता है, जबकि जू और रेस्क्यू सेंटर में वह केवल बाड़े तक सीमित रहता है। इसी हिसाब से डाइट चार्ट भी तैयार होता है।

नैनीताल चिड़ियाघर में है तीन बाघ

नैनीताल चिड़ियाघर में इस समय छः तेंदुए व तीन बाघ हैं, जबकि रानीबाग स्थित रेस्क्यू सेंटर में एक बाघिन व गुलदार है। सप्ताह में पांच दिन इन्हें गोश्त और एक दिन चिकन उपलब्ध करवाया जाता है, जबकि सातवें दिन डाइटिंग यानी भोजन नहीं मिलता है। इसकी वजह उनके पाचन तंत्र को व्यवस्थित रखना है ताकि बेवजह की चर्बी व मोटापा न बढ़े।

भूखा रखने से बनी रहती है जानवरों की पाचन क्रिया

नैनीताल के डीएफओ चन्द्रशेखर जोशी ने बताया कि सेंट्रल जू अथॉरिटी के नियमों के तहत मांसाहारी पशुओं को एक दिन भूखा रखा जाता है ताकि चिड़ियाघर में बंद जानवरों की पाचन क्रिया बनी रहे। चिड़ियाघर के साथ साथ रेस्क्यू सेंटर में रहने वाले बाघ गुलदार की डाइट भी इसी तरह रहती है और जानवरों का खास ध्यान रखा जाता है।

जंगल से ज्यादा चिड़ियाघर में होती है जीवन की अवधि

डीएफओ चन्द्रशेखर जोशी बताते हैं कि बाघ व गुलदार को जंगल में रहने व भोजन के लिए संघर्ष करना पड़ता है, जबकि चिड़ियाघर में सब कुछ आसानी से मिल जाता है। जंगल में बाघ की औसत उम्र 15-16 साल व गुलदार की 14-15 वर्ष मानी जाती है। वहीं चिड़ियाघर में दोनों की आयु का औसत 18 से 20 साल रहती है।

ढाई से आठ किलो मांस रोज दिया जाता है

चिड़ियाघर व रेस्क्यू सेंटर में कुल 11 बाघ व तेंदुए हैं। इनकी उम्र 2 साल से 12 साल तक की है। बाघ को रोज आठ किलो मांस दिया जाता है, जबकि बड़े तेंदुए को पांच और छोटे को ढाई किलो भोजन चाहिए।

फंदे से लटके मिले प्रेमी युगल के शव

संवाददाता, आदमपुर (अमरोहा)

▸▸ ऑनर किलिंग की आशंका, तीन दिन से घर से लापता थे दोनों

अमृत विचार : सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव सैदरा मिलक से तीन दिन से लापता युवक व किशोरी का शव गांव से लगभग 300 मीटर दूर आम के पेड़ से फंदे के सहारे लटके मिले। युवक के परिजनों ने किशोरी के परिजनों पर दोनों की हत्या कर शवों को पेड़ से लटकाने का आरोप लगाया है। सूचना पर पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव पेड़ से उतार कर ग्रामीणों व परिजनों से घटना की जानकारी ली।

गांव सैदरा मिलक निवासी राजू (21) पुत्र मुनेश और गांव की किशोरी (16) शुक्रवार से लापता थे। किशोरी ढबारसी के स्कूल में कक्षा नौ की छात्रा थी। रविवार सुबह नौ बजे ग्रामीण खेत पर गए तो देखा कि आम के पेड़ से प्लास्टिक की रस्सी के सहारे युवक व किशोरी के शव लटके हुए थे। ग्रामीणों ने इसकी सूचना परिजनों और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सैदनगली थाना प्रभारी वरुण कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, कुछ देर बाद सीओ श्वेताथ भास्कर भी पहुंच गए। मौके पर मौजूद युवक के परिजनों ने किशोरी के परिजनों पर दोनों की हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया। उन्होंने किशोरी के परिवार वालों पर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग करते हुए हंगामा किया।

बताया जाता है कि युवक और किशोरी के बीच एक साल से प्रेम संबंध थे और दोनों शादी करना चाहते थे। लेकिन किशोरी के परिजन इसके खिलाफ थे। मामले में ऑनर किलिंग की आशंका जताई जा रही है। हंगामा कर रहे लोगों को सीओ श्वेताभ भास्कर ने समझाते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने शवों को ले जा रही पुलिस की गाड़ी को लगभग 20 मिनट तक रोककर हंगामा किया। पुलिस के समझाने पर परिजन शांत हुए तब शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका। सुरक्षा के मद्देनजर किशोरी के आवास पर पुलिस तैनात कर दी गई है।

आगरा में सड़क हादसे में दंपति की मौत

एजेंसी, आगरा

दुर्घटना

▸▸ **बस से उतरने के बाद सड़क पार करते समय हुआ हादसा, पति ने मौके पर ही तोड़ा दम**

आगरा के यमुना पार क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक दंपति की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को बताया कि घटना शनिवार को नवील गल्ला मंडी के पास की है और मृतकों की पहचान एटा के गांव नगला भिकारी निवासी मोहनलाल (64) और उनकी पत्नी गिरजा देवी (58) के रूप में हुई है।

ट्रांस यमुना थाना के प्रभारी सुमनेश विकल ने कहा कि दंपति अपने बेटे से मिलने के लिए बस से आगरा आ रहे थे। दोपहर में दो बजे बस से नवीन गल्ला मंडी के पास उतरने के बाद सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने दोनों को चपेट में ले लिया। उन्होंने बताया कि मोहनलाल की मौके पर ही मौत हो गई और गिरजा देवी ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। विकल ने बताया कि बेटे की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एक अन्य घटना में, शनिवार देर रात सिकंदरा औद्योगिक क्षेत्र में वाहन की टक्कर से एक राहगीर की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गये।

2024 तक यूपी का एनएच नेटवर्क अमेरिका के बराबर होगा : गडकरी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ **नितिन गडकरी ने लखीमपुर खीरी में तीन फ्लाईओवर का किया वर्चुअल उद्घाटन**

अमृत विचार: केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि यूपी में आज गुणवत्तायुक्त सड़कों का जाल बिछा हुआ है। तस्वीर वाकई बदल गई है। मैं, आप सबको यह विश्वास दिलाना चाहता हूं कि 2024 जब समाप्त होगा तो उत्तर प्रदेश का नेशनल हाईवे का रोड नेटवर्क अमेरिका के बराबर होगा। लखीमपुर खीरी में तीन फ्लाईओवर चालू होना केंद्रीय गृह राज्यमंत्री एवं

सांसद अजय मिश्र टेनी के प्रयासों की तस्वीर है। नितिन गडकरी रविवार को लखीमपुर खीरी में हुए लोकार्पण कार्यक्रम को वर्चुअल संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने वर्चुअल पीलीभीत-बस्ती नेशनल हाईवे पर तीन फ्लाईओवर का लोकार्पण किया। तीनों फ्लाईओवर पीलीभीत-बस्ती नेशनल हाईवे पर तीन प्रमुख चौराहों पर बनाए गए हैं। पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद भी वर्चुअल ही कार्यक्रम से जुड़े। 297 करोड़ की लागत से बने तीनों फ्लाईओवर की लंबाई लम्बाई 3.80 किमी है। इसके बाद केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र 'टेनी' व विधायक योगेश वर्मा आदि ने बटन दबाकर विधिवत लोकार्पण तीनों फ्लाईओवर जनपदवासियों को समर्पित किये।

कांग्रेस घर की रही न घाट की : नकवी

संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ **कठिन तपस्या से मोदी बने ग्लोबल हीरो**

अमृत विचार : पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने रविवार को यहां कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि रूम में टोपी, रोड पर तिलक की सेक्युलर सियासी सूत्रधार कांग्रेस अब ना घर की रही और ना घाट की।

उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस का जनता ही नहीं बल्कि उसके साथी भी साथ छोड़कर रफूचक्कर हो रहे हैं। नकवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 वर्षों में तुष्टीकरण के छल को समावेशी सशक्तिकरण के बल से छूमंतर कर राजनीतिक संकल्प, सोच और संस्कृति में सकारात्मक परिवर्तन किया है। नकवी ने कहा कि आज मोदी के परिश्रम और तपस्या की ताकत ने उन्हें ग्राउंड जीरो का ग्लोबल हीरो बनाया है। हालांकि, कुछ सामंती सूरमा भारत की बढ़ती धाक-धमक को धूमिल करने की धूर्ततापूर्ण कोशिश में लगे हैं। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दंगों, दबंगों, बलवों, बाहुबलियों, आतंक की आफत से देश, मानवता और मुसलमानों की सुरक्षा की गारंटी हैं।

मेरी बेटी को जरूर किसी ने आत्महत्या के लिए उकसाया

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : सिविल जज ज्योत्सना राय का सरकारी आवास में पंखे से लटका शव मिलने की गुत्थी सुलझाना पुलिस अधिकारियों के लिए चुनौती बना हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से सिर्फ यही स्पष्ट हो पाया है कि उनकी मौत हैंगिंग से हुई है। महिला जज की मौत 2 फरवरी की रात करीब 11 बजे होने का अनुमान है।

वहीं 36 घंटों की जांच में पुलिस अधिकारी किसी नतीजे पर नहीं पहुंचे हैं। यदि आत्महत्या को सही मानें तो महिला जज के आत्महत्या करने के पीछे का कोई ठोस कारण अभी तक सामने नहीं आया और न ही हत्या होने के संबंध में पुलिस को कोई क्लू मिला है। रविवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव सरकारी आवास पहुंचा तो उनके पिता अशोक कुमार राय रोते हुए बताने लगे कि उनकी मौत एक साजिश है। जरूर किसी ने उन्हें आत्महत्या करने के लिए उकसाया होगा। तभी अगले ही क्षण उन्होंने आत्मघाती कदम उठाया होगा। वहीं शनिवार रात पिता अशोक कुमार राय ने बेटी को मारकर शव लटकाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। पुलिस ने अज्ञात में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। जिस पर पुलिस जांच कर रही है।

उन्होंने बताया कि बेटी ने पहले प्रयास में ही पीसीएस-जे की परीक्षा पास की थी। वह बहुत होनहार थी। आवास में सिक्योरिटी होने के बाद भी बेटी ने असहाय होकर ऐसा कदम उठा लिया। उन्होंने बताया कि पास में रहने वाले एक न्यायिक अधिकारी की पत्नी ने बताया था कि ज्योत्सना राय शुक्रवार रात किसी से फोन पर तेज आवाज में बात कर रहीं थीं। वह बेटी की पोस्टिंग बदायूं में नहीं कराना चाहते थे लेकिन बेटी कहती थी कि पापा उनके काम में दखल मत किया करो। अगर थोड़ा भी आभास होता तो बेटी की नौकरी छुड़वा देते, लेकिन बेटी ने एक बार भी कुछ नहीं बताया।

न्यायिक अधिकारियों के सामने अपनी बात रखते पिता अशोक कुमार राय।

▸▸ **पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला जज ज्योत्सना की मौत हैंगिंग से होने की हुई पुष्टि**

अब तक सामने नहीं आया मौत के पीछे का कोई ठोस कारण

महिला जज की मौत के दूसरे दिन भी कोई ठोस कारण सामने नहीं आया है। हर किसी के जेहन में एक ही सवाल है कि इतनी होनहार महिला जज क्यों ऐसा करेंगी। घटना से सभी हैरान हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अभी तक ठोस वजह सामने नहीं आई है। महिला जज के कमरे में ताला लगा दिया गया है। परिजन कुछ सामान ले गए हैं।

परिजन ने पूरी की अंतिम इच्छा

बेटी की अंतिम इच्छा को पूरा करते हुए परिजन अयोध्या के सरयू नदी किनारे अंतिम संस्कार के लिए शव लेकर चले गए। गौरतलब है कि सुसाइड नोट में अयोध्या के सरयू नदी किनारे अंतिम संस्कार करने की इच्छा महिला जज ने व्यक्त की थी और अपने दो खरगोश की सेवा करने की बात लिखी थी।

श्रमिकों के बच्चों के लिए हर जिले में बनेंगे अटल आवासीय विद्यालय

एजेंसी, कौशांबी

उम्मीद

▸▸ **पूरे देश में अटल आवासीय विद्यालय बनाये जाने की योजना पर किया जा रहा विचार**

प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय विभाग के मंत्री अनिल राजभर ने रविवार को कहा कि प्रदेश के प्रत्येक जनपद में अटल आवासीय विद्यालय बनाये जायेंगे। राजभर ने कांशीराम गेस्ट हाउस, ओसा में श्रम विभाग के अटल आवासीय विद्यालय के संचालन एवं लेबर सेस के संबंध में समीक्षा बैठक में बताया कि श्रमिकों के बच्चों के लिए उप्र के 18 मण्डलों में बनाये गये अटल आवासीय विद्यालयों की उपयोगिता को देखते हुए अब इन्हें प्रदेश के प्रत्येक जनपद में बनाया जायेगा।

अटल आवासीय विद्यालय की प्रधानमंत्री ने स्वयं प्रशंसा की है एवं पूरे देश में श्रमिकों के बच्चो के लिए अटल आवासीय विद्यालय बनाये जाने की योजना पर विचार किया जा रहा है। बैठक में उप श्रमायुक्त ने मंत्री को मानक संचालन प्रक्रिया के तहत वर्ष 2024-25 में कक्षा-6 व कक्षा-9 हेतु प्रत्येक में 140 (कुल 240) बच्चों के प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा कराये जाने के सम्बंध में जानकारी दी, जिसपर उन्होंने प्रवेश परीक्षा का प्रचार-प्रसार कर ज्यादा से ज्यादा फार्म/आवेदन पत्र प्राप्त करने के निर्देश दिए हैं, जिससे कि ज्यादा से ज्यादा बच्चे प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हो सकें। उन्होंने प्रवेश परीक्षा का प्रश्न पत्र कक्षा-6 व कक्षा-9 के स्तर का ही बनाये जाने के लिए कहा है। उन्होंने भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार के अन्तर्गत जनपद व सेस/उपकर संग्रहण की स्थिति की समीक्षा करते हुए निजी क्षेत्र से उपकर संग्रहण बढ़ाये जाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं एवं विभागों द्वारा उपकरण संग्रहण का भुगतान एवं उपकर की फीडिंग किए जाने के लिए बनाये गये उपकर संग्रहण पोर्टल पर कार्य करने की जानकारी के लिए मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सभी सम्बंधित अधिकारियों की कार्यशाला आयोजित कराकर ज्यादा से ज्यादा अधिष्ठान पंजीयन कराये जाने के लिए कहा। उन्होंने नक्शा बनवाकर ही भवन निर्माण कराने व उपकर संग्रहण की जागरुकता ग्रामीण क्षेत्रों में कराये जाने के लिए व भवन व अन्य निर्माण के लिए बैंक से लोन लेने वालों की सूचना संग्रहीत किए जाने के लिए कहा।

ट्रक-कार की भिड़ंत में तीन लोगों की मौत

संवाददाता, प्रयागराज

जिले में प्रयागराज-वाराणसी राजमार्ग पर एक ट्रक और एक कार की आमने-सामने की भिड़ंत में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि घटना शनिवार रात गंगानगर में हंडिया थाना क्षेत्र के रसार गांव के पास की है। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) हंडिया पंकज लवानिया ने बताया कि राजमार्ग पर एक ट्रक और एक कार की आमने सामने की टक्कर में कार सवार चार लोग घायल हो गए जिन्हें अस्पताल पहुंचा गया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में इलाज के दौरान अभिषेक चौबे (25), पूनम (30) और उसके चार वर्षीय बेटे राम की मौत हो गई। दुर्घटना में घायल पूनम के पति भागीरथ का स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में उपचार जारी है। लवानिया ने कहा कि कार में सवार लोग खजुराहो से बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने वाराणसी जा रहे थे। रसार गांव के सामने फ्लाईओवर पर मरम्मत का कार्य किया जा रहा है जिसकी वजह से एक तरफ का मार्ग बंद कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि दूसरी तरफ के मार्ग पर आवागमन जारी रहने से कार के ड्राइवर ने आगे चल रहे ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश की। लेकिन कार दूसरी ओर से आ रहे ट्रक से भिड़ गई।

ट्रक की टक्कर के बाद क्षतिग्रस्त हुई कार।

सहारनपुर : सड़क हादसे में जीजा-साले की मौत

सहारनपुर : जिले के बेहट थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात हुए सड़क हादसे में जीजा-साले की मौत हो गयी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने बताया कि थाना मिर्जापुर निवासी रफाकत (22) अपने जीजा तौफीक (25) के साथ पास के रायपुर में शनिवार को टेंट लगाने गया था। दोनों जीजा-साले शनिवार देर रात बाइक से अपने गांव लौट रहे थे तभी गदेवड आलमपुर के निकट पीछे से आ रहे एक ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार जीजा-साले ट्रक की चपेट में आ गये और दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी। बताया कि टक्कर मारने वाला ट्रक भी अनियंत्रित होकर पूर्वी यमुना नहर में पलट गया लेकिन ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

आजम के मोहल्ले से चला यूनिवर्सिटी को सरंक्षण में लेने का अभियान

रामपुर : मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर यूनिवर्सिटी को सरकार के सरंक्षण में लेने के लिए रविवार से हस्ताक्षर अभियान पूर्व मंत्री आजम खां के मोहल्ले से शुरू हुआ। शहर में पूर्व मंत्री आजम खां के घर के वार्ड नंबर 17 टंकी नंबर पांच घेर मीरबाज खान में सभासद गुड्डू तनवीर और आसिफ खान के नेतृत्व में दोपहर एक बजे से हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की गई जो सप्ताह भर जारी रहेगी। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने हस्ताक्षर किए। युवा भाजपा नेता फसाहत अली शानू ने बताया कि जौहर यूनिवर्सिटी में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर 26 नवंबर रविवार से ग्राम सिंगनखेड़ा से इस अभियान की शुरुआत की गई थी। जो रविवार से शहर में शुरू की गई है।

वर्ग पहेली-333

बाएं से दाएं

1.1. पोला, रिक्त 2. जिसके भीतर कुछ भी न हो 3. निरर्थक, सारहीन 4. भावशून्य 5. शक्तिहीन, दुर्बल।

5. (पुराण) शिव का एक नाम, महादेव।

7.1. प्रत्यक्ष ज्ञान 2. संवेदन 3. प्रयोग-परीक्षण से प्राप्त ज्ञान 4. व्यवहार से उपलब्ध संज्ञान 5. तजुर्बा, अहसास, (एक्सपीरिएंस)।

8.1. क्षमता, योग्यता, सामर्थ्य 2. धारिता, ग्रहणशक्ति 3. हैसियत, दर्ज़ा, स्थिति 4. अधिकार।

ऊपर से नीचे

2. मध्यप्रदेश का एक प्रमुख ऐतिहासिक स्थान। उक्त नगर में चंदेलों ने एक भव्य मंदिर स्थापित किया था जो अपनी सुंदरता और भित्तिचित्र के लिए विश्व प्रसिद्ध है।

3.1. बहुत अधिक दूध देने वाली गाय 2. कामधेनु।

4.1. कल्पना 2. कामदेव, मनोज 3. प्रेम।

6. सेतु, पुल।

7.1. हमला, आक्रमण 2. आघात, प्रहार 3. किसी बात या कार्य पर सख़्त आपत्ति या आलोचना।



वर्ग पहेली - 332 का हल

1 श्रृ	गा	ल				2 उ
				3 सु	रू	प
				ले		च
4 मु				ख		य
5 सा	ध	6 नि		क		
हि		ज़ा				
7 ब	ढ़	ई			8 ठो	सा

ज्ञानवापी में पूजा पर बिफरे मौलाना तौकीर, देंगे गिरफ्तारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ **आईएमसी प्रमुख बोले, देश की अदालतों से उठा भरोसा**

अमृत विचार: आईएमसी (इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल) प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने ज्ञानवापी मस्जिद में पूजा की अनुमति मिलने पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने मुसलमानों से इस शुक्रवार को इस्लामिया मैदान पहुंचकर गिरफ्तारी देने और अपने कारोबार और बाजार बंद रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश के मौजूदा हालात पर मुसलमान बोलने लगे तो गृह युद्ध जैसे हालात हो जायेंगे। देश की अखंडता और अमन की खातिर मुसलमान खामोश हैं। उसका भरोसा देश की सरकारी जांच एजेंसियों और अदालतों तक से उठ गया है।

मौलाना तौकीर रजा खां ने रविवार को अपने आवास पर पत्रकार वार्ता की। उन्होंने कहा कि हमारी मस्जिदों, मदरसों और दरगाहों पर बुल्डोजर चलाया जा रहा है। तीन हजार मस्जिदों की लिस्ट तैयार है जिन्हें मुसलमानों से छीनने की साजिश की जा रही है। कोर्ट ने ज्ञानवापी को लेकर जो निर्णय दिया है उससे साफ है कि अदालतों से अन्याय हो रहा है। बाबरी मस्जिद में मंदिर के कोई सबूत नहीं मिले लेकिन आस्था के आधार पर मंदिर हिंदुओं को दे दिया गया। ज्ञानवापी में सबूत मिल भी रहे हैं तो आस्था के आधार पर मस्जिद हमें दे दी जाये। सबूत इसलिये मिल रहे हैं क्योंकि मुसलमान बने हिंदुओं ने ही अपनी इबादतगाह को स्वेच्छा से मस्जिद में तब्दील किया था। चुनावी फायदा हासिल करने के लिये यह मुद्दे गढ़े जा रहे हैं। भाजपा 2024 का चुनाव राम मंदिर, 2027 का चुनाव ज्ञानवापी और 2029 में मथुरा की कृष्ण जन्मभूमि पर लड़ेगी। मौलाना तौकीर रजा ने कहा कि मदरसों में पहले राष्ट्रगान कराया, इसके बाद योग। कुछ दिनों बाद रामायण पढ़ाने का दबाव बनाया जाएगा।

हेमंत सोरेन के बाद केजरीवाल की बारी

मौलाना तौकीर रजा खां ने लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न पुरस्कार के लिये नामित करने पर भी ऐतराज जताया। वहीं कहा कि हेमंत सोरेन एक प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं ।उन्हें जेल जाना पड़े इससे बड़ी और क्या ज्यादती होगी। अब अरविंद केजरीवाल जेल जायेंगे। इसी ज्यादती के खिलाफ शुक्रवार दोपहर को इस्लामिया मैदान में एकत्र होंगे जहां से गिरफ्तारी देने कलेक्ट्रेट जायेंगे। मौलाना ने सभी मुसलमानों से अपने जिलों में जेल भरो आंदोलन शुरू करने का आह्वान किया।

सुडोकू -50

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	8		4		7		1	
	6		2				9	
3					5			
		6				2		1
			3		6	5		
8		1						
	9		1					6
	5				3		4	
	4		5	7	8		2	

सुडोकू - 49 का हल

2	7	5	6	9	1	4	8	3
6	8	9	3	7	4	2	1	5
3	1	4	2	5	8	7	6	9
1	2	3	4	8	9	5	7	6
8	4	7	5	2	6	3	9	1
9	5	6	7	1	3	8	4	2
5	3	1	9	4	7	6	2	8
4	6	8	1	3	2	9	5	7
7	9	2	8	6	5	1	3	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 फरवरी, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 17 .24 तक तत्पश्चात एकादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अनुराधा 07 .54 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

मेष — आज आपको अकारण लोगों से विवाद नहीं करना चाहिए। गलत बातों में ज्यादा रुचि न लें। व्यवसाय में आपको नया प्रयोग करने से बचना चाहिए। काम की वजह से परिवार को समय नहीं दे पा रहे हैं। ईर्ष्यालु सहकर्मियों से सावधान रहें।

वृष — आज राजनीतिक संपर्कों का लाभ मिलेगा। परिवार का माहौल प्रसन्नतायुक्त रहेगा। धार्मिक कार्यों में सक्रियता से भाग लेंगे। व्यापार में बड़ा ऑर्डर मिल सकता है। ऑफिस में काम का दबाव कम होगा। जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा।

मिथुन — आज शोध कार्यों में बेहतरीन परिणाम मिलने के योग बन रहे हैं। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। अनावश्यक दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें। धार्मिक विषयों को लेकर किसी परिजन से मनमुटाव हो सकता है।

कर्क — आज धन उधार लेन-देन से आपको बचना चाहिए। असंतुलित खानपान के कारण आपका पेट खराब हो सकता है। नए निवेश के माध्यम से आपको धन लाभ होगा। प्रेमी जन के साथ आपका विवाह तय हो सकता है।

सिंह — आज कुछ नजदीकी लोगों से विवाद हो सकता है। अपनी भावनाओं को दूसरों पर थोपने से बचें। अधूरे पड़े काम दोबारा शुरू होने के योग बन रहे हैं। मांसपेशियों में खिंचाव की शिकायत हो सकती है। अपनी परिस्थितियों को महत्व दें।

कन्या — आज मानसिक रूप से संतुष्टि का अनुभव करेंगे। प्रेम विवाह को लेकर परिवार में सहमति होने की संभावना बन रही है। उच्च अध्ययन में आप काफी रुचि लेंगे। संतान की समस्याओं का निवारण होगा। स्वास्थ्य की परेशानियों से छुटकारा मिलेगा।

तुला — आज विवाहेतर संबंधों से पूरी तरह बचें। बच्चों को लेकर तनाव हो सकता है। अनावश्यक कार्यों में आप अपना समय बर्बाद कर सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। मांगलिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं।

वृश्चिक — आज आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। घर में शुभचिंतकों और परिजनों का आना-जाना लगा रहेगा। दांपत्य संबंधों में प्रेम भाव बढ़ेगा। आपको सभी कार्यों में सफलता मिलेगी। प्रबंधन कुशलता का परिचय देंगे। सामाजिक कार्यों में आप भाग लेंगे।

धनु — आज थकावट के कारण बुखार जैसा भी महसूस हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको नई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। आपको अपनी योजनाओं को फिलहाल गुप्त रखना चाहिये। धैर्यवान होकर अपने समय का इन्तजार करें।

मकर — आज बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिलने के योग बन रहे हैं। आपके स्वभाव से लोग काफी प्रसन्न रहेंगे। जॉब में आपका वेतन बढ़ सकता है। जीवनसाथी आपके मनोबल को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

कुंभ — आज समाज सेवा के कार्यों में भी आप व्यस्त हो सकते हैं। आप तय समय से पहले आवश्यक कार्यों को पूर्ण कर लेंगे। विदेश में कार्यरत लोगों की आय बढ़ सकती है। पुराने मित्रों के माध्यम से कुछ शुभ समाचार मिल सकते हैं।

मीन — आज घर के किसी सदस्य के विवाह की चर्चा हो सकती है। वैवाहिक जीवन अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। रुके हुए सरकारी काम बन सकते हैं। ई-कॉमर्स के व्यवसाय से जुड़े लोगों को बड़ा धन लाभ प्राप्त हो सकता है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
चाइना गेट — सुबह : 10 .00
बादशाह — रात : 07 .00

SONY MAX
अब तक छप्पन 2 — सुबह : 09 .00
बाटला हाउस — शाम : 06 .00

SONY PIX
स्पाइडर मैन — सुबह : 10 .28
द डॉर्क नाइट — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
7 आवर्स टू गो — सुबह : 10 .30
सिटीलाइट्स — रात : 07 .30

colors CINEPLEX
ओके जानू — दोपहर : 12 .21
डेंजरस खिलाड़ी 2 — रात : 09 .53

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर शाम-06 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

रतनलाल- रमेश! तुम्हें देखता हूं तो मुझे सुरेश की याद आ जाती है।
रमेश- लेकिन मुझमें और सुरेश में शायद ही कोई बात कॉमन हो!
रतनलाल- क्यों नहीं!
पिछले दो साल से आप दोनों ने मुझसे पांच सौ रुपए कर्ज लिये थे। आज तक नहीं लौटाए।

दो नाली के कीड़े खाते समय आपस में बाते कर रहे थे।
एक कीड़ा- यह सामने वाला होटल कितना साफ है, हर चीज शीशे की तरह चमकती है।
दूसरा कीड़ा- मेहरबानी करो यार, कम-से-कम खाना खाते समय तो ऐसी घिनौनी बाते मत किया करो।

आजादी के बाद सत्ता में रहे लोगों को अपनी ही संस्कृति पर शर्म आती थी : प्रधानमंत्री

असम में नरेंद्र मोदी ने 11,600 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

गुवाहाटी, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दावा किया कि आजादी के बाद सत्ता में रहे लोग पूजा स्थलों के महत्व को नहीं समझ सके और उन्होंने राजनीतिक वजहों से अपनी ही संस्कृति पर शर्मिंदा होने की प्रवृत्ति स्थापित की। गुवाहाटी में 11,600 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि कोई भी देश अपना इतिहास मिटाकर प्रगति नहीं कर सकता।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के साथ गुवाहाटी में रोडशो के दौरान लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए। ● एजेंसी

केंद्र सरकार द्वारा 498 करोड़ रुपये की लागत से बनाए जा रहे कामाख्या मंदिर गलियारा परियोजना पर उन्होंने कहा कि इसके तैयार हो जाने के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस 'शक्ति पीठ' में आएंगे और इससे देश के पूरे पूर्वोत्तर के देशी-विदेशी पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा।

मोदी ने कहा-यह पूर्वोत्तर का प्रवेश द्वार बन जाएगा। हजारों वर्षों की चुनौतियों के बावजूद ये हमारी संस्कृति और हमने खुद को कैसे संरक्षित रखा है, इस बात के प्रतीक हैं। हमारी मजबूत संस्कृति का हिस्सा रहे इनमें से कई प्रतीक आजकल खंडहर बन गए हैं। उन्होंने कहा कि 'कामाख्या दिव्यलोक परियोजना' इस शक्ति पीठ की तीर्थयात्रा के अनुभव को बिल्कुल पलट देगी। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि आजादी के बाद लंबे समय तक सरकार चलाने वाले लोग ऐसे धर्म स्थलों का महत्व नहीं समझ सके और उनकी उपेक्षा की।

मोदी की गारंटी बेरोजगारी की गारंटी है : प्रियंका गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने रिक्त सरकारी पदों को लेकर रविवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी ''बेरोजगारी की गारंटी'' है। कांग्रेस महासचिव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि देश में करीब 30 लाख सरकारी पद खाली हैं। उन्होंने आरोप लगाया-हमारे करोड़ों युवा नौकरियों का इंतजार कर रहे हैं लेकिन पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने इन पदों को भरने के लिए दिखावे के सिवा कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि 8 साल में 22 करोड़ युवाओं ने नौकरी के लिए आवेदन किया लेकिन नौकरी मिली मात्र सात लाख युवाओं को।

आडवाणी में पीएम बनने की क्षमता थी, लेकिन दरकिनार कर दिया गया

मुंबई, एजेंसी

▸▸ शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने भाजपा पर साधा निशाना

पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से नवाजे जाने की घोषणा किए जाने के बाद शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता एवं सांसद संजय राउत ने रविवार को कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता में प्रधानमंत्री (पीएम) बनने की काबिलियत थी लेकिन अब उन्हें दरकिनार कर दिया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को घोषणा की थी कि आडवाणी को 'भारत रत्न' से नवाजा जाएगा और उन्होंने इसे अपने लिए ''एक अत्यंत भावुक क्षण'' बताया था। आडवाणी (96) यह सम्मान पाने वाले 50वें व्यक्ति हैं। राउत ने कहा कि भाजपा आज जो कुछ भी है, वह आडवाणी की 'रथ यात्रा'

की वजह से है। उन्होंने कहा, उन्हें (आडवाणी को) देश का राष्ट्रपति नियुक्त किया जा सकता था लेकिन भाजपा ने ऐसा नहीं किया। उनमें प्रधानमंत्री बनने की क्षमता थी लेकिन उन्हें दरकिनार कर दिया गया। आडवाणी को उसी वर्ष भारत रत्न दिया जाएगा, जब राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। आडवाणी ने राम मंदिर के मुद्दे को उठाने के लिए 1990 में 'राम रथ यात्रा' की थी।

भाजपा विधायक गायकवाड के खिलाफ मामला दर्ज

ठाणे। महाराष्ट्र से भाजपा के विधायक गणपत गायकवाड पर एक ग्रामीण की शिकायत पर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार रोकथाम) अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। यह जानकारी पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को दी। गणपत गायकवाड पर शिवसेना के एक नेता को ठाणे जिले के उल्हासनगर में एक पुलिस थाने के भीतर गोली मारकर घायल करने का आरोप है। गायकवाड ने शुक्रवार देर रात हिल लाइन पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक के कमरे के अंदर कल्याण के शिवसेना नेता महेश गायकवाड को छह गोलियां मारी थीं और उनके सहयोगी राहुल पाटिल को भी घायल कर दिया था। इस मामले में कल्याण पूर्व के तीन बार के विधायक गणपत गायकवाड पर हत्या के प्रयास और अन्य अपराधों का भी आरोप लगाया गया है।

एक नजर

महाराष्ट्र में दोहरी सुरंग परियोजना को मंजूरी

मुंबई। राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड ने ठाणे-बोरीवली के बीच दोहरी सुरंग परियोजना को मंजूरी दे दी है। मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने रविवार को यह जानकारी दी। एमएमआरडीए द्वारा जारी एक बयान के अनुसार ठाणे शहर और बोरीवली के बीच प्रस्तावित दोहरी सुरंग, संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान (एसजीएनपी) से होते हुये गुजरेगी और यह पूर्वी तथा पश्चिमी एक्सप्रेस राजमार्गों आपस में जोड़ेगी। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में एमएमआरडीए आयुक्त डॉ. संजय मुखर्जी ने जानकारी दी।

हादसे में तीन युवकों की मौत, एक घायल

जयपुर। राजस्थान के सीकर जिले के लोसल थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक कार सड़क पर लगे खंभे से टकरा गई जिससे कार में सवार तीन युवकों की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि डीडवाना रोड पर सांगलिया से मोलासर की ओर जा रही एक कार अनियंत्रित होकर गणगौर होटल के पास सड़क पर लगे खंभे से टकरा गई, जिससे कार में सवार शीशराम ओला (20), धर्मेन्द्र जाट (19), लोकेश जाट (20) की मौत हो गई जबकि एक अन्य सुनील जाट (15) घायल हो गया।

मुख्यमंत्री करते हैं विभागों का बंटवारा इसलिए उन्हें इस्तीफा सौंपा : भुजबल

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता छगन भुजबल ने रविवार को कहा कि उन्होंने अपना इस्तीफा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को सौंप दिया है, क्योंकि वह विभागों के आवंटन के लिए जिम्मेदार हैं। भुजबल ने नासिक में संवाददाताओं से कहा-एक मुख्यमंत्री ही राज्य में मंत्रिस्तरीय विभागों का आवंटन करता है और मंत्रियों को उनकी जिम्मेदारियों के बारे में सूचित करता है। यह हमेशा मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार होता है कि वह किसे अपने मंत्रिमंडल में शामिल करे और तदनुसार, राज्य के राज्यपाल को इस बारे में सूचित किया जाता है।

पुलिस ने मुंबई में इस्लामी उपदेशक को हिरासत में लिया

मुंबई, एजेंसी

भड़काऊ भाषण मामला

भड़काऊ भाषण के एक मामले की जांच कर रही गुजरात पुलिस ने रविवार को इस सिलसिले में मुंबई से इस्लामी उपदेशक मुफ्ती सलमान अजहरी को हिरासत में ले लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि मुफ्ती सलमान फिलहाल घाटकोपर पुलिस थाने में है। अधिकारी ने कहा कि मुफ्ती के सैकड़ों समर्थक उनकी तत्काल रिहायी की मांग करते हुए पुलिस थाने के बाहर जमा हो गए, इससे इलाके में यातायात जाम हो गया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने थाने के बाहर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गुजरात के जूनागढ़ की पुलिस ने उपदेशक द्वारा कथित तौर पर दिया गया एक भड़काऊ भाषण सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद इस सिलसिले में दो लोगों को शनिवार को गिरफ्तार किया था। उन्होंने कहा कि यह भाषण 31 जनवरी की रात को दिया गया था।

झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में 5 को चंपई सरकार का विश्वास मत प्रस्ताव

रांची। झारखंड विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र सोमवार 5 फरवरी से प्रारंभ हो रहा है। राज्यपाल के अभिभाषण के साथ ही विधानसभा सत्र की शुरुआत होगी। इसके साथ ही विशेष सत्र में सीएम चंपई सोरेन की ओर से विश्वास मत प्रस्ताव पेश किया जाएगा। विधानसभा के विशेष सत्र को लेकर जारी औपबंधित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का पूर्वाह्न 11 बजे अभिभाषण होगा। जिसके बाद सरकार की ओर से विश्वास मत पेश किया जाएगा। इस पर चर्चा के बाद वाद-विवाद और मतदान होगा। वहीं 6 फरवरी को राज्यपाल के अभिषभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव चर्चा होगी।

पंजाब के 11 खिलाड़ियों को पीसीएस, पीपीएस की नौकरी दी गई

चंडीगढ़, एजेंसी

▸▸ पीलीभीत (उप्र) निवासी हॉकी खिलाड़ी सिमरनजीत सिंह को बनाया गया पीसीएस

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर सहित 11 खिलाड़ियों को अपने संबंधित खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रविवार को पंजाब प्रशासनिक सेवा (पीसीएस) और पंजाब पुलिस सेवा (पीपीएस) में नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इन 11 खिलाड़ियों में से नौ हॉकी से जबकि एक-एक खिलाड़ी क्रिकेट और शॉर्ट पुट (गोला फेंक) से हैं।

पीपीएस की नौकरी पाने वाले खिलाड़ियों में हॉकी खिलाड़ी हरमनप्रीत सिंह, मनदीप सिंह, वरुण कुमार, शमशेर सिंह और दिलप्रीत सिंह के अलावा हरमनप्रीत कौर (क्रिकेट) और तेजिंदर तूर (शॉर्ट पुट) शामिल हैं। वहीं, चार हॉकी खिलाड़ियों रूपिंदर पाल सिंह, सिमरनजीत सिंह, हार्दिक सिंह और गुरजंत सिंह को पीसीएस की नौकरी दी गई है। बता दें कि अंतर्राष्ट्रीय हॉकी टीम के कप्तान सिमरनजीत सिंह उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले के ग्राम मझारा के निवासी हैं।

मान ने कहा कि सरकार अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियों को 100% नौकरियां प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कहा कि इससे खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

राम मंदिर पर बयान को लेकर आईयूएमएल के अध्यक्ष विवादों के घेरे में

मलप्पुरम (केरल)। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) की केरल इकाई के अध्यक्ष पी. सैय्यद सादिक अली शिहाब थंगल राम मंदिर के बारे में अपने बयान को लेकर रविवार को विवादों में घिर गए। थंगल ने हाल में कहा था कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का विरोध करने की कोई जरूरत नहीं है और नया मंदिर तथा प्रस्तावित मस्जिद, दोनों ही देश में धर्मनिरपेक्षता को मजबूत करेंगे। आईयूएमएल केरल में विपक्षी दल कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) का एक प्रमुख सहयोगी और मुस्लिम समुदाय के बीच अच्छा-खासा प्रभाव रखने वाला राजनीतिक दल है। थंगल ने यह बयान 24 जनवरी को मंजेरी में एक कार्यक्रम के दौरान दिया था,, जिसका वीडियो रविवार को वायरल हुआ।

आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन के लिए खड़ी है कांग्रेस : राहुल गांधी

धनबाद/बोकारो, एजेंसी

▸▸ कांग्रेस नेता ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान लोगों को किया संबोधित

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन तथा युवाओं के रोजगार के लिए खड़ी है। राहुल अपनी 'भारत जोड़ो-न्याय यात्रा' के दौरान झारखंड के धनबाद जिले में एक रोडशो को संबोधित कर रहे थे। धनबाद के टुंडी प्रखंड में शनिवार को रात्रि विश्राम के बाद यात्रा रविवार को झारखंड में तीसरे दिन धनबाद शहर के गोविंदपुर से फिर से शुरू हुई।

राहुल ने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को निजी इकाइयों को बेचे जाने से बचाना और देश के नौकरीपेशा युवाओं और आदिवासियों के लिए

न्याय सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा-कांग्रेस पार्टी आदिवासियों के जल-जंगल-जमीन के लिए खड़ी है और युवाओं की शिक्षा और रोजगार के लिए काम करती है। नोटबंदी, जीएसटी और बेरोजगारी ने युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है।

राज्य सरकारों को परेशान कर रही मोदी सरकार

त्रिशूर (केरल)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि राज्य शासन में उसका हस्तक्षेप और राज्यों की राजनीतिक स्वायत्तता को कमजोर करने का प्रयास संघवाद के सिद्धांतों को कमजोर करता है। खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार न केवल राज्य सरकारों को परेशान कर रही है, बल्कि देश की गरीब जनता और महिलाओं को कुचल भी रही है।

फगवाड़ा में अनैतिक व्यापार रैकेट का भंडाफोड़, 26 गिरफ्तार

फगवाड़ा। पंजाब के फगवाड़ा निगम शहर और इसके आसपास के ग्रामीण इलाकों में नशे की समस्या सहित अवैध गतिविधियों की समस्या पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कपूरथला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) वत्सला गुप्ता के नेतृत्व में एक अभियान चलाया गया जो शनिवार तड़के तक जारी रहा। श्री वात्सल्य गुप्ता ने रविवार को बताया कि 13 लड़कों और 13 लड़कियों (जिनमें नौ विदेशी नागरिक और चार भारतीय नागरिक शामिल हैं) को दो अलग-अलग मामलों में धारा 3,4,5,7,8 अनैतिक व्यापार अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने नौ पासपोर्ट, 29 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 45,000 रुपये बरामद किए गए।

कारोबार/कृषि

एक नजर

बीओएम की जमा वृद्धि रही सबसे अच्छी

नई दिल्ली। बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में जमा के मामले में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सबसे ऊंची वृद्धि दर्ज की है। बीओएम ने यह आंकड़ा ऐसे समय हासिल किया है कि जबकि ज्यादातर सरकारी बैंकों की जमा वृद्धि 10 प्रतिशत से कम रही है। आंकड़ों के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र के 12 बैंकों में से केवल बीओएम और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने दिसंबर, 2023 को समाप्त तीसरी तिमाही में जमा में दो अंक की वृद्धि हासिल की है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रकाशित तिमाही आंकड़ों के अनुसार, पुणे के ऋणदाता बीओएम ने तिमाही के दौरान जमा में 17.89 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

पीएलआई योजना में हुआ ज्यादा निवेश

नई दिल्ली। उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई योजना) के अंतर्गत दिसंबर 2023 तक 1.07 लाख करोड़ रुपये के वास्तविक निवेश की प्राप्ति हुई और लगभग सात लाख (प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष) रोजगार के अवर का सृजन हुआ। इस योजना के अंतर्गत इसी दौरान निर्यात 3.40 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निर्यात हुआ। यह जानकारी केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ इस योजना के हितधारकों की बैठक में दी गयी। यह जानकारी रविवार को मंत्रायल की एक विज्ञप्ति में दी गयी है। उन्होंने का कि कार्यान्वयन करने वाले मंत्रालय/विभाग को पीएलआई लाभार्थियों के साथ नियमित परामर्श और गोलमेज बैठकें आयोजित करनी चाहिए। विज्ञप्ति के अनुसार श्री गोयल ने बैठक में पीएलआई योजना की नीतियों एवं प्रभावशीलता को आकार देने के लिए रचनात्मक प्रतिक्रिया और सहयोगात्मक भागीदारी को प्रोत्साहित किये जाने पर बल दिया।

देश में 6 साल के उच्चस्तर पर पहुंचा एफपीआई

जनवरी में बॉन्ड बाजार में डाले 19,800 करोड़ रुपये, बॉन्ड बाजार के प्रति आकर्षण बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जनवरी में देश के ऋण या बॉन्ड बाजार में 19,800 करोड़ रुपये का निवेश किया है। यह बॉन्ड बाजार में एफपीआई के प्रवाह का 6 साल में सबसे ऊंचा मासिक स्तर है। भारत सरकार के बॉन्ड को जेपी मॉर्गन इंडेक्स में शामिल किए जाने के बाद एफपीआई का भारतीय बॉन्ड बाजार के प्रति आकर्षण बढ़ा है। वहीं दूसरी ओर एफपीआई ने अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने के बीच जनवरी में भारतीय शेयरों से 25,743 करोड़ रुपये की निकासी की है।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी में एफपीआई ने बॉन्ड बाजार में शुद्ध रूप से

19,836 करोड़ रुपये डाले हैं। यह जून, 2017 के बाद उनके निवेश का सबसे ऊंचा मासिक स्तर है। उस समय उन्होंने बॉन्ड बाजार में 25,685 करोड़ रुपये डाले थे। इससे पहले दिसंबर में एफपीआई ने बॉन्ड में 18,302 करोड़ रुपये, नवंबर में 14,860 करोड़ और अक्टूबर में 6,381 करोड़ रुपये डाले थे।

मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा-भारत के निश्चित आय बाजार में एफपीआई का शुद्ध प्रवाह जून में 2.39 अरब डॉलर रहा है। भारत सरकार के बॉन्ड को जेपी मॉर्गन इंडेक्स में शामिल किए जाने की वजह से यह निवेश आया है। जेपी मॉर्गन चेज एंड कंपनी ने पिछले साल सितंबर में घोषणा की थी कि वह जून, 2024 से भारत सरकार के बॉन्ड को अपने उभरते बाजार के बेंचमार्क में जोड़ेगी। इस ऐतिहासिक कदम से इसके बाद के डेढ़ से दो साल में भारत को 20 से 40 अरब डॉलर का निवेश आकर्षित करने में मदद करेगी।

8 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.90 लाख करोड़ बढ़ा



स्थानीय शेयर बाजार में उछाल के बीच बीते सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से 8 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 2.90 लाख करोड़ रुपये चढ़ गया। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,384.96 अंक या 1.95 प्रतिशत के लाभ में रहा। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से आठ ...रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई। वहीं भारती एयरटेल और आईटीसी का मूल्यांकन घट गया। शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के संयुक्त बाजार मूल्यांकन में कुल 2,90,267.98 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई।

दक्षिण कोरिया से उत्पादों के लिए भारत ने की अधिक बाजार की मांग

नई दिल्ली। भारत ने दक्षिण कोरिया से इस्पात, चावल और झींगा जैसे कुछ उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए अधिक बाजार की मांग की है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दोनों देशों के बीच मौजूदा मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के अद्यतन के लिए बातचीत चल रही है। भारत ने वार्ता में इन मुद्दों को उठाया है। इसे आधिकारिक रूप से व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) कहा जाता है। यह समझौता जनवरी, 2010 में परिचालन में आया था। समझौते के अद्यतन पर वार्ता का 10वां दौर चल रहा है। अधिकारी ने कहा-हम इस्पात, चावल और झींगा जैसे उत्पादों के लिए अधिक बाजार पहुंच की मांग कर रहे हैं। बैठक में भारत ने दक्षिण कोरियाई कंपनियों द्वारा भारतीय इस्पात नहीं खरीदने का मुद्दे भी उठाया।

नीतिगत दर में बदलाव नहीं करेगा भारतीय रिजर्व बैंक

मुंबई, एजेंसी

▸▸ 6 फरवरी से होने वाली एमपीसी की बैठक को लेकर विशेषज्ञों ने दी अपनी राय

अंतरिम बजट के ठीक बाद भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अल्पकालिक ऋण दर (रेपो दर) पर यथास्थिति जारी रखने की संभावना है। विशेषज्ञों का कहना है कि केंद्रीय बैंक इस सप्ताह अपनी आगामी द्विमासिक मौद्रिक नीति में नीतिगत दरों में कोई बदलाव शायद ही करे, क्योंकि खुदरा मुद्रास्फीति अब भी संतोषजनक दायरे के ऊपरी स्तर के करीब है।

रिजर्व बैंक ने लगभग एक साल से अल्पकालिक ऋण दर या रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा है। इसे आखिरी बार फरवरी 2023 में 6.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया गया था। खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई, 2023 में 7.44 प्रतिशत के उच्चस्तर पर थी और उसके बाद इसमें गिरावट आई है। हालांकि, यह अब भी अधिक ही है। खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर, 2023 में 5.69 प्रतिशत थी। सरकार ने रिजर्व बैंक को मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत के दायरे में रखने की जिम्मेदारी सौंपी है।

आरबीआई गवर्नर की अध्यक्षता वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिन की बैठक 6 फरवरी को शुरू होगी। गवर्नर शक्तिकांत दास आठ फरवरी को समिति के फैसले की घोषणा करेंगे। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने अनुमान जताया कि एमपीसी दर और रुख, दोनों में यथास्थिति बनाए रखेगी।

विदेशी मुद्रा भंडार 59.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 616.7 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 26 जनवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 59.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 616.7 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 2.8 अरब डॉलर गिरकर 616.1 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक के आंकड़े के अनुसार, 26 जनवरी में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 28.9 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 546.1 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

एनएफआईआर विधेयक तैयार, अगले सत्र में पेश किए जाने की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने दी जानकारी

आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने कहा है कि राष्ट्रीय वित्तीय सूचना रजिस्ट्री (एनएफआईआर) के गठन के लिए एक विधेयक का मसौदा लगभग तैयार है और इसे संसद के आगामी जुलाई सत्र में पेश किया जा सकता है। ऋण संबंधी सूचना के लिए सार्वजनिक बुनियादी ढांचा तैयार करने और कर्ज देने वाली एजेंसियों को सही सूचना उपलब्ध कराने के लिए एनएफआईआर का गठन किया जाना है। राष्ट्रीय वित्तीय सूचना रजिस्ट्री, वित्तीय और सहायक जानकारी के केंद्रीय भंडार के रूप में काम करती है। इससे अच्छी तरह से कर्ज देने, वित्तीय समावेशन और वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा।

सेठ ने एक साक्षात्कार में बताया-मसौदे पर हितधारकों के साथ विचार-विमर्श किया जा चुका है और यह लगभग तैयार है। हम इसे जल्द ही मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के पास भेजेंगे। लेकिन, मौजूदा सत्र में इसे पेश करना संभव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि विधेयक को जुलाई सत्र में पेश किया जा सकता है।

पैकिंग मशीन का पंजीकरण न होने पर एक लाख का जुर्माना

नई दिल्ली। पान मसाला, गुटखा और इसी तरह के तंबाकू उत्पादों के विनिर्माताओं को एक अप्रैल से माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिकारियों के साथ अपनी पैकिंग मशीनरी को पंजीकृत कराने में विफल रहने पर एक लाख रुपये तक का जुर्माना देना होगा। इस कदम का उद्देश्य तंबाकू विनिर्माण क्षेत्र में राजस्व रिसाव को रोकना है। वित्त विधेयक, 2024 ने केंद्रीय जीएसटी अधिनियम में संशोधन पेश किया है। इसमें प्रत्येक ऐसी मशीन के पंजीकृत नहीं होने पर एक लाख रुपये के जुर्माने का प्रावधान है। इसके अलावा मशीनों को जब्त भी किया जा सकता है।

आयकर विभाग में 12,000 पद हैं खाली नियुक्ति के लिए उठा रहे कदम : नितिन

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ सीबीडीटी प्रमुख ने बताया कर्मचारियों की है कमी

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन नितिन गुप्ता ने कहा है कि आयकर विभाग में 10,000 से 12,000 तक कर्मचारियों की कमी है और खाली पड़े पदों पर नियुक्ति के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अंतरिम बजट में 25,000 रुपये तक की बकाया कर मांग को वापस लेने की घोषणा के तहत करदाताओं को एक लाख रुपये तक की राहत मिल सकती है। इससे उन करदाताओं को लाभ होगा होगा, जिन्हे निर्धारित अवधि में एक

साल से अधिक के लिए कर मांग को लेकर नोटिस मिले हैं।

गुप्ता ने बातचीत में कहा-आयकर विभाग में 10,000 से 12,000 कर्मचारियों की कमी है। ये पद मुख्य रूप से ग्रुप 'सी' श्रेणी के हैं। इन पदों को भरने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। विभाग में कर्मचारियों की कुल संख्या 55,000 के करीब है।

अंतरिम बजट में 25,000 रुपये तक की कर मांग को वापस लेने के बारे में पूछे जाने पर नितिन गुप्ता ने कहा-इस पहल का मकसद करदाताओं को राहत देना है। इसके तहत हम प्रति करदाता एक लाख रुपये तक की सीमा रखने का प्रयास करेंगे। यानी करदाता को अगर एक साल से अधिक के लिए कर मांग को लेकर नोटिस मिला है, तो उसे एक लाख रुपये तक की राहत मिल सकती है।

डेविस कप में भारत की पाकिस्तान पर ऐतिहासिक जीत

60 साल बाद दौरे पर पहुंची भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 4-0 से हराया, विश्व ग्रुप एक में बनाई जगह

इस्लामाबाद, एजेंसी

60 साल बाद डेविस कप खेलने के लिए पहुंची भारतीय टेनिस टीम ने पाकिस्तान को 4-0 से हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। भारत के युकी भांबरी और साकेत माइनेनी की आसान जीत और निकी पूनाचा के विजयी पदार्पण से चिर प्रतिद्वंद्वी देश का दौरा पूरा करते हुए विश्व ग्रुप एक में जगह सुनिश्चित की। युकी और साकेत ने युगल मुकाबले में जीत के साथ भारत को प्ले ऑफ में 3-0 की विजयी बढ़त दिलाई।

शनिवार को 2-0 की बढ़त हासिल करने के बाद रविवार को युकी और साकेत ने मुजम्मिल मुर्तजा और अकील खान की मेजबान जोड़ी को 6-2, 7-6(5) से हराकर मुकाबले में पाकिस्तान पर भारत के दबदबे को बरकरार रखा।

पाकिस्तान ने युगल मुकाबले के लिए अकील को बरकत उल्लाह की जगह उतारा क्योंकि वह करो या मरो के इस मैच में अनुभवी खिलाड़ी चाहते थे। इस मुकाबले में हार भारत की जीत तय करती। युकी और साकेत ने मेजबान जोड़ी को कोई मौका नहीं दिया और इस मुकाबले में दोनों टीम के बीच का अंतर साफ दिखा।

पाकिस्तान की जोड़ी को साकेत की सर्विस का सामना करने में काफी परेशानी हुई। उन्होंने अपनी सर्विस पर बेहद कम अंक गंवाए और नेट पर भी शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय खिलाड़ियों के रिटर्न भी लाजवाब रहे और युकी ने कई बार पाकिस्तान के दोनों खिलाड़ियों के बीच से विनर लगाए। फिर 28 वर्षीय पूनाचा को मोहम्मद शोएब के खिलाफ बेमानी चौथा मैच खेलने के लिए उतारा गया, जिन्होंने इसमें 6-3, 6-4 से जीत हासिल की। इसके बाद पांचवां मैच नहीं खेला गया।

अब तक सभी मैच जीता है भारत

टेनिस के विश्व कप के रूप में पहचानी जाने वाली इस प्रतियोगिता में भारत की आठ मुकाबलों में पाकिस्तान के खिलाफ यह आठवीं जीत है। भारतीय टीम अब सितंबर में विश्व ग्रुप एक में हिस्सा लेगी जबकि पाकिस्तान ग्रुप दो में रहेगा। भारतीय टीम ने कड़ी परिस्थितियों और अपने आसपास भारी सुरक्षा से अच्छी तरह सामंजस्य बैठाया और माहौल का अपने प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ने दिया।

स्वीडन को हराकर ब्राजील ने पहली बार फाइनल के ग्रुप चरण में बनाई जगह

हेल्सिंगबर्ग (स्वीडन), एजेंसी। थियागो मोंटेइरो की अगुवाई में ब्राजील ने स्वीडन को शनिवार को 3-1 से हराकर पहली बार डेविस कप टेनिस फाइनल के ग्रुप चरण में जगह बनाई।

मोंटेइरो ने स्वीडन के इलियास यमेर को 4-6, 6-4, 6-2 से हराकर ब्राजील की जीत सुनिश्चित की। पुरुष युगल में ब्राजील के फेलिप मेलिगेनी और राफेल मातोस ने फिलिप बेरगेवी और आंद्रे गोरानसन की स्वीडन की जोड़ी को 6-2, 7-5 से शिकस्त दी। शनिवार को समाप्त हुए अन्य मुकाबलों में नीदरलैंड ने स्विट्जरलैंड को 3-2, जर्मनी ने हंगरी को 3-2, स्लोवाकिया ने सर्बिया को 3-0, कनाडा ने दक्षिण कोरिया को 3-1 और फिनलैंड ने पुर्तगाल को 3-0 से हराया।

सीईओ नियुक्ति पर नहीं हटेंगे पीछे

नई दिल्ली, एजेंसी

लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजी गईं पीटी उषा

भारतीय ओलंपिक संघ की प्रमुख पीटी उषा ने रविवार को कहा कि उन्हें नवनियुक्त सीईओ पर पूरा भरोसा है और वह उनकी नियुक्त के फैसले से पीछे नहीं हटेंगी। दिल्ली खेल पत्रकार संघ और भारतीय खेल पत्रकार महासंघ के समारोह में उषा ने कहा कि सीईओ काम कर रहे हैं और वह शत प्रतिशत पद पर बने रहेंगे। समारोह में जाने माने पिस्टल निशानेबाज जसपाल राणा और बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने पीटी उषा को लाइफटाइम अचीवमेंट के लिए पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

दअसल ओलंपिक संघ कार्यकारी परिषद के अधिकांश सदस्य एक निलंबन आदेश पर हस्ताक्षर करने जा रहे हैं, जिससे सीईओ रघुराम अय्यर की नियुक्ति को अमान्य करार दिया जाए।

ओलंपिक संघ ने 6 जनवरी को आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स के पूर्व अधिकारी रघुराम अय्यर को सीईओ नियुक्त किया था। उनकी नियुक्ति के कुछ हफ्तों में ही कार्यकारी परिषद के कई सदस्यों ने आरोप लगाया कि पीटी उषा ने उन पर दबाव बनाकर अय्यर की नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त किया।

फॉर्म में लौटे गिल ने जड़ा शतक, इंग्लैंड को 399 रन का लक्ष्य

इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 1 विकेट खोकर बनाए 67 रन, अभी जीत के लिए 332 रन की जरूरत

104 रन की पारी खेली शुभमन गिल ने

विशाखापत्तनम, एजेंसी

पहली पारी में 396 रन बनाने वाली भारतीय टीम दूसरी पारी में 255 रन पर सिमट गई। हालांकि शुभमन गिल ने फॉर्म में वापसी करते हुए अपने कॅरिअर का तीसरा अर्धशतक जड़ा और इंग्लैंड को 399 रन का लक्ष्य देने में अहम भूमिका निभाई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट खोकर 67 रन बना लिए हैं। जैक क्राउली 29 और रेहान अहमद 9 रन बनाकर क्रीज पर हैं। इंग्लैंड को एकमात्र झटका 28 रन बनाकर खेल रहे बेन डकेट के रूप में रविचंद्रन अश्विन ने दिया। इंग्लैंड को जीत के लिए 332 रन की दरकार है।

भारत ने दिन की शुरुआत बिना विकेट खोए 28 रन से की थी। टीम ने सुबह के सत्र में 102 रन जोड़े लेकिन कप्तान रोहित शर्मा (12), यशस्वी जायसवाल (17), श्रेयस अय्यर (29) और रजत पाटीदार (09) के विकेट गंवाए। सुबह के सत्र में शुरुआती 30 मिनट एंडरसन के नाम रहे। उन्होंने अपने पहले ओवर में रोहित का ऑफ स्टंप उखाड़ा। फिर अगले ओवर में पहली पारी में दोहरा शतक जड़ने वाले यशस्वी जायसवाल को पहली स्लिप में जो रूट के हाथों कैच कराया।

खराब फॉर्म से जूझ रहे शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर ने 81 रन जोड़कर पारी को संभाला। गिल को एंडरसन ने काफी परेशान किया। बाद में गिल लय में आ गए तो लेग स्पिनर रेहान अहमद के ओवर में लगातार दो चौकों के साथ अर्धशतक पूरा किया। अय्यर ने भी दूसरे छोर पर कुछ अच्छे शॉट खेले लेकिन हार्टले की गेंद पर बेन स्टोक्स ने मिड ऑफ से पीछे की ओर भागते हुए उनका शानदार कैच लपककर उनकी पारी का अंत किया। पदार्पण कर रहे पाटीदार ने रेहान की गेंद पर विकेटकीपर बेन फोक्स को कैच थमाया।

बेन डकेट का विकेट लेने के बाद खुशी जाहिर करते भारतीय टीम के खिलाड़ी। ● एजेंसी

शुभमन गिल ने जड़ा कॅरिअर का तीसरा टेस्ट शतक

तीसरे दिन शुरुआत में जूझने के बाद गिल ने अपना तीसरा टेस्ट शतक पूरा किया। गिल ने स्पिनरों के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाया। स्पिनर रेहान के ओवर में गिल ने छक्का जड़ा और फिर इसी ओवर में लगातार दो चौके मारे। गिल ने शोएब बशीर के पारी के 52वें ओवर में शतक पूरा किया। वह पिछली 13 पारियों में पहली बार 50 रन के आंकड़े को पार करने में सफल रहे। गिल हालांकि शतक पूरा करने के बाद बशीर की गेंद पर रिवर्स स्वीप खेलने की कोशिश में पवेलियन लौटे। गिल ने अपनी पारी में 11 चौके और दो छक्के मारे।

स्कोर बोर्ड

भारत (पहली पारी-396) दूसरी पारी 255/10 (78.3 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
यशस्वी का रूट बो एंडरसन	17	27	3/0
रोहित शर्मा बो एंडरसन	13	21	3/0
शुभमन गिल का फोक्स बो बशीर	104	147	11/2
श्रेयस अय्यर का स्टोक्स बो हार्टले	29	52	2/0
रजत पाटीदार का फोक्स बो रेहान	9	19	1/0
अक्षर पटेल पगबाधा बो हार्टले	45	84	6/0
कोना भरत का स्टोक्स बो रेहान	6	28	1/0
रविचंद्रन अश्विन का फोक्स बो रेहान	29	61	2/1
कुलदीप यादव का डकेट बो हार्टले	0	5	0/0
जसप्रीत बुमराह का बेयरस्टो बो हार्टले	0	26	0/0
मुकेश कुमार नाबाद	0	2	0/0

अतिरिक्त : 03, **कुल :** 78 .3 ओवर में ऑल आउट : 255 रन, **विकेट पतन :** 1-29, 2-30, 3-111, 4-122, 5-211, 6-220, 7-228, 8-229, 9-255, **गेंदबाजी :** एंडरसन 10-1-29-2, बशीर 15-0-58-1, रेहान 24 .3-5-88-3, रूट 2-1-1-0, हार्टले 27-3-77-4

इंग्लैंड (पहली पारी-253) दूसरी पारी 67/1 (14 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
जैक क्राउली नाबाद	29	50	3/1
बेन डकेट का भरत बो अश्विन	28	27	6/0
रेहान अहमद नाबाद	9	8	2/0

अतिरिक्त : 1, **कुल :** 14 ओवर में एक विकेट : 67 रन, **विकेट पतन :** 1-50, **गेंदबाजी :** बुमराह 5-1-9-0, मुकेश 2-0-19-0, कुलदीप 4-0-21-0, अश्विन 2-0-8-1, अक्षर 1-0-10-0

खेल डायरी

पार्थ भुत ने झटके 7 विकेट, सौराष्ट्र ने महाराष्ट्र को हराया

सोलापुर (महाराष्ट्र)। बाएं हाथ के स्पिनर पार्थ भुत के 7 विकेट से सौराष्ट्र ने एलीट रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच में रविवार को महाराष्ट्र पर 48 रन की जीत दर्ज की। पार्थ ने 44 रन देकर 7 विकेट चटकाए, जिससे सौराष्ट्र ने 213 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहे महाराष्ट्र को तीसरे दिन दूसरी पारी में 164 रन पर ढेर कर दिया। ऑफ स्पिनर युवराज सिंह डोडिया ने दो, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर धर्मेंद्र सिंह जडेजा ने एक विकेट चटकाकर पार्थ का अच्छा साथ निभाया। पहली पारी में जडेजा के 72 रन और प्रेरक मांकड़ (52) के साथ छठे विकेट की उनकी 118 रन की साझेदारी की भी सौराष्ट्र की जीत में अहम भूमिका रही। जडेजा ने पहली पारी में भी 4 विकेट चटकाए थे और पार्थ व डोडिया के साथ मिलकर महाराष्ट्र को पहली पारी में 159 रन पर समेटकर टीम को 43 रन की बढ़त दिलाई थी। सौराष्ट्र ने दूसरी पारी में 164 रन बनाकर महाराष्ट्र को 213 रन का लक्ष्य दिया। महाराष्ट्र ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 104 रन से की जिसके बाद सौराष्ट्र ने जीत की औपचारिकता पूरी की।

शेरोन ने 10 किमी ओपन वाटर तैराकी स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक

दोहा। शेरोन वैन रूवेंडाल ने विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 किमी ओपन वाटर तैराकी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। शनिवार को कतर के दोहा में रियो 2016 में ओलंपिक स्वर्ण और टोक्यो 2020 में रजत जीतने वाली डच महिला ने स्पेन की मारिया डी वाल्डेस को पछाड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। वाल्डेस को रजत, पुर्तगाल की एंजेलिका आंद्रे को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। दो साल पहले बुडापेस्ट में स्वर्ण पदक जीतने के बाद 30 वर्षीय वैन रूवेंडाल का यह दूसरा विश्व खिताब है। महिलाओं की पांच किमी ओपन तैराकी स्पर्धा बुधवार को होगी।

सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप में भारतीय महिला टीम बांग्लादेश से हारी

ढाका। भारत ने रविवार को सैफ अंडर-19 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के दूसरे राउंड रॉबिन मैच में स्टॉपेज टाइम में गोल गंवा दिया, जिससे उसे मेजबान और गत चैंपियन बांग्लादेश से 0-1 से हार मिली। सागोरिका ने बांग्लादेश के लिए यह गोल अतिरिक्त समय के चौथे मिनट में किया। इस से बांग्लादेश का फाइनल में स्थान पक्का हो गया है। 4 टीम के टूर्नामेंट में बांग्लादेश के दो मैच में छह अंक हैं। इस हार से भारत नाजुक स्थिति में पहुंच गया। उसके फाइनल में पहुंचने का मौका अब नेपाल के खिलाफ अंतिम मैच के नतीजे पर निर्भर होगा। भारत और नेपाल के 3-3 अंक हैं। हालांकि भारतीय टीम पिछले मैच में भूटान पर 10-0 की जीत से बेहतर गोल अंतर के कारण नेपाल से बेहतर स्थिति में है।

राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में विनेश ने जीता स्वर्ण

जयपुर। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट ने रविवार को आईओए की तदर्थ समिति की ओर से आयोजित सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में 55 किग्रा वजन का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। विनेश ने मध्य प्रदेश की ज्योति को 4-0 से मात दी, जबकि वह ऊंचे वजन वर्ग में हिस्सा ले रही थीं। रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड का प्रतिनिधित्व कर रही 29 वर्षीय विनेश ने 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में 50 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था, जबकि 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 53 किग्रा वजन वर्ग में खिताब जीता था। एक अन्य मुकाबले में 2021 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता हरियाणा की अंशु मलिक ने 2020 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता सरिता मोर को 59 किग्रा वजन वर्ग में 8-3 से पराजित किया। हरियाणा ने 189 अंक से शीर्ष स्थान हासिल किया। आरएसपीबी 187 अंक से दूसरे स्थान पर, जबकि पुडुचेरी 81 अंक से तीसरे स्थान पर था। पुरुषों के ग्रीको रोमन वर्ग में रेलवे 208 अंक से समग्र विजेता रहा जिसके बाद सेना खेल नियंत्रण बोर्ड (127 अंक) दूसरे और महाराष्ट्र (113 अंक) तीसरे स्थान पर रहा। सोमवार को पुरुष वर्ग की फ्रीस्टाइल स्पर्धा होंगी।

पैरा निशानेबाजी विश्व कप के आयोजन पर खतरा

खेल मंत्रालय ने पैरालंपिक समिति को कर दिया है निलंबित, कर्णी रेंज में 6 से 15 मार्च तक होना है आयोजन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय पैरालंपिक समिति को समय पर चुनाव नहीं कराने के कारण निलंबित करने के खेल मंत्रालय के फैसले के बाद अगले महीने भारत में पैरा निशानेबाजी विश्व कप की मेजबानी खतरे में पड़ गई है। कर्णी सिंह रेंज में 6 से 15 मार्च तक होने वाला यह विश्व कप भारत को आवंटित पहली बड़ी प्रतियोगिता है और इसमें पेरिस पैरालंपिक के 24 कोटा स्थान दांव पर लगे हैं। इसमें 52 देशों के 500 से अधिक निशानेबाजों के भाग लेने की उम्मीद है। यह फैसला ऐसे वक्त पर आया जब समिति आयोजन के अंतिम चरण में है।

मंत्रालय का आरोप, संस्था ने जानबूझकर की चुनाव कराने में देरी

मंत्रालय के मुताबिक चुनाव कराने में संस्था ने जानबूझकर देरी की। समिति का चार साल का कार्यकाल 31 जनवरी को खत्म हो गया था। इससे पहले चुनाव होने थे। पीसीआई महासचिव गुरशरण सिंह ने रविवार को बताया कि पैरा विश्व कप के कारण ही चुनावों में देरी हो रही है। चुनाव इस साल 27 जनवरी को होना था लेकिन विश्व कप के कारण स्थगित करने पड़े। विश्व कप के बाद 28 मार्च में चुनाव की तारीखों की घोषणा की है। निर्वाचन अधिकारी भी नियुक्त कर दिया गया है। एक सप्ताह पहले मंत्रालय के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय पैरालंपिक समिति को चुनाव की तारीखों के बारे में सूचित किया है। इस घटनाक्रम से देश की प्रतिष्ठा खराब होगी। आयोजन न होने पर आईपीसी समस्याएं पैदा करेगा। प्रायोजक भी अब शायद भुगतान जारी न करें।

मंत्रालय ने साई को दिया तदर्थ समिति बनाने का निर्देश

मंत्रालय ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) को आईपीसी के साथ समन्वय करके एक तदर्थ समिति बनाने का निर्देश दिया है जिसमें प्रतिष्ठित प्रशासक और खिलाड़ी शामिल होंगे जो पीसीआई के कार्यों का निर्वहन करेंगे और स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराएंगे। वहीं गुरशरण का कहना है कि मान्यता निलंबित करने से पहले कम से कम एक नोटिस तो दिया जाना चाहिए था। यह पूछे जाने पर कि क्या पैरा विश्व कप को भारत से छीनकर किसी अन्य देश को दिए जाने की संभावना है तो गुरशरण ने इससे इनकार किया। हालांकि एक सूत्र ने बताया कि दक्षिण कोरिया इस टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए काफी उत्सुक है।

भारत ए ने 2-0 से जीती टेस्ट श्रृंखला

अहमदाबाद, एजेंसी

403 के मुश्किल लक्ष्य का पीछे करने उतरी इंग्लैंड लायंस 268 रन पर हुई ढेर, शम्स मुलानी ने झटके 5 विकेट

भारत ए ने अपने स्पिनरों के दमदार प्रदर्शन से रविवार को तीसरे और अंतिम अनौपचारिक टेस्ट के चौथे दिन इंग्लैंड लायंस पर 134 रन की शानदार जीत दर्ज की। इंग्लैंड लायंस की टीम 403 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरी पारी में 268 रन पर सिमट गई, जिससे भारत ए ने 3 मैच की श्रृंखला 2-0 से अपने नाम कर ली। मुंबई के बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी ने 60 रन देकर 5 विकेट और मध्य प्रदेश के ऑफ स्पिनर सारांश जैन ने 50 रन देकर 3 विकेट चटकाए, जिससे सुबह दो विकेट पर 83 रन से खेल शुरू करने वाली इंग्लैंड की दूसरी पारी सिमट गई। इंग्लैंड लायंस के सलामी बल्लेबाज एलेक्स लीस ने 41 रन से शुरूआत करते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया और वह अच्छी लय में दिख रहे थे। लेकिन मुलानी की गेंद पर पगबाधा आउट हो गए और उनकी 55 रन की पारी समाप्त हुई। तब इंग्लैंड का स्कोर चार विकेट पर 120 रन था लेकिन टीम ने 20 रन के अंदर 3 और विकेट गंवा दिए, जिससे उसका स्कोर 7 विकेट पर 140 रन हो गया।

मुलानी ने इंग्लैंड लायंस के कप्तान जोश बोहानन (18) और डैन मूस्ले (05) का विकेट हासिल किया। इंग्लैंड लायंस की टीम चुनौती दिए बिना आउट होने वाली नहीं थी। विकेटकीपर बल्लेबाज ओली रॉबिन्सन (80) और जेम्स कोल्स (31) ने आठवें विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी निभाकर टीम को 200 रन के पार कराया। मुलानी ने कोल्स आउट कर इस भागीदारी का अंत किया।

बॉलीवुड हलचल

लंदन और मुंबई में होगी रामायण की शूटिंग

डायरेक्टर नितेश तिवारी की फिल्म रामायण लगातार चर्चा बनी हुई है। रणबीर कपूर, साईं पल्लवी और यश की इस मेगा बजट मूवी पर हर किसी की निगाहें हैं और नितेश तिवारी अपनी इस फिल्म को लेकर कोई कसर नहीं छोड़ना चाह रहे हैं। फिल्म रामायण की कास्ट को लेकर आए दिन कुछ ना कुछ अपडेट आता रहता है। अब इस फिल्म की शूटिंग को लेकर खबर आई है। मेकर्स फिल्म रामायण की शूटिंग लंदन और मुंबई जैसे शहरों में करेंगे। इस फिल्म के इस अपडेट आने के बाद फैंस काफी खुश हैं और वह फिल्म के सिनेमाघरों में रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं



फिल्म के लिए रणबीर कपूर ने छोड़ा शराब और मांसाहार का सेवन

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म रामायण के लिए रणबीर कपूर जल्द ही काम शुरू करेंगे। पहला शेड्यूल मुंबई में होगा। रणबीर कपूर 60 दिनों तक मुंबई में शूटिंग करेंगे। इसके बाद टीम लंदन के लिए रवाना होगी। लंदन में फिल्म का फिर से 60 दिन का शेड्यूल होगा और यहां पर लंका से जुड़ा हुआ भाग शूट किया जाएगा। फिल्म के उस हिस्से में यश के लंदन में उनके साथ जुड़ने की संभावना है। ऐसा लग रहा है कि लड़ाई-झगड़े का कुछ हिस्सा लंदन के एक स्टूडियो में फिल्माया जाएगा। रणबीर कपूर ने फिल्म में राम के रोल का सम्मान करते हुए शराब, मांसाहार के साथ पार्टी करना भी छोड़ दिया था। फिल्म में रणबीर कपूर राम, साईं पल्लवी सीता और यश का रावण का रोल करने वाले हैं।

पहली बार मुंबई आते ही शाहरुख खान को पड़ा था थप्पड़



बॉलीवुड में किंग खान के नाम से मशहूर शाहरुख खान अपने संघर्ष के दिनों के किस्से अक्सर मंच पर साझा करते रहते हैं। अब शाहरुख खान ने एक इंटरव्यू के दौरान अपना एक दिलचस्प किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि जब वह मुंबई आए थे तो एक महिला ने यहां आते ही उन्हें थप्पड़ जड़ दिया था।दरअसल दिल्ली के रहने वाले शाहरुख खान को एक्टर बनने की चाहत मुंबई खींच लाई थी। शाहरुख खान ने अपने मुंबई आने के दौरान का एक किस्सा एक इंटरव्यू में बताया था। शाहरुख खान ने बताया था कि वह जब पहली बार मुंबई आए थे तो ट्रेन से आए थे और उन्होंने इसके लिए सीट बुक करवाई थी। शाहरुख खान ने बताया कि उनकी ट्रेन मुंबई के आसपास के इलाके में पहुंची तो स्थानीय लोग ट्रेन पर चढ़ने लगे और उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी। शाहरुख खान ने बताया कि जब उनकी सीट पर एक महिला और उसका परिवार बैठने लगा तो उन्होंने उनसे कहा कि यह उनकी सीट है और इसके लिए उन्होंने पैसे दिए हैं। उन्होंने महिला से कहा कि अगर वह चाहें तो बैठ सकती है लेकिन उसके साथ वाले लोग उनकी सीट पर नहीं बैठेंगे। उन्होंने बताया कि उनकी यह बात सुनकर महिला नाराज हो गई और उन्हें थप्पड़ जड़ दिया। बता दें कि साल 2023 शाहरुख खान के लिए धमाकेदार रहा था। वहीं इस समय शाहरुख खान के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्होंने साल 2023 में तीन फिल्मों पठान, जवान और डंकी में काम किया था। शाहरुख खान की ये तीनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थीं। शाहरुख खान आने वाले समय में कई प्रोजेक्ट में नजर आएंगे। हालांकि शाहरुख खान की तरफ से अभी इस बारे में कोई अधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

अगले साल संक्रांति पर आमने-सामने होंगे प्रभास और चिरंजीवी

सुपरस्टार प्रभास और मेगा स्टार चिरंजीवी तेलुगु सिनेमा के दो सबसे बड़े सितारे हैं। प्रभास इन दिनों अपनी अपकमिंग मूवी राजा साब को लेकर चर्चा में हैं। ये एक हॉरर-कॉमेडी मूवी बताई जा रही है। जिसे निर्देशक मारुति डायरेक्ट करेंगे। इसका कुछ वक्त पहले ही पहला पोस्टर सामने आया था। इस पोस्टर में प्रभास लुंगी पहने दिखे। अब खबर है कि प्रभास अपनी इस फिल्म के साथ चिरंजीवी को टक्कर देने वाले हैं। दरअसल प्रभास की फिल्म राजा साब अगले साल संक्रांति पर सिनेमाघर पहुंचने वाली हैं। निर्माता विश्व प्रसाद ने इसकी पुष्टि की है। हालांकि अभी आधिकारिक तौर पर फिल्म की रिलीज डेट का एलान नहीं किया है मगर निर्माता इसे अगले साल संक्रांति पर रिलीज करने की कोशिश में हैं। अगले साल ही संक्रांति पर चिरंजीवी की भी अगली फिल्म विश्वंभरा रिलीज होने वाली है। इसके लिए 10 जनवरी 2025 की रिलीज डेट बुक भी कर दी गई है। अब अगर इस खास मौके पर प्रभास की फिल्म सिनेमाघर में पहुंचती है तो चिरंजीवी के लिए किसी परेशानी से कम नहीं होगी। क्योंकि तेलुगु राज्यों में इन दोनों ही स्टार्स का काफी क्रेज है। हालांकि प्रभास का क्रेज सबसे ज्यादा है।

अगस्त में शुरू हो सकती है डॉन 3 की शूटिंग

बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह की आने वाली फिल्म डॉन 3 की शूटिंग अगस्त में शुरू हो सकती है। फिल्मकार फरहान अख्तर ने वर्ष 2023 में डॉन की तीसरी किस्त का एलान किया था। साथ ही साथ फरहान अख्तर ने नए डॉन के चेहरे की झलक भी दिखाई थी। फिल्म डॉन 3 में रणवीर सिंह लीड रोल में नजर आएंगे।फिल्म डॉन 3 को लेकर एक नया अपडेट सामने आ रहा है। कहा जा रहा है कि फिल्म डॉन 3 का प्री-प्रोडक्शन अगले महीने मार्च से शुरू होने वाला है। डॉन 3 फिलहाल कास्टिंग स्टेज पर है। वहीं शूटिंग शेड्यूल इस साल अगस्त महीने से शुरू होगा। इससे पूर्व डॉन फ्रेंचाइजी की दोनों फिल्मों में शाहरुख खान ने मुख्य भूमिका निभाई थी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

नामीबिया के राष्ट्रपति हेज गेनगोब का कैंसर से निधन

विंडहोक। नामीबिया के राष्ट्रपति हेज गेनगोब का 82 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, गेनगोब ने रविवार को अस्पताल में आखिरी सांस ली। कुछ हफ्ते पहले ही उन्हें कैंसर से पीड़ित पाया गया था।

राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट में उनकी मौत का कारण नहीं बताया। हालांकि, यह बताया गया है कि उनका राजधानी विंडहोक के लेडी पोहाम्बा अस्पता में इलाज चल रहा था। 2014 में प्रधानमंत्री रहने के दौरान गेनगोब ने सार्वजनिक तौर पर बताया था कि वे प्रोस्टेट कैंसर को हरा चुके हैं। इसके अगले ही साल वे नामीबिया के राष्ट्रपति बने थे।

20 साल का हुआ फेसबुक

आज जब सोशल मीडिया का नाम लेते हैं तो सामने कई नाम आते हैं, जिसमें इंस्टाग्राम, वॉट्सएप ज्यादा प्रचलित हैं। मगर एक समय ऐसा था जब फेसबुक का ही बोलबाला था। फेसबुक ने लोगों को सोशल मीडिया का एक नया रूप दिखाया जिसके बारे में 2004 से पहले किसी ने सोचा भी नहीं था। 4 फरवरी को फेसबुक को 20 साल पूरे हो गए। 4 फरवरी 2004 में पहली बार फेसबुक की शुरुआत हुई थी। मेटा के मालिक मार्क जुकरबर्ग ने इसकी शुरुआत की थी। ये वो दौर था जब लोगों के बीच माईस्पेस और ऑरकुट का चलन था। ऐसे समय में फेसबुक के लॉन्च ने इंटरनेट को पलट कर रख दिया था।

2 अरब यूजर्स आज भी रोजाना करते हैं प्रयोग

मेटा के लिए फायदेमंद

- फेसबुक के आज भी अरबों यूजर्स है, जिसमें से रोजाना 2 अरब यूजर्स इसका इस्तेमाल करते हैं। फेसबुक ने मेटा को मार्केट में एक बड़ा मुकाम हासिल करने में मदद की है।
- इस प्लेटफॉर्म के जरिए कंपनी के मालिक मार्क जुकरबर्ग ने सोशल मीडिया और टेक इंडस्ट्री में अपना अलग नाम बनाया।
- भले ही अब फेसबुक उतना लोकप्रिय नहीं रह गया हो, लेकिन अभी भी इसकी एक फैन फॉलोइंग है।

कनेक्शन के लिए बेहतरीन जरिया

- फेसबुक के आने के बाद लोगों से जुड़ना और नए लोगों से बातचीत करना काफी आसान हो गया था। आप किसी को भी फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजकर उनसे बात कर सकते हैं।
- इसके अलावा फेसबुक ने आपको फोटो पोस्ट करने के साथ-साथ अपने दोस्तों को टैग करने का भी विकल्प दिया था, जो उस समय युवाओं के लिए एक अहम और जबरदस्त बदलाव था।
- ये ऐसा समय था, जब स्मार्टफोन का इतना चलन नहीं था और वॉट्सऐप जैसे एप्स भी नहीं होते थे। ऐसे में फेसबुक काफी पसंद किया जाता था।
- फेसबुक का इस्तेमाल अब ज्यादातर प्रचार-प्रसार के लिए होने लगा है। इतना ही नहीं लोग अपने स्मॉल बिजनेस और काम से जुड़ी जरूरतों के लिए भी इसका इस्तेमाल करते हैं।

2004 से 2024 तक ऐसा रहा फेसबुक का सफर

फेसबुक की शुरुआत 2004 में की गई थी, अब इसने पूरे 20 साल का सफर तय कर लिया है। इस सफर के दौरान कंपनी ने कई उतार चढ़ाव देखें। हालांकि फिर भी अपना दबदबा बनाए रखा।

- फेसबुक को मार्केट में लॉन्च करते समय द फेसबुक नाम दिया गया था। ये इस कारण भी खास था क्योंकि इसमें आप फोटो शेयर कर सकते हैं और अपने दोस्तों को टैग भी कर सकते थे।
- इसकी लोकप्रियता लॉन्च के एक महीने में ही सामने आ गई थी, जब एक साल से कम समय में ही कंपनी ने 10 लाख लोगों को अपने परिवार का हिस्सा बना लिया था।
- केवल 9 साल के अंदर इसके यूजर्स की संख्या 1000 गुना बढ़ गई। 2012 तक फेसबुक के 1 अरब यूजर्स हो गए। आपको बता दें कि ये उन देशों में भी काफी लोकप्रिय रहा जो इंटरनेट और कनेक्टिविटी की दृष्टि से पीछे थे।
- ये सफर काफी खास था क्योंकि इसने इंटरनेट और सोशल मीडिया को नई पहचान दी है। इसके साथ ही ये पहला प्लेटफॉर्म था, जो लोगों को पर्सनलाइज्ड एक्सपीरियंस दे रहा था।
- ये आपकी जरूरी जानकारी, आपके खास दिन और आपके दोस्तों से जुड़ी सभी जानकारियों को आपके लिए याद रखने के साथ-साथ आपको इनके बारे में सूचित भी करता है।
- अब आपकी जरूरी जानकारी एक अहम मुद्दा हो गया क्योंकि ये निजता को प्रभावित भी करता है।

4/2/2004 को पहली बार शुरु हुआ था फेसबुक

9 साल के अंदर 1000 गुना बढ़ गई फेसबुक यूजर्स की संख्या

2012 में ही फेसबुक के हो गए थे 1 अरब यूजर्स

एक नजर

श्रीलंकाई नौसेना ने ट्रॉलर समेत 23 भारतीयों को किया गिरफ्तार

कोलंबो। श्रीलंका की नौसेना ने जाफना के डेल्फट द्वीप के पास श्रीलंका के जलक्षेत्र में शिकार कर रहे भारतीय मछुआरों के दो ट्रॉलरों के साथ 23 भारतीय नागरिकों को हिरासत में लिया है। श्रीलंका की नौसेना ने रविवार को बताया कि शनिवार रात श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध शिकार कर रहे भारतीय को खदेड़ने के लिए अभियान चलाया गया है। श्रीलंकाई नौसेना ने कहा गिरफ्तार मछुआरों और जब्त किए गए ट्रॉलरों को रविवार को कांकासंथुराई बंदरगाह लाया गया और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए उन्हें मैलाडी मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया जाएगा। बता दें, श्रीलंकाई नौसेना ने 2023 में 343 लोगों को गिरफ्तार किया है।

हमास की मांग, इजराइल 3 हजार फिलिस्तीनियों को करे रिहा

गाजा। हमास ने गाजा में संघर्ष को समाप्त करने के लिए अपनी अप्रत्यक्ष वार्ता के दौरान इजराइल से 3 हजार फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करने की मांग की है। मीडिया के अनुसार, हमास चाहता है कि तीन चरण के संघर्ष विराम में चौथे चरण के रूप में फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई भी शामिल हो। कतर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल-अंसारी ने शुक्रवार को कहा कि इजराइल ने नवीनतम संघर्ष विराम प्रस्ताव पर सकारात्मक प्रारंभिक प्रतिक्रिया दी है। जनवरी के अंत में पेरिस में इजराइल, अमेरिका, मिस्र और कतर द्वारा संघर्ष विराम प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की गई थी। हमास ने कहा कि उसे एक मसौदा प्राप्त हुआ है और वह इसकी समीक्षा कर रहा है।

गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के 3 गुर्गे गोरखपुर से गिरफ्तार: डीजीपी

चंडीगढ़। पंजाब के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमृतपाल सिंह उर्फ गुज्जर निवासी कलोली, कमलप्रीत सिंह निवासी देवीनगर अबरावां और प्रेम सिंह निवासी अमराला डेराबस्सी के रूप में हुई है। सभी आरोपियों की आपराधिक पृष्ठभूमि है और इनके खिलाफ पंजाब में कत्ल, जबरन वसूली, डकैती और हथियार एक्ट के अंतर्गत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। डीजीपी ने बताया आरोपियों को संयुक्त टीम ने गोरखपुर से गिरफ्तार किया गया।

हरियाणा: गैंगस्टर राजू भाटी की फरीदाबाद के अस्पताल में मौत

फरीदाबाद। हरियाणा के फरीदाबाद जिले स्थित अस्पताल में इलाज के दौरान सजायाफ्ता गैंगस्टर राजू भाटी की रविवार सुबह मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि कई दिनों से अस्पताल में भाटी का उपचार किया जा रहा था और रविवार सुबह दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार मूलरूप से उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के हुसैनी शेरगढ़ गांव के निवासी भाटी (41) के खिलाफ पलवल, फरीदाबाद तथा उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा के अन्य जिलों में हत्या, लूट, डकैती और गैंगस्टर अधिनियम के तहत कुल 30 मामले दर्ज थे। बता दें, भाटी 2016 में पलवल पुलिस थाने में दर्ज अपहरण और शस्त्र अधिनियम के मामले में फरीदाबाद की नीमका जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था।

अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा-भारत तय करे, हमें क्या करना है

क्वाड में भारत ड्राइविंग सीट पर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि क्वाड में भारत ड्राइविंग सीट पर है और भारत को तय करना है कि क्वाड का क्या करना है। गार्सेटी ने जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के 17वें संस्करण में 'हार्ट ऑफ द मैटर: क्वाड और नया इंडो पैसिफिक विजन' सत्र के दौरान ये बातें कही।

गार्सेटी ने इशारों में समझाते हुए कहा कि भारत, क्वाड में ड्राइविंग सीट पर है और अमेरिका उसके बराबर वाली सीट पर है। मुझे लगता है कि जापान शुरुआत से ही रास्ता बता रहा है और ऑस्ट्रेलिया, क्वाड में ऐसा है, जो कार में सबसे ज्यादा उत्साहित होता है और सभी से खाने-पीने के बारे में पूछता रहता है और ये भी पूछता है कि हम कहां जा रहे हैं।'

क्वाड एक कूटनीतिक साझेदारी है, जिसमें भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका सहयोगी देश हैं। क्वाड का उद्देश्य सदस्य देशों में आर्थिक, कूटनीतिक और सैन्य सहयोग बढ़ाना है। क्वाड का उद्देश्य हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र को मुक्त रखना है।

गार्सेटी ने कहा 'ये बहुत अच्छा समय है और हम सभी अपनी अलग-अलग भूमिकाओं का आनंद ले रहे हैं। मैं चाहता हूं कि हम भी कई बार कार की पिछली सीट पर बैठकर आराम करें, लेकिन ये भारत को तय करना है कि हम क्वाड से क्या करना चाहते हैं।' गार्सेटी ने ये भी कहा कि 'क्वाड कोई ऐसा संगठन भी नहीं है, जहां सभी किसी एक बात पर सहमत हो जाएं, यह कोई बात करने का ठिकाना नहीं है।

हम हिंद महासागर के बारे में बात कर सकते हैं और इस दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। साथ ही अंतरिक्ष प्रोजेक्ट पर काम कर सकते हैं।

संयुक्त राष्ट्र से भी ज्यादा सक्षम है क्वाड

गार्सेटी ने कहा कि क्वाड दुनिया के लिए मॉडल बन सकता है। यह बेहद मजबूत और स्थायी है। यह कई अंतरराष्ट्रीय संस्थानों जैसे संयुक्त राष्ट्र आदि से भी ज्यादा प्रभावी है क्योंकि इन संस्थाओं के पास इतनी क्षमता नहीं है, जितनी क्वाड के पास है। भारत अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों पर अमेरिकी राजदूत ने कहा 'द्विपक्षीय संबंध हमेशा आकर्षक होते हैं, लेकिन अगर बात सीधे तौर पर होती है तो ये कई बार नीरस हो जाते हैं।' गार्सेटी ने उदाहरण देते हुए कहा कि अगर हम तीन लोगों को बुलाते हैं तो यह मजेदार होगा और अगर ज्यादा लोग इससे जुड़ जाएंगे तो यह पार्टी हो जाएगी और तब आपको पता चलेगा कि आपके पास कुछ खास है।

चीन का मानना है एशिया का नाटो है क्वाड संगठन

क्वाड यानी क्वाड्रीलैटरल सिक्योरिटी डायलॉग (चतुर्भुज सुरक्षा वार्ता)। इसका गठन 2007 में हुआ था। हालांकि, तब यह आगे नहीं बढ़ पाया। इसकी प्रमुख वजह क्वाड को लेकर चीन का कड़ा विरोध रहा। चीन क्वाड को एशिया का नाटो कहता आया है। इसी वजह से शुरुआत में भारत ने इसे लेकर हिचकिचाहट भी दिखाई थी। चीनी विरोध की वजह से ही ऑस्ट्रेलिया भी 2010 में क्वाड से हट गया था, हालांकि, वह बाद में फिर इससे जुड़ गया। 2017 में भारत-अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान ने चीन को काउंटर करने के लिए इस गठबंधन को पुनर्जीवित किया।

केरल में भारत माता की जय न बोलने वालों पर गुस्साईं मीनाक्षी लेखी

तिरुवनंतपुरम। केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी केरल में एक युवा सम्मेलन में दर्शकों पर अपनी नाराजगी जताई। दरअसल, सम्मेलन के दौरान उनके बार बार कहने पर भी दर्शकों ने भारत मात की जय नहीं कहा। इस दौरान उन्होंने एक महिला को कार्यक्रम स्थल छोड़ने का भी सुझाव दिया। बता दें कि इस कार्यक्रम का आयोजन कुछ दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं ने किया था।

कार्यक्रम के दौरान अपने भाषण का समापन करते हुए भाजपा नेता मीनाक्षी लेखी भारत माता की जय का नारा लगाया। उन्होंने दर्शकों से इसे दोहराने के लिए भी कहा, लेकिन सामने खड़ी भीड़ ने ऐसा नहीं किया। दर्शकों के इस व्यवहार से मीनाक्षी लेखी नाराज हो गईं। गुस्साईं भाजपा नेता ने कहा कि जिन्हें अपने देश पर गर्व नहीं, उन्हें इस कार्यक्रम में शामिल होने की कोई जरूरत नहीं है।

जीवन कोई सौ मीटर की दौड़ नहीं, एक मैराथन है: सीजेआई

वडोदरा, एजेंसी

▸▸ बड़ौदा में चंद्रचूड़ बोले- बदलाव के दौर में अपनी असफलताओं से सीख ले युवा पीढ़ी

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने रविवार को युवाओं को असफलताओं से सीख लेने की सलाह देते हुए कहा कि जीवन 100 मीटर की दौड़ नहीं, बल्कि एक मैराथन है। बड़ौदा के महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय के 72वें वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए चंद्रचूड़ ने कहा कि इस वर्ष विश्वविद्यालय ने 346 स्वर्ण पदकों में से 336 महिलाओं को प्रदान किए, जो वास्तव में हमारे राष्ट्र में बदलते समय का संकेत है।

प्रधान न्यायाधीश ने मौजूदा दौर को इतिहास का सबसे शानदार वक्त बताते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी ने लोगों को पहले से कहीं अधिक कनेक्टेड बना दिया है। उन्होंने कहा कि हम हर दिन नए और अनूठे व्यवसायों को उभरते हुए देखते हैं, लोग अपनी खुद की पेशेवर यात्रा तय करते हैं, जो पारंपरिक मानदंडों का अनुपालन नहीं करता है। ग्रेजुएट होने का यह एक रोमांचक समय है, लेकिन मैं जानता हूं कि ये परिस्थितियां कुछ अनिश्चितताओं और भ्रम को भी जन्म देती हैं। प्रधान न्यायाधीश ने छात्रों को अनोखी पीढ़ी करार देते हुए कहा कि आप ऐसे समय में रह रहे हैं जहां आप पहले से कहीं अधिक विचारों के संपर्क में हैं। आप एक अनोखी पीढ़ी हैं, जो पहले की पीढ़ियों की तुलना में हमारे समय की चुनौतियों के बारे में ज्यादा जागरूक हैं। सीजेआई ने कहा कि वह 'मौके के हिसाब से युवा पीढ़ी की आगे बढ़ने और हमारे समय की भारी चुनौतियों का सामना करने' की क्षमता से हैरान हैं। साथ ही उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे आगे बढें, अयथार्थवादी उम्मीदों से प्रभावित न हों और अपनी असफलताओं से सीखें। प्रधान न्यायाधीश ने ग्रेजुएट्स से सिर्फ विद्वान नहीं, बल्कि बुद्धिजीवी बनने का भी अनुरोध किया।

एआई की मदद से कर्मियों को प्रशिक्षित करेगी सूरत पुलिस

सूरत, एजेंसी

▸▸ साइबर क्राइम के खिलाफ सूरत पुलिस की पहल, पीड़ितों से चैटबॉट के माध्यम से होगा संवाद

साइबर क्राइम पुलिस के लिए बड़ा सिरदर्द बन गया हैं। स्कैमर्स के नए-नए तरीकों से निपटना और लोगों को जागरूक करना पुलिस के लिए अभी भी चुनौती बना हुआ है। ऐसे में अब गुजरात की सूरत पुलिस ने साइबर अपराध को कम करने के लिए एआई तकनीक की मदद से अपने कर्मियों को प्रशिक्षित करने का कदम उठाया है।

इस पहल पर सूरत के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त शरद सिंघल ने बताया कि पीड़ितों के लिए एक चैटबॉट बनाया गया है, जिसके माध्यम से वह आसानी से संवाद कर पाएंगे। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने कहा, एक चैटबॉट बनाया गया है जो पीड़ितों से उनकी चुनी हुई भाषा में संवाद करेगा। पीड़ित अपने निकटतम पुलिस स्टेशन का पता लगाने के लिए फाइंड माई पुलिस स्टेशन सुविधा का उपयोग कर पाएंगे।



उन्होंने आगे बताया, पब्लिक इंटरफेस एक हेल्पलाइन की तरह काम करेगा और समय की परवाह किए बिना ही पीड़ितों से संवाद करेगा। इससे प्रत्येक क्षेत्र में मामलों की संख्या का पता लगाने में मदद मिलेगा। इसी के साथ शहरों में साइबर अपराध मामलों की पहचान भी होगा।' अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने कहा कि साइबर अपराधों के गिरोहों को पकड़ने के लिए अधिकारियों को एआई का उपयोग करके प्रशिक्षित भी किया जाएगा।

एयर इंडिया के पूर्व सीएमडी समेत 3 के खिलाफ चार्जशीट

नई दिल्ली। सीबीआई ने एयर इंडिया के पूर्व सीएमडी, एसएपी इंडिया और आईबीएम के खिलाफ रविवार को आरोप पत्र दायर किया। चार्जशीट 2011 में एयर इंडिया के 225 करोड़ रुपये में सॉफ्टवेयर खरीदने के मामले में कथित अनियमितताओं के संबंध में दाखिल किया गया है। बताया गया कि सीबीआई ने केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की सिफारिश पर मामला दर्ज किया है। सीवीसी की जांच में पता चला था कि सॉफ्टवेयर की खरीद में अनियमितताएं हैं।

बताया गया कि लगभग छह साल की जांच के बाद सीबीआई ने एयर इंडिया के पूर्व सीएमडी अरविंद जाधव, आईबीएम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, एसएपी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और छह अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है।

अठखेलियां...

मनाली : हिमाचल प्रदेश में बढ़ती सर्दी और पहड़ों पर हो रही बर्फबारी से पर्यटक हिमाचल की ओर खींचे चले जा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश की हसीन वादियों का लुत्फ उठाने के लिए पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। दो दिन के भीतर लाहुल घाटी में ज्यादा संख्या में पर्यटकों ने दस्तक दी। वहीं रविवार को मनाली में सैलानियों ने बर्फ में खूब अठखेलिया की और बर्फ का आनंद उठाया। ● एजेंसी

रूस: जंग लड़ रहे सैनिकों की पत्नियों ने किया प्रदर्शन

मॉस्को। रूस की राजधानी मॉस्को में विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों को हिरासत में लिया गया है। हिरासत में लिए गए लोगों में कई विदेशी पत्रकार भी शामिल हैं। ये प्रदर्शन राष्ट्रपति पुतिन के चुनाव मुख्यालय के बाहर किया गया। यह प्रदर्शन यूक्रेन के मोर्चे पर लड़ रहे रूसी सैनिकों की पत्नियों और अन्य परिजनों ने आयोजित किया। इन महिलाओं की मांग थी कि उनके पतियों, बच्चों को घर वापस लाया जाए। रूस-यूक्रेन युद्ध को शुरू हुए 500 दिन बीत चुके हैं। ऐसे में बड़ी संख्या में महिलाएं क्रेमलिन में इकट्ठा हुईं और फिर वहीं पर मौजूद राष्ट्रपति पुतिन के चुनाव मुख्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। हिरासत में लिए गए लोगों में कई विदेशी पत्रकार भी शामिल हैं।

चंडीगढ़ महापौर चुनाव मामले में आज होगी सुनवाई

चंडीगढ़। चंडीगढ़ मेयर चुनाव में कथित धांधली के मामले पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई होगी। आम आदमी पार्टी की याचिका पर कोर्ट सोमवार को सुनवाई के लिए तैयार हुआ है।

इस दौरान मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के पद पर बहस हो सकती है। सीजेआई चंद्रचूड़, जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की तीन न्यायाधीशों वाली पीठ मामले की सुनवाई करेगी।

बता दें, महापौर पद के उम्मीदवार पार्षद कुलदीप कुमार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने शुक्रवार को इस मामले की तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया था। पीड़ित पक्ष ने पीठासीन अधिकारी पर मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाया है।

हम जहां हैं, उसे देखकर अच्छा लग रहा...बाइडन ने जीता पार्टी चुनाव

वाशिंगटन, एजेंसी

▸▸ बाइडन ने दक्षिण कैरोलाइना में जीता डेमोक्रेट पार्टी का चुनाव, ट्रंप पर की तीखी टिप्पणी



अमेरिका के डेलावेयर में अपने चुनावी अभियान के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर तीखा हमला बोला। बाइडन ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के दावेदार किसी भी चीज के पक्ष में नहीं हैं और हर चीज का विरोध करते हैं।' बाइडन ने डोनाल्ड ट्रंप का सीधे नाम नहीं लिया, लेकिन उनका हमला उन्हीं पर था।

बाइडन ने कहा 'हम जहां हैं, उसे देखकर मुझे अच्छा लग रहा है। हम जिस व्यक्ति के खिलाफ लड़ रहे हैं, वह किसी चीज के पक्ष में नहीं हैं और हर चीज के खिलाफ है। ये बात मैं दिल से कह रहा हूं। यह एक बेहूदा प्रचार है, जिसमें मुझे शामिल होना पड़ रहा है। वह व्यक्ति बीती साल के मुकाबले और भी बुरा व्यवहार कर रहा है। बाइडन ने इस बात पर जोर दिया कि अमेरिका के लोग इस बात को समझते हैं कि आगामी चुनाव की क्या अहमियत है। बाइडन ने कहा पिछले चुनाव में प्रचार अभियान के दौरान मैंने इंडिपेंडेंस हॉल में एक भाषण दिया था, जिसमें लोकतंत्र पर बात की थी, लेकिन मीडिया ने उस वक्त इसे बहुत बढ़ा-चढ़ाकर कही गई बात माना था, लेकिन अमेरिका के लोगों ने समझ लिया था कि क्या चल रहा है। बाइडन ने हालिया क्विनीपियाक पोल का जिक्र किया, जिसमें बाइडन को ट्रंप पर बढ़त दिखाई गई है।

असुरक्षा हिंदू समुदाय के लोगों के मन में भय का माहौल, मंदिर तोड़ मस्जिद बनाने की मिल रहीं धमकी

अयोध्या में राम मंदिर के बाद दहशत में बांग्लादेशी हिंदू

ढाका, एजेंसी

अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से भारत से लेकर दुनिया के कई कोनों में बसे लोगों के मन में आनंद है, लेकिन पड़ोसी देश बांग्लादेश में रहने वाले हिंदुओं की स्थिति कुछ अलग है। बांग्लादेश में रहने वाले हिंदू समुदाय के लोगों के मन में भय का माहौल है।

मीडिया के अनुसार, पिछले दिनों चुनावों के दौरान बांग्लादेश के कई हिस्सों में हुई हिंसक घटनाओं से भय का माहौल बना हुआ है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद कई लोग अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए जाना चाहते हैं, लेकिन अपने घर-परिवार को छोड़कर भारत जाने की हिम्मत उनमें नहीं है। मीडिया के मुताबिक, हिंदुओं का कहना है कि हम भी दर्शन करने जाना चाहते हैं, लेकिन इसकी कोई गारंटी नहीं है कि जब एक सप्ताह में दर्शन करके वापस लौटेंगे, तो यहां के हालात सही मिलेंगे। उनका कहना है कि यहां हिंदुओं के घर जलाना और मंदिरों में तोड़फोड़ करना कोई नई बात नहीं है। रमण काली मंदिर बोर्ड के अध्यक्ष उत्पल साहा ने कहा कि, जब प्राण प्रतिष्ठा समारोह चल रहा था, तब मौलानाओं ने यहां शोभायात्रा निकालने से रोक दिया था। यहां लोगों में डर था कि कहीं उनके मंदिर या घर को जला न दिया जाए। साहा का कहना है कि बांग्लादेश में जमात पार्टी हिंदुओं से सबसे ज्यादा नाराज है। उसके लिए हिंदू मंदिरों को तोड़ना आम बात है। साहा कहते हैं कि भारत में इतना बड़ा मंदिर बना है, लेकिन एक बांग्लादेशी हिंदू होने के नाते और एक मंदिर का अध्यक्ष होने के कारण मेरे मन में डर है। यहां रहने वाले लोगों को 1993 में बाबरी विध्वंस के बाद हिंदुओं पर हुए हमले और हिंसा अभी भी याद है। उनका कहना है कि अभी ये हाल है, अगर विपक्षी कट्टरपंथी सरकार में आ गए तो क्या होगा ? स्थानीय निवासी रूहीदास पाल पिछले पंद्रह साल से ढाकेश्वरी और रमण काली मंदिर में काम कर रहे हैं। वे कहते हैं कि राम मंदिर के उद्घाटन के बाद से यहां माहौल सही नहीं है। वे कहते हैं कि मुझे पत्नी और बेटी की सुरक्षा की चिंता है। वे कहते हैं कि मैं मजदूर हूं, अभी हालात ऐसे हैं, कि हम रिश्तेदारों से मिलने के लिए कोलकाता भी नहीं जा सकते हैं।

कट्टरपंथी की धमकियों के बावजूद सरकार मौन

ढाकेश्वरी मंदिर के महासचिव रामेन मंडल ने बताया कि बांग्लादेश में हिंदुओं की संख्या बहुत कम हैं, जो हमेशा असुरक्षा में रहते हैं। छात्र संगठन कार्यकर्ता मेघ मल्हार बासु ने कहा कि कई कट्टरपंथी धमकी दे रहे हैं कि हम सत्ता में आए तो मंदिरों को तोड़कर वहां मस्जिदें बनाएंगे, लेकिन इस पर सरकार मौन हैं। उन्होंने कहा कि सरकार यहां के हिंदुओं की नहीं सुनती है।

इमरान के करीबी कुरैशी अयोग्य घोषित, नहीं लड़ सकेंगे चुनाव

इस्लामाबाद, एजेंसी



▸▸ पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री कुरैशी पांच साल तक नहीं लड़ सकेंगे चुनाव

पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले विपक्ष दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहा है। जेल में बंद इमरान की पार्टी के नेताओं पर भी नकेल कसी जा रही है। पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने इमरान खान के करीबी सहयोगी शाह महमूद कुरैशी को पांच साल के लिए चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया है।

आयोग के अनुसार, पूर्व विदेश मंत्री कुरैशी को राज्य की जानकारी लीक करने के मामले में 10-10 साल जेल की सजा सुनाई गई थी। जिसके चलते वो चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हैं। 67 वर्षीय कुरैशी की अयोग्यता 8 फरवरी के आम चुनाव से पांच दिन पहले हुई है, जिसमें खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी राज्य की सख्ती के बावजूद और अपने प्रसिद्ध चुनाव चिन्ह बल्ले के बिना चुनाव लड़ रही है। यह घोषणा आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत स्थापित एक विशेष अदालत द्वारा खान के साथ हाई-प्रोफाइल सिफर मामले में कुरैशी को 10 साल कैद की सजा सुनाए जाने के कुछ दिनों बाद आई है।

30 जनवरी 2024 के विशेष अदालत के फैसले का हवाला देते हुए, ईसीपी ने कहा कि संविधान और कानून के अनुसार कोई भी दोषी व्यक्ति चुनाव में भाग नहीं ले सकता है। परिणामस्वरूप, मखदूम शाह महमूद कुरैशी पाकिस्तान के संविधान के अनुच्छेद 63 (1) (एच) के साथ चुनाव अधिनियम 2017 की धारा 232 के साथ अयोग्य हो गए हैं।